Ans : (a) प्रिंटिंग डिवाइस का रिजॉल्यूशन डॉट्स पर इंच (DPI) में मापा जाता हैं यह आउटपुट रिजॉल्यूशन है तथा फोटोग्राफ तथा इमेज के इनपुट रिजॉल्यूशन को PPI (पिक्सल पर इंच) मापते है।

298. आधुनिक प्रिंटर की गति को मापने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी इकाई का प्रयोग किया जाता है?

(a) अक्षर प्रति मिनट (CPM)
(b) पंक्ति प्रति मिनट (LPM)
(c) पृष्ठ प्रति मिनट (PPM)
(d) शब्द प्रति मिनट (WPM)

RRB NTPC (Shift - 1) Online, 02.04.2016

Ans : (c) आधुनिक प्रिंटर की गति को मापने के लिए पृष्ठ प्रति मिनट (Page Per Minute – PPM) इकाई का प्रयोग किया जाता है।

299. Printing speed of laser printers is measured in
लेजर प्रिंटर की प्रिंटिंग गति को मापने की इकाई क्या होती है?

(a) Lines per page/पंक्तियां प्रति पृष्ठ
(b) Characters per hour/वर्ण प्रति घंटा
(c) Characters per line/वर्ण प्रति पंक्ति
(d) Pages per minute/पृष्ठ प्रति मिनट

BSPHCL JE 2019 (Batch-02)

Ans:(d) लेजर प्रिंटर की प्रिंटिंग गति मापने की इकाई पृष्ठ प्रति मिनट (PPM) होती है।

300. निम्नलिखित में से कौन सा प्रिंटर एक-एक शीट के बजाय निरंतर पेपर का उपयोग कर सकता है?

(a) इंकजेट प्रिंटर
(b) डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर
(c) इंकजेट और लेजर प्रिंटर दोनों
(d) लेजर प्रिंटर

UPPCL TG-II 25-01-2019 (Evening)

Ans : (b) डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर के प्रिंट हेड में अनेक पिनों का एक मैट्रिक्स होता है और प्रत्येक पिन के रिबन और कागज पर स्पर्श से एक डॉट छापता है इस प्रिंटर में एक-एक शीट न लगाकर निरंतर पेपर का रोल लगता है तथा प्रिंट निकलता रहता है जैसे बैंक या टिकट मशीन या एटीएम में लगा प्रिंटर आदि।

301. How many audio and video streams can be handled by HDMI?
HDMI द्वारा कितने ऑडियो और वीडियो स्ट्रीम्स संभाले जा सकते हैं?

(a) 2 Video, 2 audio / 2 वीडियो, 2 ऑडियो
(b) 1 audio, 1 video / 1 ऑडियो, 1 वीडियो
(c) 2 audio, 1 video / 2 ऑडियो, 1 वीडियो
(d) 1 video, 2 audio / 1 वीडियो, 2 ऑडियो

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-02)

Ans : (b) HDMI का पूर्ण रूप हाई डेफीनिशन मल्टीमीडिया इंटरफेस है। HDMI 1 ऑडियों तथा 1 वीडियों स्ट्रीम्स को हैंडल करता है।

302. How many pins does a HDMI type A connector have?
एक HDMI टाइप A कनेक्टर में कितने पिन होते है?

(a) 18 (b) 19
(c) 25 (d) 20

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-02)

Ans : (b) HDMI एक प्राप्सेरिटी ऑडियों, वीडियो इंटरफेस है जो एक असम्पीड़ित (Uncompressed) कंप्यूटर डेटा, वीडियो प्रोजेक्टर डिजिटल टेलीविजन या डिजिटल ऑडियो डिवाइस के लिए डिस्प्ले कंट्रोलर जैसे HDMI अनुरूप स्त्रोत डिवाइस से सम्पीडित (Compressed) वीडियो डेटा को सम्पीडित या असम्पीडित करता है। एक HDMI टाइप A में 19 पिन होता है।

303. Dumb terminals have terminals and :
डम्ब टर्मिनल के पास टर्मिनल और _____ होता है।

(a) Data card/डेटाकार्ड
(b) RAM/रैम
(c) Mouse/माउस
(d) Keyboard/कीबोर्ड

Allahabad High Court (ARO) 18/12/2021 (Shift-I)

Ans. (d) : ऐसे डिवाइस जिनमें प्रोसेसिंग की क्षमता न हो, डंब टर्मिनल कहलाता है जैसे कीबोर्ड, स्क्रीन इत्यादि।

03.

प्रोग्रामिंग और डेटा स्ट्रक्चर
(Programming and Data Structure)

1. डेटा इनटिटी, इनफॉर्मेशन (Data Entity, Information)

1. Which of the follwing is not a common examle of an abstract data type?
निम्नलिखित में से कौन एक अमूर्त डेटा प्रकार का एक सामान्य उदाहरण नहीं है?

(a) Stack/स्टैक (b) Integer/पूर्णांक
(c) Queue/कतार (d) List/सूची

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (b) : Abstract Data Type (ADT) एक डेटा संरचना की सैद्धांतिक परिभाषा होती है, जिसमें डेटा को संग्रहीत और संसाधित करने के तरीकों को परिभाषित किया जाता है– लेकिन उसका कार्यान्वयन (Implementation) छिपा रहता है।

ADT के सामान्य उदाहरण –

विकल्प		ADT है या नहीं	कारण
(A)	Stack	हाँ	यह एक अमूर्त डेटा प्रकार है जिसमें LIFO नियम लागू होता है।
(B)	Integer	नही	यह एक डेटा प्रकार (Data Type) है, न कि ADT यह एक Value को दर्शाता है, कोई संरचना नहीं।
(C)	Queue	हाँ	यह भी ADT है जिसमें FIFO नियम लागू होता है।
(D)	List	हाँ	सूची (List) एक ADT है, जो ordered collection को दर्शाती है।

निष्कर्ष - ADT डेटा को कैसे प्रयोग किया जायेगा, यह बताता है – जैसे Stack, Queue, List.

जबकि Integer सिर्फ एक value है, और ADT का हिस्सा नहीं है।

2. Which collsion resolution technique involves placing the collided elements in the next available empty slot in a hash table?
किस टक्कर संकल्प तकनीक में हैश टेबल में अगले उपलब्ध खाली स्लॉट में टकराए हुए तत्वों को रखना शामिल है?

(a) Linear text/रैखिक जाँच
(b) Quadratic Text/द्विघात जाँच
(c) Separate Chaining/अलग चैनिंग
(d) Double Hashing/डबल हैशिंग

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (a) : Linear Probing (रैखिक जाँच) एक ओपन एड्रेसिंग तकनीक है जिसका उपयोग collision (टक्कर) को हल करने के लिए किया जाता है।

जब दो keys एक ही hash index पर मैप होती हैं, तो –

- Linear probing उस index से अगला उपलब्ध खाली स्लॉट खोजता है।
- तब तक अगला index (i + 1, i + 2….) चेक करता है जब तक कोई खाली स्थान न मिल जाए।

3. Which of the following is a top-down approach in which the entity's higher level can be divided into two lower sub-entities?
वह कौन-सा टॉप-डाउन दृष्टिकोण है जिसमें उच्च स्तर की एंटिटी को दो निम्न स्तरीय उप-एंटिटीज़ में विभाजित किया जा सकता है?

(a) Aggregation/एग्रीगेशन
(b) Generalization/जनरलाइजेशन
(c) Specialization/स्पेशलाइजेशन
(d) All of the above/उपरोक्त सभी

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (c) : डेटाबेस के टॉप-डाउन अप्रोच में विशेषीकरण (Specialization) एक सामान्य (higher level) एंटिटी को विशिष्ट (lower level) उप-एंटिटीज में बाटा जाता है। उदाहरण के लिए, "वाहन" को 'कार' और 'ट्रक' में विभाजित करना।

4. Float is a/an
Float है एक

(a) Value (b) Variable
(c) Operator (d) Data type

Bihar STET C.S. 2020

Ans, (d) : 'Float' एक डेटा टाइप है, जो दशमलव (decimal) संख्याओं को स्टोर करने के लिए उपयोग होता है जैसे 3.14,50 – 2.75 आदि।

5. ……. is a basic data type.
.....एक बुनियादी डेटा प्रकार है।

(a) Array (b) Struct
(c) Boolean (d) Int

Bihar STET C.S. 2020

Ans, (d): Int (Integer) एक बुनियादी डेटा प्रकार (Primitive Data Type) है, जो पूर्णांक (जैसे 1, –5, 100) आदि को स्टोर करता है।

6. Variables which can be accessed inside a module of the program is called
वेरिएबल जिसे प्रोग्राम के एक Module के अन्दर एक्सेस किया जा सकता है, उसे कहा जाता है

(a) Global (b) Auto
(c) Static (d) Local

Bihar STET C.S. 2020

Ans, (d) : Local variables वे वेरिएबल्स होते हैं जो सिर्फ उसी फंक्शन या मॉड्यूल के अन्दर एक्सेस किये जा सकते हैं जिसमें वे घोषित (declare) किये गये हैं। वे प्रोग्राम के अन्य हिस्सों से छिपे (Hidden) रहते हैं।

7. To store character or text data we need
Character या Text Data को संग्रहीत करने के लिए हमें जरूरत होती है

(a) Numeric variable (b) String variable
(c) Logical function (d) Array

Bihar STET C.S. 2020

Ans, (b) : Character या text data को store करने के लिए 'String variable' की आवश्यकता होती है। String एक डेटा टाइप है जो अक्षरों, शब्दों या वाक्यों को संग्रहित करने के लिए उपयोग होता हैं।

8. Which operator has highest precedence in */%?
निम्न में से */% की किस Operator मे सबसे अधिक पूर्वता है?

(a) *
(b) /
(c) %
(d) All have same precedence/सभी की समान पूर्वता

Bihar STET C.S. 2020

Ans, (d) : C, C++, Java, Python जैसी अधिकांश प्रोग्रामिंग भाषाओं में, निम्नलिखित तीनों ऑपरेटर-

*(गुणा/Multiplication)

/(भाग/division)

%(मॉड्यूलस/Remainder)

सभी की समान प्राथमिकता (Same Precedence) होती है।

■ पूर्वता (Precedence) का अर्थ–

पूर्वता यह निर्धारित करती है कि जब एक ही Expression में एक से अधिक Operator हो, तो कौन सा ऑपरेटर पहले चलेगा।

■ जब सभी की प्राथमिकता समान होती है–

तो फिर एसोसिएटिविटी (Associativety) यह तय करती है कि Evaluation किस दिशा में होगी। इन तीनों ऑपरेटर (*, /, %) की Left to right associativety होती है, यानी इन्हें बाये से दाएं हल किया जाता है।

9. Term, Data Structure refers to……. and interrelationship between them.
शब्द, डेटा संरचना..... और उनके बीच अंतसंबंध को संदर्भित करता है

(a) Organization of data
(b) Programming standard
(c) Coding
(d) Program design

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (a) : जब हम शब्द (Data Items) डेटा सरंचना (Data Structure) और उनके आपसी सम्बन्ध (Inter Relation) की बात करते हैं तो यह सब डेटा के संगठन (Organization of Data) से सम्बन्धित होता है।

10. In data structure, data may of …… types.
डेटा संरचना में, डेटा ..... प्रकार के हो सकते हैं।

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (b) : Data Structure (डेटा संरचना) में डेटा मुख्यतः दो प्रकार के होते है।

(1) Primitive Data Structure– Char, float, int, boolean आदि।

(2) Non Primitive Data Structures– Array, List, stack, Queue, Tree, Graph आदि।

11. Which one is a non-linear data structure?
निम्न में से कौन non-linear डेटा संरचना है?

(a) Stack (b) Queue
(c) Linked list (d) Tree

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (d) : Linear Data Structure में डेटा को क्रमबद्ध (Sequential) तरीके से स्टोर किया जाता है हर एक एलिमेंट का एक अगला और पिछला एलिमेंट होता है।

जैसे- Stack, Queue, Linked List

Non-Linear Data Structure में डेटा को हरार्किल (Hierarchical) या Non-Sequential तरीके से स्टोर किया जाता है।

जैसे- Tree, Graph- etc.

12. The structure or format of data is called
डेटा की संरचना या प्रारूप को कहा जाता है

(a) Syntax
(b) Semantics
(c) Struct
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (a) : Syntax का अर्थ होता है: डेटा या निर्देशों की संरचना (Structure) और प्रारूप (Format)।

• यह निर्धारित करता है कि डेटा को कैसे लिखा, व्यवस्थित और प्रस्तुत किया जाए ताकि वह सिस्टम द्वारा समझा जा सके।

13. Which data structure is mainly used for implementing the recursive algorithm?
Recursive algorithm को लागू करने के लिए मुख्य रूप से किस data structure का उपयोग किया जाता है?

(a) Queue
(b) Stack
(c) Binary tree
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 1.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (b) : Recursive Algorithm को लागू करने के लिए मुख्य रूप से स्टैक (Stack) Data Structure का उपयोग किया जाता है। स्टैक एक डेटा स्ट्रक्चर है जो डेटा को LIFO के आदर्शानुसार रखता है और रिकर्सन कॉल्स को पुश और पॉप करने के लिए उपयोगी होता है।

14. A linear data structure in which insertion and deletion operations can be performed from both the ends is
एक linear data structure, जिसमें दोनों सिरों से सम्मिलन और विलोपन संचालन किया जा सकता है,

(a) Queue
(b) Circular queue
(c) Deque
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 1.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (c) : Dequeue (Double-ended queue) एक Linear डेटा स्ट्रक्चर है, जिसमें तत्वों को Front तथा Rear दोनों सिरों से add भी कर सकते है और Remove भी कर सकते हैं।

15. Which language is better for writing structured code?
structured code लिखने के लिए कौन-सी भाषा बेहतर है?

(a) PASCAL
(b) FORTRAN
(c) BASIC
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 1.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (a) : PASCAL एक Structured प्रोग्रामिंग भाषा है, इसका उपयोग Structured code लिखने के लिए किया जा सकता है। PASCAL में विभिन्न फंक्शन्स, प्रोसीजर्स, और मॉड्यूल्स का उपयोग करके कोड को अच्छी तरह से Structured किया जा सकता है। जबकि FORTRAN भाषा वैज्ञानिक और अभियांत्रिक गणनाओं के लिए डिजाइन की गई है और BASIC भाषा प्रारंभिक प्रोग्रामर्स के लिए डिजाइन की गई है।

16. Which of the following is NOT a basic operation performed on a data structure?
निम्नलिखित में से कौन-सा डेटा संरचना पर किया जाने वाला मूल ऑपरेशन नहीं है?

(a) Encryption/एन्क्रिप्शन
(b) Deletion/विलोपन
(c) Insertion/सम्मिलन
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (a) : डेटा संरचनाओं पर सामान्यतः किए जाने वाले मूल ऑपरेशनों में सम्मिलिन विलोपन और खोज शामिल होते है। एन्क्रिप्शन डेटा संरचना का एक मूल ऑपरेशन नहीं है बल्कि यह डेटा की सुरक्षा से सम्बन्धित एक प्रक्रिया है।

17. A computer program that converts an assembly language program into equivalent machine language program is called
एक कम्प्यूटर प्रोग्राम, जो एसेम्ब्ली भाषा (assembly language) के प्रोग्राम को समतुल्य मशीन भाषा (machine language) के प्रोग्राम मे बदल देता है, उस प्रोग्राम को कहा जाता है

(a) Compiler/कम्पाइलर
(b) Assembler/एसेम्बलर
(c) Linker/लिन्कर
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 2.0 Exam-2023 (11-12)
RRB NTPC 28.01.2021 (Shift-I) Stage Ist
RRB NTPC 05.04.2016 (Shift -1) Online

Ans. (b): एसेम्बलर एक प्रोग्राम है जो असेंबली भाषा को मशीन भाषा में बदलता है, जो किसी निर्देश (instruction) को एक ही समय पर रूपांतरित (translates) और निष्पादित (executes) करता है।

18. A computer program that converts a high-level language program into an equivalent machine language program is called
एक कम्प्यूटर प्रोग्राम, जो उच्च-स्तरीय भाषा (Machine Language) के प्रोग्राम को मशीन भाषा (Machine Language) के समतुल्य प्रोग्राम में बदलता है, उसको कहा जाता है।

(a) Assembler/एसेम्बलर
(b) Compiler/कम्पाइलर
(c) Loader/लोडर
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 2.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (b): कम्पाइलर एक ऐसा प्रोग्राम होता है जो हाई लेवल लैंग्वेज में लिखे गये कोड को मशीन लेवल लैंग्वेज में बदलता है।

19. A computer program that translates high-level language program into machine language program statement-by-statement is called
एक कम्प्यूटर प्रोग्राम, जो उच्च-स्तरीय भाषा प्रोग्राम का कथन-दर-कथन मशीन भाषा प्रोग्राम में अनुवाद करता है, कहलाता है

(a) Compiler/कम्पाइलर
(b) Loader/लोडर
(c) Interpreter/इंटरप्रेटर
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 2.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (c): इन्टरप्रेटर एक कम्प्यूटर प्रोग्राम होता है जो हाई लेवल लैंग्वेज में लिखे गये कोड को लाइन बाई लाइन मशीन लैंग्वेज में बदलता है। यदि किसी प्रकार की कोई एरर आती है तो वह जब तक उसको ठीक नहीं कर लेता है। आगे नहीं बढ़ता है।

20. Select the true statement for compiler.
Compiler के लिए सत्य कथन का चयन कीजिए।

(a) The input of the compiler is source program.
(b) It translates the source code into object code as a whole.
(c) The output of the compiler is object code.
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 1.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (d) : कॅम्पाइलर एक सॉफ्टवेयर होता है जो किसी प्रोग्रामिंग भाषा में लिखे गए स्रोत कोड को मशीन कोड में बदलता है, जिसे कंप्यूटर समझ सकता है। कॅम्पाइलर इनपुट के रूप में लिखे गए स्रोत प्रोग्राम को लेता है और आउटपुट में ऑब्जेक्ट कोड के रूप में संदर्भित करता है।

21. A compiler is a translating program which:
कंपाइलर एक अनुवाद करने वाला प्रोग्राम है, जो–

(a) Translates instruction of a high-level language into machine language/कम्पाइलर का इनपुट सोर्स प्रोग्राम है।
(b) Translates entire source program into machine language program/यह सोर्स कोड को सम्पूर्ण रूप से ऑब्जेक्ट कोड में ट्रांसलेट करता है।
(c) It is not involved in program's execution/ कम्पाइलर का आउटपुट ऑब्जेक्ट कोड है।
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 2.0 Exam 2024 (9-10)

Ans.(d): कंपाइलर एक प्रोग्राम होता है, जो हाई लेवल प्रोग्रामिंग भाषा से लो लेवल मशीन भाषा में प्रोग्राम को अनुवाद करता है। यह यूजर्स द्वारा लिखे गए स्रोत कोड को कंपाइल करता है, ताकि वह कंप्यूटर द्वारा समझी जा सके।

22. Group of instructions that directs a computer is called.
कम्प्यूटर को दिशा देने वाले instructions के समूह को कहा जाता है?

(a) Memory/मेमोरी
(b) Storage/स्टोरेज
(c) Program/प्रोग्राम
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 2.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (c): कम्प्यूटर को दिशा देने वाले निर्देशों के समूह को प्रोग्राम कहा जाता है।

23. In which of the following the Data Structures perform an important role?
निम्नलिखित में से किसमें डाटा स्ट्रक्चर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं?

(a) Input device/इनपुट डिवाइस
(b) Hardware/हार्डवेयर
(c) Program design/प्रोग्राम डिजाइन
(d) Logic gate/लॉजिक गेट

SSC JE CIVIL 25.10.2018 (Shift-I)
SSC JE Electrical (Exam date 25.01.2018) Shift-I

Ans : (c) डाटा स्ट्रक्चर किसी कंप्यूटर सिस्टम में डेटा को स्टोर तथा व्यवस्थित करने का एक तरीका है, जिससे कि हम डाटा का इस्तेमाल आसानी से कर सके। प्रोग्राम डिजाइन में डाटा स्ट्रक्चर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

24. Special files define devices for the system or are temporary files created by processes. FIFO is a special types of file, which ———.
विशेष फाइलें, सिस्टम के लिए उपकरणों को परिभाषित करती हैं या प्रक्रियाओं द्वारा बनाई गई अस्थायी फाइलें होती हैं। फीफो (FIFO) एक विशेष प्रकार की फाइल है, जो .....।

(a) Acts as an input/output channel between processes/प्रक्रियाओं के बीच एक इनपुट/आउटपुट चैनल के रूप में काम करती है
(b) As an intermediary to store information like text, graphics, images works.
टेक्स्ट, ग्राफिक्स, इमेज जैसी सूचनाओं को संग्रहीत करने के लिए मध्यस्थ के रूप में काम करती है
(c) Acts as an intermediary between the operating system and the hardware/ऑपरेटिंग सिस्टम और हार्डवेयर के बीच मध्यस्थ के रूप में काम करती है
(d) Works as a locator where the details of files are stored/एक लोकेटर के रूप में काम करती है जहां फाइलों का विवरण संग्रहीत किया जाता है

UPPCL Assistant Accountant 25.02.2022 (Shift-I)

Ans. (a) : विशेष फाइलें, सिस्टम या प्रक्रियाओं द्वारा बनाई गई अस्थायी फाइलों के लिए उपकरणों को परिभाषित करती हैं। विशेष फाइलें सामान्यतः तीन प्रकार की फीफो (फर्स्ट-इन,फर्स्ट-आउट),

ब्लॉक और कैरेक्टर हैं। फीफो फाइलों को पाइप भी कहा जाता है। फीफो फाइलें प्रक्रियाओं के बीच इनपुट/आउटपुट चैनल के रूप में कार्य करती हैं। जैसा कि नाम से संकेत मिलता है, यह उपयोगकर्ता या किसी अन्य डिवाइस द्वारा फाइलों के अनुरोध और प्रतिक्रिया के क्रम को बनाए रखता है।

25. Languages which can easily interact with the hardware are called:
हार्डवेयर के साथ आसानी से संवाद कर सकती हैं _____ कहलाती हैं।

(a) High level languages/उच्च स्तरीय भाषा
(b) Low level languages/निम्न स्तरीय भाषा
(c) Middle level languages/मध्य स्तरीय भाषा
(d) Middle Higher Level Language/मध्य उच्च स्तरीय भाषा

Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-II)

Ans. (b) : हार्डवेयर के साथ आसानी से संवाद करने वाली भाषा को निम्न स्तरीय भाषा (Low Level Language) कहते हैं। ये भाषाएँ या तो मशीनी भाषाएँ होती हैं या उनके बहुत करीब की भाषाएँ होती हैं। इनमें बाइनरी संख्या (0 और 1) के निर्देश सम्मिलित होते हैं जिन्हें कम्प्यूटर सीधे ही समझ व निष्पादित कर सकता है जबकि उच्च स्तरीय भाषाओं (High Level Languages) या अंग्रेजी में दिये गये निर्देशों को नहीं समझ सकता है।

26. Which of the following statements best reflects the feature of assembly language?
निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असेंबली लैंग्वेज की विशेषता को सबसे अच्छा दर्शाता है?

(a) It increases the portability of the code.
यह कोड की पोर्टविलिटी को बढ़ाता है।
(b) It is what the computer sees and deals with.
यह वही है जो कम्प्यूटर देखता है और उससे निपटता है।
(c) It is tied to the specifies of the underlying machine./यह अंतर्निहित मशीन की बारीकियों से बंधा है।
(d) One line may involve many low-level operations./एक पंक्ति में कई निम्न स्तरीय संचालन शामिल हो सकते है।

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (c) : असेंबली लैंग्वेज एक प्रकार की निम्न स्तरीय प्रोग्रामिंग लैंग्वेज है जिसका उद्देश्य कम्प्यूटर के हार्डवेयर से सीधे संवाद (communicate) करना है। मशीनी भाषा के विपरीत, जिसमें बाइनरी और हेक्साडेसिमल वर्ण (Characters) होते है, असेंबली लैंग्वेज का सबसे अच्छा वर्णन विकल्प (c) करता है। यह अंतर्निहित मशीन की बारीकियों से बंधा होता है।

27. What is the most common use of 'Shift' operation in assembly language programming?
असेंबली लैंग्वेज प्रोग्रामिंग में 'Shift' ऑपरेशन का सबसे आम उपयोग क्या है?

(a) Multiply and divide/गुणा और भाग करना
(b) Create one's complement/एक का पूरक बनाना
(c) Create two's complement/दो का पूरक बनाना
(d) Add and subtract/जोड़े और घटाएं

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (a) : असेंबली लैंग्वेज में 'Shift' ऑपरेशन का सबसे आम उपयोग गुणा और भाग करना है।
शिफ्ट ऑपरेटर का उपयोग तब किया जाता है जब आप गणितीय संचालन के विपरीत तार्किक बिट्स संचालन कर रहे होते है। इसका उपयोग गति के लिए किया जा सकता है, दो की पॉवर वाले ऑपरेंड से डील करने के दौरान विभाजन/गुणा करने के लिए किया जाता है।

28. OLE के संबंध में, _____ दो वस्तुओं के बीच कनेक्शन स्थापित करता है, और _____ एप्लिकेशन में डेटा डालता है।

(a) एम्बार्किंग, लर्निंग (b) लिंकिंग, एम्बेडिंग
(c) एम्बेडिंग, लिंकिंग (d) लिंकिंग, एम्बार्किंग

UPPCL TG-II 25-01-2019 (Morning)

Ans : (b) OLE का पूर्ण रूप 'आब्जेक्ट लिंकिंग और इम्बेडिंग' है। OLE एक माइक्रोसॉफ्ट की डॉक्युमेंट कंपोनेंट टेक्नोलॉजी है। जिसमें एक से अधिक डॉक्युमेंट तथा एप्लीकेशन को एक साथ लिंक किया जाता है।

29. Who among the following is the Originator of binary logic and arithmetic in Computer programming ?
निम्नलिखित में से कौन कंप्यूटर प्रोग्रामिंग में बाइनरी लॉजिक और अरिथमेटिक (binary logic and arithmetic) के प्रवर्तक हैं?

(a) Claude Shannon/क्लाउड शैनन
(b) Noam Chomsky/नोम चोम्स्की
(c) Leslie Lamport/लेस्ली लामपोर्ट
(d) John Backus/जॉन बैकस

RRB NTPC 12.03.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (a) : क्लाउड शैनन को इलेक्ट्रॉनिक संचार युग का संस्थापक माना जाता है और उन्हें कंप्यूटर प्रोग्रामिंग में बाइनरी लॉजिक और अरिथमेटिक का प्रवर्तक कहा जाता है। उन्होंने 1937 में मास्टर थीसिस के दौरान यह दिखाया कि बूलियन लॉजिक का उपयोग करके बाइनरी अंकगणितीय संचालन और तर्क को इलेक्ट्रानिक सर्किट्स के माध्यम से लागू किया जा सकता है।

30. The ..... program is used to convert mnemonic code to machine code.
..... प्रोग्राम का प्रयोग नेमोनिक कूट को मशीन कूट में परिवर्तन के लिए होता है।

(a) Debug/डिबग (b) C++
(c) FORTRAN/फोरट्रान (d) Assembler/असेम्बलर

Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-II)

Ans. (d) : असेम्बलर एक ऐसा प्रोग्राम या ट्रांसलेटर है जिसका प्रयोग नेमोनिक कोड को मशीन कोड में परिवर्तन के लिए होता है, जिसे कंप्यूटर सीधे समझ सकता है।

31. A(n) ..... program is one that is ready to run and does not need to be altered in any way.
प्रोग्राम जो रेडी टू रन और जिसको किसी भी प्रकार से रूपांतरण की आवश्यकता नहीं हैं, ...।

(a) Interpreter (b) High level
(c) COBOL (d) Executable

Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-I)

Ans. (d) : वह प्रोग्राम जो रेडी टू रन और जिसकी किसी भी प्रकार से रूपांतरण की आवश्यकता नहीं है, निष्पादन योग्य (executable) कहलाता है। यह एक कोड है जो सामान्य तौर पर मशीन भाषा को सन्दर्भित करता है, जो मूल निर्देशों का सेट है जिसे कम्प्यूटर हार्डवेयर में निष्पादित करता है।

32. Error in program is called:
प्रोग्राम में त्रुटि को क्या कहा जाता है?

(a) Bug/बग (b) Debug/डीबग
(c) Virus/वायरस (d) Noise/नॉइस

Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-II)

Ans. (a) : कम्प्यूटर डेटा या प्रोग्राम में त्रुटि (Error) को बग (Bug) कहा जाता है। सॉफ्टवेयर बग किसी कम्प्यूटर प्रोग्राम या सिस्टम में एक त्रुटि, दोष, विफलता या गलती है जिसके कारण यह गलत या अप्रत्याशित परिणाम उत्पन्न करता है या अनपेक्षित तरीके से व्यवहार करता है। बग को हटाना (दूर करना) डीबग कहा जाता है।

33. A computer software that translates source code written in a high-level language into a set of machine language instructions is known as_____.
एक कंप्यूटर सॉफ़्टवेयर जो उच्च-स्तरीय भाषा में लिखे गए स्रोत कोड को मशीन भाषा निर्देशों के एक सेट में अनुवादित करता है, उसे_____ के रूप में जाना जाता है।

(a) Compiler/कम्पाइलर
(b) Operating systems/ऑपरेटिंग सिस्टम
(c) Firmware/फर्मवेयर
(d) Device driver/डिवाइस ड्राइवर

UPPCL TG-2 10/11/2023 (Shift-I)

Ans. (a) : एक कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर जो उच्च स्तरीय भाषा में लिखे गये स्रोत कोड को मशीन भाषा निर्देशों के एक सेट में अनुवादित करता है, कंपाइलर के रूप में जाना जाता है। कंपाइलर एक ऐसा सिस्टम सॉफ्टवेयर अनुवादक है जो स्रोत प्रोग्रामिंग भाषा का समर्थन करता है, फाइलों को पढ़ता है, कोड का विश्लेषण करता है, लक्ष्य प्लेटफॉर्म के लिए उपयुक्त प्रारूप में इसका अनुवाद करता है।

34. निम्नलिखित में से कौन सा एक इंटरमीडिएट सिस्टम सॉफ्टवेयर है जिनके माध्यम से प्रोग्रामर उच्च-स्तरीय लैंग्वेज प्रोग्रामिंग कोड (Language Programming Code) को मशीन-स्तरीय भाषा कोड में परिवर्तित करते हैं?

(a) Firmwere/फर्मवेयर
(b) Device Drivers/डिवाइस ड्राइवर्स
(c) Utilities/यूटिलिटीज
(d) Language Translator/लैंग्वेज ट्रांसलेटर

UPPCL Executive Assistant 28-11-2022 Shift-II

Ans. (d) : ट्रांसलेटर एक प्रोग्रामिंग लैंग्वेज प्रोसेसर है जो एक कम्प्यूटर प्रोग्राम को एक लैंग्वेज से दूसरी लैंग्वेज में कन्वर्ट करता है। यह सोर्स प्रोग्राम में लिखे गए प्रोग्राम को लेता है और इसे मशीन प्रोग्राम में कन्वर्ट करता है।
जैसे- कंपाइलर, इंटरप्रेटर, असेम्बलर।

35. ____converts High level language into machine language and execute it in one go.
____उच्च स्तरीय भाषा को मशीनी भाषा में परिवर्तित करता है और एक बार में ही निष्पादित कर देता है।

(a) Assembler/असेम्बलर
(b) Interpreter/इन्टरप्रेटर
(c) None of these/इनमें से कोई नहीं
(d) Compiler/कम्पाइलर

UPPCL APS Exam-18.02.2018

Ans. (d) : कम्पाइलर वह प्रोग्राम होता है जो उच्च स्तरीय भाषा में लिखे कोड को मशीनी भाषा में एक बार में ही निस्पादित कर देता है।

36. Which among the following is not a hardware?
निम्नलिखित में से कौन-सा एक हार्डवेयर नहीं है?

(a) Assembler/असेम्बलर
(b) Printer/मुद्रक
(c) Magnetic Tape/चुंबकीय टेप
(d) VDU terminal/वीडीयू टर्मिनल

UPPCL ARO-18.02.2018

Ans. (a) : असेम्बलर कम्प्यूटर का वह प्रोग्राम होता है जो असेम्बली भाषा में लिखे गये कोड को मशीनी भाषा में परिवर्तित करता है। यह कम्प्यूटर प्रोग्राम है इसके अतिरिक्त सभी हार्डवेयर है।

37. Choose the compile-time error from the following options-
निम्नलिखित विकल्पों में से कम्पाइल-टाइम त्रुटि चुनिए-

(a) Logic error/लॉजिक त्रुटि
(b) Syntax error/सिंटैक्स त्रुटि
(c) Application error/एप्लीकेशन त्रुटि
(d) Testing error/टेस्टिंग त्रुटि

AHC ARO 2019 (Exam date 24.02.2019)

Ans. (b) : जब आप सिंटैक्स को नियम के अनुसार नहीं लिखते है तो कम्पाइलर इसमे त्रुटि बताता है इसे ही कम्पाइल टाइम एरर कहते हैं।

38. Which of the following is not the part of a compiler?
कौन कम्पाइलर का भाग नहीं है–

(a) Semantic Analyzer/सेमैन्टिक एनालाइजर
(b) Code Generator/कोड जनरेटर
(c) Lexical Analyzer/लेक्जिकल एनालाइजर
(d) Linker/लिन्कर

BSNL JE-2008

Ans : (d) कम्पाइलर–यह एक ट्रांसलेटर होता है जो उच्च स्तरीय भाषा को निम्न स्तरीय / मशीनी भाषा में बदल देती है।

कम्पाइलर के भाग–



उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि लिंकर कम्पाइलर का भाग नहीं है।

39. Computer software is divided mainly into which categories? Choose the most appropriate option./ कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर को मुख्य रूप से किन श्रेणियों में विभाजित किया गया है। सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए।

(a) System software/सिस्टम सॉफ्टवेयर
(b) User software/उपयोगकर्ता सॉफ्टवेयर
(c) Application software and System software एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर और सिस्टम सॉफ्टवेयर
(d) Application software and User software एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर और उपयोगकर्ता सॉफ्टवेयर

AHC ARO 2019 (Exam date 24.02.2019)

Ans. (c) : कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर को मुख्य रूप से दो भागों एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर और सिस्टम सॉफ्टवेयर श्रेणियों में विभाजित किया गया है।

सिस्टम सॉफ्टवेयर– प्रोग्रामों का समूह जो कम्प्यूटर सिस्टम के मूलभूत कार्यों को सम्पन्न करने तथा उन्हें कार्य करने लायक बनाए रखने के लिए तैयार किये जाते है, सिस्टम सॉफ्टवेयर कहलाते है। जैसे- आई ओ एस, विन्डोज, युनिक्स आदि।

एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर– यह प्रोग्रामों का समूह है जो किसी विशिष्ट कार्य के लिए तैयार किया जाता है। जैसे- एम.एस. ऑफिस, वेब ब्राउजर

40. An error in a computer is also knows as कम्प्यूटर में त्रुटि को इस रूप में भी कहा जाता है–

(a) Debug/डीबग
(b) Bug/बग
(c) Cursor/कर्सर
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

(UPPCL TG2 Re-exam 16-10-2016)
R.R.B. चंडीगढ़ (T.A./C.A./S.C.) परीक्षा, 2012
S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011

Ans : (b) कम्प्यूटर की त्रुटियों को बग कहते हैं, तथा कम्प्यूटर की त्रुटियों को दूर करने को डिबग कहते है।

41. The removal of errors from computer software is called
कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर में से त्रुटियों को हटाना कहलाता है-

(a) Interpreting/इंटरप्रेटिंग (b) Translating/ट्रांसलेटिंग
(c) Debugging/डीबगिंग (d) Compiling/कम्पाइलिंग

(UPPCL ARO 18.02.218)
RRB NTPC, (Shift -3) Online, 29.03.2016
(UPPCL TG-2 26.06.2016)
S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012
(RRB JE-2014)

Ans : (c)

डीबगिंग	-	कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर में से त्रुटियों को हटाना।
कम्पाइलिंग	-	उच्च भाषा के प्रोग्राम को निम्न भाषा (मशीनी भाषा) में बदलना।
ट्रांसलेटिंग	-	एक भाषा के प्रोग्राम को दूसरी भाषा के प्रोग्राम में बदलना।
इंटरप्रेटिंग	-	प्रोग्राम को एक-एक लाइन पढ़ना तथा त्रुटि प्राप्त करना।

42. Debug IOS term denoting
डीबग IOS शुद्ध का अर्थ है?

(a) Error correction process
(b) Writing of instructions in developing a new program
(c) Fault detection in equipment
(d) Determining useful life

MPPCS (J) 2018 Shift-II

Ans. (a) : कम्प्यूटर में आने वाली कमियों को पहचानना तथा उनको दूर करने की प्रक्रिया को डिबगिंग कहा जाता है।

2. एकल और बहुआयामी सरणी की परिभाषा (Definition of Single and Multidimensional Arrays)

43. प्रत्येक पंक्ति और स्तंभ में गैर-शून्य तत्वों की एक छोटी संख्या के साथ मैट्रिस के लिए कौन-सा प्रतिनिधित्व सबसे उपयुक्त है?

(a) ट्रिपल प्रतिनिधित्व
(b) संपीड़ित विरल पंक्ति प्रारूप
(c) संपीड़ित विरल स्तंभ प्रारूप
(d) सरणी प्रतिनिधित्व

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (b) : मैट्रिक्स के लिए सबसे उपयुक्त प्रतिनिधित्व, जिसमें प्रत्येक पंक्ति और स्तंभ में गैर शून्य तत्वों की छोटी संख्या होती है संपीडित विरल पंक्ति प्रारूप है। यह प्रारूप केवल गैर शून्य तत्वों को उनके पंक्ति और स्तंभ सूचकांको के साथ संग्रहीत करता है, जिससे मेमोरी का उपयोग कम हो जाता है।

44. The process of removing recursion involves replacing recursive function calls with:
रिकर्सन को हटाने की प्रक्रिया में रिकर्सिव फंक्शन कॉल्स को किससे बदला जाता है?

(a) More recursive function calls
अधिक रिकर्सिव फंक्शन कॉल्स
(b) Loops/लूप्स
(c) Additional memory allocation
अतिरिक्त मेमोरी अलोकेशन
(d) Non-recursive function calls
गैर-रिकर्सिव फंक्शन कॉल्स

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (b): रिकर्सन को हटाने के लिए रिकर्सिव फंक्शन कॉल्स को लूप्स (जैसे for या while लूप) से बदला जाता है। इससे स्टैक मेमोरी का उपयोग कम होता है और कोड की दक्षता बढ़ती है।

45. Which of the following representations is most suitable for efficient row-wise traversal of a sparse matrix?
विरल मैट्रिक्स की पंक्ति-वार ट्रैवर्सल को कुशलतापूर्वक करने के लिए निम्न में से कौन-सा प्रतिनिधित्व सबसे उपयुक्त है?

(a) Triplet representation/ट्रिपलेट प्रतिनिधित्व
(b) Compressed sparse row (CSR) format
संपीड़ित विरल पंक्ति (CSR) प्रारूप
(c) Compressed sparse column (CSC) format
संपीड़ित विरल स्तंभ (CSC) प्रारूप
(d) Array representation/ऐरे प्रतिनिधित्व

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (b) : CSR (Compressed Sparse Row) प्रारूप विशेष रूप से Sparse Matrix की पंक्तियों को कुशलता-पूर्वक Traverse करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें केवल non-zero मानों को संग्रहित किया जाता है और प्रत्येक पंक्ति की शुरूआत और अन्त का इंडेक्स अलग से रखा जाता है, जिससे row-wise traversal बहुत तेज और memory-efficient हो जाता है।

46. For a 2-D array represented in row-major order, the index formula to access the element at row "i" and column "j" using the base address "B" is:
यदि एक द्वि-आयामी ऐरे को रो-मेजर क्रम में संग्रहीत किया गया है, तो 'i' पंक्ति और 'j' स्तंभ पर स्थित तत्त्व को बेस एड्रेस 'B' का उपयोग करके एक्सेस करने का इंडेक्स सूत्र क्या होगा?

(a) Index = B + (i * n + j)
(b) Index = B + (j * n + i)
(c) Index = B + (i + j)
(d) Index = B + (i * m + j)

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (a) : जब हम किसी 2-D array को row-major order में संग्रहित करते है, तो पूरी पहली row पहले memory में आती है, फिर दूसरी row और ऐसे ही आगे। इसलिए यदि हमें किसी row 'i' और colum 'j' पर स्थित element का address चाहिए, तो उसका formula होता है।

(ix कुल स्तंभो की संख्या + j)
और यदि base address B है तो:
Index = B + (i × n + j)

47. Which one of the following is the correct definition of the ''is_array();'' function in C++?
निम्नलिखित में से कौन-सी C++ में ''is_array();'' फंक्शन की सही परिभाषा है?

(a) It checks that the specified variable is of the array or not./यह जाँच करता है कि निर्दिष्ट चर का है या नहीं।
(b) It checks that the specified array is of single dimension or not./यह जाँच करता है कि निर्दिष्ट सरणी एकल आयाम वाली है या नहीं
(c) It checks that the array specified is of multi-dimension or not./यह जाँच करता है कि निर्दिष्ट सरणी बहु-आयाम वाली है या नहीं।
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 2.0 Exam 2024 (9-10)

Ans.(a): C++ में ''is_array();'' फंक्शन का उपयोग यह चेक करने के लिए किया जाता है कि दिया गया मान ऐरे से संबंधित है या नहीं।

48. Which of the following gives the n^{th} element of the Array?
निम्नलिखित में से कौन-सा Array का nवाँ तत्व देता है?

(a) Array [a];
(b) Array [n –1];
(c) Array [n + 1];
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 2.0 Exam 2024 (9-10)

Ans.(b): Array का nवाँ एलिमेंट
array [n –1];
जहाँ पर Array-name एक्सेस नाम है और n ऐरे में एलिमेंट की कुल संख्या है, Array की indexing 0 से स्टार्ट होती है, इसलिए nवाँ एलिमेंट को जोड़ने के लिए हम n-1 का उपयोग करते हैं।

49. How many types of the array are there in the C++ programming langauge?
C++ प्रोग्रामिंग भाषा में ऐरे कितने प्रकार के होते हैं?

(a) There are three types of arrays
(b) There are four types of arrays
(c) The are two types of arrays
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 2.0 Exam 2024 (9-10)

Ans.(c): C++ में ऐरे दो प्रकार के होते हैं–

1. एकल आयामी ऐरे – यह समान डेटा प्रकार के एलिमेंट्स का संग्रह है, जो मेमोरी के एक सन्निहित ब्लॉक में संग्रहीत होते हैं।
2. बहुआयामी ऐरे – यह एक सारणी है, जिसमें इसके एलिमेंट्स के रूप में एक या अधिक सारणी होती हैं।

50. Write the output of the following program:
निम्नलिखित प्रोग्राम का आउटपुट लिखें:

```
int a[] = {1, 2, 3} *p;
```

(a) Junk value/जंक वैल्यू
(b) 3
(c) Runtime error/रनटाइम त्रुटि
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (e) : दिये गये कथन में C++ में सिंटैक्स की दृष्टि से अलग हैं इसका कारण यह है:

int a[] {1, 2, 3}*p; एक ऐरे a और एक प्वॉइंटर p घोषित करने का प्रयास कर रहा है लेकिन यह ऐरे आरम्भीकरण को प्वॉइंटर घोषणा के साथ अलग तरीके से जोड़ रही है।

int a[]={1, 2, 3} तीन तत्वों के साथ एक ऐरे a आरम्भीकरण करता है 1,2 और 3*p का उद्देश्य एक प्वॉइंटर घोषित करना है, लेकिन इस संदर्भ में ऐरे आरम्भीकरण के बाद *p का स्थान अमान्य है।

सिंटैक्स सम्बन्धी समस्या के कारण, प्रोग्राम संकलित नहीं होगा, और संगलन समय त्रुटि मिलेगी। यदि सही प्रकार से चुनना होगा। तो (e) इसमें से कोई नहीं होगा।

51. Assume sizeof an integer as 4 bytes. What is the output of above program?
मान लीजिए कि पूर्णांक का आकार 4 बाइट्स है। उपरोक्त प्रोग्राम का आउटपुट क्या है?

```
#include <stdio.h>
int main()
{
int i = 5, j = 10, k = 15;
printf(\"%d\", sizeof(k/=i+j));
printf(\"%d\", k);
return 0;
}
```

(a) 2 1
(b) 4 1
(c) 4 15
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (c) : sizeof(k/=i+j), sizeof ऑपरेटर के अन्दर एक्सप्रेशन का मूल्यांकन नहीं किया जाता है। sizeof ऑपरेटर sizeof(int) लौटाता है क्योंकि एक्सप्रेशन का परिणाम एक पूर्णांक होगा। चूँकि एक्सप्रेशन का मूल्यांकन नहीं किया जाता है, इसलिए k का मान नहीं बदला जाएगा।

52. How can we describe an array in the best possible way?/हम किसी ऐरे का सर्वोत्तम संभव तरीके से वर्णन कैसे कर सकते हैं?

(a) Array are immutable
(b) Container that stores the elements of similar types
(c) The array is not a data structure
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 2.0 Exam 2024 (9-10)

Ans.(b): ऐरे तत्वों को समान टाइप की मेमोरी के एक सन्निहित ब्लॉक में संग्रहीत करता है। इसलिए हम कह सकते हैं कि ऐरे एक कंटेनर है, जो समान टाइप के तत्वों को संग्रहीत करता है।

53. Which of the following is an advantage of using arrays?/निम्नलिखित में से कौन-सा ऐरे का उपयोग करने का लाभ है?

(a) Constant time insertion and deletion
निरंतर समय प्रविष्टि और विलोपन
(b) Ability to store elements of different data types/विभिन्न डेटा प्रकारों के तत्वों को संग्रहीत करने की क्षमता
(c) Random access to elements using an index
इंडेक्स का उपयोग करके तत्वों तक यादृच्छिक पहुँच
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (c) : ऐरे एक ही प्रकार के डेटा टाइप को स्टोर करता है। ऐरे इंडेक्स के माध्यम से सीधे और जल्दि एक्सेस की अनुमति देता है, और किसी एलिमेन्ट को एक निर्धारित इंडेक्स पर पहुचा सकता है।

54. What will be the highest index of the array if N is the total number of elements in the array?
ऐरे का उच्चतम सूचकांक क्या हो सकता है अगर N, ऐरे में तत्वों की कुल संख्या है?

(a) N (b) N + 1
(c) N - 2 (d) N - 1

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-02)

Ans : (d) ऐरे समान प्रकार के डेटा टाइप का कलेक्शन होता है जिसे एक कॉमन नाम के द्वारा प्रदर्शित करते है।

यदि ऐरे में एलिमेंटों की कुल संख्या N हो तो उच्चतम सूचकांक N - 1 होता है क्योंकि ऐरे में एलिमेंट, सूचकांक (index) 0 से स्टोर होता है।

55. From where does the indexing of an array start?/एक ऐरे की इंडेक्सिंग (अनुक्रमण) कहाँ से शुरू होता है?

(a) -1 (b) 0
(c) 1 (d) 100

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-02)

Ans: (b) ऐरे एक समान प्रकार के डेटा टाइप का एक कलेक्शन होता है अर्थात ऐरे में एक ही प्रकार या डेटा टाइप के ऐलिमेंट को रखा जाता है। इसमें इंडेक्सिंग 0 (शून्य) से शुरू होता है।
उदाहरण के लिए-

	0	1	2	3	4
0	5	10	15	20	25

56. What is an array?/एक ऐरे क्या है?

(a) Array is a collection of different type of elements विभिन्न प्रकार के तत्वों का एक संग्रह ऐरे है
(b) Array is a collection of dynamically allocated elements/गतिशील आवंटित तत्वों का एक संग्रह ऐरे है
(c) Array is a collection of different data types placed next to each other/एक दूसरे के बगल में रखा विभिन्न डेटा प्रकार का एक संग्रह ऐरे है
(d) Array is a collection of similar type of elements/तत्वों के समान प्रकार का एक संग्रह ऐरे है

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-02)

Ans : (d) ऐरे समान प्रकार के डेटा का संग्रह है जिसमें डेटा को सिक्वेंशियल (लगातार) रखा जाता है।

57. Identify the CORRECT declaration of double dimensioned array :/डबल आयाम वाली सारणी की करेक्ट डिक्लेरेशन की पहचान करें?

(a) int arr[2,2]; (b) int arr[2][2];
(c) int arr[2][3][4]; (d) int *arr[10];

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-01)

Ans : (b) द्वी आयामी ऐरे का सही डिक्लेरेशन int arr[2][2]; है। सरणी arr में 2 पक्तियाँ है, जिसमें प्रत्येक पंक्ति में 2 प्रविष्टियाँ (स्तम्भ) होती है।

58. Which of the following is a collection of different elements having similar data type? निम्नलिखित में से कौन-सा समान डेटा प्रकार वाले विभिन्न एलिमेन्ट्स का संग्रह है?

(a) Array/आव्यूह (b) Structrue/संरचना
(c) Union/यूनियन (d) Pointer/प्वाइंटर

(UPPCL RO/ARO-2014)

Ans : (a) समान डाटा किस्मों वाले भिन्न–भिन्न अवयवों का संग्रहण आव्यूह (Array) कहलाता है जैसे–integer या string आव्यूह का उपयोग साधारणतया कम्प्यूटर प्रोग्राम में डाटा ऑर्गेनाइज करने के लिए किया जाता है।

59. The pointers are used to store only the प्वाइंटर्स का प्रयोग केवल संचित करने के लिए किया जाता है

(a) Value of variables/चरों का मान
(b) Address of variables/चरों का पता
(c) Sign of variables/चरों का चिन्ह
(d) Power of variables/चरों का पॉवर

(UPPCL RO/ARO-2014)

Ans : (b) प्वाइंटर एक वेरिएबल है, जो दूसरे वेरिएबल का मेमोरी एड्रेस रखता है। प्वाइंटर का प्रयोग वेरिएबल का पता संचित करने के लिए किया जाता है।

60. Consider the following assignment for a List L. एक लिस्ट L के लिए निम्नलिखित असाइनमेंट पर विचार कीजिए।

L = [10, 20, 30, 40, 50, 60]
Which print statement option will display the content in the following way?
निम्नलिखित में से कौन सा प्रिंट स्टेटमेंट नीचे दिए गए आउटपुट को दर्शाएगा?

[60, 10, 20, 30, 40, 50]

(a) print(L[-1] + L [1:])
(b) print(L[-1] + L [: len (L) - 1])
(c) print(L[len (L) -1] + L [1: len (L)])
(d) print(L[-1], L [1:])

EMRS PGT 16-12-2023

Ans. (b) : विकल्प (b)-
(L[–1] + L [:len(L)–1])
जिसमें L[–1] लिस्ट के आखिरी एलिमेंट को दर्शाता है, जो 60 है। [L[–1]] इसका अर्थ है कि इसे एक लिस्ट के रूप में दर्शाया गया है [60]
L[:len(L)–1] लिस्ट के पहले एलिमेंट से लेकर आखिरी से एक कम एलिमेंट तक की सबलिस्ट देता है, जो [10,20,30,40,50] है इस तरह (L[–1] + L [:len(L)–1]) का परिणाम [60] + [10,20,30,40,50] होगा, जो [60,10,20,30,40,50] की बराबर है।

61. Assertion (A) : Array is a data type which can store multiple homogeneous data elements. अभिकथन (A) : ऐरे एक डेटा प्रकार है जो कई सजातीय डेटा तत्त्वों को संग्रहीत कर सकता है।

Assertion (R) : Elements of array are stored in an indexed manner starting with index 0. अभिकथन (R) : ऐरे के तत्त्वों को इंडेक्स 0 से शुरू करके अनुक्रमित (इंडेक्स्ड) तरीके से संग्रहीत किया जाता है।

(a) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false. अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।
(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A)
अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(c) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A)
अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है, परन्तु कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true. अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

UPSSSC Junior Analyst Drugs 02.02.2025

Ans. (c) : अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है, परन्तु कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं हैं।
ऐरे एक डेटा टाइप जो एक ही प्रकार के एलिमेंट्स को स्टोर करने के लिए प्रयोग किया जाता है। ऐरे इंडेक्सिंग 0 से शुरू होता है, इसलिए पहले एलिमेंट्स का इंडेक्स 0 होता है।

3. प्वाँइटर और सरणी कार्यान्वयन और लिंक सूची संचालन (Pointer and Array Implementation and Linked List Operations)

62. Separate chaining involves storing collided elements in separate data structures, typically in:
सेपरेट चेनिंग में टकराव वाले एलिमेंट्स को अलग-अलग डेटा संरचनाओं में संग्रहित किया जाता है, आमतौर पर:

(a) Linked lists/लिंक्ड लिस्ट्स
(b) Arrays/एरेज़
(c) Stacks/स्टैक्स
(d) Queues/क्यूज़

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (a) : Separate chaining में, हैश टेबल के प्रत्येक बकेट (Bucket) में एक Linked list का उपयोग किया जाता है। जब हैश फंक्शन दो या दो से अधिक Keys के लिए एक ही इंडेक्स जनरेट करता है, मतलब Collision होता है, तो उन Keys को उस बकेट की Linked list में जोड़ दिया जाता है क्योंकि इसमें Dynamic Memory Allocation होता है और Insertion/deletion Operations आसानी से किए जा सकते हैं।

63. Stack, Queue and Linked list can be implemented using
Stack, Queue और Linked List..... का उपयोग कर लागू किया जा सकता है।

(a) Numeric Variable (b) String Variable
(c) Logical Function (d) Array

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (d) : Stack, Queue और Linked List जैसी डेटा संरचनाओं को Array का उपयोग करके इमप्लीमेंट (Implement) किया जा सकता है।

64. Which traversal technique is used to visit each node of a linked list exactly once?
लिंक्ड लिस्ट के प्रत्येक नोड को केवल एक बार विज़िट करने के लिए कौन-सी ट्रैवर्सल तकनीक का उपयोग किया जाता है?

(a) Preorder Traversal/प्रीऑर्डर ट्रैवर्सल
(b) Inorder Traversal/इनऑर्डर ट्रैवर्सल
(c) Postorder Traversal/पोस्टऑर्डर ट्रैवर्सल
(d) Linear Traversal/रैखिक ट्रैवर्सल

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (d) : Preorder Traversal, Inorder Traversal और Postorder Traversal, ट्री (Tree) डेटा स्ट्रक्चर का उपयोग करता है, जबकि Linear Traversal लिंक्ड लिस्ट के हर नोड को एक बार क्रम से विजिट करने के लिए उपयोग होती है।

65. In pointer implementation of linked lists, which operation can be performed in constant time (O(1)) when inserting or deleting nodes?
लिंक्ड लिस्ट के पॉइंटर इम्प्लीमेंटेशन में, जब नोड्स को जोड़ने या हटाने की बात आती है, तो कौन-सा ऑपरेशन स्थिर समय (O(1)) में किया जा सकता है?

(a) Inserting at the beginning/शुरुआत में जोड़ना
(b) Inserting at the end/अंत में जोड़ना
(c) Inserting at a specific position
किसी विशिष्ट स्थिति पर जोड़ना
(d) Deleting a specific node
किसी विशिष्ट नोड को हटाना

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (a) : लिंक्ड लिस्ट (Linked List) में जब हम किसी नये नोड को शुरूआत (Begining) में जोड़ते है, तो हमें केवल दो स्टेप्स करने होते है:
- नये नोड का next प्वॉइंटर पुराने हेड को प्वॉइंट करता है।
- हेड प्वॉइंटर को नये नोड पर सेट कर देते है।

ये दोनों steps बिना पूरी लिस्ट को ट्रैवर्स किये जा सकते है।

66. With respect to linked lists and arrays, which of the following statements is INCORRECT?
लिंक्ड सूचियों और सरणियों के सम्बन्ध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

(a) Linked list is slower in add and remove, but faster in get/लिंक की गई सूची जोड़ने और घटाने में धीमी है, लेकिन प्राप्त करने में तेज है।
(b) Array allocates memory at the time of declaring the array, while linked list allocates memory at the time of adding elements to the linked list.
Array, ऐरे को घोषित करते समय मेमोरी आवंटित करता है, जबकि लिंक्ड सूची लिंक्ड सूची में एलिमेन्ट को जोड़ने के समय मेमोरी आवंटित करती है।
(c) Elements can be added to linked lists indefinitely, while an array will eventually get filled or will have to be resized.
एलिमेन्ट्स को लिंक की गई सूचियों में अनिश्चित काल तक जोड़ा जा सकता है जबकि एक सारणी अंततः भर जाएगी या उसका आकार बदलना होगा।
(d) Arrays allow random access to the elements contained within them, a linked list only allows sequential access to its elements.
सरणियाँ अपने भीतर निहित एलिमेन्ट्स तक यादृच्छिक पहुँच की अनुमति देती है, एक लिंक्ड सूची केवल इसके एलिमेन्ट्स के लिए अनुक्रमिक पहुँच की अनुमति देती है।

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (a) : लिंक्ड सूची और ऐरे के सम्बन्ध में स्टेटमेंट एक गलत है क्योंकि लिंक की गई सूची जोड़ने और घटाने में धीमी (Slow) है लेकिन प्राप्त करने में तेज है।

67. How many pointers are contained as data members in the nodes of a circular, doubly linked list of integers with five nodes?

पाँच नोड्स के साथ एक गोलाकार, डबल लिंक्ड पूर्णांकों की लिस्ट के नोड्स में डेटा सदस्यों के रूप में कितने पॉइंटर्स होते है?

(a) 15 (b) 8
(c) 5 (d) 10

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (d) : प्रत्येक नोड में दो पॉइंटर्स होते हैं तो 5 नोड्स के लिए, डबल लिंक्ड लिस्ट में दस पॉइंटर्स होंगे।
डबल लिंक्ड लिस्ट एक लिंक की गई डेटा संरचना होती है जिसमें अनुक्रमिक रूप से लिंक किए गए रिकार्ड का एक सेट होता है जिसे नोड्स कहा जाता है। प्रत्येक नोड में तीन फील्ड होते है। दो लिंक फील्ड और एक डेटा फील्ड।

4. अमूर्त डेटा प्रकार प्रीमिटिव स्टैक संचालन (Abstract Data Type, Primitive Stack Operations)

68. निम्नलिखित में से कौन एक समस्या का एक उदाहरण है जिसे बैक ट्रैकिंग का उपयोग करके हल किया जा सकता है?

(a) एक संख्या के तथ्यात्मक की गणना।
(b) एक सरणी में सबसे बड़ा तत्व खोजने के लिए।
(c) सुडोकु पहेली को हल करना।
(d) क्विकसॉर्ट का उपयोग करके एक सरणी को छाँटना।

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (c) : बैक ट्रैकिंग का उपयोग करके सुडोकू पहेली को हल किया जा सकता है। इसका उपयोग करके क्रासवर्ड, मौखिक, अंकगणित, नैपसेक समस्या, संयोजन अनुकूलन समस्याओं को हल करने में भी उपयोग किया जा सकता है।

69. What is a PLA?/पीएलए (PLA) क्या है?

(a) Programmable Logic Application
प्रोग्रामेबल लॉजिक एप्लीकेशन
(b) Programmable Logic Array
प्रोग्रामेबल लॉजिक ऐरे
(c) Programmable Logic Architecture
प्रोग्रामेबल लॉजिक आर्किटेक्चर
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (b) : PLA का पूरा नाम प्रोग्रामेबल लॉजिक ऐरे है। PLA एक डिजिटल लॉजिक डिवाइस है जिसे विभिन्न लॉजिक फंक्शन को कस्टमाइज करने के लिए प्रोग्राम किया जा सकता है।

70. Which of the following data structures stores elements in a non-linear relationship?
निम्नलिखित में से कौन-सी डेटा संरचना तत्वों को गैर-रैखिक रूप में संबंध संग्रहीत करता है?

(a) Stack (b) Queue (c) Array
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (e) : स्टैक, ऐरे और क्यू सभी रैखिक डेटा संरचाएँ है। गैर रैखिक संबंधों में डेटा संरचना के उदाहरण जैसे कि ट्री और ग्राफ होते है।

71. Which element would get first deleted from the stack?/निम्न में से कौन सा एलिमेंट स्टैक में से पहले डिलीट होगा?

(a) The element in the middle of the stack
स्टैक के बीच का एलिमेंट
(b) Any specified element/कोई निर्दिष्ट एलिमेंट
(c) The element at the bottom of the stack
स्टैक के नीचे का एलिमेंट
(d) The element at the top of the stack
स्टैक के शीर्ष का एलिमेंट

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-01)

Ans : (d) स्टैक एक linear data स्ट्रक्चर है जो डाटा ऑपरेशन परफार्म करने के लिए एक particular sequential ऑर्डर फॉलो करता है। स्टैक में सर्वप्रथम शीर्ष का एलिमेंट डिलीट होता है क्योंकि यह LIFO (Last In First Out) को फॉलों करता है।

72. Popping an element from the stack means
स्टैक से एलिमेंट का पॉपिंग (हटाना) क्या होता है?

(a) Sorting the elements in the stack
स्टैक में एलिमेंट की छंटाई
(b) Adding a new element to the stack
स्टैक में एक नया एलिमेंट जोड़ना
(c) Removing an element from the stack
स्टैक से एक एलिमेंट को हटाना
(d) Searching a given element in the stack
स्टैक में दिए गए एलिमेंट को खोजना

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-02)

Ans : (c) स्टैक में पॉपिंग का अर्थ किसी एलिमेंट को हटाना है, जो कुछ ही समय पहले जोड़ा गया है।

73. Which of the following is a user defined data type, which is used to represent a group of data items of different types under a single name?
_____ एक प्रयोक्त परिभाषित डाटा किस्म है जिसका प्रयोग एक ही नाम के अंतर्गत विभिन्न किस्मों के डाटा मदों के समूह को निर्देशित करने के लिए किया जाता है

(a) Array/ऐरे (b) Structure/ संरचना
(c) Function/ फंक्शन (d) Pointer/ प्वाइंटर

UPPCL Assist. Acct. 2016 (Exam date 20.11.2016)

Ans. (b) : एक संरचना C/C++ में एक प्रयोक्ता परिभाषित डाटा टाइप (User define data type) है, जो एक ऐसी डेटा टाइप बनाती है जिसका उपयोग एक ही नाम के अंतर्गत विभिन्न टाइप के डेटा के समूह को निर्देशित करने के लिए किया जाता है, जबकि ऐरे (आव्यूह) में समान प्रकार के डेटा ही स्टोर होते है।
संरचना डेटा टाइप (Structure data type) में हम int, float, char, string आदि सभी प्रकार के डेटा समूह को स्टोर कर सकते है। यह struct की-वर्ड का उपयोग करता है।

```
struct variable_name
{
char_name[10];
int pin;
char city[50];
};
```

74. What is a stack?
एक स्टैक क्या है?

(a) A stack is a non-linear list in which insertion and deletion takes place at the different ends/स्टैक एक गैर-रैखिक सूची है जिसमें विभिन्न सिरों पर प्रवेशन और विलोपन होता है

(b) A stack is a non-linear list in which insertion and deletion takes place at the one end
एक स्टैक एक गैर-रैखिक सूची है जिसमें प्रवेशन और विलोपन एक अंत में होता है।

(c) A stack is a linear list in which insertion and deletion takes place at the one end
एक स्टैक एक रैखिक सूची है जिसमें प्रवेशन और विलोपन एक ही अंत में होता है

(d) A stack in a linear list in which insertion and deletion takes place at the different ends
एक स्टैक एक रैखिक सूची है जिसमें विभिन्न सिरों पर प्रवेशन और विलोपन होता है

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-02)

Ans : (c) स्टैक एक रैखिक डेटा स्ट्रक्चर है जो एक विशेष क्रम का पालन करती है जिसमें वह ऑपरेशन को परफार्म करता हैं यह LIFO (लास्ट इन फर्स्ट आउट) के नियम का पालन करता है।



75. LIFO order is used in which of the following data structures?
निम्नलिखित में से किस डेटा संरचना में LIFO ऑर्डर का उपयोग किया जाता है?

(a) Queue/क्यू (b) Linked list/लिंक्ड लिस्ट
(c) Trees/ट्रीज (d) Stack/स्टैक

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (d) : स्टैक एक ऐब्स्ट्रैक्ट डेटा टाइप है जो आमतौर पर एक या अधिक प्रोग्रामिंग लैंग्वेज में उपयोग किया जाता है। स्टैक एक LIFO (लास्ट इन फर्स्ट आउट) डेटा संरचना है। जिसका अर्थ है कि एलिमेंट जो अंतिम में डाला गया है उसे पहले बाहर किया जाएगा।

76. Adding an element to the stack means:
स्टैक में एक एलिमेंट के जोड़ने का मतलब होता है:

(a) Removing elements from the stack
स्टैक से एलिमेंट को हटाना

(b) Placing an element at the front end
फ्रंट एंड में एक एलिमेंट को रखना

(c) Placing an element at the rear end
रियर एंड में एक एलिमेंट को रखना

(d) Placing an element at the top
शीर्ष पर एक एलिमेंट को रखना

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-02)

Ans : (d) स्टैक एक लिनियर डेटा स्ट्रक्चर है जिसमें डेटा को जोड़ने के लिए उस एलिमेंट को टॉप पर रखते है।

77. Stack is a/स्टैक एक :

(a) First in Random Out structure
फार्स्ट इन रैंडम आउट स्ट्रक्चर है

(b) Last in First Out structure
लास्ट इन फर्स्ट आउट स्ट्रक्चर है

(c) First in First Out structure
फर्स्ट इन फर्स्ट आउट स्ट्रक्चर है

(d) Last in Last Out structure
लास्ट इन लास्ट आउट स्ट्रक्चर है

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-01)

Ans : (b) स्टैक एक linear data स्ट्रक्चर है जो डाटा ऑपरेशन परफॉर्म करने के लिए LIFO (लास्ट इन फर्स्ट आउट) को फॉलो करता है।

78. Which of the following statements is TRUE with respect to differences between stacks and queues?/स्टैक और क्यू के बीच अंतर के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

(a) Queues use two ends of the structure but stacks use only one/क्यू संरचना के दोनों सिरों का उपयोग करते हैं लेकिन स्टैक केवल एक का उपयोग करते हैं

(b) Queues require linked lists but stacks do not/क्यू को लिंक्ड लिस्ट की आवश्यकता होती है परन्तु स्टैक को नहीं

(c) Stacks use two ends of the structure but queues use only one/स्टैक संरचना के दोनों सिरों का उपयोग करते हैं लेकिन क्यू केवल एक का उपयोग करते हैं

(d) Stacks require linked lists but queues do not/स्टैक को लिंक्ड लिस्ट की आवश्यकता होती है परन्तु क्यू को नहीं

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-01)

Ans : (a) क्यू FIFO (फर्स्ट इन फर्स्ट आउट) को फॉलो करता है यह क्यू संरचना के दोनों सिरों का उपयोग करता है जबकि स्टैक LIFO (लास्ट इन फर्स्ट आउट) को फॉलो करता है यह केवल एक सिरे का उपयोग करता है।

79. Which of the following prefix expressions is obtained on converting the infix expression A* (B – C)?
इन्फिक्स एक्सप्रेशन A* (B – C) को परिवर्तित करने से निम्न में से कौन सी प्रीफिक्स एक्सप्रेशन प्राप्त की जाती है?

(a) A B C * – (b) – A * B C
(c) * – A B C (d) * A – BC

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-01)

Ans: (d) प्रीफिक्स एक्सप्रेशन वह एक्सप्रशेन होता है जिसमें ऑपरेटर, ऑपरेंट से पहले एक्सप्रेशन में प्रकट होता है।

A* (B – C)
= * A (B – C)
= * A (–BC)
= * A –BC

80. What is the type of the expression 2+3*4?
एक्सप्रेशन 2+3*4 का प्रकार क्या है?

(a) Prefix Expression/प्रीफिक्स एक्सप्रेशन
(b) Infix Expression /इन्फिक्स एक्सप्रेशन
(c) Priority Expression/प्रयोरिटी एक्सप्रेशन
(d) Postfix Expression /पोस्टफिक्स एक्सप्रेशन

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-02)

Ans : (b) जब हम एक अंकगणित एक्सप्रेसन लिखते है। तो दो ऑपरेण्ड्स के मध्य एक ऑपरेटर का प्रयोग किया जाता है। ऐसे एक्सप्रेशन को इनफिक्स कहते है।

उदाहरण-



81. In which of the following notation the operator comes between the two operands?
निम्नलिखित में से किस नोटेशन में ऑपरेटर दो ऑपरेंड के बीच आता है?

(a) Postfix Expression/पोस्टफ़िक्स एक्सप्रेशन
(b) Infix Expression/इन्फ़िक्स एक्सप्रेशन
(c) Prefix Expression/प्रिफिक्स एक्सप्रेशन
(d) Priority Expression/प्रयोरिटी एक्सप्रेशन

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-02)

Ans : (b) इन्फ़िक्स एक्सप्रेशन में ऑपरेटर दो ऑपरेंड के मध्य में आता है।

Syntax:- $a^{++} + b^{++}$

5. रिकर्शन और इटरेशन का उपयोग कर के समाधान करना (Solving Using Iteration and recursion)

82. In the Tower of Hanoi problem with "n" disks, how many moves are required to solve the problem?
'n' डिस्क के साथ टॉवर ऑफ हनोई समस्या को हल करने के लिए कितने मूव्स की आवश्यकता होती है?

(a) n (b) 2n
(c) 2^n-1 (d) 2^n

Bihar STET C.S. 12.09.2024 (Shift-II)
Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (c) : टॉवर ऑफ हनोई समस्या में, n डिस्क को एक रॉड से दूसरे रॉड पर ले जाने के लिए न्यूनतम चालों की संख्या $2^n - 1$ होती है। यह एक पुनरावृत्ति संबंध (Recurrence relation) द्वारा सिद्ध किया जा सकता है।

- 1 डिस्क के लिए : 1 चाल ($2^1 - 1 = 1$)
- 2 डिस्क के लिए : 3 चाल ($2^1 - 1 = 3$)
- 3 डिस्क के लिए : 7 चाल ($2^3 - 1 = 7$)
- और इसी तरह, n डिस्क के लिए $2^n - 1$ चालें।

83. Binary Search एल्गोरिदम को हल करने के दो सामान्य तरीके कौन-कौन से हैं?

(a) Linear और Circular
(b) Sequential और Random
(c) Iteration और Recursion
(d) Stack और Queue

Ans. (c) : Binary Search एल्गोरिदम को लागू करने के दो सबसे आम तरीके हैं

1. Iteration (पुनरावृत्ति)– इस विधि में एक लूप (जैसे While लूप) का उपयोग तब तक सर्च करने के लिए किया जाता है जब तक कि एलिमेंट मिल न जाए या सर्च का स्थान समाप्त न हो जाए। यह आमतौर पर मेमोरी के उपयोग में अधिक कुशल होता है।

2. Recursion (पुनरावर्तन)– इस विधि में, एक फंक्शन खुद को बार-बार कॉल करता है, हर बार सर्च के लिए ऐरे (Array) के एक छोटे हिस्से पर ध्यान केंद्रित करता है। यह कोड लिखने में अधिक सरल हो सकता है लेकिन अतिरिक्त मेमोरी का उपयोग कर सकता है।

84. बाइनरी सर्च में, प्रत्येक पुनरावृत्ति में सर्च स्थान को आधा कर दिया जाता है। यह किस प्रकार की जटिलता की ओर ले जाता है?

(a) O(n) (b) O(log n)
(c) O(n log n) (d) O(1)

Ans. (b) : बाइनरी सर्च (Binary Search) में, हर पुरनावृत्ति या पुनरावर्तन में सर्च स्थान को आधा कर दिया जाता हैं यदि किसी सूची में n एलिमेंट है, तो-

पहली बार n एलिमेंट्स में सर्च होगी दूसरी बार n/2, n/4 और n/8,.... और यह प्रक्रिया तब तक चलती है जब तक एक ही एलिमेंट न बच जाए।

इसलिए अधिकतम तुलना की संख्या log2(n) के आसपास होती है। इसलिए बाइनरी सर्च की समय जटिलता (Time Complexity) O(log n) होती है।

85. Fibonacci सीरिज को प्राप्त करने के लिए निम्न में से कौन-सा सही तरीका है?

(a) प्रत्येक संख्या में 2 जोड़ देना
(b) पिछली दो संख्याओं का योग लेना
(c) सभी संख्याओं को जोड़ना
(d) केवल गुणा करना

Ans. (b) : Fibonacci सीरिज एक संख्याओं का अनुक्रम है जिसमें प्रत्येक संख्या (दूसरे के बाद) पिछली दो संख्याओं का योग होती है। यह सीरिज आमतौर पर 0 और 1 से शुरू हाती है।

उदाहरण– 0, 1, 1, 2, 3, 5, 8, 13,....

86. Fibonacci Series का Time Complexity क्या है?

(a) O(n) – Iterative
(b) $O(2^n)$ – Naive Recursive
(c) O(n) – With memorization
(d) उपरोक्त सभी

Ans. (d) : Iterative Approach (O(n))– इसमें Fibonacci Series को Loop (for/while) का उपयोग करके Calculate किया जाता है। हर Iteration में केवल Constant Time Operations होते है, और Loop 'n' बार चलता है, इसलिए Time Complexity O(n) होती है।

Naive Recursive Approach $O(2^n)$– इसमें Fibonacci number को बिना किसी Optimization के Recursion द्वारा Calculate किया जाता है। इसकी Time Complexity exponential ($O(2^n)$) होती है, क्योंकि हर Calls दो और Recursive Calls Generate करती है, जिससे Redundant Calculations बढ़ती है।

Memorization (Dynamic Programming) (O(n))– इसमें Recursion का उपयोग करते हुए भी Intermediate Results को Store करके Redundant Calculation को Avoid किया जाता है। इससे हर Fibonacci Number केवल एक बार Calculate होता है, और Time Complexity O(n) हो जाती है।

87. Tower of Hanoi में Recursion किस प्रकार कार्य करता है?

(a) Top-down Approach
(b) Bottom-up Approach
(c) Loop-based Approach
(d) None of these

Ans. (a) : Tower of Hanoi में Recursion Top-down Approach के रूप में कार्य करता है। यह एक बड़ी समस्या (n डिस्क को स्थानांतरित करना) को छोटी, समान उप समस्याओं (n–1 डिस्क को स्थानांतरित करना) में तोड़ता है, जब एक कि वह आधार मामले (एक डिस्क को स्थानांतरित करना) तक नहीं पहुंच जाता है, जिसे सीधे हल किया जा सकता है।

6. क्यू पर ऑरेशन (Operations on Queue)

88. कतार डेटा संरचना को लागू करने के लिए किस प्रकार की लिंक की गई सूची सबसे उपयुक्त है?

(a) एकल लिंक्ड लिस्ट
(b) दोगुनी लिंक की गई सूची
(c) परिपत्र रूप से लिंक की गई सूची
(d) लिंक्ड सूची का सरणी कार्यान्वयन

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (a) : • Queue (कतार) एक FIFO (First In First Out) संरचना है – जिसमें पहले जो आता है, वह पहले निकलता है।

• एकल लिंक्ड लिस्ट (Singly Linked List) मे हम front से डिलीट और Rear मे इनसर्ट कर सकते हैं।

एकल लिंक्ड लिस्ट के उपयोग–

• इसमे तत्वो को सीधे आगे से हटाना और पीछे जोड़ना आसान होता है।
• इसमे किसी भी Fixed आकार की आवश्यकता नही होती (जैसे कि array मे होती है)।
• इसका संचालन समय (Time complexity) आदर्श होता है।
• Enqueue (rear में जोड़ना) → 0 (1)
• Dequeue (front से हटाना) → 0 (1)

निष्कर्ष: Queue को सिंगल लिंक्ड लिस्ट से सबसे तरल और कुशलता से लागू किया जा सकता है।

89. A queue in which addition as well as deletion of elements can take place at both the ends is called
एक क्यू जिसमें एलिमेंट को जोड़ने के साथ–साथ हटाना इसके दोनों सिरों पर किया जा सकता है, उसे क्या कहा जाता है?

(a) Simple queue/सिंपल क्यू
(b) Circular queue/सर्कुलर क्यू
(c) Double-ended queue/डबल–एंडेड क्यू
(d) Priority queue/प्रायोरिटी क्यू

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-01)

Ans : (c) डबल एंडेड क्यू भी एक क्यू डाटा संरचना है जिसमें दोनों छोर से (सामने और पीछे) Insertion और Deletion किया जाता है।

90. In a Queue, an end at which new elements are added is known as
एक क्यू के अंत में जहाँ पर नए एलिमेंट जोड़े जाते हैं, किस रूप में जाना जाता है?

(a) Top/ टॉप (b) Rear /रियर
(c) Bottom/बॉटम (d) Front /फ्रंट

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-02)

Ans : (b) क्यू एक लिनियर डेटा स्ट्रक्चर है जहाँ पहले एलिमेंट को एक छोर से इन्सर्ट किया जाता है इसे रियर (Rear) कहते है तथा जिसे दूसरे छोर पर हटाया (Delete) जाता है उसे फ्रंट (Front) कहते है।

91. Which of the following conditions correctly check the underflow condition in a queue?
निम्न स्थितियों में से कौन सी स्थिति क्यू में अंडरफ्लो की स्थिति को सही ढंग से जांचती है?

(a) Front = –1 (b) Rear = 1
(c) Rear = size (d) Front = size

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-01)

Ans : (a) क्यू में अंडरफ्लो की स्थिति को सही ढंग से जाँचने के लिए Front = –1 का उपयोग करते है।

92. Stacks and queues are:/स्टैक और क्यू क्या है?

(a) primitive data structures/प्रिमिटिव डेटा स्ट्रक्चर्स
(b) Data types /डेटा टाइप्स
(c) Non-linear data structures
नॉन लीनियर डेटा स्ट्रक्चर्स

(d) Non-primitive data structures
नॉन प्रिमिटिव डेटा स्ट्रक्चर्स

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-02)

Ans : (d) प्रीमिटिव डेटा टाइप में बूलियन, कैर (Char), बाइट, शार्ट, इंट (Int), लांग, फ्लोट तथा डबल इत्यादि शामिल है जबकि नॉन प्रीमिटिव डेटा टाइप में क्लासेज, इंटरफेस, ऐरे, स्टैक, क्यू (Queus) आदि शामिल है।

93. Circular Queue का मुख्य लाभ क्या है?

(a) डेटा को सार्ट करता है
(b) FIFO नियम को बदलता है
(c) स्पेस का कुशल उपयोग करता है
(d) सभी सही है।

Ans. (c) : सर्कुलर क्यू का मुख्य लाभ स्पेस का कुशल उपयोग करना है-

सर्कुलर क्यू का मुख्य लाभ यह है कि यह एक रैखिक कतार की तुलना में अधिक कुशलता से मेमोरी का उपयोग करता है। जब एक रैखिक कतार भर जाता है, तो इसे या तो रीसेट करना पड़ता है या फिर डेटा को स्थानांतरित करना पड़ता है ताकि नए तत्वों को जोड़ा जा सके जिससे कुछ स्थान व्यर्थ हो जाते है, सर्कुलर क्यू में जब कतार भर जाती है, तो यह पहले एलिमेंट्स को फिर से लिखना शुरू कर देता है, इस प्रकार खाली स्थान का पुनः उपयोग करता है और किसी भी स्थान को बर्बाद नहीं होने देता है।

94. एक Queue में front = 0 और rear = SIZE – 1 है, तब यह क्या दर्शाता है?

(a) Queue खाली है (b) Queue Full है
(c) Circular Queue है (d) Error है

Ans. (b) : यदि किसी Queue में front = 0 और rear = SIZE – 1 है, तो यह दर्शाता है कि Queue full है।

front = 0 इसका मतलब है कि Queue का पहला एलिमेंट (जो सबसे पहले डाला गया था) इंडेक्स 0 पर है।

rear = SIZE – 1 इसका अर्थ है कि Queue का अंतिम एलिमेंट (जो सबसे बाद में डाला गया था) इंडेक्स SIZE – 1 पर हैं SIZE Queue की कुछ क्षमता होती है। जब rear इंडेक्स SIZE – 1 पर पहुंच जाता है, तो इसका मतलब है कि Queue में कोई और जगह नहीं बची है।

95. Linked List से बने क्यू में Overflow कब होता है?

(a) जब font = = rear (b) कभी नहीं
(c) rear = = size (d) rear = = NULL

Ans. (b) : एक लिंक्ड लिस्ड से बने क्यू में ओवरफ्लो कभी नहीं होता है, इसका कारण है कि लिंक्ड लिस्ड डायनामिक डेटा संरचनाए है। वे नोड्स को गतिशील रूप से (Dynamically) आवंटित (Allocate) और विमुक्त (Deallocate) करती है। जब आप एक क्यू में एक नया एलिमेंट जोड़ते है, तो आप बस एक नया मोड़ बनाते है और उसे लिंक्ड लिस्ट के अंत में जोड़ देते है। जब तक आपके सिस्टम में मेमोरी उपलब्ध है, आप नये नोड्स जोड़ते रह सकते है, इसीलिए ओवरफ्लो की स्थिति नहीं आती है।

96. Dequeue किस प्रकार में केवल rear से insertion की अनुमति होती है?

(a) Input-restricted (b) Output-restricted
(c) Normal Dequeue (d) Circular Dequeue

Ans. (a): Dequeue (Double Ended Queue) एक ऐसा डेटा स्ट्रक्चर है जिसमें दोनों सिरों (front और rear) से insertion और deletion संभव होती है। लेकिन इसके विशेष प्रकारों में कुछ प्रतिबन्ध होते है-

Input-restricted Dequeue - Insertion केवल rear से होती है। Deletion दोनों सिरों (Front और rear) से हो सकती है।

Output- restricted Dequeue- Insertion दोनों सिरों से हो सकती है।

Deletion केवल front से होती है।

इसलिए जब केवल rear से Insertion की अनुमति हो, तो वह Input-restricted dequeue कहलाता है।

7. खोज की अवधारणा (Concept of Searching)

97. अनुक्रमित अनुक्रमिक खोज पर एक सुधार है जो उपयोग करता है-

(a) कुशल खोज के लिए लिंक की गई सूचियाँ
(b) कुशल खोज के लिए सारणियाँ
(c) कुशल खोज के लिए हैशिंग
(d) कुशल खोज के लिए द्विआधारी खोज पेड़

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (b) : Indexed Sequential Search एक दो-स्तरीय खोज तकनीक है जो डेटा को कुशलता से खोजने के लिए उपयोग की जाती है, खासकर तब जब डेटा पहले से क्रमबद्ध (Sorted) हो।

इसमे दो प्रमुख चरण होते है-

1-Index Table (सारणी/Array)

• सबसे पहले एक इंडेक्स टेबल बनाई जाती है, जिसमे प्रत्येक Block का पहला एलिमेंट रखा जाता है।

• इस इंडेक्स में खोज कर यह पता लगाया जाता है कि Actual डेटा में किस Block मे Target एलिमेंट हो सकता है।

2-Sequential Search-

• संबंधित Block मे Linear search की जाती है।

उदाहरण – मान लीजिए आपके पास 1000 डेटा आइटम्स हैं। आप उन्हें 10 Blocks मे बॉटते हैं, हर Block मे 100 elements.

• आप 10 Elements की Index List बनाते हैं।

• पहले Index List मे Search करते है, फिर संबंधित Block में Linear Search.

98. Which data structure is used for efficient searching, insertion, and deletion of elements? किस डेटा संरचना का उपयोग किया जाता है, कुशल खोज, सम्मिलन और तत्वों का विलोपन?

(a) Stack
(b) Queue
(c) Hash table
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (c) : हैश टेबल एक ऐसी डेटा संरचना है जो की-वैल्यू पेयर को संग्रहीत करने के लिए उपयोग की जाती है और कुशलता से एलिमेन्ट की सर्चिंग, इनसर्सन और डिलेशन को सक्षम बनाती है।

99. Hashing में Collision होने पर कौन-सी तकनीक प्रयुक्त होती है?

(a) Searching (b) Sorting
(c) Collision (d) Indexing

Ans. (c) : Hashing में, जब दो अलग-अलग कुंजियों (Keys) को एक ही स्थान (Bucket या Slot) पर मैप किया जाता है, तो इसे टकराव (Collision) कहा जाता है, इस टकराव को हल करने के लिए टकराव समाधान (Collision Resolution) तकनीके प्रयुक्त होती है।

100. Chaining method में डेटा कहाँ स्टोर किया जाता है?

(a) सिंगल Array में
(b) एक ही स्लॉट में बार-बार
(c) लिंक्ड लिस्ट में
(d) Stack में

Ans. (c) : चैनिंग एक टकराव प्रबंधन तकनीक है जिसका उपयोग हैश टेबल में किया जाता है। जब एक ही इंडेक्स पर दो या दो से अधिक मानों को हैश किया जाता है, तो चैनिंग विधि उन सभी मानों को एक लिंक्ड लिस्ड में संग्रहित करती है जो उस इंडेक्स से जुड़े होते है।

101. Linear Probing में अगला स्लाट कैसे चुना जाता है?

(a) Exponential Gap से (b) अगले क्रमिक Index से
(c) Binary Search से (d) Tree Structure से

Ans. (b) : Linear Probing में अगला स्लॉट, अगले क्रमिक Index से चुना जाता है। जब हैश टेबल में टकराव होता है (यानी, दो अलग-अलग Keys एक ही इंडेक्स पर मैप हो जाती है), तो लीनियर प्रोबिंग अगले उपलब्ध स्लॉट को खोजने के लिए एक-एक करके, क्रमिक रूप से स्लॉट्स की जाँच करती है। यह प्रक्रिया तब तक जारी रहती है जब तक कोई खाली स्लॉट नहीं मिल जाता, या फिर टेबल के अंत तक पहुंचने पर यह शुरूआत में वापस घूम जाती है।

8. इन्सर्ट सॉर्ट, सेलेक्शन सॉर्ट, बबल सॉर्ट, हीप सॉर्ट (Insertion Sort, Selection Sort, Bubble Sort, Heap Sort)

102. Which collision resolution technique involves placing collided elements in the next available empty slot in the hash table?
कौन-सी कोलिज़न रेज़ोल्यूशन तकनीक हैश टेबल में टकराव वाले एलिमेंट्स को अगले उपलब्ध खाली स्लॉट में रखने में शामिल होती है?

(a) Linear Probing/लीनियर प्रोबिंग
(b) Quadratic Probing/क्वाड्रेटिक प्रोबिंग
(c) Separate Chaining/सेपरेट चेनिंग
(d) Double Hashing/डबल हैशिंग

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (a): रैखिक जांच (Linear Probing) एक Collision Resolution Technique है जिसमें, यदि एक Slot (हैश टेबल में स्थान) पहले से Occupied (अधिकृत) है, तो Collided element (टकराया हुआ तत्व) को अगले available (खाली) Slot में रखा जाता है। यह एक-एक करके आगे के Slot को Check करता है जब तक कि एक खाली slot नहीं मिल जाता है।

103. A sort algorithm works on the following principle./एक शॉर्ट एल्गोरिद्म निम्नलिखित सिद्धान्त पर कार्य करता है।

- **Find the smallest item in the list, and exchange it with the left-most unsorted element,**
  लिस्ट में सबसे छोटा आइटम ढूंढे और इसे लेफ्ट मोस्ट बिना क्रमबद्ध एलिमेंट के साथ बदलें।
- **Repeat the process from the first unsorted element.**
  पहले अवर्गीकृत एलिमेन्ट से प्रक्रिया को दोहराएं।

Which of the following sorting algorithms does it correspond to?/ यह निम्नलिखित में से किस सॉर्टिंग एल्गोरिद्म के अनुरूप है?

(a) Quick Sort/क्विक सॉर्ट
(b) Merge Sort/मर्ज सॉर्ट
(c) Selection Sort/सिलेक्शन सॉर्ट
(d) Insertion Sort/इंसर्शन सॉर्ट

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (c) : सेलेक्शन सॉर्ट एक सरल सॉर्टिंग एल्गोरिद्म है। यह सॉर्टिंग एल्गोरिद्म एक इन-प्लेस तुलना आधारित एल्गोरिद्म है जिसमें लिस्ट को दो भागों में विभाजित किया जाता है लेफ्ट छोर पर सॉर्ट किया गया भाग और राइट छोर पर अनसोर्टेड भाग। प्रारम्भ में, सॉर्ट किया गया भाग खाली होता है और बिना सॉर्ट किया गया भाग पूरी लिस्ट होता है।

104. निम्न में से कौन-सी Sorting तकनीक Stable नहीं होती?

(a) Bubble Sort (b) Insertion Sort
(c) Heap Sort (d) Merge Sort

Ans. (c) : स्थिर सॉर्टिंग (Stable Sorting)– एक सॉर्टिंग एल्गोरिदम को स्थिर कहा जाता है यदि समान मान वाले तत्वों का सापेक्ष क्रम सॉर्टिंग के बाद भी बना रहता है। उदाहरण के लिए यदि आपके पास डेटा (5, 'A'), (3, 'B'), (5, 'C') और आप इसे पहले एलिमेंट के आधार पर सार्ट करते है, तो एक स्थिर सॉर्ट यह सुनिश्चित करेगा कि (5, 'A') अभी भी (5, 'C') से पहले आता है। हीप सॉर्ट स्थिर नहीं होता है। यह अपनी तुलना और विनिमय (Swapping) प्रक्रिया के कारण समान मान वाले एलिमेंट्स के सापेक्ष क्रम को बदल सकता हैं हीप डेटा संरचना की प्रकृति के कारण, समान मानों के बीच मूल क्रम बनाए रखने की कोई गारंटी नहीं है।

105. निम्नलिखित में से कौन-सा Sorting Algorithm Comparison आधारित नहीं है?

(a) Insertion Sort (b) Heap Sort
(c) Quick Sort (d) Counting Sort

Ans. (d): Counting Sort एक और तुलनात्मक सॉर्टिंग एल्गोरिदम है। इसका मतलब है कि यह एलिमेंट्स की तुलना करने के बजाय, एलिमेंट्स की संख्या गिनकर और अंकगणितीय संचालन का उपयोग करके उनकी स्थिति निर्धारित करता है। यह एक लिनियर टाइम सॉर्टिंग टेकनीक है।

106. Bucket Sort सबसे अच्छा किस समय काम करता है?

(a) जब डेटा रैंडम हो
(b) जब डेटा बहुत बड़ा हो
(c) जब डेटा समान रूप से वितरित हो
(d) जब डेटा उल्टा हो

Ans. (c) : Bucket Sort तब सबसे अच्छा काम करता है जब इनपुट डेटा समान रूप से वितरित (Uniformly distributed) हो। इसका कारण यह है कि बकेट सॉर्ट एलिमेंट्स को अलग-अलग रेंज के बकेंट्स में डालता है और फिर हर बकेट को अलग समान रूप से वितरित है, तो हर बकेट में लगभग समान संख्या में एलिमेंट्स आते है, जिससे समग्र समय जटिलता बहुत कम हो जाती है- लगभग O(n)।

107. कौन-सा Sorting algorithm average case में सबसे तेज होता है?

(a) Bubble Sort (b) Merge Sort
(c) Quick Sort (d) Insertion Sort

Ans. (c) : औसत-केस (Average Case) में सबसे तेज सॉर्टिंग एल्गोरिथम क्विक सार्ट (Quick Sort) है। इसकी औसत केस टाइम कॉम्प्लेक्सिटी O(n log n) है। हालांकि मर्ज सॉर्ट (Merge Sort) की टाइम कॉम्प्लेक्सिटी सभी मामलों में O(n log n) होती है, क्विक सॉर्ट अक्सर व्यवहार में बेहतर प्रदर्शन करता है।

108. क्या Counting Sort निगेटिव नम्बरों पर काम करता है?

(a) हाँ, हमेशा
(b) नहीं
(c) केवल तब जब सभी नम्बर पाजिटिव हों
(d) केवल तब जब कस्टम मैचिंग हो

Ans. (d) : Counting Sort समान्य रूप से Non-negative Integers (0 या उससे बड़े) पर काम करता है, क्योंकि यह एक Auxiliary array (Count array) का उपयोग करता है, जिसमें इनपुट वैल्यू को इंडेक्स के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। यदि इनपुट में Negative numbers हों, तो उन्हें इंडेक्स के रूप में उपयोग नहीं किया जा सकता जब तक कि कोई Custom mapping न हो।

9. ग्राफ के साथ प्रयुक्त शब्दावली (Terminology used with Graph)

109. मल्टीस्टेज ग्राफ में इष्टतमता की संपत्ति क्या हैं?

(a) किसी भी दो चरणों के बीच का सबसे छोटा रास्ता सबसे किनारों के साथ एक है।
(b) किसी भी दो चरणों के बीच का सबसे छोटा रास्ता सबसे कम कुल लागत वाला एक है।
(c) किसी भी दो चरणों के बीच का सबसे छोटा रास्ता उच्चतम कुल लागत के साथ एक है।
(d) किसी भी दो चरणों के बीच का सबसे छोटा रास्ता सबसे अधिक कोने के साथ एक हैं।

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (b) : मल्टीस्टेज ग्राफ में इष्टतमता की संपत्ति यह है कि किसी भी दो चरणों के बीच का सबसे छोटा रास्ता सबसे कम कुल लागत वाला एक है।

110. एक अप्रत्यक्ष ग्राफ में एक जुड़ा हुआ घटक वर्टिस का एक सबसेट है जो द्वारा जुड़े हुए हैं-

(a) चक्र (b) पथ
(c) किनारों (d) भार

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (b) : एक अप्रत्यक्ष ग्राफ में एक जुड़ा हुआ घटक वर्टेक्स का एक सबसेट है जो किनारों द्वारा जुड़े होते हैं।

चक्र – एक चक्र एक बंध पथ होता है जहाँ पहला और अन्तिम शीर्ष एक ही होते हैं।

पथ – पथ शीर्षों का एक क्रम होता है जहाँ प्रत्येक क्रमिक शीर्ष एक किनारे से जुड़ा होता है।

111. विरल रेखांकन के लिए कौन-सा ग्राफ प्रतिनिधित्व अधिक मेमोरी-कुशल है?

(a) आसन्न मैट्रिक्स
(b) आसन्न सूची
(c) एज लिस्ट
(d) घटना मैट्रिक्स

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (b) : विरल रेखांकन के लिए आसन्न सूची ग्राफ प्रतिनिधित्व अधिक मेमोरी कुशल है । यह एक डेटा संरचना है जो ग्राफ को दर्शाने के लिए उपयोग की जाती है, विशेष रूप से ऐसे ग्राफ के लिए जिनमें बहुत कम किनारे होते हैं।

112. एक बाइसेन्टेड ग्राफ में, बाइसेन्टेड घटकों की संख्या बराबर है-

(a) कोने की संख्या
(b) किनारों की संख्या
(c) कट वर्टेक्स की संख्या
(d) वर्टेक्स की संख्या से कम एक

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (c) : Biconnected Component (Bicomponent) = एक ऐसा अधिकतम उपग्राफ जिसमें कोई भी एक वर्टेक्स हटाने पर भी ग्राफ कनेक्टेड रहता है।

*** Cut Vertex :-** ऐसा वर्टेक्स जिसे हटाने से ग्राफ के कनेक्टेड घटकों की संख्या बढ़ जाती है।

संपत्ति:- यदि किसी ग्राफ में k कर वर्टिस है तो बाइसेन्टेड घटको की संख्या अवसर उनसे संबंन्धित होती है। एक ग्राफ में Bioconnected Components और Cut Vertices एक Block-Cut Tree बनाते है।

* ग्राफ के हर Bioconnected Components में या तो कोई कट वर्टेक्स होता है या नहीं।

113. In a directed graph, an edge that points from vertex A to vertex B is denoted as:
एक निर्देशित ग्राफ में, यदि एक एज वर्टेक्स A से वर्टेक्स B की ओर निर्देशित करता है, तो इसे कैसे दर्शाया जाता है?

(a) (A, B) (b) [A, B]
(c) <A, B> (d) {A, Bue

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (a) : निर्देशित ग्राफ (Directed Graph) में, अगर कोई किनारा (edge) शीर्ष A से शीर्ष B की ओर इंगित करता है, तो इसे सामान्यतः (A,B) के रूप में निरूपित किया जाता है। यहाँ पर कोष्ठक (Parentheses) दर्शाते हैं, कि यह एक क्रमबद्ध जोड़ा (Ordered pair) है अर्थात् किनारा A से B की ओर निर्देशित किया जाता है।

114. Which representation is best suited for matrices with a small number of non-zero elements in each row and column?
उन मैट्रिक्स के लिए कौन-सा प्रतिनिधित्व सबसे उपयुक्त होता है जिनकी प्रत्येक पंक्ति और स्तंभ में बहुत कम गैर-शून्य तत्व होते हैं?

(a) Triplet representation/ट्रिपलेट प्रतिनिधित्व
(b) Compressed sparse row (CSR) format संपीड़ित विरल पंक्ति (CSR) प्रारूप
(c) Compressed sparse column (CSC) format संपीड़ित विरल स्तंभ (CSC) प्रारूप
(d) Array representation/ऐरे प्रतिनिधित्व

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (*) : CSR (Compressed Sparse Row) प्रारूप विशेष रूप से उन मैट्रिक्स के लिए उपयोगी होती है
जिनमें अधिकांश तत्व शून्य (Zero) होते हैं और केवल कुछ ही non-zero एलिमेंट्स होते है। यह मेमोरी को बचाता है और मैट्रिक्स ऑपरेशन (जैसे मैट्रिक्स-वेक्टर गुणा) को तेज बनाता है।
नोट– आयोग ने इसका उत्तर (c) माना है।

115. ...is a pictorial representation of a program.
.....Program का pictorial प्रस्तुती है।

(a) Icon (b) Folder
(c) Flowchart (d) Command

Bihar STET C.S. 18.09.2020 (Shift-I)

Ans, (c): फ्लोचार्ट (Flowchart) एक प्रकार का चित्रात्मक (Pictorial) तरीका है, जिससे हम किसी प्रोग्राम प्रोसेस या लॉजिक को Step-by-step डायग्राम के रूप में दिखाते है। इसमें विभिन्न symbols (जैसे- Rectangle, Diamond, Arrow) का उपयोग करके कार्यो और निर्णयों को दर्शाता है।

116. Computation logic can be represented visually by using/Computation logic को किसके उपयोग से दिखाया जा सकता है?

(a) Visual Basic/विजुअल बसिक
(b) Lompro/लाम्प्रो
(c) Flow chart/प्रवाह चित्र
(d) VI editor/VI संपादक

UP Police (Computer Operator)-2013

Ans : (c) प्रवाह चित्र (Flow-chart) का प्रयोग करके, Computational Logic को दिखाया जा सकता है। प्रवाह चित्र एक प्रकार संयोजित चित्र है जो एल्गोरिथम को प्रदर्शित करता है। प्रवाह चित्र में प्रयुक्त होने वाली आकृतियाँ



→ प्रवाह रेखा
→ (प्रोसेस)
→ (प्रिपरेशन)
→ (डिशिजन)
→ (टर्मिनल)
→ (इनपुट/आउटपुट)

117. निम्नलिखित में से कौन-सा एल्गोरिथम का ग्राफिकल प्रतिनिधित्व है?

(a) प्रोग्रामिंग (Programming)
(b) सॉफ्टवेयर (Software)
(c) फ्लोचार्ट (Flowchart)
(d) स्यूडोकोड (Pseudocode)

RRB NTPC, (Shift -2) Online, 12.04.2016

Ans : (c) फ्लोचार्ट एक एल्गोरिथम के आरेखीय प्रतिनिधित्व होता है, यह किसी कार्य को हल करने के लिए चरण-दर-चरण दृष्टिकोण होता है।

118. A graphic representation of the sequence of steps needed to solve a programming problem is called a :
एक प्रोग्रामिंग प्रश्न के समाधान के लिए एक आलेखीय निरूपण के क्रम के चरणों को क्या कहा जाता है?

(a) Program flowchart/प्रोग्राम फ्लोचार्ट
(b) Step chart /स्टेप चार्ट (चरण बद्ध चार्ट)
(c) Rule diagram /रूल डायग्राम (नियम चित्र)
(d) Program graph/ प्रोग्राम ग्राफ

Allahabad High Court (RO) 11/12/2021 (Shift-I)

Ans. (a) : एक प्रोग्रामिंग प्रश्न के समाधान के लिए एक आलेखीय निरूपण के क्रम के चरणों को 'प्रोग्राम फ्लोचार्ट (Program Flowchart)' कहा जाता है। फ्लोचार्ट किसी दी गई समस्या के लिए एक समाधान मॉडल दिखाता है। इसमें बहुत सारे Symbols का इस्तेमाल किया जाता है जो कि Program के Flow को दर्शाते हैं। यह जटिल (Complex) प्रक्रियाओं को समझने में यूजर की मदद करता है।

119. Observe the following flowchart and find the output./ निम्नलिखित फ्लोचार्ट का अवलोकन करें और उसका आउटपुट बताएं।



(a) 180 (b) 120
(c) 100 (d) 160

EMRS PGT 16-12-2023

Ans. (a) : दिये गये फ्लोचार्ट में वैरिएबल A को 100 और S को 0 से स्टार्ट किया जाता है

1. चूंकि A शुरु में 100 है और यह 20 से बड़ा है इसलिए हम No ब्रांच के अंदर ब्लॉक निस्पादित नहीं करते है।
2. इसके बचाय हम A के मान को S में जोड़ते है, जिससे S 100 हो जाता है
3. फिर हम A से 40 घटाते है, जिससे यह 60 हो जाता है।
4. फिर कंडीशन चेक पर जाते है कि क्या A 20 से बड़ा है या बराबर है? हाँ यह है (60, 20 से बड़ा है)
5. फिर से हम No ब्रांच के अन्दर ब्लॉक निस्पादित नहीं करते है, लेकिन हम A के मान को S में जोड़ते है, जिससे S अब 160 हो जाता है।
6. फिर हम A से फिर से 40 घटाते है, जिससे यह 20 हो जाता है।
7. हम वापस कंडीशन चेक पर जाते है कि क्या A 20 से बड़ा या बराबर है, हाँ (20, 20 के बराबर हैं)
8. इस बार भी हम No ब्रांच के बन्दर ब्लॉक निस्पादित नहीं करते है, लेकिन हम A के मान को S में जोडते है, जिससे S अब 180 हो जाता है।
9. फिर हम A से 40 घटाते है, जिससे यह −20 हो जाता है।
10. अब A 20 से अधिक या बराबर नहीं है, इसलिए हमने No ब्रांच में प्रोसेस करते है।
11. हम S का मान आउटपुट करते है, जो 180 है और प्रोग्राम बंद हो जाता है।

इसलिए फ्लोचार्ट का आउटपुट 180 होगा।

120. Which among the following is/are benefits of flowchart?
निम्नलिखित में से कौन फ्लोचार्ट के लाभ है/हैं

A. Makes Communication Better
संचार को बेहतर बनाता है

B. Effective Analysis/प्रभावी विश्लेषण

C. Simplifies the Logic/तर्क को सरल करता है

(a) Both C and B/C और B दोनों
(b) Both A and C/A और C दोनों
(c) Both A and B/A और B दोनों
(d) All of the options/इनमें से सभी

UPRVUNL Asst. Acct. 15.05.2022 (Shift-II)

Ans. (d) : फ्लोचार्ट एक प्रकार का पिक्टोरियल डायग्राम होता है जो एल्गोरिद्म वर्क प्रोसेस को रिप्रेजेंट करता है।

फ्लोचार्ट के लाभ–

1. फ्लोचार्ट के माध्यम से बेहतर एल्गोरिद्म वर्क प्रोसेस स्थापित किया जा सकता है।
2. फ्लोचार्ट के माध्यम से समस्या को प्रभावी ढ़ंग से विश्लेषित कर सकते है।
3. फ्लोचार्ट के माध्यम से लॉजिक को सरल तरीके से प्रस्तुत किया जा सकता है।

फ्लोचार्ट के हानि–

1. फ्लोचार्ट टाइम कंज्यूमिंग होता है।
2. फ्लोचार्ट में ब्रांचिंग और लूपिंग को रिप्रेंजेट करना कठिन होता है।

121. If you have to implement an 'if..else' construct in a flow chart, the symbol to be used is
यदि आपको फ्लोचार्ट में एक 'if..else' कंस्ट्रक्ट का कार्यान्वयन करना, तो किस चिन्ह का उपयोग होगा?

(a) Diamond /डायमंड
(b) Parallelogram /समान्तर चतुर्भुज
(c) Oval /अंडाकार
(d) Arrow /तीर

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-02)

Ans : (a) फ्लोचार्ट में एक 'if..else' कंस्ट्रक्ट का इम्प्लीमेंट करने के लिए डायमण्ड (◊) चिन्ह का प्रयोग करते है।

122. Which symbol is used for flow of control?
फ्लो ऑफ़ कंट्रोल के लिए किस चिन्ह का उपयोग किया जाता है?

(a) Arrow/तीर
(b) Dashed arrow/डैशयुक्त तीर
(c) Dotted arrow/बिंदुदार तीर
(d) Line/रेखा

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-02)

Ans : (a) तीर (Arrow), फ्लोचार्ट में प्रतीकों को जोड़ते है, रीडर को प्रक्रिया चरणों (Process Steps) के सिक्वेंश के माध्यम से गाइड करता है।

123. If you want to take input of multiple values in flow chart we use?
यदि आप फ्लोचार्ट में एकाधिक मान का इनपुट लेना चाहते हैं तो किसका उपयोग करेंगे?

(a) Parallelogram /समान्तर चतुर्भुज
(b) Diamond /तिर्यग्वर्ग
(c) Rectangle /आयत
(d) Circle /वृत्त

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-02)

Ans : (a) फ्लो चार्ट एक प्रकार का डायग्राम है जो एल्गोरिथम वर्क प्रोसेस को रिप्रेजेन्ट करता है।



124. Which symbol represents start or end of flow chart?
कौन सा चिन्ह फ्लोचार्ट की शुरूआत या समाप्ति को दर्शाता है?

(a) Oval/अंडाकार
(b) Triangle/त्रिभुज
(c) Square/वर्ग
(d) Rectangle/आयत

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-02)

Ans : (a)



125. What does the following symbol represent in a flow chart?
फ्लो चार्ट में निम्नलिखित प्रतीक क्या दर्शाता है?

(a) Manual input/मैनुअल इनपुट
(b) Input/Output/इनपुट/आउटपुट
(c) Document/डॉक्यूमेंट
(d) Manual operation/मैनुअल ऑपरेशन

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (a): उपर्युक्त प्रतीक फ्लोचार्ट में मैनुअल इनपुट को दर्शाता है। कीबोर्ड या डिवाइस के माध्यम से डेटा के मैनुअल इनपुट को किसी फील्ड या प्रक्रिया को चरण में दर्शाता है। उदाहरण- लॉगिन प्रक्रिया का वह चरण शामिल है जहाँ उपयोगकर्ता को मैनुअल रूप से डेटा दर्ज करने के लिए कहा जाता है।

126. What does a circle in flowchart indicate?
फ्लोचार्ट में एक वृत्त क्या दर्शाता है?

(a) Process/प्रोसेस
(b) Annotation/एनोटेशन
(c) Connector/कनेक्टर
(d) Terminator/टर्मिनेटर

UPASI 04.12.2021 (Shift-II)

Ans. (c) : फ्लोचार्ट में वृत्त चिन्ह को कनेक्टर के रूप में जाना जाता है, कनेक्टर को फ्लोचार्ट के एक पेज को दूसरे पेज से जोड़ने के लिए उपयोग किया जाता है।

10. ट्री के साथ प्रयुक्त बुनियादी (Basic Terminology used with Tree)

127. थ्रेडेड बाइनरी ट्री विशेष रूप से किस प्रकार के ट्रैवर्सल के लिए उपयोगी होते हैं?

(a) प्रीऑर्डर (b) इनऑर्डर
(c) पोस्ट ऑर्डर (d) स्तर आदेश

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (b) : बाइनरी ट्री में कई बार NULL पॉइंटर्स रहते है (जैसे कि leaf nodes मे left या right child नही होते)। थ्रेडेड बाइनरी ट्री में इन NULL पॉइंटर्स का उपयोग अगला या पिछला इनआर्डर नोड (Thread) को स्टोर करने के लिए किया जाता है।

इससे हम Inorder Traversal को बिना Recursion या Stack के कर सकते है।

128. एक पूर्ण द्विआधारी पेड़ एक द्विआधारी पेड़ है जिसमें-

(a) सभी नोड्स में एक ही मूल्य होता है।
(b) सभी लीफ नोड्स एक ही स्तर पर होते हैं।
(c) सभी आंतरिक नोड्स में एक ही डिग्री होती है।
(d) प्रत्येक नोड के बाएँ सबट्री में दाएँ सबट्री की तुलना में बड़ी ऊंचाई होती है।

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (b) : पूर्ण द्विआधारी पेड़ (Perfect Binary Tree) की दो खास विशेषताएं होती हैं-

1- हर आन्तरिक नोड के दो बच्चे होते है।

2- सभी लीफ नोड्स (Leaf Nodes) एक ही स्तर (Level) पर होते है।

3- यह एक पूरी तरह से भरा हुआ पेड़ होता है।

129. एक विस्तारित बाइनरी पेड़ में, आंतरिक नोड्स प्रतिनिधित्व करते हैं-

(a) लीफ नोड्स (b) अंकगणितीय ऑपरेटर
(c) ऑपरेंड (d) संख्याएँ

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (b) : एक विस्तारित बाइनरी पेड़ में आंतरकि नोड्स अंकगणितीय ऑपरेटरों का प्रतिनिधित्व करते हैं । एक बाइनरी पेड़ में 0, 1 या 2 हो सकती हैं 0 डिग्री नोड्स को लीफ नोड्स कहा जाता है। जबकि गैर लीफ नोड्स को आंतरिक नोड्स या ब्रांच कहा जाता है।

130. एक बाइनरी ट्री के सरणी प्रतिनिधित्व में, यदि सूचकांक में नोड "i" शून्य नहीं है, तो इसका बायाँ चाइल्ड सूचकांक में होगा-

(a) 2i (b) 2i + 1
(c) 2i –1 (d) i + 1

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (b) : बाइनरी ट्री के ऐरे रिप्रिजेंटेशन में यदि इंडेक्स में नोड "i" गैर शून्य है तो इसका बायां चाइल्ड इंडेक्स 2i +1 होगा । बाइनरी ट्री को ऐरे के रूप में दर्शाने के लिए हमें ऐरे में सभी नोड्स को लेवल के अनुसार स्टोर करते हैं।

131. A threaded binary tree is a binary tree in which:
एक थ्रेडेड बाइनरी ट्री वह होता है जिसमें:

(a) Each node has two children
प्रत्येक नोड के दो बच्चे होते है
(b) Each node has at most one child
प्रत्येक नोड के अधिकतम एक बच्चा होता है
(c) Each node is connected to its parent
प्रत्येक नोड अपने पैरेंट से जुड़ा होता है
(d) Each node has a thread connecting it to its predecessor or successor/प्रत्येक नोड अपने पूर्ववर्ती या उत्तरवर्ती से जुड़ी एक थ्रेड रखता है

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (d) : थ्रेडेड बाइनरी ट्री एक प्रकार का बाइनरी ट्री डेटा स्ट्रक्चर है, जहाँ बाइनरी ट्री में खाली बाएं और दाएं चाइल्ड पॉइंटर्स को थ्रेड्स द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता है, जो नोड्स को सीधे उनके इन-ऑर्डर पूर्ववर्ती (Predecessor) या उत्तराधिकारी (Successor) से जोड़ते हैं,जिससे रिकर्सन या स्टैक का उपयोग किए बिना ट्री को पार करने का एक तरीका प्रदान किया जाता है।

132. Which traversal algorithm is typically implemented using a stack data structure?
कौन-सा ट्रावर्सल एल्गोरिदम आमतौर पर स्टैक डेटा संरचना का उपयोग करके लागू किया जाता है?

(a) DFS
(b) BFS
(c) Both DFS and BFS/दोनों DFS और BFS
(d) Neither DFS nor BFS/न DFS और न ही BFS

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (a) : DFS (Depth-First Search) को स्टैक (Stack) डेटा संरचना का उपयोग करके लागू किया जाता है, क्योंकि यह रिकर्सन (Recursion) या एक्सप्लिसिट स्टैक के माध्यम से गहराई तक जाता है। जबकि BFS (Breath-First Search) को क्यू (Queue) डेटा संरचना का उपयोग करके लागू किया जाता है, क्योंकि यह लेवल बाएं लेवल ट्रैवर्स करता है।

133. In a binary search tree, which subtree of a node contains elements that are greater than the node's value?
बाइनरी सर्च ट्री में, कौन-सा उपवृक्ष एक नोड में ऐसे तत्व होते हैं जो नोड के मान से अधिक?

(a) Left subtree/बायां उपवृक्ष
(b) Right subtree दायां उपवृक्ष
(c) Both subtrees/दोनों उपवृक्ष
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (b) : बाइनरी सर्च ट्री से किसी नोड के राउट सबट्री में ऐसे एलिमेन्ट होते है जो उस नोड के मान से अधिक होते है।

134. What is Booth's algorithm used for?
बूथ एल्गोरिथम का उपयोग किस लिए किया जाता है?

(a) Binary to decimal conversion
बाइनरी से दशमलव रूपांतरण
(b) Decimal to binary conversion
दशमलव से बाइनरी रूपांतरण
(c) Binary multiplication/बाइनरी गुणन
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (c) : बूथ एल्गोरिथम का उपयोग बाइनरी मल्टिप्लेकेशन के लिए किया जाता है।

135. Which of the following statements is INCORRECT with respect to a binary tree?
बाइनरी ट्री के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

(a) The height of a node is the number of edges from the node to the deepest leaf/एक नोड़ की ऊँचाई नोड से सबसे गहरे पत्ते तक किनारों की संख्या है।
(b) The height of a tree is a height of the root.
ट्री की ऊँचाई जड़ की ऊँचाई है।

(c) The depth of the node is the number of edges from the root to the node.
नोड की गहराई जड़ से नोड़ तक किनारों की संख्या है।

(d) A full binary tree is a binary tree in which each node has exactly two children.
एक पूर्ण बाइनरी ट्री एक बाइनरी ट्री है जिसमें प्रत्येक नोड के ठीक दो चिल्ड्रेन होते है।

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (d) : एक ट्री जिसमें प्रत्येक नोड में बिल्कुल शून्य या दो चिल्ड्रेन होते है, पूर्ण बाइनरी ट्री कहलाता है।



Full Binary Tree

136. A program has the following code to define a node.
एक प्रोग्राम में नोड को परिभाषित करने के लिए निम्नलिखित कोड होता है।

```
struct node {
  int data;
  struct node* left;
  struct node* right;
}
```

This node type would belong to which type of a data structure?
यह नोड टाइप किस प्रकार के डेटा स्ट्रक्चर से सम्बन्धित है।

(a) Queues/कतारों
(b) Doubly linked list/डबली लिंक्ड लिस्ट
(c) Binary tree/बाइनरी ट्री
(d) Circular list/सर्कुलर लिस्ट

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रोग्राम एक बाइनरी ट्री डेटा स्ट्रक्चर है।
बाइनरी ट्री एक ट्री-टाइप नॉन-लीनियर डेटा संरचना है जिसमें प्रत्येक पैरेंट के अधिकतम दो चाइल्ड होते है। बाइनरी ट्री में प्रत्येक नोड में डेटा तत्व के साथ एक बाएं और दाएं संदर्भित होता है। ट्री के पदानुक्रम के शीर्ष पर स्थित नोड को रूट नोड कहा जाता है। अन्य उप-नोड्स रखने वाले नोड पैरेंट नोड है।



एक पैरेंट नोड में दो चाइल्ड नोड होते है, लेफ्ट चाइल्ड और राइट चाइल्ड। हैशिंग, नेटवर्क ट्रैफिक के लिए, डेटा कंप्रेशन, बाइनरी हीप्स तैयार करना। बाइनरी सर्च ट्री, कुछ ऐसे एप्लिकेशन है जो बाइनरी ट्री का उपयोग करते है।

137. AVL ट्री में बैलेंस फैक्टर की वैध सीमा क्या होती है?

(a) –2 से +2 (b) O से n
(c) –1 से +1 (d) कोई सीमा नहीं होती

Ans. (c) : एक AVL ट्री एक सेल्फ बैलेंसिंग बाइनरी सर्च ट्री होता है जहाँ प्रत्येक नोड के लिए उसके बाएं सबट्री की ऊंचाई और दाएं सबट्री की ऊंचाई के बीच का अंतर 1, 0 या –1 होता है। इस अंतर को बैंलेंस फैक्टर कहा जाता है। यदि बैलेंस फैक्टर इस सीमा से बाहर हो जाता है, तो ट्री को पुर्नसंतुलित (Rebalanced) किया जाता है।

138. B-ट्री का मुख्य उपयोग कहाँ होता है?

(a) नेटवर्किंग सिस्टम में
(b) ऑपरेटिंग सिस्टम में
(c) डेटाबेस और फाइल सिस्टम में
(d) मशीन लर्निंग में

Ans. (c) : B-ट्री एक विशिष्ट एम-वे ट्री है जिसे विशेष रूप से डिस्क-आधारित भंडारण प्रणालियों पर डेटा एक्सेस की अनुकूलित करने क लिए डिजाइन किया गया है। इसका उपयोग डेटाबेस और फाइल सिस्टम में किया जाता है क्योंकि यह बड़ी मात्रा में डेटा को कुशलता से संग्रहीत और पुर्नप्राप्त करने की अनुमति देता है।

139. B-tree में नोड़ की कुंजियों की संख्या कितनी हो सकती है?

(a) [m/2] से लेकर m तक (b) 1 से m तक
(c) 0 से m–1 तक (d) [m/2]–1 से m–1 तक

Ans. (d) : एक B-tree में प्रत्येक नोड़ में कुंजियों की संख्या एक विशिष्ट सीमा में होती हैं यह सीमा इस प्रकार है-
न्यूनतम संख्या- [m/2] –1
अधिकतम संख्या- m–1
यहाँ [m/2] का मतलब है m को 2 से विभाजित करने पर प्राप्त संख्या को निकटतम पूर्णांक तक बढ़ाना। इसलिए एक B-tree नोड़ में कुंजियों की संख्या हमेशा [m/2] से m–1 तक होती है, जहाँ m नोड में चाइल्ड की अधिकतम संख्या है, उदाहरण के लिए यदि किसी B-tree में m = 4 है, तो प्रत्येक नोड़ में कुंजियों की न्यूनतम संख्या [4/2] – 1 = 1 होगी और अधिकतम संख्या 4 – 1 = 3 होगी।

04.

एल्गोरिदम (Algorithms)

1. एल्गोरिदम विश्लेषण टाइम-स्पेस ट्रेडऑफ (Algorithm Analysis, Time-Space Tradeoff)

1. विशिष्ट परिस्थितियों में एक एल्गोरिथ्म के व्यवहार का विश्लेषण करने के लिए सशर्त स्पर्शोन्मुख संकेतन का उपयोग किया जाता है। "O (*f*(n)) से स्थिति को हटाते समय यदि g(n)", तो क्या संकेतन प्राप्त होता है?

(a) O(f(n)) (b) O(g(n))
(c) O(f(n)+g(n)) (d) O(f(n×g(n)))

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (a) : सशर्त स्पर्शोन्मुख संकेतन में, यदि हमें "O(f(n)) यदि g(n)" जैसी स्थिति दी जाती है, तो इसका अर्थ है कि एल्गोरिथ्म का व्यवहार सामान्य रूप से O(f(n)) होता है लेकिन यह व्यवहार कुछ विशिष्ट परिस्थितियों में g(n) के आधार पर निर्धारित किया जाता है,

जब हम "यदि g(n)" जैसी स्थिति को हटाते है, तो हमें एल्गोरिथ्म के सामान्य व्यवहार का संकेतन मिलता है जों कि O(f(n)) है। इसलिए, स्थिति को हटाने के बाद, संकेतन O(f(n)) ही रहता है।

2. बिग-ओ नोटेशन का उपयोग करके एक एल्गोरिथ्म की समय जटिलता का विश्लेषण करते समय, क्या संपत्ति हमें निम्न-क्रम शब्दों को अनदेखा करने की अनुमति देती है?

(a) रिफ्लेक्सिटी (b) इसके अलावा
(c) गुणा (d) स्थिरांक की अज्ञानता

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (b) : जब हम बिग-ओ नोटेशन (O) में किसी एल्गोरिथ्म की जटिलता लिखते है तो हम केवल सबसे बड़े क्रम को रखते है इसका कारण यह है कि योगात्मकता के सिद्धांत के अनुसार, यदि आपके पास एक से अधिक पद है, तो बिग-ओ (O) में सबसे प्रभावशाली (Dominant) पद मापने रखता है।

3. सशर्त स्पर्शोन्मुख संकेतन विशिष्ट परिस्थितियों में एल्गोरिथ्म व्यवहार के अधिक बारीक विश्लेषण के लिए अनुमति देता है। यह विशेष रूप से उपयोगी है जब-

(a) निरंतर समय जटिलता के साथ एल्गोरिथ्म का विश्लेषण
(b) इनपुट आकार तय किया गया है।
(c) इनपुट डेटा यादृच्छिक है।
(d) एल्गोरिथ्म व्यवहार कुछ इनपुट विशेषताओं के आधार पर भिन्न होता है।

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (d): सशर्त स्पर्शोन्मुख संकेतन का उपयोग तब किया जाता है, जब एल्गोरिथ्म का प्रदर्शन (Performance) केवल इनपुट साइज पर ही नहीं, बल्कि इनपुट की प्राकृतिक विशेषताओं पर भी निर्भर करता है।

उदाहरण:-

* एक शॉर्टिंग एल्गोरिथ्म जो पहले से कुछ हद तक शॉर्ट किए गये डेटा पर तेज चलता है, लेकिन अव्यवस्थित डेटा पर धीमा।
* ऐसा व्यवहार इनपुट की संरचना, वितरण पर अन्य विशेषताओं पर निर्भर करता है।

4. Which data structure often results in a time-space tradeoff by using extra memory to speed up operations?/कौन सा डेटा संरचना अतिरिक्त मेमोरी का उपयोग करके संचालन को तेज़ करके समय-स्पेस ट्रेडऑफ का कारण बनता है?

(a) Arrays/एरेज़
(b) Linked lists/लिंक्ड लिस्ट्स
(c) Hash tables/हैश टेबल्स
(d) Stacks/स्टैक्स

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (c) : हैश टेबल्स (Hash - Tables) एक ऐसा डेटा स्ट्रक्चर है जो अधिक मेमोरी का उपयोग करके ऑपरेशन की गति को बढ़ाता है। इसमें कुंजी (Key) को एक इंडेक्स में मैप करने के लिए हैश फंक्शन का उपयोग किया जाता है, जिससे डेटा को बहुत तेजी से एक्सेस किया जा सकता है। हालांकि, इसकी यह गति अतिरिक्त मेमोरी खर्च के साथ आती है, यही कारण है कि इसे Time-Space Tradeoff का उदाहरण माना जाता है।

5. Which term refers to the strategy of optimizing an algorithm's use of resources, often by making sacrifices in one aspect for improvements in another?
कौन-सा शब्द उस रणनीति को संदर्भित करता है जिसमें एल्गोरिदम के संसाधनों के उपयोग का अनुकूलन किया जाता है, अक्सर एक पहलू में बलिदान देकर दूसरे में सुधार किया जाता है?

(a) Greedy Algorithm/ग्रीडी एल्गोरिदम
(b) Divide and Conquer/डिवाइड एंड कॉन्कर
(c) Dynamic Programming/डायनामिक प्रोग्रामिंग
(d) Tradeoff/ट्रेडऑफ

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (d) : 'ट्रेडऑफ (Tradeoff)' वह रणनीति होती है जिसमें किसी एल्गोरिदम के संसाधनों के उपयोग को बेहतर बनाने के लिए एक पक्ष का बलिदान करके दूसरे पक्ष में सुधार किया जाता है। उदाहरण के लिए, कम समय में हल पाने के लिए ज्यादा मेमोरी का उपयोग करना या मेमोरी बचाने के लिए ज्यादा समय लगाना ये सब ट्रेडऑफ के उदाहरण है।

6. Conditional asymptotic notation allows for a more nuanced analysis of algorithm behavior under specific conditions. This is particularly useful when:
कंडीशनल एसिंप्टोटिक नोटेशन एल्गोरिदम के व्यवहार का अधिक सूक्ष्म विश्लेषण करने की अनुमति देता है। यह विशेष रूप से उपयोगी होता है जब:

(a) Analyzing algorithms with constant time complexity/एल्गोरिदम का विश्लेषण स्थिर समय जटिलता के साथ किया जा रहा हो
(b) The input size is fixed
इनपुट आकार स्थिर हो
(c) The input data is random
इनपुट डेटा यादृच्छिक हो
(d) Algorithm behavior varies based on certain input characteristics/एल्गोरिदम का व्यवहार कुछ इनपुट विशेषताओं के आधार पर बदलता हो

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (d) : कंडिशनल एसिमटोटिक नोटेशन का उपयोग तब किया जाता है जब एल्गोरिदम का प्रदर्शन इनपुट की कुछ विशेष स्थितियों (जैसे इनपुट का क्रम, डेटा का वितरण, या कोई विशेष गुण) पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए कुछ सॉर्टिंग एल्गोरिदम (जैसे Quick Sort) का समय जटिलता तब अलग होता है जब इनपुट पहले से ही सॉर्टेड होता है या जब वह यादृच्छिक होता है।

7. If an algorithm's behavior is bounded by "o(f(n)) if g(n)", what notation does it become when the condition is removed?
यदि किसी एल्गोरिदम का व्यवहार 'o(f(n)) यदि g(n)' द्वारा सीमित है, तो जब यह शर्त हटा दी जाती है, तो यह कौन-सी नोटेशन बन जाती है?

(a) o(f(n)) (b) o(g(n))
(c) o(f(n) + g(n)) (d) o(f(n) * g(n))

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (a) : यदि किसी एल्गोरिदम का व्यवहार "O(f(n)) if g (n)" से बंधा हुआ है, तो इसका मतलब है कि एल्गोरिदम की समय जटिलता O(f(n)) है जब g (n) की शर्त पूरी होती है, O(f(n)) if g (n) का अर्थ है कि जब g (n) सत्य होता है, तो एल्गोरिदम की गति O(f(n)) से बंधी होती है लेकिन अगर g (n) की शर्त हटा दी जाए, तो एल्गोरिदम हमेशा O(f(n)) में ही चलेगा। क्योंकि अब कोई शर्त नहीं है जो इसे प्रतिबंधित करे।

8. टाइम-स्पेस ट्रेडऑफ के मुख्य ट्रेड-ऑफ क्या है ?

(a) दोनों समय जटिलता और अंतरिक्ष जटिलता को एक साथ कम करना।
(b) दोनों समय जटिलता और अंतरिक्ष जटिलता दोनों को एक साथ बढ़ाना।
(c) बढ़ी हुई अंतरिक्ष जटिलता की लागत पर समय की जटिलता में सुधार
(d) बढ़े हुए समय जटिलता की लागत पर अंतरिक्ष जटिलता में सुधार

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (c) : टाइम स्पेस ट्रेडऑफ के मुख्य ट्रेडऑफ यह है कि अधिक भंडारण (memory) का उपयोग करके कम समय में बढ़ी हुई अंतरिक्ष जटिलता की लागत पर समय की जटिलता में सुधार करना । इसलिए विकल्प (c) सही है।

9. बिग-ओ नोटेसन की कौन-सी संपत्ति बताती है कि यदि f(n)o(g (n)) है, तो k*f(n) किसी भी सकारात्मक स्थिरांक k के लिए o(g (n)) है।

(a) संक्रमणीय (b) इसके अलावा
(c) गुणन (d) रिफ्लेक्सिटी

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (c) : बिग ओ नोटेसन की गुणन संपत्ति बताती है कि यदि f(n)o(g(n)) है, तो k*f(n) किसी भी सकारात्मक स्थिरांक k के लिए o(g(n)) है।
यह प्रॉपर्टी बताती है कि किसी फंक्शन को एक स्थिरांक से गुणा करने पर उसकी एसिम्प्टोटिक ग्रोथ रेट नहीं बदलती है।

10. A computer program consists of
कम्प्यूटर प्रोग्राम में होता है

(a) System flowchart/सिस्टम फ्लोचार्ट
(b) Program flowchart/प्रोग्राम फ्लोचार्ट
(c) Algorithms written in computer language/ कम्प्यूटर की भाषा में लिखित algorithms
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 2.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (c): कम्प्यूटर प्रोग्राम में, कम्प्यूटर की भाषा में लिखित एल्गोरिथम होते है।

11. A measure of the amount of memory needed for an algorithm to execute is called:
एक एल्गोरिद्म को निष्पादित करने के लिए आवश्यक मेमोरी की मात्रा का एक माप कहलाता है–

(a) Time efficiency/समय दक्षता
(b) Functional efficiency/कार्यात्मक दक्षता
(c) Space efficiency/स्पेस दक्षता
(d) Amortised efficiency/परिशोधित दक्षता

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (c) : एक एल्गोरिद्म को निष्पादित करने के लिए आवश्यक मेमोरी की मात्रा का एक माप स्पेस दक्षता या स्पेस जटिलता कहलाता है।

12. A/An_____is a step by-step procedure, which defines a set of instructions to be executed in a certain order to get the desired output.
A/An _____ एक चरण-दर-चरण प्रक्रिया है, जो वांछित आउटपुट प्राप्त करने के लिए एक निश्चित क्रम में निष्पादित होने वाले निर्देशों के एक सेट को परिभाषित करता है।

(a) Order/क्रम (b) Algorithm/एल्गोरिथ्म
(c) Sequence/अनुक्रम (d) Protocol/प्रोटाकॉल

UPPCL TG-2 8/11/2023 (Shift-I)

Ans. (b): एल्गोरिथ्म (Algorithm) एक चरण-दर-चरण प्रक्रिया है, जो वांछित आउटपुट प्राप्त करने के लिए एक निश्चित क्रम में निष्पादित होने वाले निर्देशों के एक सेट को परिभाषित करता है।

13. An effective method expressed as a finite list of well-defined instructions for calculating a function is called:
किसी फंक्शन की गणना के लिए अच्छी तरह से परिभाषित निर्देशों की एक सीमित सूची के रूप में व्यक्त की गई एक प्रभावी विधि कहलाती है-

(a) An algorithm/एक एल्गोरिद्म
(b) A data structure/एक डेटा संरचना
(c) A compiler/एक कंपाइलर
(d) A program/एक प्रोग्राम

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (a) : एक प्रभावी विधि के रूप में, एल्गोरिद्म को स्थान और समय सीमित मात्रा में और किसी फंक्शन की गणना के लिए अच्छी तरह से परिभाषित औपचारिक लैंग्वेज में व्यक्त किया जा सकता है।

14. Which of the following properties of an algorithm ensures that each step of the algorithm is properly defined and the actions to be performed are clearly specified?
एल्गोरिदम के निम्नलिखित गुणों में से कौन-सा गुण सुनिश्चित करता है कि एल्गोरिदम के प्रत्येक चरण को ठीक से परिभाषित किया गया है और किए जाने वाले कार्यों को सुस्पष्ट ढंग से निर्दिष्ट किया गया है?

(a) Finiteness/परिमितता
(b) Effectiveness/प्रभावशीलता
(c) Input and Output/इनपुट और आउटपुट
(d) Definiteness/निश्चितता

UPPCL AC 2019 (Exam Date 29.01.2019)

Ans. (d) : एल्गोरिद्म किसी समस्या को हल करने का एक स्टेप-बाई स्टेप प्रक्रिया हैं एक स्टेप एक ऑपरेशन को दर्शाता है। एल्गोरिद्म के निम्न विशेषताएँ होती है। जैसे- निश्चितताः- एल्गोरिद्म को निश्चित समय तथा कम स्पेस में लिखा जा सकता है।

15. Why do we need to translate an algorithm into a programming code?/हमें एल्गोरिदम को प्रोग्रामिंग कोड में ट्रांसलेट करने की आवश्यकता क्यों होती है?

(a) So it can be made into a story
ताकि यह स्टोरी में बन सके
(b) So a computer can understand it
ताकि कंप्यूटर इसे समझ सकें
(c) So it can be converted in to a flowchart/
ताकि यह फ्लोचार्ट में परिवर्तित हो सके
(d) So it can be converted back to algorithm again
ताकि यह फिर से एल्गोरिदम में परिवर्तित हो सके

UPPCL Assistant Accountant– 22/06/2023 Shift-II

Ans. (c) : एल्गोरिदम को प्रोग्रामिंग कोड में ट्रांसलेट करने की आवश्यकता है ताकि कंप्यूटर इसे समझ सकें।

16. Algorithms are tested by
एल्गोरिदम का परीक्षण _____द्वारा किया जाता है।

(a) Steps /स्टेप (b) Data/डेटा
(c) Information/सूचना (d) Programs/प्रोग्राम
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

UPSSSC Auditor 05.01.2025

Ans. (b) : एल्गोरिदम का परीक्षण डेटा का उपयोग करके किया जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे सही ढंग से काम करते हैं और अपेक्षित परिणाम देते हैं। एल्गोरिदम में विभिन्न डेटा सेट इनपुट करके, आप इसके व्यवहार का निरीक्षण कर सकते हैं और इसकी सटीकता,दक्षता और शुद्धता को सत्यापित कर सकते हैं।

2. पुनरावृत्ति समीकरण (Recurrence Equations)

17. पुनरावृत्ति को हटाने की प्रक्रिया में पुनरावर्ती फंक्शन कॉल की जगह शामिल है-

(a) अधिक पुनरावृत्ति
(b) लूप्स
(c) अतिरिक्त मेमोरी आवंटन
(d) गैर-पुनरावृत्ति फंक्शन कॉल

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (b) : पुनरावृत्ति को हटाने की प्रक्रिया में पुनरावृत्ति फंक्शन कॉल की जगह लूप्स शामिल होते हैं। लूप्स एक प्रोग्रामिंग संरचना है जो एक निश्चित कोड को बार-बार निष्पादित करने की अनुमति देता है। जब तक की एक विशेष स्थिति पूरी न हो जाये।

18. पुनरावृत्ति समीकरण t(n) = 2T(n/2) + n उस एल्गोरिथ्म प्रति मान की समय जटिलता का प्रतिनिधित्व करता है? मास्टर प्रमेय का उपयोग करते हुए, प्रमेय में " ए०", "बी०"और "एफ० (एन०)" का मूल्य क्या होगा?

(a) विभाजित और विजय; a = 2, b = 2, $f(n) = n$
(b) लालची एल्गोरिथ्म; a = 2, b = 2, $f(n) = n$
(c) गतिशील प्रोग्रामिंग; a = 2, b = 2, $f(n) = n$
(d) ब्रूट फोर्स; a = 2, b = 2, $f(n) = n$

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (a) : पुनरावृत्ति समीकरण $t(n) = 2T(n/2) + n$ को मास्टर प्रमेय का उपयोग करके हल किया जा सकता है जो विभाजित और विजय एल्गोरिथ्म की समय जटिलता का विश्लेषण करने के लिए उपयुक्त है।
मास्टर प्रमेय में, पुनरावृत्ति समीकरण को इस प्रकार परिभाषित किया जाता है।
जहाँः-
a = पुनरावृत्ति की संख्या
b = समस्या के आकार को कम करने का कारक (Reduction Factor)
f(n) = पुनरावृत्ति के बाहर किये गये कार्यों की लागत दिये गये
पुनरावृत्ति समी० :- $t(n) = 2T(n/2) + n$ में
a = 2 (पुनरावृत्ति की संख्या 2 है)

b = 2 (समस्या के आकार आधा हो जाता है)
f(n) = n (पुनरावृत्ति के बाहर किये गये कार्यों की लागत n है। इसलिए सही उत्तर (a) विभाजित और विजय a = 2, b = 2, f(n) = n है।

60. प्राथमिकता शेड्यूलिंग में प्रत्येक प्रक्रिया के लिए एक प्राथमिकता को प्रदान करना शामिल है। कौन-सा शेड्यूलिंग एल्गोरिथ्म इस अवधारणा से निकटता से संबंधित है?

(a) FCFS
(b) SJN
(c) मल्टीलेवल कतार शेड्यूलिंग
(d) पहला-आओ, प्रथम-सर्व किया गया (एफ0 सी0 एफ0 एस0)

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (c) : मल्टीलेवल कतार शेड्यूलिंग प्राथमिकता शेड्यूलिंग के साथ निकटता से संबंधित है क्योंकि इसमें प्रक्रियाओं को उनकी प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न कतारों में विभाजित किया जाता है और प्रत्येक कतार के लिए अलग-अलग शेड्यूलिंग एल्गोरिथ्म का उपयोग किया जाता है।

61. समानांतर प्रोग्रामिंग में ''रेस कंडीशन'' शब्द को संदर्भित करता है-

(a) पहले बी0 को समाप्त करने के लिए प्रक्रियाओं के बीच प्रतियोगिता

(b) साझा संसाधनों तक पहुँचने के लिए प्रक्रियाओं के बीच प्रतियोगिता

(c) ऐसी स्थिति जहाँ एक प्रक्रिया एक लूप में अटक जाती है

(d) एक ऐसी स्थिति जहाँ प्रक्रियाएँ क्रमिक रूप से चल रही है

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (b) : साझा संसाधनों तक पहुँचने के लिए प्रक्रियाओं के बीच प्रतियोगिता,
रेस कंडीशन समानांतर या बहुप्रक्रिया प्रोग्रामिंग एक ऐसी स्थिति होती है जब दो या अधिक प्रक्रियाएँ साझा संसाधन को एक साथ बिना उचित समन्वय (Synchronization) के एक्सेस करने की कोशिश करती है। इसमें आउटपुट अनिश्चित या गलत हो सकता है।

62. Priority Scheduling involves assigning a priority value to each process. Which scheduling algorithm is closely related to this concept?
प्रायोरिटी शेड्यूलिंग में प्रत्येक प्रोसेस को एक प्राथमिकता मान सौंपा जाता है। यह अवधारणा किस शेड्यूलिंग एल्गोरिदम से निकटता से संबंधित है?

(a) FCFS/एफसीएफएस
(b) SJN/एसजेएन
(c) Multilevel Queue Scheduling
मल्टीलेवल क्यू शेड्यूलिंग
(d) First-Come, First-Served (FCFS)
फर्स्ट-कम, फर्स्ट-सर्व्ड (FCFS)

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (c) : Priority Scheduling का तात्पर्य है कि हर (Priority) को एक प्राथमिकता (Priority) दी जाती है, और CPU उसी Priority के अनुसार Processes को Allocate किया जाता है।
Multilevel Queue Scheduling में Processes को अलग-अलग Priority वाले Queues में बाँटा जाता है, और हर Queue की अलग प्राथमिकता होती है। इसलिए यह Algorithm Priority Scheduling से सबसे ज्यादा संबंधित है।

63. The resource matrix is a data structure used in deadlock detection algorithms to:
रिसोर्स मैट्रिक्स डेडलॉक डिटेक्शन एल्गोरिदम में किसके प्रतिनिधित्व के लिए उपयोग की जाती है?

(a) Represent resource allocation
संसाधन आवंटन को दर्शाने के लिए

(b) Represent the execution order of processes
प्रोसेस के निष्पादन क्रम को दर्शाने के लिए

(c) Represent the execution history of processes
प्रोसेस के निष्पादन इतिहास को दर्शाने के लिए

(d) Represent the priority of processes
प्रोसेस की प्राथमिकता को दर्शाने के लिए

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (a) : Resource Matrix एक ऐसा Data Structure है जिसका उपयोग Deadlock Detection Algorithms में यह दर्शाने के लिए किया जाता है कि कौन-कौन से Resources किस-किस Process को Allocate किये गये है।
इससे यह पता लगाया जा सकता है कि कोई Process किसी Resource के लिए Wait कर रहा है या नही, जिससे deadlock की स्थिति को पहचाना जा सके।

64. For real time operating systems, interrupt latency should be _____.
वास्तविक समय ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए, इंटरप्ट लेटेंसी _____ होनी चाहिए।

(a) Zero
(b) Minimal
(c) Maximum
(d) More than one of the above
(e) None of the above

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (6-10)

Ans. (b): रियल-टाइम सिस्टम्स में समय पर महत्वपूर्ण घटनाओं का जवाब देने के लिए इंटरप्ट लेटेंसी को न्यूनतम (Minimal) रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

65. In a timeshare operating system, when the time slot assigned to a process is completed, the process switches from the current state to?
टाइमशेयर ऑपरेटिंग सिस्टम में, जब किसी प्रक्रिया को सौंपा गया समय स्लॉट पूरा हो जाता है, तो प्रक्रिया वर्तमान स्थिति से स्विच हो जाती है?

(a) Suspended state
(b) Blocked state
(c) Ready state
(d) More than one of the above
(e) None of the above

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (6-10)

Ans. (c): टाइम-शेयरिंग ऑपरेटिंग सिस्टम में जब किसी प्रोसेस को दिया गया टाइम स्लॉट पूरा हो जाता है, तो प्रोसेस रनिंग स्टेट से रेडी स्टेट (Ready State) में चली जाती है। टाइम-शेयरिंग ऑपरेटिंग सिस्टम में CPU को शेयर करने के लिए यूनिट टाइम निर्धारित किया जाता है; इसे टाइम क्वांटम या टाइम स्लाइस कहते हैं। अगर कोई प्रोसेस 1 टाइम क्वांटम से कम लेता है, तो प्रोसेस खुद ही CPU को रिलीज कर देता है।

66. Consider a disk queue with requests for I/O to blocks on cylinders. 98 183 37 122 14 124 65 67 considering FCFS (First Come First Served) scheduling, the total number of head movements is, if the disk head is initially at 53 is?
सिलेंडरों पर ब्लॉकों के लिए I/O के अनुरोधों के साथ एक डिस्क कतार पर विचार करें। 98 183 37 122 14 124 65 67 FCFS (पहले आओ पहले पाओ) शेड्यूलिंग पर विचार करते हुए, हेड मूवमेंट की कुल संख्या क्या है, यदि डिस्क हेड शुरू में 53 पर है?

(a) 640
(b) 620
(c) 630
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (a) : FCFS (पहले आओ पहले पाओ) शेड्यलिंग में डिस्क हेड अनुरोधों को उनकी प्राप्ति की क्रम में संसाधित करता है। यदि डिस्क हेड शुरू में 53 पर है और अनुरोध इस क्रम में है- 98, 183, 37, 122, 14, 124, 65, 67 तो हेड मूवमेंट की कुल संख्या निकालने के लिए निम्न की गणना करें।
1. 53 से 98 (98-53 = 45)
2. 98 से 183 (183 – 98 = 85)
3. 183 से 37 (183 – 37 = 146)
4. 37 से 122 (122 – 37 = 85)
5. 122 से 14 (122 – 14 = 108)
6. 14 से 124 (124 – 14 = 110)
7. 124 से 65 (124 – 65 = 59)
8. 65 से 67 (67– 65 = 2)
सभी मूवमेंट्स को जोड़ते है-
45+85+146+85+108+110+59+2 = 640
इसलिए हेड मूवमेंट की कुल संख्या 640 है।

67. Which one of the following is not true?
निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य नहीं है?

(a) Kernel remains in the memory during the entire computer session
कर्नेल पूरे कम्प्यूटर सत्र के दौरान मेमोरी में रहता है।

(b) Kernel is made of various modules which can not be loaded in running operating system/ कर्नेल विभिन्न मॉड्यूल से बना होता है जिसे चल रहे ऑपरेटिंग सिस्टम में लोड नहीं किया जा सकता है।

(c) Kernel is the first part of the operating system to load into memory during booting/कर्नेल बूटिंग के दौरान मेमोरी में लोड होने वाला ऑपरेटिंग सिस्टम का पहला भाग है।

(d) More than one of the above
उपरोक्त में से एक से अधिक।

(e) None of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं।

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (6-10)

Ans. (b): कर्नेल पहला प्रोग्राम है जो ऑपरेटिंग सिस्टम (OS) लोड होने पर मेमोरी में लोड होता है और साथ ही यह OS चलने तक मेमोरी में रहता है। कर्नेल OS का मुख्य भाग है जो संसाधनों के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है, कई प्रक्रियाओं को संसाधनों का उपयोग करने और विभिन्न प्रक्रियाओं को सेवाएँ प्रदान करने की अनुमति देता है। कर्नेल मॉड्यूल को रन-टाइम (यानी पहले से चल रहे OS) में लोड और अनलोड किया जा सकता है।

68. On computer start up, which program locates and load kernel into main memory for execution?
कंप्यूटर स्टार्ट अप, कौन सा प्रोग्राम निष्पादन के लिए कर्नेल को मुख्य मेमोरी में खोजता है और लोड करता है?

(a) Bootstrap program/बूटस्ट्रैप प्रोग्राम
(b) Start up program/स्टार्ट अप प्रोग्राम
(c) Boot-first program/बूट-फर्स्ट प्रोग्राम
(d) Bootup program/बूटप प्रोग्राम

UPSSSC JE Non-Tech. 2016 (Exam Date 19.12.2021)

Ans. (a) : बूटस्ट्रैप वह प्रोग्राम है जो स्टार्टअप के समय ऑपरेटिंग सिस्टम को इनिशियलाइज करता है। बूटस्ट्रैपिंग इन्ट्रक्शन के एक सेट को लोड करने की प्रक्रिया है जब किसी कंप्यूटर को पहली बार स्टार्ट या बूट किया जाता है तो स्टार्टअप प्रक्रिया के समय लोडर पहले पॉवर-ऑन सेल्फ-टेस्ट करता है जिसे POST भी कहा जाता है। यदि POST सफल होता है और कोई समस्या नहीं मिलती है, तो बूटस्ट्रैप लोडर कंप्यूटर के ऑपरेटिंग सिस्टम को मेमोरी में लोड करता है।

69. डिस्क शेड्यूलिंग एल्गोरिद्म में, FIFO (फीफो) का मतलब _____ होता है।

(a) Few In Few Out/फ्यू इन फ्यू आउट
(b) First In First Out/फर्स्ट इन फर्स्ट आउट
(c) Frequently In Frequently Out
फ्रीक्वेन्टली इन फ्रीक्वेन्टली आउट
(d) Fast In Fast Out/फ़ास्ट इन फ़ास्ट आउट

UPPCL APS 27-09-2018 (Evening)

Ans : (b) FIFO (First In First Out) डेटा बफर को व्यवस्थित करने और हेरफेर करने के लिए एक विधि है, इसमें कतार की पहली प्रविष्टि को पहले संशोधित किया जाता है, यह पहले आओ पहले पाओ (FCFS) व्यवहार के साथ कार्य करता है।

70. CPU थ्रूपुट (Throughput) को बढ़ाने के लिए, निम्नलिखित में से कौन सी मेमोरी CPU तथा मेन मेमोरी के बीच रखी जाती है?

(a) Secondary memory/सेकेंडरी मेमोरी
(b) Cache memory/कैश मेमोरी
(c) Sequential memory/सीक्वेंशियल मेमोरी
(d) Auxiliary memory/ऑग्जुलरी मेमोरी

UPPCL Executive Assistant 23-11-2022 Shift-II

Ans. (b) : थ्रूपुट प्रोसेस की संख्या है जो प्रति समय इकाई के निष्पादन को पूरा करती है।
यदि कम्प्यूटर सिस्टम n प्रोसेस को t सेकण्ड समय में पूरा करता है। तो

$$\text{थ्रूपुट} = \frac{\text{पूरा किया गया प्रोसेस की कुल संख्या}}{\text{प्रोसेस को लगा समय}} = \frac{n}{t}$$

CPU थ्रूपुट (throughput) को बढ़ाने के लिए कैश (cache) मेमोरी CPU तथा मेन मेमोरी के बीच रखी जाती है।

71. Program in execution is called
निष्पादन में प्रोग्राम को कहा जाता है

(a) Function/फंक्शन (b) Process/प्रोसेस
(c) Compiler/कंपाइलर (d) Error/एरर
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

UPSSSC Auditor 05.01.2025

Ans. (b) : प्रोसेस एक प्रोग्राम है जो वर्तमान में कंप्यूटर के CPU द्वारा निष्पादित किया जा रहा है। इसमें प्रोग्राम कोड और उसकी वर्तमान गतिविधि शामिल है। जब कोई प्रोग्राम मेमोरी में लोड किया जाता है और निष्पादन शुरु होता है, तो यह एक प्रक्रिया बन जाती है।

72. Match OS abstractions in left column to the hardware components in right column.
बाएं कॉलम में ओ.एस. एब्स्ट्रैक्शन का मिलान दाएं कॉलम में हार्डवेयर घटकों से करें।

A. Thread/थ्रेड	**1. Interrupt/इंटरप्ट**
B. Virtual Address Space वर्चुअल एड्रेस स्पेस	**2. Memory/मेमोरी**
C. File System/फाइल सिस्टम	**3. CPU/सी.पी.यू.**
D. Signal/सिग्नल	**4. Disk/डिस्क**

(a) A – 2, B – 4, C – 3, D – 1
(b) A – 1, B – 2, C – 3, D – 4
(c) A – 3, B – 2, C – 4, D – 1
(d) A – 4, B – 2, C – 2, D – 1

RPSC Lect. 2011

Ans. (c) : थ्रेड को सी.पी.यू. द्वारा नियंत्रित किया जाता है। वर्चुअल एड्रेस स्पेस (यह वर्चुअल मेमोरी एड्रेस का एक सेट है जिसे एक प्रक्रिया उपयोग कर सकती है) मेमोरी मैनेजमेंट से जुड़ा है।
फाइल सिस्टम का उपयोग डिस्क प्रबंधन के लिए किया जाता है।
इंटरप्ट एक प्रकार का संकेत है।

73. While scheduling process, which of the following controls the degree of multiprogramming (the number of processes in memory)?
प्रक्रियाओं को शेड्यूल करते समय, निम्नलिखित में से कौन मल्टी प्रोग्रामिंग (मेमोरी में प्रक्रियाओं की संख्या) की डिग्री को नियंत्रित करता है?

(a) Process control block scheduler
प्रोसेस कंट्रोल ब्लॉक शेड्यूलर
(b) Long-term scheduler/लांग-टर्म शेड्यूलर
(c) CPU scheduler/सी.पी.यू. शेड्यूलर
(d) Short-term scheduler/शॉर्ट टर्म शेड्यूलर

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (b) : लॉग टर्म शेड्यूलर मल्टीप्रोग्रामिंग की डिग्री मेमोरी में प्रक्रियाओं की संख्या को नियंत्रित करता है और शॉर्ट टर्म शेड्यूलर या सी.पी.यू. शेड्यूलर, उन प्रक्रियाओं में से चयन करता है जो निष्पादित करने के लिए तैयार है।

लांग टर्म शेड्यूलर को जॉब शेड्यूलर के रूप में भी जाना जाता है। लांग टर्म शेड्यूलर उन प्रोग्राम को नियंत्रित करता है जिन्हें प्रोसेस के लिए सिस्टम में चुना जाता है। इसमें प्रोग्राम को कतार (queue) में स्थापित किया जाता है और आवश्यकता के अनुसार चयन किया जाता है।

74. With respect to operating systems, which of the following is NOT a valid process state?
ऑपरेटिंग सिस्टम के संबंध में निम्नलिखित में से कौन एक वैध प्रक्रिया स्थिति नहीं है?

(a) Ready (b) Waiting
(c) Running (d) Starving

UPPCL Assistant Accountant 13.09.2021

Ans. (d) : ऑपरेटिंग सिस्टम के संबंध में निम्न में से (Ready) (तैयार), (Waiting) (इन्तजार) (Running) (चलना) ये सब ऑपरेटिंग सिस्टम से संबंधित वैध प्रक्रिया स्थित है, परन्तु स्टारविंग (Starving) इससे संबंधित नहीं है।

75. Which of the following statements is NOT true with respect to semaphores?/सेमाफोर के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

(a) When one process modifies the semaphore value, no other process can simultaneously modify the same semaphore value.
जब एक प्रक्रिया सेमाफोर मान को संशोधित करती है, तो कोई अन्य प्रक्रिया उसी सेमाफोर मान को एक साथ संशोधित नहीं कर सकती है।

(b) An integer variable that, apart from initaialisation, is accessed only through two standard atomic operations./एक पूर्णांक वेरिएबल जो आरम्भीकरण के अलावा केवल दो मानक परमाणु संचालन के माध्यम से पहुँचा जा सकता है।

(c) Semaphore is a signalling mechanism, i.e. processes perform wait() and signal() operation to indicate whether they are acquiring or releasing the resource/सेमाफोर एक सिग्नलिंग तंत्र है यानी प्रक्रियाएं wait() और signal() ऑपरेशन करती है।

(d) A process must acquire the lock before entering the critical section; it releases the lock when it exits the critical section.
एक प्रक्रिया को महत्वपूर्ण खंड में प्रवेश करने से पहले लॉक प्राप्त करना चाहिए, जब यह महत्वपूर्ण खंड से बाहर निकलता है तो यह लॉक रिजीज कर देता है।

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (d) : सेमाफोर एक इन्टिजर वेरिएबल होता है जिसका उपयोग क्रिटिकल सेक्शन की समस्या का हल ''प्रतीक्षा'' और ''सिग्नल'' (दो परमाणु संचालन) का उपयोग करके किया जाता है। सेमाफोर का उपयोग प्रक्रिया सिंक्रोनाइजेशन के लिए किया जाता है।

76. Which system call is used by the operating system to create a new process?
नई प्रक्रिया बनाने के लिए ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा किस सिस्टम कॉल का उपयोग किया जाता है?

(a) Fork() (b) Exec()
(c) Pipe() (d) Open()

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (a) : फोर्क सिस्टम कॉल का उपयोग एक नई प्रक्रिया बनाने के लिए किया जाता है, जिसे चाइल्ड प्रोसेस कहा जाता है, जो Fork() कॉल (पैरेंट प्रोसेस) करने वाली प्रक्रिया के साथ-साथ चलती है एक नई चाइल्ड प्रोसेस बनने के बाद, दोनों प्रोसेस Fork सिस्टम कॉल के बाद अगले निर्देश को निष्पादित करेंगे।

77. Which component of operating system provides the user interface to interact with the kernel and hardware?/ऑपरेटिंग सिस्टम का कौन-सा घटक कर्नेल और हार्डवेयर के साथ इंटरैक्ट करने के लिए यूजर इंटरफेस प्रदान करता है?

(a) Device driver/डिवाइस ड्राइवर
(b) Processor/प्रोसेसर
(c) Shell/सेल
(d) Register/रजिस्टर

UPRVUNL Asst. Acct. 15.05.2022 (Shift-II)

Ans. (c) : सेल एक ऑपरेटिंग सिस्टम का घटक है जो उपयोगकर्ता के साथ इंटरैक्ट करता है। सेल ऑपरेटिंग सिस्टम में एक यूजर इंटरफेस है जो संबंधित कार्यों को करने के लिए यूजर से कई तरह के कमांड को स्वीकार करता है।

78. All of the following are the Process management activities handled by the Operating System EXCEPT:
निम्नलिखित में किसको छोड़कर बाकी सभी ऑपरेटिंग सिस्टम हैंडल की जाने वाली प्रोसेस मैनेजमेंट एक्टिविटी (Process management activities) हैं।

(a) Product purchase, payments, and order
उत्पाद की खरीद, भुगतान और ऑर्डर
(b) control execution of applications
एप्लीकेशन के निष्पादन को नियंत्रित करना
(c) Synchronisation, communication, and deadlock handling for processes/प्रोसेस के लिए सिंक्रनाइजेशन, संचार और डेडलॉक हैंडलिंग
(d) Control access to shared resources like files, memory, I/O, and CPU/फाइलों, मेमोरी, I/O,और CPU जैसे शेयर किए गए रिसोर्स के लिए एक्सेस को नियंत्रित करना

UPPCL Assistant Accountant– 22/06/2023 Shift-II

Ans. (a) : उत्पाद की खरीद, भुगतान और ऑर्डर को छोड़कर, दिए गए सभी विकल्प प्रोसेस मैनेजमेंट एक्टिविटी ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा नियंत्रित की जाती हैं।

79. Which of the following is a lightweight process that can run independently or as part of a process?/निम्नलिखित में से कौन-सी हल्की प्रक्रिया है जो स्वतंत्र रूप से या किसी प्रक्रिया के भाग के रूप में चल सकती है?

(a) Thread/थ्रेड (b) Program/प्रोग्राम
(c) Process/प्रोसेस (d) CPU/सीपीयू
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

UPSSSC X-Ray Technician 15.12.2024

Ans. (a) : थ्रेड (Thread) एक हल्की प्रक्रिया (लाइटवेट प्रोसेस) है जो स्वतंत्र रूप से या किसी बड़ी प्रक्रिया के भाग के रूप में चल सकती है। थ्रेड्स को एक ही प्रक्रिया के संसाधनों को साझा करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे वे हल्के होते हैं और तेजी से स्विच कर सकते हैं।

80. Constantly running system-program processes are known as
निरंतर सक्रिय सिस्टम-प्रोग्राम प्रोसेस को क्या कहते है?

(a) Daemons/डीमन
(b) Processes/प्रोसेस
(c) Process Block/प्रोसेस ब्लॉक
(d) Process Control Block/प्रोसेस कंट्रोल ब्लॉक

(SSC CGL (TIER-1) 10-09-2016, 4.15 pm)

Ans : (a) डीमन किसी सिस्टम का निरंतर सक्रिय सिस्टम प्रोग्राम है। यह किसी बहुउद्देशीय कम्प्यूटर का आपरेटिंग सिस्टम या कम्प्यूटर प्रोग्राम होता है जो किसी प्रयोक्ता के सीधे नियन्त्रण में रहने के बजाय बैंकग्राउण्ड प्रॉसेस (पृष्ठभूमि प्रक्रिया) के रूप में चलता रहता है। डीमन ई वेयर गतिविधि के लिए प्रतिक्रिया देने के साथ-साथ किसी नेटवर्क पर अन्य कम्प्यूटरों से समायोजन स्थापित करने में सहायता करता है।

81. If a computer system completes n processes in t seconds, then its throughput is _____ processes per second during that interval.
यदि कोई कम्प्यूटर सिस्टम n प्रक्रियाओं को t सेकंड में पूरा करता है,तो उस अंतराल के दौरान उसका थ्रूपुट ..... प्रक्रिया प्रति सेंकंड होता है।

(a) t/n (b) n + t
(c) n/t (d) n × t

UPPCL AC 2019 (Exam Date 29.01.2019)

Ans. (c) : थ्रूपुट प्रक्रियाओं की संख्या है जो प्रति समय इकाई के निष्पादन को पूरा करती है। यदि कम्प्यूटर सिस्टम n प्रोसेस को t सेकण्ड समय में पूरा करता है। तो

$$\text{थ्रूपुट} = \frac{\text{पूरा किया गया कुल प्रोसेस की संख्या}}{\text{प्रोसेस में लगा समय}} = \frac{n}{t}$$

82. What type of scheduling is round-robin scheduling?
राउंड-रॉबिन शेड्यूलिंग किस प्रकार की शेड्यूलिंग है?

(a) Preemptive scheduling/प्रीएम्प्टिव शेड्यूलिंग
(b) Linear data scheduling/लीनियर डेटा शेड्यूलिंग
(c) Non-linear data scheduling
नॉन-लीनियर डेटा शेड्यूलिंग
(d) Non-preemptive scheduling
नॉन-प्रीएम्प्टिव शेड्यूलिंग
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

UPSSSC Junior Analyst Drugs 02.02.2025

Ans. (a) : राउंड-रॉबिन शेड्यूलिंग एक प्रकार की प्रीएम्प्टिव शेड्यलिंग है। प्रीएम्प्टिव शेड्यूलिंग में एक प्रोसेस को CPU से हटाया जा सकता है। भले ही वह अभी चल रही हो और किसी अन्य प्रोसेस को CPU का उपयोग करने की अनुमति दी जा सकती है। राउंड रॉबिन शेड्यूलिंग में प्रत्येक प्रोसेस को CPU का उपयोग करने के लिए एक निश्चित समय अवधि (जिसे टाइम स्लाइस या क्वांटम कहा जाता है) दी जाती है।

83. Switching the CPU to another process requires performing a state save of the current process and a state restore of a different process. This task is known as:
CPU को इसकी प्रक्रिया में बदलने के लिए वर्तमान प्रक्रिया की स्थिति को बचाने और एक अलग प्रक्रिया की स्थिति को बहाल करने की आवश्यकता होती है। इस कार्य को जाना जाता है।

(a) Process switch/प्रोसेस स्विच
(b) Task switch/कार्य स्विच
(c) Context switch/संदर्भ स्विच
(d) Status switch/स्थित स्विच

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (c) : एक कॉन्टेक्ट स्विच एक प्रक्रिया या थ्रेड (thread) की स्थिति को संग्रहीत करने की प्रक्रिया है ताकि इसे बहाल किया जा सके और बाद में फिर से निष्पादन किया जा सके। यह कई प्रक्रियाओं को एक सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU) साझा करने की अनुमति देता है और यह एक मल्टीटास्किंग ऑपरेटिंग सिस्टम की एक अनिवार्य विशेषता है।

3. निर्धारणता समस्या (The Determinacy Problem)

84. The term "race condition" in parallel programming refers to:
पैरेलल प्रोग्रामिंग में 'रेस कंडीशन' शब्द का क्या अर्थ है?

(a) A competition between processes to terminate first/प्रक्रियाओं के बीच सबसे पहले समाप्त होने की प्रतिस्पर्धा
(b) A competition between processes to access shared resources/प्रक्रियाओं के बीच साझा संसाधनों तक पहुँचने की प्रतिस्पर्धा
(c) A situation where a process is stuck in a loop
वह स्थिति जहाँ एक प्रक्रिया लूप में फँस जाती है
(d) A situation where processes are running sequentially/वह स्थिति जहाँ प्रक्रियाएँ क्रमिक रूप से चल रही होती हैं

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (b) : Race condition का मतलब है कि जब एक से ज्यादा Processes या Threads किसी Shared Resource (जैसे memory, file variable) को एक ही समय में access या modify करने की कोशिश करते है।
अगर इनकी access को सही तरीके Synchronize नही किया गया हो, तो Output पर असर पड़ता है और Program गलत व्यवहार करने लगता है।

4. सशर्त क्रिटिकल क्षेत्र और मॉनीटर्स (Conditional Critical Regions and Monitors)

85. गतिरोध समस्या (Deadlock Problem) में ''कोई प्रीमेशन'' (No Preemption) स्थिति का मतलब है कि-

(a) संसाधनों को प्रक्रियाओं से पूर्व निर्धारित किया जा सकता है और दूसरों को दिया जा सकता है।
(b) एक बार एक प्रक्रिया एक संसाधन रखती है, इसे जबरन नहीं लिया जा सकता है।
(c) प्रक्रियाएँ केवल एक निश्चित समय के लिए संसाधन रख सकती है।
(d) प्रक्रियाओं को एक निश्चित अवधि के बाद संसाधन जारी करना होगा

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (b) : गतिरोध समस्या में ''कोई प्रीमेशन'' की स्थिति का मतलब होता है कि एक बार एक प्रक्रिया (Process) एक संसाधन (Resource) रखती (Hold) है, इसे जबरन नहीं लिया जा सकता अर्थात यदि किसी प्रक्रिया ने कोई संसाधन प्राप्त कर लिया है तो उसे जबरन उस संसाधन से वंचित नहीं किया जा सकता है जब तक कि वह स्वंय उसे छोड़ न दे।

86. संसाधन मैट्रिक्स एक डेटा संरचना है जिसका उपयोग डेडलॉक डिटेक्शन एल्गोरिथ्म में किया जाता है-

(a) संसाधन आवंटन का प्रतिनिधित्व करें।
(b) प्रक्रियाओं के निष्पादन क्रम का प्रतिनिधित्व करें।
(c) प्रक्रियाओं के निष्पादन इतिहास का प्रतिनिधित्व करते है।
(d) प्रक्रियाओं की प्राथमिकता का प्रतिनिधित्व करते है।

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (a) : डेडलॉक डिटेक्शन एल्गोरिथ्म में संसाधन मैट्रिक्स का उपयोग यह दिखाने के लिए किया जाता है कि कौन-सी प्रक्रिया किस संसाधन को कितनी मात्रा में आवंटित कर रही है या किस संसाधन के लिए प्रतीक्षा कर रही है। यह मैट्रिक्स सिस्टम में संसाधन के वितरण की स्थिति को प्रदर्शित करता है।

87. Which of the following is a solution to the deadlock problem that involves ensuring that all the necessary resources are there before resuming execution?
निम्नलिखित में से कौन-सा गतिरोध समस्या का एक समाधान है जिसमें सुनिश्चित करना शामिल है कि निष्पादन शुरू करने से पहले सभी आवश्यक संसाधन हैं?

(a) Avoidance/परिहार
(b) To find out/का पता लगाना
(c) Prevention/रोकथाम
(d) Termination/समाप्ति

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (c): प्रिवेंशन डेडलॉक समस्या के समाधान के लिए एक रणनीति है जिसमें यह सुनिश्चित किया जाता है कि प्रोसेस को निष्पादित करने से पहले सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध हो।

88. The Banker's algorithm is an example of a deadlock:/बैंकर्स एल्गोरिदम डेडलॉक की किस श्रेणी का उदाहरण है?

(a) Avoidance algorithm/ बचाव एल्गोरिदम
(b) Detection algorithm/पहचान एल्गोरिदम
(c) Prevention algorithm/रोकथाम एल्गोरिदम
(d) Termination algorithm/समापन एल्गोरिदम

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (a) : Banker's algorithm एक "Dead lock Avoidance Algorithm" है। यह algorithm यह सुनिश्चित करता है कि System कभी भी ऐसे Unsafe में न जाए जहाँ Dead lock हो सकता है। यह पहले से यह जाँच करता है कि resource allocation safe है या नहीं, और तभी allocation करता है।

89. A deadlock avoidance algorithm dynamically examines the _____ to ensure that a circular wait condition can never exist.
एक डेडलॉक परिहार एल्गोरिथम गतिशील रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए _____ की जांच करता है कि एक परिपत्र प्रतीक्षा स्थिति कभी मौजूद नहीं हो सकती है।

(a) Resource allocation state
(b) Resources
(c) System storage state
(d) More than one of the above
(e) None of the above

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (6-10)

Ans. (a): संसाधन आवंटन स्थिति (Resource allocation state) का उपयोग पहले से उपलब्ध और वर्तमान संसाधनों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए किया जाता है। एक डेडलॉक अवाइडेंस एल्गोरिथम डायनेमिकली रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए संसाधन आवंटन स्थिति की जाँच करता है कि एक परिपत्र प्रतीक्षा स्थिति कभी मौजूद नहीं हो सकती है।

90. A process requests resources, if the resources are not available at that time; the process enters a waiting state. Sometimes a waiting process is never again able to change state, because the resources it has requested are held by other waiting processes. This situation is called a
एक प्रक्रिया संसाधनों को अनुरोध करती है, यदि उस समय संसाधन उपलब्ध नहीं हैं; प्रक्रिया प्रतीक्षा की स्थिति में प्रवेश करती है। कभी-कभी प्रतीक्षा प्रक्रिया कभी भी अवस्था को बदलने में सक्षम नहीं होती है, क्योंकि इसके द्वारा अनुरोधित संसाधनों को अन्य प्रतीक्षा प्रक्रियाओं द्वारा आयोजित किया जाता है। यह स्थिति क्या कहलाती है?

(a) Preemption/प्रीम्पशन
(b) Mutual exclusion/म्यूचुअल एक्सक्लुजन
(c) Deadlock/डेडलॉक
(d) Circular wait/सर्कुलर वेट

UPSSSC JE 2018 (Exam date 16.04.2022)

Ans. (c) : डेडलॉक एक ऐसी स्थिति है जिसमें मल्टी प्रोग्रामिंग वातावरण में कई प्रक्रियाएँ सीमित संख्या में संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकती है। यदि कोई प्रक्रिया संसाधनों के लिए अनुरोध करती है और उस समय संसाधन उपलब्ध नहीं होते है तो प्रक्रिया प्रतीक्षा की स्थिति में प्रवेश करती है। कभी-कभी यह प्रतीक्षा प्रक्रिया कभी भी अवस्था को बदलने में सक्षम नहीं होती है।

91. What is a deadlock?
डेडलॉक क्या है?

(a) Condition where each process is blocked and waiting for other to release resources/वह स्थिति जहां प्रत्येक प्रोसेस अवरुद्ध हो जाता है और रिसोर्स रिलीज करने के लिए दूसरे की प्रतीक्षा करता है

(b) Condition where each process is terminated and started again/वह स्थिति जहां प्रत्येक प्रोसेस समाप्त होकर दुबारा चालू होता है

(c) Condition where each process is ready to be executed one by one/वह स्थिति जहां प्रत्येक प्रोसेस के बाद एक प्रदर्शित होने के लिए तैयार रहता है

(d) Condition where each process is blocked except the child process/वह स्थिति जहां चाइल्ड प्रोसेस को छोड़कर प्रत्येक प्रोसेस अवरुद्ध हो जाता है

UPSSSC JE Non-Tech. 2016 (Exam Date 19.12.2021)

Ans. (a) : डेडलॉक एक ऐसी स्थिति है जहाँ प्रोसेस का एक सेट अवरुद्ध (blocked) हो जाता है क्योंकि प्रत्येक प्रोसेस में एक रिसोर्स होता है और किसी अन्य प्रोसेस द्वारा अधिग्रहित (acquired) दूसरे रिसोर्स की प्रतीक्षा करता है।

92. Which set of necessary conditions causes a 'deadlock' in an operating system?
आवश्यक शर्तों का कौन-सा सेट एक ऑपरेटिंग सिस्टम में 'डेडलॉक का कारण बनता है?

(a) Blocking send, race condition, hold and wait and RAM overflow/ब्लॉकिंग सेंड, रेस कंडीशन, होल्ड एंड वेट और रैम ओवरफ्लो

(b) Blocking send, race condition cache incoherency and RAM overflow/ब्लॉकिंग सेंड, रेस कंडीशन, कैश इनकोहेरेंसी और रैम ओवरफ्लो

(c) Mutual exclusion, no preemption, hold and wait, and circular wait/म्युचुअल एक्सक्लूजन, नो प्रो-इमोशन, होल्ड एंड वेट और सर्कुलर वेट

(d) Mutual exclusion, race condition, cache incoherency and RAM overflow
म्युचुअल एक्सक्लूजन, रेस स्थिति, कैश असंगति और रैम ओवरफ्लो

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (c) : डेडलॉक एक ऐसी स्थिति है जहाँ दो या दो से अधिक प्रक्रियाएं एक-दूसरे की प्रतीक्षा कर रही होती है। उदाहरण के लिए, मान लीजिए, हमारे पास दो प्रक्रियाएँ P_1 और P_2 हैं। प्रक्रिया P_1 में संसाधन R_1 है और संसाधन R_2 की प्रतीक्षा कर रहा है। उसी समय, प्रक्रिया P_2 में संसाधन R_2 है और संसाधन R_1 प्रतीक्षा कर रहा है। तो प्रक्रिया P_1 अपने संसाधन को जारी करने के लिए प्रक्रिया P_1 की प्रतीक्षा कर रही है और कोई भी संसाधन जारी नहीं कर रहा है इसलिए, दोनों संसाधन जारी करने के लिए एक दूसरे की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इसमें अनंत प्रतीक्षा होती है और यहाँ कोई काम नहीं होता है इसे डेडलॉक कहते है।



किसी ऑपरेटिंग सिस्टम में डेडलॉक बनाने के लिए चार कारण होते है।

1. म्युचुअल एक्सक्लूजन
2. नो-प्रीम्पशन
3. होल्ड और वेट
4. सर्कुलर वेट

5. मेमोरी प्रबंधन की संकल्पना (Memory Management Concepts)

93. "NTFS" शब्द निम्नलिखित में से किसको संदर्भित करता है?

(a) नई प्रौद्योगिकी फाइल सिस्टम

(b) नया ट्री फाइल सिस्टम

(c) नई तालिका प्रकार फाइल सिस्टम

(d) "नई प्रौद्योगिकी फाइल सिस्टम" और "नई तालिका प्रकार फाइल सिस्टम" दोनों

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (a) : NTFS का पूरा नाम है "New Technology file system" जो माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित एक फाइल है। NTFS का उपयोग हार्डड्राइव और अन्य डेटा मीडिया पर डेटा को व्यवस्थित करने के लिए किया जाता है।

94. "FAT" शब्द का अर्थ क्या है?

(a) फाइल आवंटन ट्री (b) फाइल आवंटन तालिका

(c) फाइल आवंटन ग्राफ (d) ये सभी

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (b) : FAT (File Allocation Table) एक फाइल सिस्टम है जिसका उपयोग ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा डिस्क पर फाइलों को स्टोर और ट्रैक करने के लिए किया जाता है। FAT सिस्टम में यह रिकॉर्ड करता है कि फाइलें कहाँ स्थित हैं और उनकी संरचना क्या है।

95. कौन-सा स्टोरेज एलोकेशन स्ट्रेटेजी एक प्रक्रिया के लिए मेमोरी का सबसे बड़ा उपलब्ध ब्लॉक आवंटित करता है, यह सुनिश्चित करता है कि शेष स्थान अधिकतम है?

(a) सबसे अच्छा फिट (b) सबसे खराब फिट

(c) पहला फिट (d) अगला फिट

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (b) : • Worst fit (सबसे खराब फिट) रणनीति में सबसे बड़े उपलब्ध मेमोरी ब्लॉक को आवंटित किया जाता है।

• इससे छोटे-छोटे बड़े ब्लॉक्स बचे रहते हैं, जिससे fragmentation कम होती है।

अन्य विकल्प:

• Best fit – सबसे छोटा उपयुक्त ब्लॉक देता है (कम वेस्टेज के लिए)

• First fit – पहला उपयुक्त ब्लॉक देता है।

• Next fit – First fit जैसा ही हैं, लेकिन पिछली जगह से आगे खोजता है।

इसलिए सही उत्तर है (B) सबसे खराब फिट।

96. निश्चित विभाजन के साथ मल्टीप्रोग्रामिंग में, यदि किसी प्रक्रिया को एक विभाजन में उपलब्ध होने की तुलना में अधिक मेमोरी की आवश्यकता होती है, तो यह हो सकता है-

(a) विखण्डन (b) गतिरोध
(c) प्राथमिकता उलटा (d) भुखमरी

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (a) : विखण्डन तब होता है जब मेमोरी छोटे भागों में बंट जाती है और बड़ी प्रक्रियाओं के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होता। निश्चित विभाजन में, यदि प्रक्रिया को अधिक मेमोरी चाहिए, तो यह विखण्डन का कारण बनता है।

97. What is compaction?/संघनन क्या है?

(a) A technique for overcoming internal fragmentation
(b) A paging technique
(c) A technique for overcoming external fragmentation
(d) More than one of the above
(e) None of the above

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (6-10)

Ans. (c): संघनन (Compaction) एक मेमोरी प्रबंधन तकनीक है जिसका उपयोग बाहरी विखंडन (External fragmentation) को दूर करने के लिए किया जाता है। इसमें आवंटित मेमोरी ब्लॉकों को इस तरह से स्थानांतरित किया जाता है कि सारी खाली मेमोरी को एक बड़े ब्लॉक में समेकित किया जा सके, जिससे बड़ी मेमोरी आवंटनों को आसानी से पूरा किया जा सके।

98. _____method is used to map logical addresses of variable length onto physical memory./_____ विधि का उपयोग भौतिक स्मृति पर चर लम्बाई के तार्किक पते को मैप करने के लिए किया जाता है।

(a) Paging (b) Overlays
(c) Segmentation
(d) More than one of the above
(e) None of the above

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (6-10)

Ans. (c): सेगमेंटेशन एक मेमोरी मैनेजमेंट तकनीक है जो वैरिएबल लंबाई के लॉजिकल एड्रेस को फिजिकल मेमोरी पर मैप करती है। प्रत्येक सेगमेंट की लंबाई अलग-अलग होती है, प्रत्येक सेगमेंट की लंबाई अलग अलग उपयुक्त होती है जहा प्रोग्राम के विभिन्न हिस्सों या विभिन्न प्रकार के डेटा के लिए अलग-अलग मात्रा में मेमोरी की आवश्यकता होती है।

99. _____ is used to shift processes so they are contiguous, and all free memory is in one block. _____ का उपयोग प्रक्रियाओं को स्थानान्तरित करने के लिए किया जाता है ताकि वे सन्निहित हों, और सभी मुक्त मेमोरी एक ब्लॉक में हों।

(a) Fragmentation
(b) Compaction
(c) External Fragmentation
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 1.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (b) : कंपैक्शन (Compaction) का उपयोग प्रक्रियाओं को स्थानान्तरित करने के लिए किया जाता है ताकि वे सन्निहित हों, और सभी फ्री मेमोरी एक ब्लॉक में हों। यह उपयोग किए जाने वाले मेमोरी खंडों का एक साथ रखने के लिए मेमोरी में रिक्त स्थान को कम करता है। यह मेमोरी प्रबंधन का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है जो मेमोरी के सही उपयोग और प्रदर्शन को सुनिश्चित करने में मदद करता है।

100. The operating system maintains a _____table that keeps track of how many frames have been allocated, how many are there and how many are available
ऑपरेटिंग सिस्टम एक _____ तालिका रखता है जो ट्रैक करता है कि कितने फ्रेम आवंटित किए गए हैं, कितने हैं और कितने उपलब्ध हैं।

(a) Frame
(b) Mapping
(c) Page
(d) More than one of the above
(e) None of the above

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (6-10)

Ans. (a): ऑपरेटिंग सिस्टम मेमोरी फ्रेम्स का ट्रैक रखने के लिए एक फ्रेम टेबल का उपयोग करता है। फ्रेम टेबल में यह रिकॉर्ड होता है कि कितने फ्रेंम आवंटित किए गए है; कितने उपयोग में है और कितने आवंटन के लिए उपलब्ध है। फ्रेम टेबल में प्रत्येक प्रविष्टि एक भौतिक मेमोरी फ्रेम के लिए होती है।

101. Which of the following is NOT a memory management technique used by operating systems?/निम्नलिखित में से कौन-सी ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा उपयोग की जाने वाली मेमोरी प्रबंधन तकनीक नहीं है?

(a) Paging/पेजिंग
(b) Segmentation/विभाजन
(c) Fragmentation/विखंडन
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (c) : फ्रेगमेंटेशन एक मेमोरी प्रबन्धन समस्या है,न कि एक तकनीक।

1. **पेजिंग**- यह एक मेमोरी प्रबन्धन तकनीक है जिसमें मेमोरी को छोटे-छोटे पेजों में विभाजित किया जाता है और ये पेज विभिन्न स्थानों पर स्थित हो सकते हैं इससे मेमोरी की अवसंरचना को प्रबन्धित करना आसान हो जाता है।
2. **Segmentation** - यह भी एक मेमोरी प्रबन्धन तकनीक है जिसमें मेमोरी को अलग-अलग सेगमेंटेशन में विभाजित किया जाता है, जैसे कि कोड, डेटा और स्टैक।

सेगमेंटेशन कोड और डेटा के विभिन्न प्रकारों को एक साथ रखने की सुविधा प्रदान करता है।
फ्रेगमेंटेशन एक तकनीक नहीं है बल्कि एक समस्या है जो पेजिंग और सेगमेंटेशन जैसे मेमोरी प्रबन्धन तकनीकों से सम्बन्धित हो सकती है।

102. वर्चुअल मेमोरी का आकार निर्भर करता है–

(a) एड्रेस लाइन्स पर (b) डाटाबेस पर
(c) डिस्क स्पेस पर (d) ये सभी

Ans : (a) कम्प्यूटर में वर्चुअल मेमोरी प्रोसेसर द्वारा तब जेनरेट की जाती है जब मुख्य मेमोरी का आकार प्रोसेसर की क्षमता से कम हो। वर्चुअल मेमोरी का आकार एड्रेस लाइन द्वारा निर्धारित होता है जैसे–32 एड्रेस लाइन 4 GB की वर्चुअल मेमोरी स्पेस को निर्धारित करता है परन्तु जहाँ डिस्क स्पेस मौजूद है, वहाँ उसकी जरूरत होती है।

103. Virtual memory is a.....
आभासीय मेमोरी है .....

(a) Volatile memory of unlimited capcity
असीमित क्षमता की वोलाटाइल मेमोरी
(b) Non-volatile memory of unlimited capacity
असीमित क्षमता की गैर वोलाटाइल मेमोरी
(c) A technique to execute smaller programs into larger memory/बड़े मेमोरी में छोटे प्रोग्राम को संपादित करने की तकनीक
(d) A technique to execute largest programs into smaller memory/छोटे मेमोरी में बड़े प्रोग्राम को संपादित करने की एक तकनीक

(RRB SSE (shift-II), 02.09.2015)

Ans : (d) वर्चुअल मेमोरी, ओएस का एक मेमोरी प्रबंधन क्षमता है, जो हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का उपयोग करता है तथा जिससे कम्प्यूटर को भौतिक मेमोरी की कमी के लिए RAM से डाटा स्थानांतरित किया जा सके।

104. ऑपरेटिंग सिस्टम की निम्नलिखित में से कौन सी प्रकार्यात्मकता, निष्पादन (execuction) अधीन विभिन्न प्रोग्रामों को मेमोरी स्पेस आवंटित करती है?

(a) सिक्योरिटी मैनेजमेंट (b) प्रोसेसर मैनेजमेंट
(c) मेमोरी मैंनेजमेंट (d) डिवाइस मैंनेजमेंट

UPPCL Executive Assistant 23-11-2022 Shift-II

Ans. (c) : मेमोरी मैनेजमेंट एक ऑपरेटिंग सिस्टम की कार्यक्षमता है जो प्राइमरी मेमोरी को मैनेज करता है और निष्पादन (Execution) अधीन विभिन्न प्रोग्रामों को मेमोरी स्पेस आवंटित करती है।

105. डेस्कटॉप और लैपटॉप ऑपरेटिंग सिस्टम को एम्बेडेड सिस्टम की तुलना में अधिक उन्नत मेमोरी प्रबंधन तकनीकों की आवश्यकता क्यों होती है।

(a) डेस्कटॉप और लैपटॉप ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए मेमोरी प्रबंधन आवश्यक नहीं है।
(b) वे सीमित हार्डवेयर संसाधनों के कारण स्टेटिक मेमोरी एलोकेशन पर निर्भर करते है।
(c) वे अधिक हार्डवेयर संसाधनों का उपयोग करते हैं और उन्हें डायनामिक मेमोरी एलोकेशन (Allocation) की आवश्यकता होती है।
(d) वे एक समय में केवल एक ही एप्लिकेशन रन करते हैं, जिससे मेमोरी प्रबंधन सरल हो जाता है।

SSC CGL Tier-II 20.01.2025 (Shift- I)

Ans. (c) : डेस्कटॉप और लैपटॉप ऑपरेटिंग सिस्टम को एम्बेडेड सिस्टम की तुलना में अधिक उन्नत मेमोरी प्रबंधन तकनीकों की आवश्यकता इसलिए होती है क्योंकि वे अधिक हार्डवेयर संसाधनों का उपयोग करते हैं और उन्हें डायनामिक मेमोरी एलोकेशन (Allocation) की आवश्यकता होती है।
डेस्कटॉप और लैपटॉप ऑपरेटिंग सिस्टम अक्सर कई एप्लिकेशनों को एक ही समय पर चलाते हैं, जिसे मल्टीटास्किंग कहा जाता है। इसके लिए बेहतर और कुशल मेमोरी प्रबंधन की आवश्यकता होती है ताकि सभी एप्लिकेशन और प्रक्रियाएं सुचारू रूप से चल सकें। डायनामिक मेमोरी एलोकेशन और डिमांड पेजिंग जैसी तकनीकें इन प्रणालियों में सामान्य होती है ताकि मेमोरी का कुशलतापूर्वक उपयोग किया जा सकें।

6. विभाजन, स्वैपिंग (Partitions, Swapping)

106. The primary goal of load control is to:
लोड कंट्रोल का मुख्य उद्देश्य है

(a) Prevent processes from running concurrently
प्रोसेसेस को एकसाथ चलने से रोकना
(b) Avoid context switching between processes
प्रोसेसेस के बीच कॉन्टेक्स्ट स्विचिंग से बचना
(c) Ensure that CPU time is evenly distributed among processes/CPU समय को प्रोसेसेस के बीच समान रूप से वितरित करना
(d) Maximize the usage of virtual memory
वर्चुअल मेमोरी के उपयोग को अधिकतम करना

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (c) : लोड कंट्रोल का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि CPU टाइम सभी प्रक्रियाओं (Processes) में समान रूप से वितरित हो ताकि कोई एक प्रोसेस ज्यादा रिसोर्स न लें और सिस्टम फेयरली काम करें।

107. The purpose of a page table in a paging system is to:/पेजिंग सिस्टम में पेज टेबल का उद्देश्य है:

(a) Store pages of memory
मेमोरी के पेजेस को स्टोर करना
(b) Manage input/output operations
इनपुट/आउटपुट ऑपरेशन्स का प्रबंधन करना

(c) Translate virtual addresses to physical addresses/वर्चुअल एड्रेस को फिजिकल एड्रेस में ट्रांसलेट करना
(d) Store program instructions
प्रोग्राम इंस्ट्रक्शन्स को स्टोर करना

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (c) : पेजिंग सिस्टम में पेज टेबल एक मैपिंग टूल है जो प्रोग्राम द्वारा यूज किए गए वर्चुअल एड्रेस को फिजिकल एड्रेस में बदलता है, ताकि डेटा सही लोकेशन पर एक्सेस हो सके।

108. In multiprogramming with fixed partitions, if a process requires more memory than is a available in a partition, it may lead to:
फिक्स्ड पार्टिशन के साथ मल्टीप्रोग्रामिंग में, यदि कोई प्रोसेस किसी पार्टिशन से अधिक मेमोरी मांगता है, तो यह किस समस्या को जन्म दे सकता है?

(a) Fragmentation/फ्रैगमेंटेशन
(b) Deadlock/डेडलॉक
(c) Priority inversion/प्रायोरिटी इनवर्जन
(d) Starvation/स्टारवेशन

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (a) : फिक्स्ड पार्टीशन में मेमोरी ब्लॉक्स का साइज निश्चित होता है। अगर प्रोसेस को जरूरत से कम मेमोरी मिलती है, तो मेमोरी का कुछ हिस्सा अनयूज्ड रह जाता है, जिसे फ्रैगमेंटेशन (Fragmentation) कहते है।

109. कौन-सी स्टोरेज आवंटन रणनीति कई प्रक्रियाओं को सन्निहित मेमोरी की आवश्यकता के बिना एक साथ स्मृति में निवास करने की अनुमति देता है-

(a) सबसे अच्छा फिट (b) सबसे खराब फिट
(c) पहले फिट (d) पेजिंग

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (d) : पेजिंग नामक स्टोरेज आवंटन रणनीति कई प्रतिक्रियाओं को सन्निहित किए बिना एक साथ मेमोरी मे रहने की अनुमति देती है। यह गुण मेमोरी (Ram) और सेकेंडरी स्टोरेज (जैसे हार्ड ड्राइव) के बीच डेटा को स्थानांतरित करने की एक विधि है।

110. What is a segment base in segmentation?
विभाजन में खंड आधार क्या है?

(a) The starting address of a segment in physical memory
भौतिक मेमोरी में किसी खंड का प्रारंभिक पता
(b) The starting address of a segment in virtual memory
वर्चुअल मेमोरी में एक सेगमेंट का प्रारंभिक पता
(c) The ending address of a segment in physical memory
भौतिक मेमोरी में किसी खंड का अंतिम पता
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (a) : सेगमेंटेशन में प्रत्येक सेगमेंट का एक बेस एड्रेस होता है जो निर्दिष्ट करता है कि भौतिक मेमोरी में सेगमेंट कहाँ से शुरु होता है। इस बेस एड्रेस का उपयोग सेगमेंट के भीतर किसी भी स्थान के भौतिक एड्रेस की गणना करने के लिए किया जाता है।

111. What causes thrashing to occur?
Thrashing किस कारण से होती है?

(a) Excessive paging activity/अत्यधिक पेजिंग गतिविधि
(b) Insufficient disk space/अपर्याप्त डिस्क स्थान
(c) Hardware failures/हार्डवेयर विफलता
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (a) : थ्रैशिंग होने का मुख्य कारण अत्यधिक पेजिंग गतिविधि है। थ्रोशिंग तब होता है जब ऑपरेटिंग सिस्टम अधिक समय पेजिंग में व्यतीत करता है और बहुत बार पेजों को स्वैप करता है, जिससे सिस्टम की प्रदर्शन क्षमता कम हो जाती है।

112. What is a page in paging?
पेजिंग में पेज क्या है?

(a) A fixed-size block of virtual memory
वर्चुअल मेमोरी का एक निश्चित आकार का ब्लॉक
(b) A fixed-size block of physical memory
भौतिक मेमोरी का एक निश्चित आकार का ब्लॉक
(c) A type of memory allocation
मेमोरी आवंटन का एक प्रकार
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above
उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (a) : पेजिंग एक मेमोरी मैनेजमेंट तकनीक है जिसका उपयोग वर्चुअल मेमोरी को भौतिक मेमोरी के छोटे-छोटे ब्लॉक्स में विभाजित करने के लिए किया जाता है। इसमें वर्चुअल मेमोरी के समान आकार के पेजेज में बांटा जाता है और भौतिक मेमोरी को फ्रेम्स में विभाजित किया जाता है।

7. फाइल और इनपुट आउटपुट सबसिस्टम का संगठन (Organization of File and I/O Subsystems)

113. The need for a command interpreter arises because/एक कमांड दुभाषिया की आवश्यकता उत्पन्न होती है क्योंकि-

(a) हार्डवेयर सीधे कार्यक्रमों को निष्पादित नहीं कर सकता है।
(b) सभी प्रोग्रामिंग भाषाओं को एक दुभाषिया की आवश्यकता होती है।
(c) सॉफ्टवेयर हार्डवेयर पर नहीं चल सकता है।
(d) उपयोगकर्ता GUI का उपयोग करने पर कमांड टाइप करना पसंद करते है।

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (a) : हार्डवेयर सीधे कार्यक्रमों को निष्पादित नहीं कर सकता है।

114. फाइल संगठन विधि; जो भौतिक ब्लॉक पते के लिए तार्किक पतों को मैप करने के लिए एक तालिका का उपयोग करती है, के रूप में जाना जाता है-

(a) सन्निहित आवंटन (b) लिंक्ड आवंटन
(c) अनुक्रमित आवंटन (d) चर आवंटन

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (c) : अनुक्रमित आवंटन में प्रत्येक फाइल के लिए एक इंडेक्स ब्लाक में फाइल के सभी भौतिक ब्लाक के पते होते है। जब फाइल को एक्सेस किया जाता है तो आपरेटिंग सिस्टम इंडेक्स ब्लॉक को पढ़ता है और फिर फाइल के भौतिक ब्लॉक तक पहुंचाता है।

115. The term "NTFS" refers to which one of the following?
'NTFS' का पूर्ण रूप क्या है?

(a) New Technology File System
न्यू टेक्नोलॉजी फाइल सिस्टम
(b) New Tree File System
न्यू ट्री फाइल सिस्टम
(c) New Table type File System
न्यू टेबल टाइप फाइल सिस्टम
(d) Both A and C/ उपरोक्त में से दोनों A और C

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (a) : NTFS (New Technology File System) विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम में उपयोग होने वाली एक फाइल सिस्टम है जो सुरक्षा, विश्वसनीयता और बड़े फाइल सपोर्ट के लिए जानी जाती है।

116. The I/O subsystem in an operating system is responsible for:
ऑपरेटिंग सिस्टम में I/O सबसिस्टम का कार्य है:

(a) Allocating memory for processes
प्रोसेसेस के लिए मेमोरी अलॉट करना
(b) Managing the file system
फाइल सिस्टम का प्रबंधन करना
(c) Managing input/output operations between processes and input/output devices
प्रोसेसेस और इनपुट/आउटपुट डिवाइसेस के बीच इनपुट/आउटपुट ऑपरेशन्स को प्रबंधित करना
(d) Allocating CPU time to process
प्रोसेसेस को CPU समय आवंटित करना

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (c) : ऑपरेटिंग सिस्टम में इनपुट/आउटपुट सबसिस्टम का काम प्रोसेस और डिवाइस (जैसे की बोर्ड,माउस, प्रिंटर) के बीच डेटा ट्रांसफर को मैनेज करना होता है। यह मेमोरी या CPU टाइम मैनेजमेंट से अलग होता है।

117. File manipulation operations in an operating system include:/ऑपरेटिंग सिस्टम में फाइल मैनिपुलेशन ऑपरेशन्स में क्या शामिल है?

(a) Allocating memory to files
फाइल्स को मेमोरी अलॉट करना
(b) Assigning file names to processes
फाइल नामों को प्रोसेसेस को असाइन करना
(c) Loading files into CPU registers
फाइल्स को CPU रजिस्टर में लोड करना
(d) Reading writing, and modifying file content
फाइल कंटेंट को पढ़ना, लिखना और संशोधित करना

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (d) : फाइल मैनिपुलेशन ऑपरेशन में फाइल्स को खोलना, बंद करना, पढ़ना, लिखना, उनकी सामग्री को अपडेट करना, और उन्हें डिलीट करना जैसे कार्य शामिल होते हैं। ये ऑपरेशन यूजर या प्रोग्राम को फाइल्स के साथ इंटरैक्ट करने की अनुमति देते है।

118. A formal model of protection in an operating system provides:
ऑपरेटिंग सिस्टम में सुरक्षा का एक औपचारिक मॉडल प्रदान करता है:

(a) A mathematical framework for analyzing resource allocation/संसाधन आवंटन के विश्लेषण के लिए एक गणितीय ढांचा
(b) Guidelines for designing user interfaces
यूज़र इंटरफेस डिज़ाइन के लिए दिशानिर्देश
(c) Methods for optimizing memory management
मेमोरी प्रबंधन को ऑप्टिमाइज़ करने के तरीके
(d) Techniques for improving CPU utilization
CPU उपयोगिता सुधारने की तकनीकें

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (a) : संसाधन आवंटन का विश्लेषण करने के लिए एक गणितीय ढ़ांचा मॉडल ऑपरेटिंग सिस्टम में संसाधनों (जैसे फाइल्स, मेमारी) की सुरक्षा और एक्सेस नियंत्रण को गणितीय रूप से परिभाषित करता है, ताकि उनका विश्लेषण और सत्यापन किया जा सके।

119. Which of the following is NOT a type of interrupt?
निम्नलिखित में से कौन-सा इंटरप्ट का प्रकार नहीं है?

(a) Hardware interrupt/हार्डवेयर इंटरप्ट
(b) Memory interrupt/मेमोरी इंटरप्ट
(c) Software interrupt/सॉफ्टवेयर इंटरप्ट
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (b) : हार्डवेयर इंटरप्ट और सॉफ्टवेयर इंटरप्ट दोनों ही इंटरप्ट के प्रकार होते है जबकि मेमोरी इंटरप्ट, इंटरप्ट का प्रकार नहीं है।

120. Which of the following is a common file operation?
निम्नलिखित में से कौन-सा एक सामान्य फाइल ऑपरेशन है?

(a) Create/बनाएँ
(b) Delete/हटाएँ
(c) Rename/नाम बदलना
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (d): सामान्य फाइल ऑपरेशन निम्न है।
1. Create- नई फाइल बनाना
2. Read- फाइल की सामग्री को पढ़ना
3. Write- फाइल में डेटा जोड़ना या बदलना
4. Rename- फाइल का नाम बदलना
5. Remove- फाइल को पूरी तरह से हटा देना

121. Which of the following is a file system commonly used in operating systems?
निम्नलिखित में से कौन-सा फाइल सिस्टम सामान्यतः ऑपरेटिंग सिस्टम में उपयोग किया जाता है?
(a) NTFS
(b) FAT32
(c) HFS+
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (d) : दिये गये सभी फाइल सिस्टम ऑपरेटिंग सिस्टम में सामान्यतः उपयोग किए जाते है।
NTFS- यह Windows ऑपरेटिंग सिस्टम में उपयोग किया जाता है।
HFS+ - यह MacOS ऑपरेटिंग सिस्टम में उपयोग किया जाता है।
FAT32 - यह विभिन्न ऑपरेटिंग सिस्टम में उपयोग किया जाता है, खासकर पुराने सिस्टम में या जब इंटर ऑपरेबिलिटी की आवश्यकता होती है।
इसलिए विकल्प (d) सही होगा।

122. .....involves traversing the entire file system, marking everything that can be accessed.
निम्नलिखित में से किसमें, जो भी फाइल/फोल्डर एक्सेस किया जा सकता है उसे मार्क करते हुए, पूरे फाइल सिस्टम से गुजरना पड़ता है?
(a) Index pointer/इंडेक्स पॉइंटर
(b) Garbage collection/कचरा एकत्रिकरण
(c) File system/फाइल सिस्टम
(d) Stack pointer/स्टैक पॉइंटर

(SSC CGL (TIER-1) 04-09-2016, 4.15 pm)

Ans : (b) किसी भी फाइल/फोल्डर जिसे एक्सेस किया जाता है, उसे मार्क करते हुए पूरे फाइल सिस्टम से गुजरने की प्रक्रिया कचरा प्रबंधन (Garbage Collection) कहलाती है। कचरा एकत्रीकरण स्वचालित स्मृति प्रबंधन का एक प्रकार है। यह उस स्मृति को पुनः प्राप्त करने का प्रयास करता है जिसे प्रोग्राम द्वारा आवंटित किया गया था, लेकिन अब इसे संदर्भित नहीं किया जाता है - जिसे कचरा भी कहते है।

123. .....refers to the process of rearranging the files on disk so that all datas are adjoined.
.....,डिस्क पर फाइलों को पुनर्व्यवस्थित करने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है ताकि सभी डेटा संलग्न हो जाएं।
(a) Defragmentation/डिफ्रैग्मेन्टेशन
(b) Disksorting/डिस्कसॉर्टिंग
(c) Diskfiltering/डिस्कफ़िल्टरिंग
(d) Deserialization/डिसीरिअलाइज़ेशन

UPASI 05.12.2021 Shift-I

Ans. (a) : डिफ्रैग्मेन्टेशन एक ऐसी प्रक्रिया है, जो विखंडन (fragmentation) की डिग्री को कम करती है। यह फाइलों को स्टोर करने के लिए उपयोग किए जाने वाले मास स्टोरेज डिवाइस की सामग्री को कम से कम निकटवर्ती क्षेत्रों में भौतिक रूप से व्यवस्थित करके करता है।

124. Which of the following software rearranges files so that all parts of the files are next to each other?
निम्नलिखित में से कौन-सा सॉफ्टवेयर, फाइलों को पुनर्व्यवस्थित, करता है ताकि फाइलों के सभी भाग एक-दूसरे के बगल में हों?
(a) Adobe Acrobat/एडोब एक्रोबैट
(b) Disk Cleanup/डिस्क क्लीनअप
(c) Disk defragmenter/डिस्क डीफ्रेगमेंटर
(d) Skype/स्काइप

UPPCL TG-2 9/11/2023 (Shift-I)

Ans. (c) : जब यूजर अपने कम्प्यूटर सिस्टम में कुछ एप्लिकेशन्स इंस्टॉल करता है या बड़ी संख्या में फाइलें हटाता (Delete) है तो इसे डिस्क फ्रेग्मेंटेशन कहते हैं। इसी के कारण फाइलें डिस्क के विभिन्न भागों में बिखर जाती है और कई टुकड़ों (Parts) में बँट जाती है। जिससे मेमोरी के कुछ स्पेस (Space) अनुपयोगी (Unused/unutilized) हो जाती है। इस समस्या से बचने हेतु यूजर डिस्क डीफ्रेग्मेंटेशन का उपयोग करता है जो डिस्क पर फाइलों को सन्निहित स्थानों पर पुनर्व्यवस्थित (Rearrange) करने में मदद करता है और डिस्क के अनुपयोगी स्पेस को बचाकर डिस्क के प्रदर्शन में सुधार करता है।

125. What is the distinctive feature of the FAT32 file system as compared to NTFS?
NTFS की तुलना में FAT32 फाइल सिस्टम की विशिष्ट विशेषता क्या है?
(a) Better compatibility with older systems
पुराने सिस्टम के साथ बेहतर अनुकूलता (कम्पेटिबिलिटी)
(b) Built-in compression capability
अंतर्निहित कंप्रेशन केपेबिलिटी (संपीडन क्षमता)
(c) Higher secuirty features
अधिक सुरक्षात्मक गुण
(d) Larger file size support
बड़े फाइल आकार का समर्थन
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

UPSSSC Homeopathic Pharmacist 02.02.2025

Ans. (a): FAT32 एक पुराना फाइल सिस्टम है, जो विंडोज 95, 98, XP, मैक, लिनक्स और अन्य डिवाइस (जैसे-USB ड्राइव, मेमोरी कार्ड) के साथ अधिक अनुकूलता (कम्पेटिबिलिटी) प्रदान करता है। NTFS की तुलना में इसमें फाइल सिक्योरिटी, संपीडन क्षमता और बड़ी फाइलों का समर्थन सीमित होता है।

06.

डेटाबेस प्रबंधन सिस्टम
(Database Management System)

1. डेटाबेस का परिचय (Introduction to Database)

1. निम्नलिखित में से कौन-सा "डेटा के बारे में डेटा" को संदर्भित करता है?

(a) निर्देशिका (b) मेटा डेटा
(c) उप डेटा (d) गोदाम

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (b) : मेटा डेटा का अर्थ होता है "डेटा के बारे में डेटा" अर्थात ऐसा डेटा जो किसी अन्य डेटा की जानकारी देता है।
किसी फाइल का मेटा डेटा हो सकता है जैसे कि फाइल का नाम, आकार, निर्माण तिथि तथा फाइल का प्रकार।

2. ..... डेटा के संगठित संग्रह हैं जो उन्हें एक्सेस और प्रबंधित करना आसान बनाते है।

(a) डेटाटाइप (b) डेटाबेस
(c) डेटा (d) प्रणाली

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (b) : डेटाबेस एक डेटा के संगठित संग्रह (Organized Collection of Data) को कहा जाता है, जिससे डेटा को आसानी से एक्सेस, प्रबंधित (Manage) और अद्यतन (Update) किया जा सकता है।

3. RDBMS में क्या शामिल है?

(a) अभिलेखों का संग्रह (b) कुंजियों का संग्रह
(c) तालिकाओं का संग्रह (d) क्षेत्रों का संग्रह

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (c) : RDBMS (Relational Database Management System) एक ऐसा डेटाबेस प्रबंधन तंत्र है जो तालिकाओं (Tables) के रूप में डेटा को संग्रहीत करता है। प्रत्येक तालिका में पंक्तियाँ (Records) और स्तंभ (Fields) होते है। तालिकाओं के बीच संबंध (Relations) कुंजियों (keys) के माध्यम से बनाए जाते है।

4. एक संबंध की पंक्तियों को.....के रूप में जाना जाता है-

(a) डिग्री (b) ट्यूपल्स
(c) इकाई (d) ये सभी

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (b) : ट्यूपल्स– रिलेशनल डेटाबेस में, एक तालिका (Table) की पंक्तियों (Rows) को ट्यूपल्स (Tuples) कहा जाता है। प्रत्येक ट्यूपल किसी विशेष एंट्री (Record) या डेटा की एक इकाई का प्रतिनिधित्व करता है।

5. डेटा बेस को अंतिम प्रतिबद्ध स्थिति में पुर्नस्थापित करने के लिए निम्नलिखित में से किस एक कमांड का उपयोग किया जाता है?

(a) सेवपॉइंट
(b) रोलबैक
(c) प्रतिबद्ध
(d) "सेवपॉइंट" और "रोलबैक" दोनों

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (b) : रोलबैक– रोलबैक कमांड का उपयोग डेटाबेस को उसके अंतिम प्रतिबद्ध स्थिति में पुनःस्थापित करने के लिए किया जाता है, जिससे पिछले कमिट के बाद किए गए सभी बदलावों को पूर्ववत किया जा सके।

Ans, (b): Simplex एक ऐसा तरीका है जिसमें डेटा केवल एक दिशा में चलता है, Half-duplex में डेटा दोनों दिशाओं में जा सकता है लेकिन एक समय में एक दिशा में, Full-duplex में डेटा दोनों दिशाओं में एक साथ चलता है, जबकि Multiplex डेटा एक्सचेंज का तरीका नहीं बल्कि एक तकनीक है, जिससे एक साथ कई डेटा सिग्नल एक ही लाइन पर भेजे जा सकते हैं, इसलिए सही उत्तर Multiplex है।

22. What does the port number in a TCP connection specify?
TCP कनेक्शन में, पोर्ट नंबर क्या निर्दिष्ट करता है?

(a) It specifies the communication process on the two-and systems
(b) It specifies the quality of the data & connection
(c) It specifies the size of data
(d) All of these./इनमें से सभी

Bihar STET C.S. 2020

Ans, (a) : TCP कनेक्शन में, पोर्ट नम्बर का उपयोग यह निर्धारित करने के लिए किया जाता है कि किसी दिये गये सिस्टम पर कौन-सी सेवा या एप्लीकेशन डेटा को भेज रही है या प्राप्त कर रही है।

उदाहरण–

- पोर्ट 80 = HTTP (वेब ब्राउजिंग)
- पोर्ट 443 = HTTPS (सिक्योर वेब)
- पोर्ट 25 = SMTP (ईमेल भेजना)

इसका मतलब– पोर्ट नंबर यह निर्दिष्ट करता है कि दो एंड सिस्टम जैसे (क्लाइंट और सर्वर) के बीच संचार किस एप्लीकेशन के लिए हो रहा है।

23. TCP/IP is a.....
टी सी पी/आई पी एक .....है।

(a) Web Browser (b) System Software
(c) Application Software (d) Protocol

Bihar STET C.S. 18.09.2020 (Shift-I)

Ans, (d) : TCP/IP (Transmission Control Protocol/Internet Protocol) एक नेटवर्क प्रोटोकॉल है, जो इंटरनेट और अन्य नेटवर्कों में डेटा भेजने और प्राप्त करने के नियम निर्धारित करता है। TCP/IP प्रोटोकॉल सूट में TCP यह सुनिश्चित करता है कि डेटा सुरक्षित रूप से और सही क्रम में पहुँचे IP डेटा को सही पते तक पहुंचाने का कार्य करता है।

24. Ethernet is a standard for
Ethernet का स्टेण्र्ड है।

(a) HDD (b) CDs
(c) USB (d) NIC

Bihar STET C.S. 18.09.2020 (Shift-I)

Ans, (d) : Ethernet एक नेटवर्किंग मानक (Standard) है जो कम्प्यूटर और अन्य डिवाइसों को Local Area Network (LAN) में जोड़ने के लिए उपयोग होता है। यह मानक IEEE802.3 के नाम से जाना जाता है। जब कोई डिवाइस नेटवर्क से जुड़ता है, तो वह NIC (Network Interface Card) के माध्यम से जुड़ता है। Ethernet यही निर्धारित करता है कि NIC के माध्यम से डाटा कैसे भेजा और प्राप्त किया जाए।

25. Protocol used for the working with the internet?
इन्टरनेट के साथ उपयोग होने वाला प्रोटोकॉल है?

(a) CPU
(b) Magnetic tapes and disks
(c) Video terminal
(d) None of these

Bihar STET C.S. 18.09.2020 (Shift-I)

Ans, (d) : C.P.U एक हार्डवेयर है जो सभी प्रकार की गणनाएँ और प्रोसेसिंग करता है।
मैग्नेटिक टेप और डिस्क डेटा को स्टोर करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पुरानी स्टोरेज डिवाइसेस है।
वीडियो टर्मिनल एक आउटपुट डिवाइस है जो यूजर को कम्प्यूटर की स्क्रीन पर डेटा दिखाती है। अतः विकल्प D होगा उपरोक्त में से कोई नही।

26. Network of networks is called?
नेटवर्क का नेटवर्क कहलाता है?

(a) INTERANET
(b) INTERNET
(c) NETWORKING
(d) COMMUNICATION

Bihar STET C.S. 18.09.2020 (Shift-I)

Ans, (b) : इंटरनेट को सबसे मूल रुप में "नेटवर्क्स का नेटवर्क" कहा जाता है। यह दुनिया भर के कंप्यूटर नेटवर्कों का एक साथ जुड़ाव है, जिससे एक सिंगल इकाई बनाता है यह कोई एक बड़ा कंप्यूटर नहीं, बल्कि एक दूसरे से जुड़े हुए कई नेटवर्क कंप्यूटरों का समूह है।

27. Internet access by transmitting digital data over the wires of a local telephone network is provided by
एक स्थानीय टेलीफोन नेटवर्क के तारों पर डिजिटल डेटा संचारित करके इंटरनेट का उपयोग द्वारा प्रदान किया जाता है

(a) Leased line
(b) Digital subscriber line
(c) Digital signal line
(d) None of the mentioned

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (b): स्थानीय टेलीफोन नेटवर्क की तारों के माध्यम से डिजिटल डेटा को संचारित करके जो इंटरनेट सेवा दी जाती है, उसे DSL (Digital Subscriber Line) कहा जाता है। यह एक सामान्य टेलीफोन लाइन का उपयोग करके उच्च गति से इंटरनेट प्रदान करता है।

28. ISP exchanges internet traffic between their networks by
ISP अपने नेटवर्कों के बीच इंटरनेट ट्रैफिक का आदान-प्रदान करता है

(a) Internet exchange point
(b) Subscriber end point
(c) ISP end point
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (a): जब अलग-अलग Internet Service Provider (ISPs) अपने नेटवर्क्स के बीच इंटरनेट ट्रैफिक का आदान-प्रदान करते हैं, तो यह कार्य Internet Exchange Point (IXP) के माध्यम से होता है। यह एक भौतिक स्थान होता है जहाँ ISPs आपस में डेटा ट्रैफिक साझा करते हैं ताकि इंटरनेट की गति बेहतर हो और लागत कम हो।

29. IPv6 address has a size of
IPv6 address का आकार है

(a) 32 bits/32 बिट (b) 64 bits/64 बिट
(c) 128 bits/128 बिट (d) 265 bits/265 बिट

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (c) : IPv4 एड्रेस का आकार होता है 32 बिट,
जैसे- 192:168:1:1
जबकि IPv6 एड्रेस का आकार 128 बिट होता है।
जैसे- 2001.0db8.85a3.0000.0000.8a2e.0370.7334

30. …… is a combination of hardware and software that facilitates the sharing of information between computing devices.
..... हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का एक संयोजन है जो कंप्यूटिंग डिवाइसों के बीच सूचना के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करता है।

(a) Network (b) Peripheral
(c) Expansion board (d) Digital device

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (a) : Network (नेटवर्क) हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का ऐसा संयोजन होता है, जो दो या अधिक कंप्यूटिंग डिवाइसों (जैसी कंप्यूटर, मोबाइल, प्रिंटर आदि) के बीच सूचना (Information) के आदान-प्रदान (Communication) को सम्भव बनाता है।

31. Two devices are in network if
दो डिवाइस नेटवर्क में है, अगर

(a) A process in one device is able to exchange
एक प्रक्रिया में एक डिवाइस एक्सचेंज कर सकती है
(b) A process is running on both devices
दोनों डिवाइसों में एक प्रक्रिया रन कर रहे हैं
(c) PIDs of the processes running on different devices are same/विभिन्न डिवाइसों में चलने वाली प्रक्रियाओं के PID एक ही है
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (a) : दो डिवाइसेज तभी नेटवर्क में माने जाते हैं, जब वे एक-दूसरे के साथ डेटा या संसाधन का आदान-प्रदान (Exchange) कर सकते है।

• डेटा का आदान-प्रदान (Communication) ही नेटवर्किंग का बुनियादी पहचान है।

32. Which one of the following computer networks is built on the top of another network?
निम्नलिखित में से कौन सा कंप्यूटर नेटवर्क किसी अन्य नेटवर्क के शीर्ष पर बनाया गया है?

(a) Prior network (b) Chief network
(c) Prime network (d) Overlay network

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (d) : Overlay Network एक ऐसा नेटवर्क होता है, जो किसी मौजूदा (Existing) नेटवर्क के ऊपर (Top) बनाया जाता है। यह वर्चुअल नेटवर्क होता है जो Underlying Physical नेटवर्क की संरचना को उपयोग करता है लेकिन उससे अलग Logical Connections बनाता है।

33. In computer network nodes are
कंप्यूटर नेटवर्क में Nodes है

(a) The computer that originates the data
(b) The computer that routes the data
(c) The computer that terminates the data
(d) All of these/इनमें से सभी

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (d) : Node नेटवर्क का कोई भी ऐसा उपकरण (Device) होता है। जो डेटा भेज सकता है, प्राप्त कर सकता है या उसे मार्गित (Route) कर सकता है-

• The computer that originates the data- सोर्स नोड (Source Node)
• The computer that routes the data - राउटर/स्विच आदि (Inter Mediate Node)
• The computer that terminates the data- गंतव्य (Destination Node).

34. Communication channel is shared by all the machines on the network in
संचार चैनल नेटवर्क पर सभी मशीलों द्वारा साझा किया जाता है

(a) Broadcast network/Broadcast network में
(b) Unicast network/Unicast network में
(c) Multicast network/Multicast network में
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (a) : Broad Cast Network– ऐसा नेटवर्क होता है जिसमें एक ही संचार चैनल (Communication Channel) सभी मशीनों द्वारा साझा किया जाता है।

• जब कोई मशीन डेटा भेजती है, तो वह संदेश सभी नेटवर्क डिवाइसेज तक पहुँचता है, लेकिन केवल इच्छित रिसीवर ही उसे स्वीकार करता है।

35. …… is a device that forwards packets between networks by processing the routing information included in the packet.
..... एक उपकरण है जो Packets में Routing जानकारी को Processing करके नेटवर्क के बीच Packets को Forward करता है।

(a) Bridge
(b) Firewall
(c) Router
(d) All of these/इनमें से सभी

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (c): Router एक नेटवर्क डिवाइस है जो डेटा पैकेट्स में मौजूद Routing जानकारी को प्रोसेस करता है और यह तय करता है कि पैकेट को किस रास्ते से अगली मंजिल (Destination) तक भेजा जाए।

- यह विभिन्न नेटवर्कों को आपस में जोड़ने और डेटा को सबसे कुशल मार्ग से भेजने का कार्य करती है।

36. Which of the following is not a network edge device?
निम्न में से कौन एक नेटवर्क एज डिवाइस नहीं है?

(a) PC (b) Smartphones
(c) Servers (d) Switch

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (d) : Network Edge Devices वे डिवाइस होते हैं जो नेटवर्क के 'एज' यानी किनारे पर स्थित होते हैं और प्रत्यक्ष रूप से उपयोगकर्ताओं के साथ इंटरैक्ट करते हैं। ये डिवाइस डेटा को जनरेट रिसीव या प्रोसेस करते है।

Example– PC, Smartphones, Servers, etc.

- Switch एक नेटवर्क इंटरनल (Network Internal) device है, जो नेटवर्क के भीतर डेटा ट्रैफिक को फॉरवर्ड करता है।

37. Which transmission media has the highest transmission speed in a network?
किस Transmission मीडिया के एक नेटवर्क में सबसे अधिक transmission speed है?

(a) Coaxial cable (b) Twisted pair cable
(c) Optical fiber (d) Electrical cable

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (c) : Optical Fiber केबल्स में डेटा को प्रकाश (Light) के रूप में ट्रांसमिट किया जाता है, जिससे यह अन्य सभी ट्रांसमिशन मीडिया की तुलना में बहुत अधिक स्पीड प्रदान करता है।

38. Communication between a computer and a keyboard involves_____ transmission.
कंप्यूटर और कीबोर्ड के बीच संचार में_____ ट्रांसमिशन शामिल होता है।

(a) Simplex
(b) Half-dulpex
(c) Full-duplex
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam 2024 (6-10)
BPSC TRE 2.0 Exam 2024 (9-10)
Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans.(a): सिम्प्लेक्स ट्रांसमिशन एक प्रकार का ट्रांसमिशन मोड है। इसमें डेटा को केवल एक ही दिशा के माध्यम से भेजा जा सकता है। अर्थात् संचार यूनिडायरेक्शनल होता है।

39. Real time streaming protocol is used____
वास्तविक समय स्ट्रीमिंग प्रोटोकॉल का उपयोग किया जाता है_____

(a) To control streaming media servers
(b) For establishing and controlling media sessions between endpoints
(c) To provide real time control of playback of media files from the server
(d) More than one of the above
(e) None of the above

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (6-10)

Ans. (b) RTSP (Real - Time Streaming Protocol) निम्नलिखित कार्यों के लिए उपयोग किया जाता है-

- RTSP मीडिया सर्वर को नियंत्रित करने का तरीका प्रदान करता है।
- RTSP क्लाइंट्स और सर्वर्स के बीच सत्र सेटअप और प्रबंधन में मदद करता है।
- RTSP प्लेबैक को वास्तविक समय में नियंत्रित करने की सुविधा देता है, जैस कि प्ले, पॉज, रिवाइंड और फॉरवर्ड।

40. The expansion for MIDI is
MIDI के लिए विस्तार है

(a) Musical Instrument Digital Interface
(b) Musical Instrument Data Interface
(c) Musical Instructions Digital Interface
(d) More than one of the above
(e) None of the above

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (6-10)

Ans.(a) MIDI का मतलब है 'Musical Instrument Digital Interface' यह एक मानक प्रोटोकॉल है जिसका उपयोग इलेक्ट्रानिक संगीत उपकरणों, कंप्यूटरों और अन्य संबंधित डिवाइसों को जोड़ने और नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।

41. Which type of network shares the communication channel among all the machines?/किस प्रकार का नेटवर्क सभी मशीनों के बीच संचार चैनल साझा करता है?

(a) Broadcast network
(b) Multicast network
(c) Unicast network
(d) More than one of the above
(e) None of the above

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (6-10)

Ans.(a) ब्राडकॉस्ट नेटवर्क में, सूचना एक नेटवर्क के सभी स्टेशनों को भेजी जाती है जबकि मल्टीकॉस्ट नेटवर्क में डेटा या सूचना नेटवर्क में स्टेशनों के एक समूह को भेजी जाती है यूनिकॉस्ट नेटवर्क में सूचना केवल विशिष्ट स्टेशन को भेजी जाती है। नेटवर्क का ब्रांडकॉस्ट ऐड्रेस नेटवर्क का अंतिम निर्दिष्ट ऐड्रेस है।

42. Which of the following networks extends a private network across public networks?
निम्नलिखित में से कौन-सा नेटवर्क सार्वजनिक नेटवर्क में एक निजी नेटवर्क का विस्तार करता है?

(a) Virtual private network
(b) Local area network
(c) Enterprise private network
(d) More than one of the above
(e) None of the above

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (6-10)

Ans.(a) एक वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (VPN) एक सार्वजनिक नेटवर्क में एक निजी नेटवर्क का विस्तार करता है, और यूजर्स को साझा या सार्वजनिक नेटवर्क पर डेटा भेजने और प्राप्त करने में समझ बनाता है जैसे कि उनके कंप्यूटिंग डिवाइस सीधे निजी नेटवर्क से जुड़े हुए हों।

43. Which network topology requires a central controller or hub?
किस नेटवर्क टोपोलॉजी के लिए, केन्द्रीय नियन्त्रक या हब की आवश्यकता होती है?

(a) Star/स्टार
(b) Mesh/मेश
(c) Ring/रिंग
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 1.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (a) : स्टॉर टोपोलॉजी एक नेटवर्क टोपोलॉजी का प्रकार होता है जिसमें कई डिवाइस या कम्प्यूटर जुड़े होते है। इस टोपोलॉजी में सभी डिवाइस सीधे हब या स्विच से जुड़े होते हैं और हब या स्विच का उपयोग डेटा पैकेट्स को डिवाइसों के बीच प्रेषित करने के लिए किया जाता है। जबकि मेश और रिंग टोपोलॉजी में हब की आश्यकता नहीं होती है।

44. The topology with highest reliability is
उच्चतम विश्वसनीयता वाली टोपीलॉजी है

(a) Star/स्टार
(b) Ring/रिंग
(c) Mesh/जाल
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 2.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (c): मेश एक उच्चतम विश्वसनीयता वाली टोपोलॉजी है। यह एक नेटवर्क टोपोलाजी है जिसमें प्रत्येक नोड का अन्य सभी नोड्स के साथ सीधे कनेक्ट किया जाता है। इस टोपोलॉजी में प्रत्येक नोड के लिए एक स्वतंत्र नेटवर्क पथ होता है, जिससे नोड्स एक दूसरे से सीधे संवाद कर सकते है। इस तरह की टोपोलोजी विशेष रूप से विशाल नेटवर्क्स में उपयोग की जाती है, जहाँ बड़े संख्या में नोड्स होते है अधिकतम उपलब्धता और नेटवर्क प्रदर्शक की आवश्यकता होती है।

45. A _____ topology uses a single connection to connect all devices together.
_____ टोपोलॉजी, एक ही जोड़ (कनेक्शन) का प्रयोग सभी युक्तियों (Devices) को एक साथ जोड़ने के लिए करता है।

(a) Bus/बस
(b) Star/स्टार
(c) Ring/रिंग
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 2.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (a): बस टोपीलॉजी, एक ही कनेक्शन का प्रयोग सभी डिवाइसेस को एक साथ जोड़ने के लिए करता है।

46. What is the name given to the act of gaining illegal entry to computer files through remote terminals or microcomputers?
दूरस्थ टर्मिनलों या माइक्रोकम्प्यूटरों के माध्यम से कम्प्यूटर फाइलों में अवैध प्रवेश प्राप्त करने के कार्य को क्या नाम दिया गया है?

(a) Hacking/हैकिंग
(b) Decoding/डिकोडिंग
(c) Beating the system/सिस्टम को मात देना
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 2.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (a): दूरस्थ टर्मिनलों या माइको कम्प्यूटरों के माध्यम से कम्प्यूटर फाइलों में अवैध प्रवेश प्राप्त करने के कार्य को हैकिंग कहा जाता है। हैकिंग एक अवैध गतिविधि है जो किसी अन्य के सिस्टम में अनाधिकृत एक्सेस करने का प्रयास करती है।

47. A computer virus is a software program which has the essential ability to
कम्प्यूटर वायरस एक सॉफ्टवेयर प्रोग्राम है, जिसमें आवश्यक क्षमता होती है

(a) Damage data/डेटा की क्षति करने की
(b) Damage program/प्रोग्राम की क्षति करने की
(c) Clone itself/स्वयं का क्लोन बनाने की
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 2.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (d): कम्प्यूटर वायरस एक सॉफ्टवेयर प्रोग्राम है जो डेटा को क्षति पहुचता है, स्वयं का क्लोन बना सकता है और प्रोग्राम की क्षति करता है।

48. In TDM, slots are further divided into:
टीडीएम में, स्लॉट को____में विभाजित किया गया है।

(a) Frames
(b) Packets
(c) Bits
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 2.0 Exam 2024 (9-10)

Ans.(a): टीडीएम में स्लॉट को फ्रेम्स में विभाजित किया जा सकता है। टीडीएम टाइम डिवीजन मल्टीप्लेक्सिंग का संक्षिप्त रूप है। यह कई निम्न दर चैनलों को एक उच्च दर चैनल में संयोजित करने की तकनीक है। एक निश्चित समय स्लॉट के लिए कई चैनल अधिकतम बैंडविड्थ का उपयोग कर सकते हैं।

49. Which of the following is a technique that marks the beginning of computer communications?

निम्नलिखित में से कौन-सी तकनीक कम्प्यूटर संचार की शुरूआत को चिह्नित करती है?

(a) User Environment/उपयोगकर्ता पर्यावरण
(b) Batch Environment/बैच पर्यावरण
(c) Time Sharing/समय साझाकरण
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 1.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (c) : टाइम शेयरिंग एक प्रक्रिया है जिसमें कई यूजर्स एक ही कम्प्यूटर सिस्टम या नेटवर्क को साझा रूप में उपयोग करते है, जिससे समय और संसाधनों का साझा उपयोग किया जा सकता है। यह अधिकांश विभिन्न यूजर्स के बीच डेटा साझा करने और साथ में काम करने की सुविधा प्रदान करता है। टाइम शेयरिंग तकनीक कम्प्यूटर संचार की शुरूआत को चिह्नित करती है।

50. What is the maximum data rate of Bluetooth version 5.0?/ब्लूटूथ संस्करण 5.0 की अधिकतम डेटा दर क्या है?

(a) 1 Mbps
(b) 2 Mbps
(c) 5 Mbps
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (b) : ब्लूटूथ संस्करण 5.0 के अधिकतम डेटा दर 2 Mbps है। इसका अर्थ है कि ब्लूटूथ 5.0 अधिकतम 2 Mbps की दर से डेटा ट्रांसफर कर सकता है, जो कि ब्लूटूथ 4.2 की तुलना में दोगुनी गति है।

51. Wireless transmission of signals can be done via/सिग्नलों का वायरलेस ट्रांसमिशन_____ के माध्यम से किया जा सकता है।

(a) Radio waves
(b) Microwaves
(c) Infrared
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 2.0 Exam 2024 (9-10)

Ans.(d): सिग्नलों का वायरलेस ट्रांसमिशन निम्न प्रकार से किया जा सकता है–
1. रेडियो वेव 2. माइक्रोवेव 3. इंफ्रारेड

52. Which transmission media provides the highest transmission speed in a network?
कौन-सा ट्रांसमिशन मीडिया किसी नेटवर्क में उच्चतर ट्रांसमिशन गति प्रदान करता है?

(a) Coaxial cable
(b) Twisted-pair cable
(c) Optical fiber
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 2.0 Exam 2024 (9-10)

Ans.(c): उपर्युक्त सभी में से फाइबर ऑप्टिकल को सबसे अधिक ट्रांसमिशन गति वाला माना जाता है। फाइबर ऑप्टिकल ट्रांसमिशन 1000 Mb/s पर चलता है। इसे 1000BASE-LX कहा जाता है, जबकि इसके लिए IEEE मानक 802.32 है।

53. Which layer of the TCP/IP stack corresponds to the OSI model transport layer?
TCP/IP स्टैक की कौन-सी परत, OSI मॉडल ट्रान्सपोर्ट परत से मेल खाती है?

(a) Host-to-host
(b) Application
(c) Internet
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 1.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (a) : TCP/IP स्टैक को DoD (Department of Defense) मॉडल भी कहा जाता है। इसमें चार लेयर्स होती हैं Application, Host-to-Host, Internet और Network जिसमें से Host-to-Host लेयर OSI मॉडल की ट्रॉन्सपोर्ट लेयर से मेल खाती हैं यह लेयर End-to-End संचार का ख्याल रखते हुए, एंड सिस्टम के बीच डेटा के विश्वसनीय और कुशल वितरण के लिए जिम्मेदार है।

54. What is the purpose of a subnet mask in TCP/IP networking?/TCP/IP नेटवर्किंग में सबनेट मास्क का उद्देश्य क्या है?

(a) To identify the network portion of an IP address/नेटवर्क के हिस्से की पहचान करने के लिए एक आईपी पता
(b) To identify the host portion of an IP address/किसी वस्तु के मेजबान हिस्से की पहचान करना आईपी पता
(c) To convert IP addresses into domain names/आईपी पते को परिवर्तित करने के लिए कार्यक्षेत्र नाम
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (d) : टीसीपी/आईपी नेटवर्किंग में सबनेट मास्क का मुख्य उद्देश्य एक नेटवर्क को छोटे-छोटे उप नेटवर्क मे विभाजित करना है। यह नेटवर्क को प्रभावी ढंग से प्रबन्धित और सुरक्षित बनाने में मदद करता है।

55. Transmission control protocol:
प्रसारण नियंत्रण प्रोटोकॉल–

(a) Is a connection-oriented protocol
(b) Uses a three-way handsake to establish a connection

(c) Receives data from application as a single stream
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 2.0 Exam 2024 (9-10)

Ans.(d): TCP एक कनेक्शन उन्मुख प्रोटोकॉल है, जो कनेक्शन स्थापित करने के लिए तीन तरफ हैंडशेक का उपयोग करता है। यह एप्लिकेशन से एकल स्टीम के रूप में डेटा प्राप्त करता है, जिससे विश्वसनीय और ऑर्डर की गयी डिलीवरी सुनिश्चित होती है। इसलिए उत्तर में एक से अधिक विकल्प सही होगा।

56. LTE तकनीक का उपयोग निम्न में से किस वायरलेस प्रौद्योगिकियों की पीढ़ी में किया जाता है?

(a) 3G (b) 2G
(c) 4G (d) 1G

SSC CHSL (Tier-1) – 17/03/2023 (Shift-III)

Ans. (c) : LTE (लांग टर्म इवोल्यूशन) यूनिवर्सल मोबाइल टेलीकम्युनिकेशन सिस्टम (UMTS) के लिए विकसित किया गया है। LTE 20 MHz बैंडविड्थ पर 300 Mbit/s की डाउनस्ट्रीम पीक दर और 50 Mbit/s की अपस्ट्रीम पीक दर प्रदान करता है। LTE तकनीक का उपयोग 4G वायरलेस प्रौद्योगिकियों की पीढ़ी में किया जाता है।

57. Identify the term, which is an unauthorized real-time interception or monitoring of private communication between two entities over a network.
उस पद की पहचान कीजिए, जो एक नेटवर्क पर दो व्यक्तियों के बीच के निजी वार्तालाप को अनाधिकृत रूप से रीयल-टाइम इंटरसेप्ट या मॉनीटर करता है।

(a) Eavesdropping/इव्सड्रापिंग
(b) Phishing/फिशिंग
(c) Snooping/स्नूपिंग
(d) Cyberstalking/साइबरस्टाकिंग

EMRS PGT 16-12-2023

Ans. (a) : इव्सड्रापिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें किसी नेटवर्क पर दो व्यक्तियों के बीच हो रही बातचीत को अनाधिकृत रूप से सुना या इंटरसेप्ट किया जाता है, विशेष रूप से रीयल टाइम में।

58. What is the device that converts signals of one kind to signals of a difference kind known as?
एक प्रकार के सिग्नल्स को विभिन्न प्रकार के सिग्नल्स में परिवर्तित करने वाले डिवाइस को क्या कहते हैं?

(a) Transistor/ट्रांजिस्टर
(b) Resistor/रजिस्टर
(c) Transducer/ ट्रांसड्यूसर
(d) Controller/कंट्रोलर

UPPCL Assistant Accountant– 22/06/2023 Shift-II

Ans. (c) : एक प्रकार के सिग्नल को विभिन्न प्रकार के सिग्नल में परिवर्तित करने वाले डिवाइस को ट्रांसड्यूसर कहते है।

59. अनगाइडेड ट्रांसमिशन मीडिया (unguided transmission media) में निम्नलिखित में से किस विधि का उपयोग किया जाता है?

(a) Coaxial cable/समाक्ष केबल
(b) Optical fibre cable/ऑप्टिकल फाइबर केबल
(c) Twisted pair cable/व्यावर्तित युग्म केबल
(d) Infrared/अवरक्त

Delhi Police Constable 03.12.2023 (Shift-I)

Ans. (d) : अनगाइडेड ट्रांसमिशन मीडिया में अवरक्त (Infrared) का उपयोग किया जाता है। अनगाइडेड ट्रांसमिशन मीडिया वह माध्यम है जिसमें डेटा को ट्रांसमिट करने के लिए कोई फिजिकल माध्यम (जैसे केबल) नहीं होता। इसमें डेटा को वॉयरलेस रूप में भेजा जाता है।

60. Select the INVALID type of wireless communication medium.
वायरलेस संचार माध्यम (wireless communication medium) के अमान्य प्रकार का चयन कीजिए।

(a) Optical fibre/ऑप्टिक फाइबर
(b) Broadcast radio/ब्रॉडकास्ट रेडियो
(c) Satellite/सैटेलाइट
(d) Infrared/इन्फ्रारेड

UPPCL Assistant Accountant– 22/06/2023 Shift-II

Ans. (a) : ऑप्टिकल फाइबर एक वायर्ड संचार माध्यम है। हाई-स्पीड नेटवर्क में कप्यूटर और अन्य उपकरणों को जोड़ने के लिए ऑप्टिकल फाइबर का उपयोग किया जाता है। ऑप्टिकल फाइबर वायरलेस संचार माध्यम न होने के कारण वायरलेस संचार का अमान्य प्रकार है।

61. निम्नलिखित में से कौन-सी इंटरनेट एक्सेस विधि वाई-फाई (Wi-Fi) तकनीक का उपयोग करती है, जो इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को इंटरनेट से कनेक्ट करने या रेडियो तरंगों के माध्यम से वायरलेस तरीके से डेटा का आदान-प्रदान करने में सक्षम बनाती है?

(a) ISDN
(b) WIFI hotspots/वाईफाई हॉटस्पॉट
(c) Cable/केबल
(d) Dial-up/डायल-अप

Delhi Police Constable 29.11.2023 (Shift-I)
UPPCL Executive Assistant 29-11-2022 Shift-II

Ans. (b) : वाई-फाई हॉटस्पॉट (WIFI hotspots) एक फिजिकल लोकेशन होता है जिसके माध्यम से इंटरनेट को एक्सेस किया जाता है जैसे मोबाइल, लैपटॉप तथा अन्य डिवाइस में इंटरनेट को कनेक्ट करके उसका उपयोग कर सकते हैं। यह रेडियो तरंगों के माध्यम से भी वायरलेस तरीके से डेटा का आदान-प्रदान करने में सक्षम बनाती हैं।

62. DNS इंटरनेट आर्किटेक्चर में कौन-सा लेयर प्रोटोकॉल है?

(a) Transport/ट्रान्सपोर्ट (b) Application/एप्लिकेशन
(c) Data Link/डेटा लिंक (d) Network/नेटवर्क

UPSSSC Auditor 05.01.2025
UPPCL Executive Assistant 29-11-2022 Shift-II

Ans. (b) : DNS का पूरा नाम 'Domain Name System' होता है। यह डोमेन नेम को आईपी एड्रेस में परिवर्तित करता है।

OSI मॉडल का पूरा नाम 'Open System Inter connection' होता है। इसे ISO ने 1984 में विकसित किया था और इस मॉडल में 7 layers होती है।

(i) Physical layer
(ii) Data link layer
(iii) Network layer
(iv) Transport layer
(v) Session layer
(vi) Presentation layer
(vii) Application layer

Application layer में HTTP, FTP, SMTP, NFS जैसे प्रोटोकॉल का प्रयोग किया जाता है। DNS इंटरनेट आर्किटेक्चर में एप्लिकेशन लेयर प्रोटोकॉल है।

63. निम्नलिखित में से किस इंटरनेट एक्सेस विधि को 'स्विच्ड लाइन (Switched line)' भी कहा जाता है?

(a) सेटेलाइट (Satellite)
(b) डायल-अप लाइन (Dial-up line)
(c) लीज्ड लाइन (Leased line)
(d) ISDN

UPPCL Executive Assistant 29-11-2022 Shift-I

Ans. (b) : डायल-अप-लाइन, इंटरनेट एक्सेस करने की एक विधि है यह कनेक्शन मॉडम की सहायता से स्थापित किया जाता है। यह स्विच्ड लाइन के नाम से भी जाना जाता है।

64. निम्नलिखित में से कौन-सी संस्था, भारत में एक इंटरनेट सेवा प्रदाता है (ISP) नहीं है?

(a) HSBC/एच.एस.बी.सी.
(b) BSNL/बी.एस.एन.एल.
(c) TATA Communications/टाटा कम्युनिकेशन्स
(d) MTNL/एम.टी.एन.एल.

UPPCL Executive Assistant 28-11-2022 Shift-II

Ans. (a) : एच.एस.बी.सी. (HSBC) संस्था भारत में विदेशी बैंकिंग संस्था है। जबकी BSNL, TATA, MTNL भारत में ISP सेवा प्रदान करती है

65. The main reason to encrypt a file is to :
एक फाइल को कूट करने का मुख्य कारण :

(a) Reduce its size
उसके आकार को कम करने के लिए
(b) Secure it for transmission
उसके संचरण को सुरक्षित करने के लिए
(c) Prepare it for backup
बैकअप तैयार करने के लिए
(d) Include it in the startup sequence
स्टार्ट-अप क्रम में सम्मिलित करने के लिए

Allahabad High Court (APS) 22/12/2021 (Shift-I)

Ans. (b) : फाइल इंक्रिप्ट, संवेदनशील डेटा सहित फाइलों को सुरक्षित रूप से भेजने के लिए उन्हें एन्कोड करने का एक तरीका है।

66. Which of the following internet access methods relatively involves a large setup fee and expensive equipment upfront?
निम्नलिखित में से किस इंटरनेट एक्सेस विधि में अपेक्षाकृत एक बड़ा सेटअप, शुल्क एवं महंगे उपकरण शामिल है?

(a) Cable modem/केबल मॉडेम
(b) Dial up/डायल अप
(c) DSL
(d) Satellite/सैटेलाइट

UPPCL Executive Assistant 24-11-2022 Shift-II

Ans. (d) : सैटेलाइट (Satelite) एक मशीन होती है जिसे मानव के द्वारा अंतरिक्ष में पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया जाता है जो बिना रूके चारों ओर चक्कर लगाती है। सैटेलाइट का उपयोग कम्युनिकेशन्स, नेटवर्किंग, ब्रॉडकास्टिंग और अन्य कामों के लिए भी किया जाता है। सैटेलाइट नेटवर्क बहुत सारे नोड्स से मिलकर बना होता है जो पृथ्वी पर एक प्वाइंट्स से दूसरे प्वाइंट्स पर संचार की सुविधा प्रदान करता है। यह इंटरनेट एक्सेस विधि में एक बड़ा सेटअप, शुल्क एवं महंगे उपकरण शामिल है।

67. निम्नलिखित में से किस प्रकार के इंटरनेट कनेक्शन में डेटा ट्रांसमिशन के लिए टेलीफोन लाइन का उपयोग किया जाता है?

(a) Broadband/ब्रॉडबैंड
(b) Dial up/डायल अप
(c) Satellite/सैटेलाइट
(d) Fibre optic/फाइबर ऑप्टिक

Delhi Police Constable 22.11.2023 (Shift-I)

Ans. (b) : डायलअप (Dial up) इंटरनेट कनेक्शन में डेटा ट्रांसमिशन के लिए टेलीफोन लाइन का उपयोग किया जाता है।

68. निम्नलिखित में से कौन सा कनेक्शन फोन लाइनों का उपयोग करता है, जो एनालॉग सिग्नल के बजाय डिजिटल सिग्नल वहन करते हैं?

(a) DSL (b) Wi-Fi
(c) Dial-up/डायल-अप (d) Satellite/सैटेलाइट

UPPCL Executive Assistant 22-11-2022 Shift-I

Ans. (a) : डिजिटल सब्सक्राइबर लाइन कनेक्शन फोन लाइनों का उपयोग करता है जो एनालॉग सिग्नल के बजाय डिजिटल सिग्नल का उपयोग करते हैं। डिजिटल सब्सक्राइबर लाइन (डीएसएल) हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्शन है। जो मानक टेलीफोन लाइन का उपयोग करते हैं ये लाइने केवल ध्वनि संकेतों के लिए विकसित की गई थी बैंडविड्थ और डेटा दर में प्रतिबंधित है।

69. Which of the following refers to high-capacity transmission technologies that transmit data, voice and video across long distance and at high speeds using fibre optic cables?
निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उच्च क्षमता वाली ट्रांसमिशन तकनीकों को संदर्भित करता है जो फाइबर ऑप्टिक केबल का उपयोग करके लंबी दूरी और उच्च गति पर डेटा, वॉइस और वीडियो को ट्रांसमिट करती है?

(a) Dialup
(b) Public switched telephone network
(c) Broadband
(d) Bandwidth

UPPCL TG-2 9/11/2023 (Shift-II)

Ans. (c) : ब्रॉडबैंड एक हाईस्पीड वाली इंटरनेट कनेक्शन को दर्शाता है जिसमें विभिन्न डेटा संदर्भों को एक साथ संचालित किया जा सकता है। इसका उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाता है, जैसे- इंटरनेट सर्फिंग, वीडियों स्ट्रीमिंग, ऑनलाइन गेमिंग और डेटा डाउनलोडिंग।
ब्रॉडबैंड में उच्च बैंडविड्थ होने के कारण बड़े साइज की फाइल को तेजी से अपलोड और डाउनलोड किया जा सकता है। ब्रॉडबैण्ड कनेक्शन के लिए विभिन्न तकनीकी प्रारूप हो सकते हैं। जैसे- DSL, केबल फाइबर और वायरलेस आदि।

70. The ability to easily add additional users means that a network is:
बड़ी आसानी से अतिरिक्त उपयोगकर्त्ता को जोड़ सकने का अर्थ है कि वह नेटवर्क..... है।

(a) Secure/सुरक्षित
(b) Dedicated/समर्पित
(c) Decentralized/विकेन्द्रित
(d) Scalable/मापनीय

Allahabad High Court (ARO) 06/01/2021 (Shift-I)

Ans. (d) : स्केलेबिलिटी का मतलब है कि कोई सिस्टम, नेटवर्क, या प्रक्रिया बढ़ती हुई मात्रा के साथ काम करने या विकास को संभालने में सक्षम हो। यदि किसी नेटवर्क में उपयोगकर्ताओं को आसानी से जोड़ा जा सकता है, बिना प्रदर्शन में गिरावट या पूरे डिजाइन को बदलने की आवश्यकता के, तो उसे स्केलेबल माना जाता है।

71. Which of the following communications is the method of communication between processes through which they interact with each other for gaining access to shared data and resources?
निम्नलिखित में से कौन-सा संचार, प्रकमणों के बीच संवाद विधि है जिसके माध्यम से सहभाजित डाटा और संसाधनों का अभिगत प्राप्त करने के लिए एक-दूसरे के साथ क्रिया की जाती है?

(a) Inter Process/ इंटर-प्रोसेस
(b) Intra Process / इंटरा प्रोसेस
(c) Multi Process/ मल्टी प्रोसेस
(d) Scheduling Process/ नियोजक प्रोसेस

UPPCL Assist. Acct. 2016 (Exam date 20.11.2016)

Ans. (a) : इंटरप्रोसेस संचार ऑपरेटिंग द्वारा प्रदान किया गया तंत्र है जो प्रक्रियाओं को एक-दूसरे के साथ संवाद करने की अनुमति देता है इसके माध्यम से संसाधनों तक पहुंच प्राप्त कर सकते है साथ ही डेटा साझा कर सकते हैं।

72. In which data transmission mode can two devices either send data or receive data but not both at the same time?
इनमें से किस डेटा ट्रांसमिशन मोड में दो डिवाइस या तो डेटा भेज सकते हैं या प्राप्त कर सकते हैं लेकिन दोनों एक समय पर नहीं?

(a) Complex/कॉम्पलैक्स
(b) Simplex/सिम्पलैक्स
(c) Half duplex/हाफ डुप्लैक्स
(d) Full duplex/फुल डुप्लैक्स

BSPHCL JE 31-01-2019 (Batch -01)

Ans: (c) हाफ डुप्लैक्स, डेटा ट्रॉसमिशन में किसी डिवाइस में डेटा भेज सकते है, या प्राप्त कर सकते है। दोनों कार्य एक समय पर नहीं कर सकते है।
जैसे- वाकी टॉकी आदि।

73. In which communication mode, data can be transmitted in both directions at same time?
किस संचार के प्रकार में डाटा का संचरण एक समय में दोनों दिशाओं में संभव होता है?

(a) Simplex/सिंप्लेक्स
(b) Full duplex/पूर्ण ड्यूप्लेक्स
(c) Half duplex/अर्ध ड्यूप्लेक्स
(d) Multiplex/मल्टीप्लेक्स

SSC JE Electrical (Exam date 23.01.2018) Shift-II

Ans. (b) : कम्युनिकेशन (संचार) चैनल तीन प्रकार के होते है-
(1) सिम्प्लेक्स (Simplex) – इस अवस्था में डाटा संचरण सदैव एक दिशा में होता है अर्थात् हम अपनी सूचनाएं भेज सकते है, प्राप्त नहीं कर सकते।
(2) अर्द्ध ड्यूप्लेक्स (Half Duplex) – इस अवस्था में डाटा संचरण दोनो दिशाओं में होता है किन्तु एक समय में एक ही दिशा में डाटा संचरण होता है। अर्थात् हम अपनी सूचनाओं को एक ही समय में या तो भेज सकते हैं या प्राप्त कर सकते है।
(3) पूर्ण ड्यूप्लेक्स (Full Duplex)– इस अवस्था में डाटा संचरण दोनों दिशाओं में संभव होता है अर्थात् हम एक ही समय में सूचनाएं भेज भी सकते है और प्राप्त भी कर सकते हैं।

74. Which of the following is an INVALID transmission mode?
निम्नलिखित में से कौन-सा एक अमान्य संचार मोड है?

(a) Full-Duplex/फुल-डुप्लेक्स
(b) Simplex /सिम्पलेक्स
(c) Complex/कॉम्प्लेक्स
(d) Half-Duplex /हाफ-डुप्लेक्स

UPPCL Assistant Accountant 22-06-2023 Shift-I

Ans. (c) : नेटवर्क में संचार मोड, उस तरीके को दर्शाते है जिसके माध्यम से डेटा नेटवर्क के विभिन्न उपकरणों या नोड्स के बीच संचारित होता है। नेटवर्क संचार के तीन प्रमुख मोड होते है–
(i) सिम्प्लेक्स मोड
(ii) हाफ-डुप्लेक्स मोड
(iii) फुल-डुप्लेक्स मोड

75. What does the acronymn LAN refer to?
LAN किसका संक्षिप्त रूप सन्दर्भित करता है?

(a) Local Area Network/लोकल एरिया नेटवर्क
(b) Least Accessible Network/लीस्ट ऐक्सेसिवल नेटवर्क
(c) Least Area Network/लीस्ट एरिया नेटवर्क
(d) Local Accessible Network/लोकल ऐक्सेसिवल नेटवर्क

BSPHCL TG-III 03.11.2018 (Batch-03)

Ans. (a) : एल ए एन (LAN) का पूर्ण रूप लोकल एरिया नेटवर्क है, इसकी रेंज लगभग 2 किमी. तक होती है।

76. ईथरनेट कार्ड (Ethernet Card) एक ऐसा नेटवर्क एडॉप्टर है, जिसका उपयोग वायर्ड नेटवर्क (Wired Network) को स्थापित करने के लिए किया जाता है। इसे ---------- के रूप में भी जाना जाता है।

(a) नेटवर्क इंटरफेस कार्ड (b) फाइबर ऑप्टिक्स
(c) ब्लूटूथ कार्ड (d) वाई-फाई कार्ड

Head Constable Ministerial 12/10/2022 Shift-III

Ans. (a) : ईथरनेट कार्ड एक ऐसा नेटवर्क एडॉप्टर है, जिसका उपयोग वायर्ड नेटवर्क को स्थापित (Install) करने के लिए किया जाता है। इसे नेटवर्क इंटरफेस कार्ड (NIC) के रूप में भी जाना जाता है।

77. Which among the following is NOT true with reference to wireless networks?
निम्नलिखित में से कौन-सा वायरलेस नेटवर्क के सन्दर्भ में सत्य नहीं है?

(a) Wireless means without wire, media that is made up of electromagnetic waves (EM Waves) or infrared waves
वायरलेस का मतलब है बिना तार के मीडिया जो इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेब्स या इन्फ्रारेड वेब्स से बना है।
(b) They are more secure and hence reliable when compared to wired networks.
वायर्ड नेटवर्क की तुलना में वे अधिक सुरक्षित है इसलिए विश्वसनीय है।
(c) Installation is quick when compared to wired networks
वायर्ड नेटवर्क की तुलना में इंस्टॉलेशन त्वरित है।
(d) Slow transmission speed when compared to wired networks
वायर्ड नेटवर्क की तुलना में धीमी संचरण गति।

UPRVUNL Asst. Acct. 15.05.2022 (Shift-II)

Ans. (b) : वायरलेस का आशय है बिना तार, मीडिया जो विद्युत चुम्बकीय तरंगों या अवरक्त तरंगों से बना है। एंटेना या सेंसर सभी वायरलेस उपकरणों पर मौजूद रहेंगे। वायर्ड नेटवर्क की तुलना में वायरलेस नेटवर्क की संरचण गति धीमी होती है। यह वायर्ड की तुलना में कम सुरक्षित होता है इसलिए कम विश्वसनीय होता है। वायरलेस नेटवर्क का इंस्टॉलेशन और मेनटेनेंस लागत कम होती है।

78. Which of the following statements is NOT true about twisted pair cable?
ट्विस्टेड पेयर केबल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) The two wires are typically 'twisted' together in a helix to reduce interference between the two conductors./दो कंडक्टरों के बीच हस्तक्षेप को कम करने के लिए दो तारों को आमतौर पर एक हेलिक्स में एक साथ 'मुड़' दिया जाता है।
(b) Data rate is determined by wire thickness and length./डेटा दर तार की मोटाई और लम्बाई से निर्धारित होती है।
(c) Twisted pair can be used for both analog and digital communications.
मुड़ जोड़ी का उपयोग एनालॉग और डिजिटल संचार दोनों के लिए किया जा सकता है।
(d) One of their most popular use is in cable TV (CATV) for the distribution of TV signals./टीवी संकेतों के वितरण के लिए केबल टीवी (सीएटीवी) में उनका सबसे लोकप्रिय उपयोग है।

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (d) : विकल्प (d) ट्विस्टेड पेयर केबल के बारे में सही नहीं है क्योंकि केबल टेलीविजन, समाक्षीय (coaxial) केबलों के माध्यम से प्रसारित रेडियों फ्रीक्वेंसी (RF) संकेतों के माध्यम से उपभोक्ताओं के टेलीविजन प्रोग्राम प्रदान करने की एक प्रणाली है।

79. Four types of channels used in data communication of LAN are twisted pair cable, coaxial cable,.....and radio waves:
LAN के डाटा प्रेषण में प्रयुक्त होने वाली चार प्रकार की प्रणालियाँ हैं- ट्विस्टेड पेअर केबल (घुमावदार युग्म तार), कोअक्सिअल केबल (समाक्षीय तार), ...तथा रेडियो तरंगें-

(a) ISDN cable/केबल ISDN
(b) PSDN cable/केबल PSDN
(c) X-ray waves/ X-किरण तरंगे
(d) Fiber optics/फाइबर ऑप्टिक्स

(UPPCL TG2 11-11-2016)

Ans : (d) LAN के डाटा प्रेषण में प्रयुक्त होने वाली चार प्रणालियाँ–ट्विस्टेड पेयर केबल, कोएक्सिअल केबल, फाइबर आप्टिक केबल (तीनों भौतिक संयोजन) तथा रेडियो तरंगें (माइक्रोवेब मीडिया) है। आप्टिक फाइबर केबल संचार माध्यम की नवीनतम तकनीक है जिसमें डाटा को लेजर उपकरणों द्वारा करोड़ों बिट्स प्रति सेकेण्ड की गति से भेजा जाता है।

80. The network cable which is commonly used to connect one computer to another computer is.....
....., **सामान्यतः एक कंप्यूटर को दूसरे कंप्यूटर से जोड़ने के लिए उपयोग किया जाने वाला नेटवर्क केबल है।**

(a) Crossover cable/क्रासओवर केबल
(b) USB cable/यू.एस.बी. केबल
(c) VGA cable/वी.जी.ए. केबल
(d) Straight-through cable/स्ट्रेट-थ्रू केबल

UPASI 04.12.2021 (Shift-I)

Ans. (a): क्रासओवर केबल (Crossover cable) एक ही प्रकार के दो उपकरणों को आपस में जोड़ता है। जैसे–डीटीई-डीटीई या डीसीई-डीसीई।

81. In a digital communication system, if you want to increase noise immunity then we need to increase...../एक डिजिटल संचार तंत्र में, यदि आप ध्वनि प्रतिरक्षा बढ़ाना चाहते हैं, तो.....को बढ़ाने की आवश्यकता होती है।

(a) Signal repeater/सिग्नल रिपीटर
(b) Signal Antenna/सिग्नल ऐन्टेना
(c) Signal power/सिग्नल पावर
(d) Battery power/बैटरी पावर

UPASI 05.12.2021 Shift-I

Ans. (c) : Signal power (सिग्नल पॉवर), डिजिटल कम्युनिकेशन सिस्टम में नॉइज प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए सिग्नल की पावर को बढ़ाना आवश्यक है। एक निश्चित स्तर की निष्ठा (Fidelity) प्राप्त करने के लिए सिग्नल की शक्ति को बढ़ाया जाना चाहिए, यह विशेष प्रकार के मॉड्यूलेशन पर निर्भर करता है।

82. निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?

(i) GSM मोबाइल, डेटा और वॉयस दोनों के संचरण (transmission) का समर्थन करते हैं।

(ii) CDMA मोबाइल में ग्राहक की जानकारी हेडसेट या फोन में संग्रहित की जाती है।

(a) केवल (i) (b) (i) और (ii) दोनों
(c) न तो (i) और न ही (ii) (d) केवल (ii)

NVS Junior Secet. Assist. 09.03.2022 (Shift-II)

Ans. (b) : GSM का अर्थ ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशन है। यह एक डिजिटल सेलुलर तकनीक है जिसका उपयोग मोबाइल वॉयस और डेटा सेवाओं को प्रसारित करने के लिए किया जाता है। CDMA का मतलब कोड डिवीजन मल्टीपल एक्सेस है। CDMA आधारित उपकरणों को सिम कार्ड की आवश्यकता नही होती है, यह ESN (इलेक्ट्रॉनिक सीरियल नम्बर) का उपयोग करता है। CDMA मोबाइल में, ग्राहक की जानकारी उसके हेडसेट या फोन में संग्रहीत (save) की जाती है। अतः दिए गए दोनों ही कथन सही है।

83. Which of the following statements is/are FALSE./निम्नलिखित में से कौन से कथन गलत हैं?

(i) The full form of SIM used in mobile phones is Subscriber Identity Module.
मोबाइल फोन में प्रयुक्त सिम (SIM) का पूर्ण रूप सब्सक्राइबर आइडेंटिटी मॉड्यूल (Subscriber Identity Module) है।

(ii) The size of micro and nano SIM cards is the same./माइक्रो और नैनो सिम कार्ड का आकार बराबर होता है।

(a) Neither (i) nor (ii)/न तो (i) और न ही (ii)
(b) Both (i) and (ii)/(i) और (ii) दोनों
(c) Only (ii)/केवल (ii)
(d) Only (i)/केवल (i)

UPSSSC ITI Instructor 25-02-2024
NVS Junior Secretariat Assistant 09.03.2022 (Shift-I)

Ans. (c) : मोबाइल फोन में प्रयुक्त सिम का पूर्ण रूप सब्सक्राइबर आइडेंटिटी मॉड्यूल है। माइक्रो सिमकार्ड रेगुलर सिमकार्ड का छोटा रूप है और नैनो सिमकार्ड का आकार सबसे छोटा होता है अतः कथन (ii) गलत है।

84. Computers connected to a LAN can _____.
लैन (LAN) से जुड़े हुए कम्प्यूटर _____।

(a) Go online / ऑन लाइन जा सकते है
(b) Run faster / तीव्र गति से कार्य कर सकते है
(c) Share information /or share peripheral सूचना/पेरिफेरल शेयर कर सकते है
(d) e-mail /ई-मेल कर सकते है

Allahabad High Court (RO) 11/12/2021 (Shift-I)

Ans. (c) : लैन (Local Area Network-LAN) एक ऐसा नेटवर्क है जो अपेक्षाकृत छोटे क्षेत्र में कम्प्यूटर और अन्य उपकरणों को जोड़ता है। LAN से जुड़े हुए कम्प्यूटर से जानकारी व परिधीय उपकरण को साझा कर सकते हैं।

85. आभासी निजी परिपथ (Virtual Private Network) क्या है?

(a) यह किसी संस्था का निजी कंप्यूटर परिपथ है, जिसमें सुदूर बैठे प्रयोक्ता संस्था के परिवेषक (सर्वर) के माध्यम से सूचना प्रेषित कर सकते हैं
(b) यह निजी इंटरनेट पर बना कंप्यूटर परिपथ है, जो प्रयोक्ताओं को अपनी संस्था के परिपथ में प्रवेश करने की सुविधा देता है और प्रेषित की जा रही सूचना को सुरक्षित रखता है
(c) यह एक ऐसा कंप्यूटर परिपथ है, जिसके द्वारा प्रयोक्ता सेवा प्रबंधक (सर्विस प्रोवाइडर) के माध्यम से कंप्यूटिंग संसाधनों के साझे भंडार में प्रवेश पा सकते हैं,
(d) उपर्युक्त (a), (b) तथा (c) कथनों में से कोई भी आभासी निजी परिपथ का सही वर्णन नहीं है

(IAS (Pre) Ist Paper G.S. 2011)

Ans : (b) किसी संगठन के दूरस्थ स्थान पर स्थित निजी लोकल एरिया नेटवर्क (LAN) से जुड़ने का एक सुरक्षित तरीका वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (VPN) है जिसमें कूट लेखन तकनीक द्वारा निजी सूचनाओं का आदान-प्रदान करने के लिए इंटरनेट या किसी सुरक्षित सार्वजनिक नेटवर्क का प्रयोग किया जाता है।

86. Which of the following terms best describes the process of interconnecting two or more networks to form a single large network?
निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द एक बड़े नेटवर्क को बनाने के लिए दो या दो से अधिक नेटवर्क को आपस में जोड़ने की प्रक्रिया का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

(a) Merging/विलयन
(b) Intranet/इंटरनेट
(c) Virtualization/वर्चुअलाइजेशन
(d) Internetworking/इंटर-नेटवर्किंग

UPPCL AC 2019 (Exam Date 29.01.2019)

Ans. (d) : इंटरनेटवर्किंग दो शब्दों से मिलकर बना है। इंटर और नेटवर्किंग जिसका अर्थ है पूरी तरह से अलग-अलग नोड्स या सेगमेंट के बीच संबंध। यह कनेक्शन क्षेत्र इकाई राउटर या गेटवे के समान इंटरसेसर उपकरणों के माध्यम से स्थापित की जाती है।
यह इंटरकनेक्शन अक्सर सार्वजनिक, निजि, वाणिज्यिक (Commercial) औद्योगिक या सरकारी नेटवर्क के बीच में होता है। जो मध्यवर्ती नेटवर्किंग उपकरणों से जुड़ा है जो एक विशाल नेटवर्क के रूप में कार्य करता है इंटरनेटवर्किंग उन व्यापार, उत्पादों और प्रक्रियाओं को सदर्भित करता है। जो इंटरनेटवर्क बनाने और प्रशासित करने की चुनौती को पूरा करता है।

87. With respect to TCP/IP, what is the full form of TFTP?
टीसीपी/आईपी के सम्बन्ध में, टीएफटीपी का पूर्ण रूप क्या है?

(a) Trivial File Transfer Protocol
ट्रिविअल फाइल ट्रांसफर प्रोटोकॉल
(b) Triangular File Transmission Protocol
ट्रैंगुलर फाइल ट्रान्समिशन प्रोटोकॉल
(c) Trivial File Transfer Page
ट्रिविअल फाइल ट्रांसफर पेज
(d) Triangular File Transfer Protocol
ट्रैंगुलर फाइल ट्रान्सफर प्रोटोकॉल

UPPCL Assistant Accountant 22-02-2022 (Shift-I)

Ans. (a) : ट्रिविअल फाइल ट्रांसफर प्रोटोकॉल (टीएफटीपी) दो टीसीपी/आईपी मशीनों के बीच फाइलों के आदान-प्रदान के लिए एक सरल प्रोटोकॉल है। TFTP सर्वर फाइल भेजने और प्राप्त करने के लिए TFTP क्लाइंट से कनेक्शन की अनुमति देते हैं।
TFTP - Trivial File Transfer Protocol
TCP/IP - Transmission Control Protocol/Internet Protocol

88. In computing ____ is a network security system that monitors and controls incoming and outgoing network traffic based on predetermined security rules.
कम्प्यूटिंग में, ... एक नेटवर्क सुरक्षा प्रणाली है, जो पूर्व निर्धारित सुरक्षा नियमों के आधार पर आने वाले और बाहर जाने वाले नेटवर्क ट्रैफिक की निगरानी और नियंत्रण करता है।

(a) Cookie/कुकी
(b) Spam/स्पैम
(c) Firewall/फायरवॉल
(d) Spyware/स्पे वेयर

SSC CHSL (Tier-I) –09/07/2019 (Shift-II)
SSC JE Civil – 23/03/2021 (Shift-I)

Ans. (c) : कम्प्यूटिंग में, फायरवॉल एक नेटवर्क सुरक्षा प्रणाली है, जो कि पूर्व निर्धारित सुरक्षा नियमों के आधार पर आने वाले (इनकमिंग) और बाहर जाने वाले (आउटगोइंग) नेटवर्क ट्रैफिक की निगरानी और उसे नियंत्रित करता है।

89. Which of the following statements about firewall (in the context of computing) is incorrect?
फ़ायरवॉल (कंप्यूटिंग के संदर्भ में) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) It is a combination of both, software and hardware devices. /यह सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर दोनों डिवाइसों का संयोजन है।
(b) It is frequently used to protect a computer network from unauthorised access.
इसका इस्तेमाल प्रायः कम्प्यूटर नेटवर्क को अनाधिकृत पहुँच से बचाने के लिए किया जाता है।
(c) It is unable to permit legitimate communication to pass
यह वैध संचार के पारगमन की अनुमति नहीं देता है।
(d) It permits network transmission based on a set of rules./यह नियमों के आधार पर नेटवर्क प्रसारण की अनुमति देता है।

SSC CHSL 12/10/2020 (Shift-III)

Ans. : (c) फायरवॉल (कम्प्यूटर के संदर्भ में) वैद्य संचार के पारगमन की अनुमति नहीं देता है यह कथन सही नहीं है। फायरवॉल कम्प्यूटर को सुरक्षित रखने के लिए एक व्यवस्था है, जो सभी तरह के कम्प्यूटर और उसके नेटवर्क को hackers और malware से बचा कर रखता है। जो चुपके से हमारे कम्प्यूटर के अन्दर आ जाती है और सभी personal detail उस software को भेजने वाले hackers के पास पहुंचा देती है, जो इसका गलत फायदा उठाते है।

90. निम्न में से कौन सी निम्न पॉवर, लोकल एरिया वायरलेस संचार तकनीक है?

(a) ब्लूटूथ
(b) वाई-मैक्स
(c) ईथरनेट
(d) सेलुलर नेटवर्क

[UPSSSC Lower Mains 21/10/2021 Paper-I]

Ans. (a) : ब्लूटूथ एक निम्न पावर, लोकल एरिया वायरलेस संचार तकनीक है। इसका इस्तेमाल स्मार्टफोन, लैपटॉप, टैबलेट, प्रिंटर, कैमरा डिवाइसों में, डेटा को ट्रॉन्सफर करने के लिए किया जाता है।

91. Which of the following technologies allows real-time communication over the Internet, such as voice and video calls, without requiring additional software or hardware beyond a web browser?
निम्नलिखित में से कौन सी तकनीक इंटरनेट पर वास्तविक समय संचार की अनुमति देती है, जैसे कि वॉयस और वीडियों कॉल, वेब ब्राउजर से परे अतिरिक्त सॉफ्टवेयर या हार्ड वेयर की आवश्यकता के बिना?

(a) ईमेल/Email
(b) FTP
(c) WEBRTC
(d) VoIP

SSC CGL Tier-II 18.01.2025

Ans. (c) : WEBRTC एक ओपन-सोर्स तकनीक है जो वेब ब्राउजर और मोबाइल एप्लिकेशन को वॉयस कॉल, वीडियो कॉल और डेटा साझाकरण जैसे वास्तविक समय संचार (Real-Time

Communication) की अनुमति देती है। इसके लिए किसी अतिरिक्त सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि यह सीधे ब्राउजर पर काम करता है।

92. निम्नलिखित में से कौन-सी इंटरनेट सेवा, इंटरनेट पर फोन कॉल करने और प्राप्त करने का तरीका बताती है?

(a) e-mail/ई-मेल
(b) Internet Relay Chat/इंटरनेट रिले चैट
(c) VoIP/वीओआईपी
(d) USENET/यूजनेट

UPPCL Executive Assistant 21-11-2022 Shift-I

Ans. (c) : वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल (VoIP) एक ऐसी तकनीक है जो इंटरनेट पर फोन कॉल करने और प्राप्त करने की अनुमति देती है।

93. निम्नलिखित में से क्या इंटरनेट पर डाटा संचार के लिए एक जाना-माना प्रोटोकॉल है?

(a) HTTP (b) SMTP
(c) SNMP (d) TCP/IP

UPPCL Executive Assistant 23-11-2022 Shift-I

Ans. (d) : TCP/IP का पूर्ण रूप ट्रांसमिशन कंट्रोल प्रोटोकॉल/इंटरनेट प्रोटोकॉल है। यह नियमों और प्रक्रियाओं का समूह है जो इंटरनेट किस प्रकार कार्य करता है, यह निर्णय करता है। हाइपरटेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल (HTTP) एक एप्लीकेशन लेयर स्टेटलेस प्रोटोकॉल है जिसका प्रयोग फाइल ट्रांसफर में होता है। सिंपल मेल ट्रान्सफर प्रोटोकॉल (SMTP) का प्रयोग ई-मेल भेजने और प्राप्त करने में होता है। सिंपल नेटवर्क मैनेजमेंट प्रोटोकॉल (SNMP) नेटवर्क मैनेजमेंट के लिए एक लोकप्रिय प्रोटोकॉल है।

94. TCP/IP मॉडल के संबंध में, UDP का पूर्ण रूप क्या है?

(a) User Data Processing/यूजर डेटा प्रोसेसिंग
(b) Uni-Directional Processing
यूनी-डायरेक्शनल प्रोसेसिंग
(c) User Datagram Protocol
यूजर डेटाग्राम प्रोटोकॉल
(d) Unique Datagram Protocol
यूनिक डेटाग्राम प्रोटोकॉल

UPPCL Executive Assistant 25-11-2022 Shift-II

Ans. (c) : UDP यूजर डेटाग्राम प्रोटोकॉल का संक्षिप्त रूप है यह एक कनेक्शनलेस कम्युनिकेशन प्रोटोकॉल है।

95. The layers of the TCP/IP protocol are:
TCP/IP प्रोटोकॉल की लेयर है–

(a) Transport layer and network layer
ट्रांसपोर्ट लेयर और नेटवर्क लेयर
(b) Application layer, data link layer, transport layer and network layer/एप्लीकेशन लेयर, डेटा लिंक लेयर, ट्रांसपोर्ट लेयर और नेटवर्क लेयर
(c) Data link layer, and network layer
डेटा लिंक लेयर, ट्रांसपोर्ट लेयर और नेटवर्क लेयर
(d) Application layer, data link layer, transport layer, network layer and hardware layer
एप्लीकेशन लेयर, डेटा लिंक लेयर, ट्रांसपोर्ट लेयर, नेटवर्क लेयर और हार्ड वेयर लेयर

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (d) : प्रोटोकॉल के TCP/IP सूट को लेयरों (या लेवल) के संदर्भ में समझा जा सकता है। यह आंकड़ा (Figure) TCP/IP प्रोटोकॉल की परतो को दर्शाता है। ऊपर से लेयर के नाम, एप्लीकेशन लेयर, ट्रांसपोर्ट लेयर, नेटवर्क लेयर, नेटवर्क इंटरफेस लेयर और हार्डवेयर है। TCP/IP डिफाइन करता है कि सूचना प्रेषक से रिसीवर तक कैसे जाती है।



नेटवर्क इंटरफेस लेयर किसी भी लिंक लेयर प्रोटोकॉल हेडर को जोड़ने या हटाने के लिए जिम्मेदार है जो संदेश को उसके गंतव्य तक पहुँचाने के लिए आवश्यक है। नेटवर्क एडाप्टर डिवाइस ड्राइवर नेटवर्क एडाप्टर कार्ड को नियंत्रित करता है। एक नेटवर्क इंटरफेस आमतौर पर नेटवर्क एडाप्टर से जुड़ा होता है।

96. In OSI network architecture, the routing is performed by:/ओ.एस.आई. नेटवर्क ऑर्किटेक्चर में routing आधारित होता है:

(a) Network layer/नेटवर्क लेयर द्वारा
(b) Data link layer/डाटा लिंक लेयर द्वारा
(c) Transport layer/ट्रांसपोर्ट लेयर द्वारा
(d) Session layer/सेसन लेयर द्वारा

Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-II)

Ans. (a) : OSI का विस्तृत रूप ओपन सिस्टम इंटरकनेक्शन हैं यह 7 लेयर ऑर्किटेक्चर है।
नेटवर्क लेयर OSI मॉडल की तीसरी लेयर है।
नेटवर्क लेयर पर रूटिंग (Routing) और लॉजिकल एड्रेसिंग कार्य करता है।

97. What is the network byte order used in TCP/IP?
TCP/IP में प्रयुक्त नेटवर्क बाइट ऑर्डर क्या होता है?

(a) Middle Endian/मिडिल एंडियन
(b) Random/रैंडम
(c) Big Endian/बिग एंडियन
(d) Little Endian /लिटिल एंडियन

UPPCL Assist. Acc.t 24.02.2022 (Shift-I)

Ans. (c) : किसी दिए गए नेटवर्क में नेटवर्क एड्रेस सभी को एक सुसंगत एड्रेसिंग कन्वेंशन का पालन करना चाहिए। नेटवर्क बाइट ऑर्डर के रूप में जाना जाने वाला यह सम्मेलन (convention), नेटवर्क एड्रेस के बिट-ऑर्डर को परिभाषित करता है क्योंकि वे नेटवर्क से गुजरते हैं। TCP/IP मानक नेटवर्क बाइट ऑर्डर बिग-एंडियन है।

98. Which among the following wireless standard is used in 4G network technology?
4G नेटवर्क प्रौद्योगिकी में निम्नलिखित में से कौन-सा वायरलेस मानक उपयोग किया जाता है?

(a) GPRS (b) LTE
(c) VPN (d) WAP

UPASI 05.12.2021 (Shift-II)

Ans. (b) : 4G नेटवर्क टेक्नोलॉजी में LTE (लॉन्ग टर्म इवोल्यूशन) वायरलेस मानक उपयोग किया जाता है। जो 3G की तुलना में सेलफोन और अन्य सेलुलर उपकरणों के लिए बढ़ी हुई नेटवर्क क्षमता और गति प्रदान करता है।

99. "Baud" is a unit of _____.
''बॉड'' _____ की इकाई होती है।

(a) Wavelength/तरंग दैर्ध्य
(b) Frequency/आवृत्ति
(c) Storage capacity/संग्रहण क्षमता
(d) Data transfer rate/डाटा स्थानांतरण दर

UPPCL ARO-18.02.2018

Ans. (d) : एक डिजिटल संचार चैनल पर जानकारी के लिए संचरण की गति की एक इकाई, आमतौर पर प्रति सेकेंड प्रेषित जानकारी के बिट्स की संख्या के बराबर होती है उसे बॉड कहते है बॉड मे गति प्रति सेकेंड सिग्नलिंग घटनाओं की संख्या इंगित करती है।

100. Which of the following is not a component of a computer network?
निम्नलिखित में से कौन सा कंप्यूटर नेटवर्क का एक घटक नहीं है?

(a) NIC/एन.आई.सी. (b) Router/राउटर
(c) Switch/स्विच (d) USB/यू.एस.बी. ड्राइव

UPPCL Assist. Acc.t 24.02.2022 (Shift-I)

Ans. (d) : उपर्युक्त विकल्प में NIC, Router और Switch एक कंप्यूटर नेटवर्किंग डिवाइस है जबकि USB drive एक डेटा स्टोरेज डिवाइस है।

USB drive- USB ड्राइव डेटा स्टोर करने के लिए उपयोग किया जाने वाला एक डिवाइस है जिसमें फ्लैश मेमोरी और एक एकीकृत यूनिवर्सल सीरियल बस (USB) इंटरफेस शामिल है। अधिकांश USB फ्लैश ड्राइव हटाने योग्य और पुनः लिखने योग्य होती है। यह छोटी, टिकाऊ और विश्वसनीय होती है। इनका संग्रहण स्थान जितना बड़ा होगा वे उतनी ही तेजी से काम करेंगे।

101. Which of the following denotes the interconnection of a set of devices capable of communication?
निम्नलिखित में से कौन सा संचार में सक्षम डिवाइसों के सेट का इंटरकनेक्शन है?

(a) Network /नेटवर्क (b) Channel /चैनल
(c) Medium /मीडियम (d) Bus /बस

UPP Computer Operator 21-12-2018 (Batch-02)

Ans : (a) नेटवर्क विभिन्न डिवाइसों का इंटरकनेक्शन होता है जो कि डेटा या इनफॉर्मेशन को शेयर करने के पर्पज से एक दूसरे से जुड़े रहते है।

102. Technologies like ATM, SONET and Frame Relay are used by :
ATM, SONET और Frame Relay जैसी तकनीकों का उपयोग किसके द्वारा किया जाता है:

(a) LAN (b) PAN
(c) WAN (d) MAN]

SSC CGL Tier-II 20.01.2025 (Shift-I)
UPPCL Assistant Accountant 25.02.2022 (Shift-I)

Ans. (c) : वाइड एरिया नेटवर्क (WAN) द्वारा ATM, SONET और Frame Relay जैसी तकनीकों का उपयोग किया जाता है।
फ्रेम रिले एक मानकीकृत वाइड एरिया नेटवर्क (WAN) तकनीक है जो एक पैकेट स्विचिंग पद्धति का उपयोग करके डिजिटल दूरसंचार चैनलों की भौतिक और डेटा लिंक परतों को निर्दीष्ट करती है।
वैन (WAN) तकनीक, एसिंक्रोनस ट्रांसफर मोड (ATM) एक ट्रांसफर मोड है। स्विचिंग और ट्रांसमिशन के लिए जो कुशलतापूर्वक और लचीले ढंग से जानकारी को सेल्स (Cells) में व्यवस्थित करता है।
सिंक्रोनस ऑप्टिकल नेटवर्किंग (SONET) एक मानकीकृत डिजिटल संचार प्रोटोकॉल है जिसका उपयोग फाइबर ऑप्टिक माध्यम से लंबी दूरी पर बड़ी मात्रा में डेटा संचालित करने के लिए किया जाता है।

103. WAN के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
(i) किसी दफ्तर की बिल्डिंग में मौजूद नेटवर्क एक WAN हो सकता है।
(ii) WANs लंबी दूरियों में कनेक्टिविटी के लिए MPLS, ATM, फ्रेम रिले और X.25 जैसी प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल करते हैं।

(a) केवल (i) (b) दोनों (i) और (ii)
(c) केवल (ii) (d) न तो (i) न (ii)

EMRS P.G.T 16.12.2023

Ans. (c) : WAN, वाइड एरिया नेटवर्क का संक्षिप्त रूप है। यह लोकल एरिया नेटवर्क (LANs) से मिलकर बना होता है। अर्थात यह नेटवर्को का नेटवर्क होता है। इंटरनेट सबसे बड़े वैन नेटवर्क का उदाहरण हैं।
लैन नेटवर्क का उपयोग कार्यालय एंव दफ्तर के बिल्डिंग में किया जाता है।
यह लंबी दूरियों में कनेक्टिविटी के लिए MPLS, ATM, फ्रेम रिले और X.25 जैसी प्रौद्योगिकियों का उपयोग करता है।
अतः विकल्प (c) सत्य होगा।

104. What is the class address of the following IP address?
निम्नलिखित आईपी एड्रेस का क्लास एड्रेस क्या है?
55.10.200.55

(a) Class D/क्लास D (b) Class A/क्लास A
(c) Class B/क्लास B (d) Class C/क्लास C

UPPCL TG-2 8/11/2023 (Shift-I)

Ans. (b) : IP address यानी Internet protocol एड्रेस, यह एक नम्बर है जो डिवाइस को नेटवर्क और दुनियाभर के अन्य डिवाइस से जोड़ने में मदद करता है। इंटरनेट में इस IP एड्रेस के द्वारा ही आपके डिवाइस का पहचाना जाता है।

एड्रेस क्लास	रेंज
A	1.0.0.0 to 126.255.255.255
B	128.0.0.0 to 191.255.255.255
C	192.0.0.0 to 223.255.255.255
D	224.0.0.0 to 239.255.255.255
E	240.0.0.0 to 254.255.255.255

105. PSTN is an example of ____ network.
PSTN नेटवर्क का एक उदाहरण ..... है।

(a) Circuit switching/सर्किट स्विचिंग
(b) Optical switching/ऑप्टिकल स्विचिंग
(c) Asynchronous transfer mode switching
एसिंक्रोनस ट्रांसफर मोडस्विचिंग
(d) packet switching/पैकेट स्विचिंग

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (a) : एक सार्वजनिक स्विच किया गया टेलीफोन नेटवर्क दुनिया भर में उपयोग किये जाने वाले टेलीफोन नेटवर्क का संयोजन है, जिसमें टेलीफोन लाइनें, फाइबर ऑप्टिक केबल, स्विचिंग केन्द्र, सेलुलर नेटवर्क, उपग्रह और केबल सिस्टम शामिल है। एक PSTN यूजर्स को एक-दूसरे को लैंडलाइन टेलीफोन कॉल करने देता है।
सर्किट स्विचिंग एक दूरसंचार नेटवर्क को लागू करने का एक तरीका है जिसमें दो नेटवर्क नोड नोड्स संचार करने से पहले नेटवर्क के माध्यम से एक समर्पित संचार चैनल (सर्किट) स्थापित करते है।

106. What is the main principle on which block chain technology is based?
ब्लॉकचेन तकनीक (blockchain technology) किस मुख्य सिद्धांत पर आधारित है?

(a) Decentralisation and cryptography
विकेन्द्रीकरण और गूढ़लेखिकी
(b) Centralisation and cryptography
केन्द्रीयकरण और गूढ़लेखिकी
(c) Cryptography/गूढ़लेखिकी
(d) Mutability/परिवर्तनीयता

UPPCL TG-2 7/11/2023 (Shift-I)

Ans.(a): ब्लॉकचेन तकनीक एक विकेन्द्रीकरण (Decentralization) लेजर है जो डेटा को सुरक्षित तरीके से स्टोर करता है। इसमें ब्लॉक्स का एक चेन होता है जिसमें डेटा के ट्रांजैक्शन को क्रिप्टोग्राफिक हैश के जरिए संलग्न किया जाता है। ब्लॉकचेन क्रिप्टोकरेंसी जैसे विभिन्न क्षेत्रो में इस्तेमाल हो रहा है।

107. Which of the following blockchain networks are permission less and allow everyone to join them?
निम्नलिखित में से कौन-सा ब्लॉकचेन नेटवर्क, अनुमति रहित है और सभी को इसमें शामिल होने की सुविधा देता है?

(a) Consortium/कंसोर्टियम (b) Private/ प्राइवेट
(c) Public/ पब्लिक (d) Retail/ रिटेल

UPPCL TG-2 17/11/2023 (Shift-II)

Ans. (c) : पब्लिक ब्लॉकचेन गैर-प्रतिबंधात्मक और अनुमति रहित है और इंटरनेट एक्सेस करने वाला कोई भी व्यक्ति अधिकृत नोड बनने के लिए ब्लॉकचेन प्लेटफार्म पर साइन इन कर सकता है। यह यूजर्स वर्तमान और पिछले रिकॉर्ड देख सकता है और गतिविधियों का संचालन कर सकता है।

108. WinZip और WinRAR किस प्रकार के यूटिलिटी सॉफ्टवेयर हैं?

(a) Free up disk management tools
फ्री अप डिस्क मैनेजमेंट टूल्स
(b) Disk cleanup tools/डिस्क क्लीनअप टूल्स
(c) Disk defragmenter/डिस्क डिफ्रेग्मेंटर
(d) File compression tools/फइल कंप्रेशन टूल्स

UPPCL Executive Assistant 25-11-2022 Shift-I

Ans. (d) : WinZip और WinRAR एक प्रकार का यूटिलिटी साफ्टवेयर है जिनका उपयोग फाइल कंप्रेशन टूल्स के रूप में करते हैं।

109. What is the function of WinZip?
विनज़िप (WinZip) का क्या कार्य है?

(a) This is a antivirus software
यह एक एंटी-वायरस सॉफ्टवेयर है।
(b) It compresses large files into a smaller file
यह बड़ी फाइलों को छोटी फाइलों में कंप्रेस करता है।
(c) It extracts smaller file from larger files/यह बड़ी फाइलों से छोटी फाइलों को एक्स्ट्रैक्ट करता है।
(d) It expands smaller files into a large file/यह छोटी फाइलों को बड़ी फाइलों में एक्सपैंड करता है।

RRB NTPC 10.02.2021 (Shift-I) Stage Ist

Ans. (b) : WinZip (विनज़िप) एक हिट कंप्रेशन सॉफ्टवेयर है। यह बड़ी फाइलों को छोटी फाइलों में कंप्रेस करता है। इसकी मदद से फाइल्स को कंप्रेस करके ज़िप फाइल में बदलकर डिस्क पर काफी स्पेस बचाया जा सकता है।

110. "Miracast" is:
''मिराकास्ट'' है–

(a) Wireless Content Streaming Technology
वायरलेस सामग्री स्ट्रीमिंग प्रौद्योगिकी
(b) Wire Content Streaming Technology
वायर कंटेंट स्ट्रीमिंग टेक्नोलॉजी
(c) Feature in Chrome browser to cast webpages side by side/वेबपेजों को साइड-बाई-साइड कास्ट करने के लिए क्रोम ब्राउज़र में सुविधा
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

MPPCS (J) 2020

Ans. (a) : मिराकास्ट उपयोगकर्ताओं को वाई-फाई उपकरणों के बीच उच्च रिजाल्यूशन चित्रों और हाई डेफिनेशन वीडियो कंटेट सहित मल्टीमीडिया को वायरलेस रूप से साझा करने की अनुमति देता, भले ही वाई-फाई नेटवर्क उपलब्ध न हो।

111. निम्नलिखित युग्म दिए गए है–

(A) वाई फाई	**–**	**मॉडेम**
(B) क्रोम	**–**	**केबल**
(C) फाइल	**–**	**हार्ड ड्राइव**
(D) चार्जिंग	**–**	**केबल**

निम्नलिखित में से कौन सा युग्म शेष से भिन्न है?

(a) (C) तथा (D) (b) (A) केवल
(c) (B) केवल (d) (C) केवल

KVS PRT 02.12.2020 (Shift-II)

Ans. (c) :

वाई फाई	–	मॉडेम
क्रोम	–	केबल
फाइल	–	हार्ड ड्राइव
चार्जिंग	–	केबल

उपरोक्त युग्म में क्रोम अन्य सभी युग्म से भिन्न है क्यूंकि क्रोम एक वेब ब्राउजर होता है। केबल से उसका कोई मेल नहीं है।

112. How many bits are there in an Ethernet address?
एक इथरनेट पते में कितने बिट्स होते है?

(a) 64 bits/64 बिट्स (b) 48 bits/48 बिट्स
(c) 32 bits/32 बिट्स (d) 16 bits/16 बिट्स

Allahabad High Court (RO) 05/01/2022

Ans. (b) : ईथरनेट एड्रेस 48 बिट्स लंबा होता है और आमतौर पर 12 हेक्साडैसिमल अंकों के रूप में प्रदर्शित होता है। MAC Media Access Control) एड्रेस को आमतौर पर ईथरनेट नेटवर्क पर ईथरनेट एड्रेस के रूप में जाना जाता है।

2. डेटा लिंक लेयर (Data Link Layer)

113. डेटा को एक प्रारूप में परिवर्तित करने की प्रक्रिया जिसे किसी अन्य उपयोगकर्ता द्वारा नहीं पढ़ा जा सकता है-

(a) पंजीकरण (b) लॉकिंग
(c) एन्क्रिप्ट करना (d) छिपाना

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (c) : एन्क्रिप्ट करना वह प्रक्रिया हैं जिसमें डेटा को एक ऐसे प्रारूप मे परिवर्तित किया जाता है जिसे अनिधिकृत उपयोगकर्ता (या कोई अन्य उपयोगकर्ता जिसके पास सही डिशक्रिप्शन कुंजी नही है) द्वारा पढ़ा या समझा नही जा सकता। यह डेटा सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है।

114. एस0एन0एम0पी0 (सरल नेटवर्क प्रबंधन प्रोटोकॉल) का प्राथमिक कार्य क्या है?

(a) फाइल स्थानांतरण
(b) दूरस्थ टर्मिनल पहुँच
(c) नेटवर्क प्रबंधन और निगरानी
(d) वेब ब्राउजिंग

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (c): एस एन एम पी (सरल नेटवर्क प्रबंधन प्रोटोकॉल) का प्राथमिक कार्य नेटवर्क प्रबंधन और निगरानी है। यह प्रोटोकाल नेटवर्क डिवाइसों जैसे राउटर, स्विच और सर्वर की निगरानी और प्रबंधन के लिए उपयोग किया जाता है। एस एन एम पी के माध्यम से, नेटवर्क प्रशासक नेटवर्क डिवाइसों की स्थिति की निगरानी कर सकते है, समस्याओं का पता लगा सकते है और उन्हें हल कर सकते है।

115. प्रवाह नियंत्रण का उपयोग निम्न के लिए किया जाता है-

(a) ट्रांसमिशन के दौरान डेटा हानि को रोकें।
(b) ट्रांसमिशन की डेटा दर बढ़ाएँ ।
(c) दोनों दिशाओं में एक साथ संचरण सक्षम करें।
(d) त्रुटि सुधार क्षमताओं में सुधार करें।

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (a) : प्रवाह नियंत्रण का उपयोग मुख्य रूप से ट्रांसमिशन के दौरान डेटा हानि के रोकने के लिए किया जाता है। यह सुनिश्चित करता है कि डेटा भेजने वाला डिवाइस प्राप्तकर्ता डिवाइस की क्षमता से अधिक डेटा न भेजे, जिससे डेटा ओवरफ्लो या हानि न हो।

116. लेयर की कौन-सी उपपरत साझा संचार माध्यम तक पहुँच का प्रबंधन करती है?

(a) तार्किक लिंक नियंत्रण (b) मीडिया पहुँच नियंत्रण
(c) प्रवाह नियंत्रण सबलेयर (d) त्रुटि नियंत्रण सबलेयर

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (b) : लेयर की जो उपपरत साझा संचार माध्यम तक पहुँच का प्रबन्धन करती है, वह मीडिया एक्सेस कंट्रोल (MAC) है। मीडिया एक्सेस कंट्रोल (MAC) डेटा लिंक लेयर की एक उपपरत है जो नेटवर्क में डिवाइसों के बीच डेटा के आदान-प्रदान के लिए माध्यम तक पहुँच का प्रबन्धन करती है।

117. एक ऑपरेटिंग सिस्टम में एक फायरवॉल का उद्देश्य है-

(a) प्रक्रियाओं के बीच सूचना के प्रवाह को नियंत्रित करें।
(b) प्रक्रियाओं के लिए सी0पी0यू0 के समय के आवंटन का प्रबंधन करें।
(c) इनकमिंग और आउटगोइंग ट्रैफिक को फिल्टर करके एक नेटवर्क की रक्षा करें।
(d) मेमोरी प्रबंधन एल्गोरिथ्म का अनुकूलन करें।

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (c) : फायरवॉल:- यह एक आपरेटिंग सिस्टम है जिसका उद्देश्य इनकमिंग और आउटगोइंग नेटवर्क ट्रैफिक को फिल्टर करके एक नेटवर्क की सुरक्षा करना है। फायरवॉल नेटवर्क और कंप्यूटरों को मैलवेयर और डेटा चोरी से बचाने में मदद करते है।

फायरवॉल का कार्य-

1. ट्रैफिक फिल्टरिंग:- फायरवाल नेटवर्क में आने और जाने वाले टैफिंग की निगरानी कर उन्हें फिल्टर करता है।

2. सुरक्षा:- यह बाहरी नेटवर्क से खतरे से आंतरिक नेटवर्क की सुरक्षा प्रदान करता है जैसे- वायरस, हैकर

3. अवरोध:- फायरवाल एक निजी आंतरिक और सार्वजनिक इंटरनेट के बीच एक अवरोध के रूप में कार्य करता है।

4. नियंत्रण:- फायरवाल यह नियंत्रित करता है कि कौन सी जानकारी नेटवर्क में प्रवेश और बाहर निकल सकती है।

118. Contention-based MAC protocols are commonly used in:
कंटेंशन-आधारित MAC प्रोटोकॉल सामान्यतः कहाँ उपयोग किए जाते हैं?
(a) Ethernet network/ईथरनेट नेटवर्क
(b) Token Ring networks/टोकन रिंग नेटवर्क
(c) ATM networks/एटीएम नेटवर्क
(d) Point-to-Point networks/पॉइंट-टू-पॉइंट नेटवर्क

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (a) : कॉन्टेंशन-बेस्ट प्रोटोकॉल (जैसे CSMA/CD), में डिवाइस डेटा भेजने से पहले नेटवर्क की उपलब्धता चेक करते हैं। यह ईथरनेट नेटवर्क में प्रयोग किया जाता है, जबकि टोकन रिंग जैसे नेटवर्क में अन्य प्रोटोकॉल होते है।

119. यू0डी0पी0 (उपयोगकर्ता डेटाग्राम प्रोटोकॉल) के लिए जाना जाता है-
(a) विश्वसनीय, त्रुटि-मुक्त डेटा ट्रांसमिशन
(b) कनेक्शन-उन्मुख संचार
(c) कम ओवरहेड और तेजी से डेटा ट्रांसफर
(d) स्वचालित दोहराए जाने वाले अनुरोधों के लिए समर्थन

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (c) : UDP (User Datagram Protocol) एक कनेक्शन रहित प्रोटोकॉल है जो डेटा को बिना किसी पुष्टिकरण या त्रुटि सुधार के भेजता है। इसका मुख्य उद्देश्य तेजी से डेटा ट्रांसफर करना होता है, इसलिए इसमें ओवरहेड बहुत कम होता है।

120. कौन-सा परिवहन (Transmission) प्रोटोकॉल कनेक्शन रहित है और वितरण की गारंटी नही है?
(a) TCP (b) UDP
(c) HTTP (d) FTP

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (b) : UDP (यूजर डेटाग्राम प्रोटोकॉल) कनेक्शन रहित है। अर्थात् यह डाटा भेजने से पहले कोई समर्पित कनेक्शन स्थापित नहीं करता है। यह तेज तो है लेकिन कम विश्वसनीय है क्योंकि यह पैकेटों की डिलीवरी या ऑर्डर की गारंटी नहीं देता है।

121. Which of the following is done by Secure Sockets Layers?
सिक्योर सॉकेट लेयर (SSL) क्या करता है?
(a) Creates a secure, private connection to a web server/एक सुरक्षित, निजी कनेक्शन बनाता है
(b) Encrypts information
सूचना को एन्क्रिप्ट करता है
(c) Sends information over the internet
इंटरनेट पर जानकारी भेजता है
(d) All of the above/उपरोक्त सभी

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (d) : SSL (Secure Socket Layer) एक तकनीकि है जो वेब सर्वर से एक सुरक्षित और निजी कनेक्शन बनाती है, जानकारी को एन्क्रिप्ट (गुप्त) रखती है। और उसे इंटरनेट पर सुरक्षित रूप से भेजती है। इसलिए सही उत्तर है – उपरोक्त सभी

122. What is a socket in the context of process-to-process communication?/प्रोसेस-टू-प्रोसेस संचार के संदर्भ में सॉकेट क्या होता है?
(a) A hardware device for data transmission
डेटा ट्रांसमिशन के लिए एक हार्डवेयर डिवाइस
(b) A software interface for network communication
नेटवर्क संचार के लिए एक सॉफ़्टवेयर इंटरफ़ेस
(c) A type of cable used for high-speed data transmission/हाई-स्पीड डेटा ट्रांसमिशन के लिए एक प्रकार की केबल
(d) type of network topology
एक प्रकार की नेटवर्क टोपोलॉजी

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (b) : सॉकेट (Socket) एक सॉफ्टवेयर इंटरफेस है जो दो प्रोसेस (जैसे क्लाइंट और सर्वर) के बीच नेटवर्क पर डेटा ट्रांसमिशन को संभव बनाता है। यह हार्डवेयर नहीं है, बल्कि एक प्रोग्रामिंग अवधारणा है जो IP एड्रेस और पोर्ट नंबर का उपयोग करता है।

123. Process-to-process communication involves communication between:
प्रोसेस-टू-प्रोसेस कम्युनिकेशन का अर्थ है:
(a) Different network layers
विभिन्न नेटवर्क लेयर्स के बीच संचार
(b) Different devices on the same network
एक ही नेटवर्क पर विभिन्न डिवाइसों के बीच संचार
(c) Devices using different protocols
विभिन्न प्रोटोकॉल का उपयोग करने वाले डिवाइसों के बीच संचार
(d) Processes on different devices
विभिन्न डिवाइसों पर प्रक्रियाओं के बीच संचार

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (d) : Process to Process Communication का अर्थ है- दो अलग-अलग डिवाइसेज (Computers or Systems) पर चल रहे Processes के बीच संचार (Communication).

124. The management of data flow between computers or devices or between nodes in a network is called
कंप्यूटर या उपकरणों के बीच या नेटवर्क में नोड्स के बीच डेटा प्रवाह का प्रबंधन कहा जाता है
(a) Flow Control (b) Data Control
(c) Data Management (d) Flow Management

Bihar STET C.S. 2020

Ans, (a) : ''Flow Control'' डेटा संचार में एक तकनीक है जिसका उपयोग कंप्यूटर या नेटवर्क नोड्स के बीच डेटा के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है, ताकि रिसीवर ओवरलोड न हो जाए और डेटा कुशलतापूर्वक स्थानांतरित हो सके।
इसका उपयोग विशेष रूप से नेटवर्किंग प्रोटोकॉल में किया जाता है जैसे कि TCP (Transmission Control Protocol)।

125. Which one of the following is not used in media access control?
Media Access Control में निम्नलिखित में से किसका उपयोग नहीं किया जाता है?

(a) Ethernet
(b) Digital subscriber line
(c) Fiber distributed data interface
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (b) : Media Access Control (MAC) वह तरीका है जिसमें नेटवर्क पर यह तय किया जाता है कि कौन सा डिवाइस कब डेटा भेजेगी।

• **Ethernet–** MAC का उपयोग करता है।

• **FDDI (Fiber Distributed Data Interface)–** MAC का उपयोग करता है।

126. What is the term for an endpoint of an interprocess communication flow across a computer network?/कम्प्यूटर नेटवर्क पर अंतर-प्रक्रिया संचार प्रवाह के समापन बिंदु के लिए क्या शब्द है?

(a) Port
(b) Pipe
(c) Socket
(d) More than one of the above
(e) None of the above

BPSC TRE 2.0 Exam 2024 (9-10)
BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (6-10)

Ans.(c) सॉकेट (Socket) नेटवर्क में दो तरफा संचार लिंक का एक अंतिम बिंदु (End point) है। TCP लेयर सॉकेट से जुड़े पोर्ट नंबर का उपयोग करके उस एप्लिकेशन की पहचान कर सकती है जिसे डेटा भेजा जाना है।

127. What is the size of MAC address in computer network?/कम्प्यूटर नेटवर्क में MAC address का साइज कितना होता है?

(a) 32 bits/32 बिट
(b) 16 bits/16 बिट
(c) 48 bits/48 बिट
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 2.0 Exam-2023 (11-12)
UPPCL Assistant Accountant 22-06-2023 Shift-I
UPPCL ARO 25.02.2022 (Shift-II)

Ans. (c): कम्प्यूटर नेटवर्क में MAC (Media Access Control) एड्रेस का साइज 48 बिट होता है। इसका अर्थ है कि MAC address को आमतौर पर 12 हेक्साडेसिमल नम्बर्स (अर्थात् 6 बाइट्स) के रूप में लिखा जाता है, जैसे कि
00: 1A:2B:3C:4D:5E

128. Which of the following is a physical thing, appearing on an Ethernet or some wire? निम्नलिखित में से कौन-सी एक भौतिक चीज है, जो ईथरनेट या किसी तार पर दिखाई देती है?

(a) Internet/इंटरनेट (b) Packet/पैकेट
(c) Datagram/डेटाग्राम (d) Database/डेटाबेस
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

UPSSSC Auditor 05.01.2025

Ans. (b): पैकेट, डेटा की एक इकाई है जो किसी नेटवर्क, जैसे ईथरनेट या किसी अन्य वायर्ड संचार प्रणाली पर प्रसारित होती है। पैकेट एक बड़े संदेश या फाइल के छोटे खंड होते हैं जिन्हें अलग-अलग भेजा जाता है और गंतव्य पर फिर से जोड़ा जाता है। इनमें स्थानांतरित किया जा रहा डेटा और पैकेट को उसके गंतव्य तक रूट करने के लिए नियंत्रण जानकारी दोनों शामिल हैं।

129. CSMA is a method which was developed to decrease the chances of collisions when two or more stations start sending their signals over the data link layer. What does CSMA stand for? CSMA एक विधि है जिसे दो या दो से अधिक स्टेशनों द्वारा डेटा लिंक लेयर पर अपने सिग्नल भेजने शुरू करने पर टकराव की संभावना को कम करने के लिए विकसित किया गया था। CSMA का क्या अर्थ है?

(a) Carrier Sense Multiplexed Access
कैरियर सेंस मल्टीप्लेक्स्ड एक्सेस
(b) Carrier Signal Modulated Access
कैरियर सिग्नल मॉडुलेटेड एस्सेस
(c) Carrier Signal Multiplexed Access
कैरियर सिग्नल मल्टीप्लेक्सड एक्सेस
(d) Carrier Sense Multiple Access
कैरियर सेंस मल्टीपल एक्सेस

BSPHCL JE 31-01-2019 (Batch -01)

Ans: (d) कैरियर सेंस मल्टीपल एक्सेस (CSMA) एक विधि है जिसे दो या दो से अधिक स्टेशनों द्वारा डेटा लिंक लेयर पर अपने सिग्नल भेजने शुरू करने पर टकराव की संभावना को कम करने के लिए विकसित किया गया था।

3. नेटवर्क लेयर (Network Layer)

130. Routing involves:
राउटिंग में क्या शामिल है?

(a) Dividing data into frames
डेटा को फ्रेम्स में विभाजित करना
(b) Managing flow control
फ्लो कंट्रोल का प्रबंधन
(c) Determining the best path for data packets
डेटा पैकेट्स के लिए सर्वोत्तम मार्ग निर्धारित करना
(d) Correcting errors in data transmission
डेटा ट्रांसमिशन में त्रुटियों को ठीक करना

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)
Bihar STET C.S. 12.09.2024 (Shift-I)

Ans, (c) : रूटिंग नेटवर्क पर डेटा पैकेट्स को स्रोत से गंतव्य तक पहुँचाने के लिए सबसे उपयुक्त मार्ग (Path) चुनने की प्रक्रिया है। इसमें रूटिंग टेबल्स और एल्गोरिदम (जैसे OSPF, BGP) का उपयोग होता है। यह फ्लो कंट्रोल या एर करेक्शन से अलग है।

131. What is the purpose of ARP (Address Resolution Protocol)?/ARP (एड्रेस रेजोल्यूशन प्रोटोकॉल) का उद्देश्य क्या है?

(a) To assign IP addresses to devices
उपकरणों को IP एड्रेस असाइन करना
(b) To resolve domain names to IP addresses
डोमेन नाम को IP एड्रेस में परिवर्तित करना
(c) To map MAC addresses to IP addresses
MAC एड्रेस को IP एड्रेस से मैप करना
(d) To manage network congestion
नेटवर्क भीड़ का प्रबंधन करना

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (c) : ARP का मुख्य उद्देश्य नेटवर्क पर किसी डिवाइस के MAC एड्रेस को उसके IP एड्रेस से जोड़ना हैं, ताकि डेटा सही डिवाइस तक पहुँच सके।

132. What is the primary function of routing in the network layer?
नेटवर्क लेयर में राउटिंग का प्राथमिक कार्य क्या है?

(a) Data framing/डेटा फ्रेमिंग
(b) Error correction/त्रुटि सुधार (Error correction)
(c) Finding the best path for data
डेटा के लिए सर्वोत्तम मार्ग खोजना
(d) Flow control/फ्लो कंट्रोल

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (c) : नेटवर्क लेयर में रूटिंग का मुख्य उद्देश्य नेटवर्क पर डेटा पैकेट्स को स्रोत से गंतव्य तक पहुंचाने के लिए सबसे उपयुक्त मार्ग (Path) का चयन करना है।

133. Which one of the following is not an application layer protocol used in internet?
निम्नलिखित में से कौन एक इंटरनेट में उपयोग की जाने वाली Application layer प्रोटोकॉल नहीं है?

(a) Remote procedure call
(b) Internet relay chat
(c) Resource reservation protocol
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (c) : Remote Procedure Call (RPC) एप्लिकेशन लेयर पर प्रयोग किया जाता है ताकि एक प्रोग्राम दूसरे नेटवर्क कंप्यूटर पर कोड चला सके। Internet Relay Chat (IRC) एप्लिकेशन लेयर का प्रोटोकॉल है, जिसका उपयोग चैटिंग के लिए किया जाता है।

Resource Reservation Protocol (RSVP)– यह नेटवर्क लेयर पर काम करता है और नेटवर्क में बैंड विड्थ रिजर्व करने के लिए उपयोग किया जाता है। यह एप्लिकेशन लेयर प्रोटोकॉल नहीं है।

134. Which protocol assigns IP address to the client connected in the internet?/कौन सा प्रोटोकॉल, इंटरनेट में जुड़े Client को IP Address प्रदान करता है?

(a) DHCP
(b) IP
(c) RPC
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (a) : DHCP (Dynamic Host Configuration Protocol) वह प्रोटोकॉल होता है जो इंटरनेट से जुड़े क्लाइंट डिवाइस को IP Address Subnet, Mask, Gateway आदि स्वाचालित रूप से प्रदान करता है।

135. Which one is a communication channel security protocol?/निम्नलिखित में से कौन-सा एक संचार चैनल सुरक्षा प्रोटोकॉल है?

(a) SSL (b) SET
(c) S-HTTP (d) All of the above

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (d) : SSL (Secure Sockets Layer)– यह एक सुरक्षा प्रोटोकॉल है जो वेब सर्वर और ब्राउजर के बीच एक सुरक्षित और एन्क्रिप्टेड कनेक्शन बनाता है। इसका उपयोग मुख्य रूप से HTTPs में होता है।

SET (Secure Electronic Transaction)– यह क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन लेन-देन को सुरक्षित करने के लिये Visa और Mastercard द्वारा विकसित किया गया था।

S.HTTP (Secure Hyper Text Transfer Protocol)- यह एक प्रोटोकॉल है जो इंटरनेट पर भेजे जाने वाले हर एक HTTP संदेश को एन्क्रिप्ट करता है। यह HTTPS का एक विकल्प था।

136. The length of an IPv6 address is:
IPv6 पते की लंबाई होती है:

(a) 32 bits/32 बिट्स (b) 64 bits/64 बिट्स
(c) 128 bits/128 बिट्स (d) 256 bits/256 बिट्स

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (c) : IPv6 address की लम्बाई 128 बिट्स होती है। यह IPv4 का अगला संस्करण हैं, जिसमें केवल 32 bit होते है।

137. The maximum length (in bytes) of an IPv4 datagram is:
एक IPv4 डाटाग्राम की अधिकतम लंबाई (बाइट्स में) होती है:

(a) 32 (b) 256
(c) 1024 (d) 65535

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (d) : IPv4 डेटाग्राम की अधिकतम लम्बाई 65535 बाइट्स होती है। यह सीमा हेडर सहित पूरी डेटाग्राम की होती है, और यह 16- bit फील्ड "Total Length" द्वारा निर्धारित होती है।

138. Subnetting allows for:
सबनेटिंग किसके लिए अनुमति प्रदान करता है?

(a) Faster data transmission/तेज डेटा ट्रांसमिशन
(b) Improved error control/बेहतर त्रुटि नियंत्रण
(c) Efficient use of IP addresses
IP पतों का कुशल उपयोग
(d) Increased network security
नेटवर्क सुरक्षा में वृद्धि

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (c) : Subnetting का उपयोग नेटवर्क को छोटे-छोटे भागों (Subnets) में बाँटने के लिए किया जाता है।
इसका मुख्य उद्देश्य है–
IP Addresses का कुशल (Efficient) उपयोग करना।
IP Address Space को Manage करना।
Network Traffic को बेहतर ढ़ंग से Control करना।

139. The DES algorithm has a key length of 64 bits.
DES एल्गोरिथ्म की एक महत्त्वपूर्ण लंबाई..... बिट्स है।

(a) 16 (b) 32
(c) 64 (d) 128

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (c) : DES (Data Encryption Standard) एल्गोरिथम की लम्बाई 64 बिट्स है अतः विकल्प (c) सही है।

140. What is the maximum number of devices that can be connected to a single modbus network?
उन उपकरणों की अधिकतम संख्या क्या है जिन्हें एकल मोडबस नेटवर्क से जोड़ा जा सकता है?

(a) 32 (b) 64
(c) 28 (d) 256

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (a) : 32 (हार्डवेयर सीमा के आधार पर)

141. Which layer does the data link layer take packets from and encapsulate them into frames for transmission?
डेटा लिंक परत किस परत से पैकेट लेती है और उन्हें ट्रांसमिशन के लिए फ्रेम में समाहित करती हैं?

(a) Transport layer
(b) Application layer
(c) Network layer
(d) More than one of the above
(e) None of the above

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (6-10)

Ans.(c) कंप्यूटर नेटवर्क में, एप्लिकेशन लेयर से डेटा ट्रांसपोर्ट लेयर पर भेजा जाता है और सेगमेंट में परिवर्तित हो जाता है। फिर इन सेगमेंट को नेटवर्क लेयर पर स्थानांतरित कर दिया जाता हैं और इन्हें पैकेट कहा जाता है। फिर इन पैकटों को डेटालिंक लेयर पर भेजा जाता है जहां उन्हें फ्रेम में एनकैप्सुलेट किया जाता है। फिर इन फ्रेमों को फिजिकल लेयर में स्थानांतरित कर दिया जाता है जहां फ्रेम बिट्स को परिवर्तित हो जाते है।

142. What is the primary function of a router in a computer network?
कम्प्यूटर नेटवर्क में राउटर का प्राथमिक कार्य क्या है?

(a) To connect devices within the same network
के भीतर उपकरणों को जोड़ने के लिए वही नेटवर्क
(b) To connect multiple networks together
एकाधिक नेटवर्क को जोड़ने के लिए एक साथ
(c) To filter incoming traffic based on IP addresses/आने वाले ट्रैफिक को फिल्टर करने के लिए आईपी पते
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (b) : कम्प्यूटर नेटवर्क में राउटर का प्राथमिक कार्य, कई नेटवर्क को एक साथ जोड़ना है। राउटर विभिन्न नेटवर्कों को जोड़ता है और डेटा पैकेट्स को एक नेटवर्क से दूसरे नेटवर्क तक गाइड करता है।

143. Which device is used to connect multiple devices within the same local area network (LAN)?
एक ही लोकल एरिया नेटवर्क (LAN) के भीतर कई डिवाइसों को जोड़ने के लिए किस डिवाइस का उपयोग किया जाता है?

(a) Router/राउटर
(b) Switch/स्विच
(c) Bridge/पुल
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (b) : एक ही लोकल एरिया नेटवर्क (LAN) के भीतर एकाधिक उपकरणों को जोड़ने के लिए स्विच (Switch) का उपयोग किया जाता है। स्विच नेटवर्क में विभिन्न उपकरणों को आपस में जोड़ता है और डेटा पैकेट्स को उनके गंतव्य तक सही ढंग से पहुंचाने में मदद करता है।

144. Which one of the following is not a network topology?/निम्नलिखित में से कौन-सा एक नेटवर्क टोपोलॉजी नहीं है?

(a) Peer-to-peer
(b) Ring
(c) Bus
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 1.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (a) : नेटवर्क टोपोलॉजी एक नेटवर्क की फिजिकल और लॉजिकल स्ट्रक्चर को दर्शाती है, जिसमें नेटवर्क के डिवाइस और उनके इंटरकनेक्शन कैसे होते हैं। यह टोपोलॉजी नेटवर्क में डेटा की फ्लो और कम्युनिकेशन के पैटर्न को परिभाषित करती है और सुनिश्चित करने में मदद करती है कि डेटा कैसे प्रेषित और प्राप्त होगा। कुछ प्रमुख टोपोलॉजी जैसे स्टार, बस, रिंग और मेश टोपोलॉजी आदि है। जबकि Peer-to-Peer एक प्रोटोकॉल है।

145. In computer network, what is the size of IP address in IPv4?
कम्प्यूटर नेटवर्क के IPv4 में IP एड्रेस का साइज कितना होता है?

(a) 8 bits/8 बिट
(b) 16 bits/16 बिट
(c) 32 bits/32 बिट
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 2.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (c): IPv4 में, IP एड्रेस का साइस 32 बिट होता है। जिसे आमतौर पर दशमलव नम्बर के रूप में लिखा जाता है। यह 4 बाइट के बाइनरी नम्बर का प्रतिनिधित्व करता है। जैसे- 192 .166.1.1 एक IPv4 एड्रेस है।

146. The length of an IPv6 address is
IPv6 address की लम्बाई होती है

(a) 32 bits
(b) 64 bits
(c) 256 bits
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 1.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (e) : IPv6 एक इंटरनेट प्रोटोकॉल है जो इंटरनेट पर डिवाइसों को पहचानने के लिए उपयोग किया जाता है। IPv6 एड्रेस की लम्बाई 128-बिट्स होती है। जबकि IPv4 एड्रेस की लम्बाई 32-बिट्स होती है। IPv6 एड्रेस के रूप में आमतौर पर हेक्साडेसिमल प्रारूप का उपयोग किया जाता है।

147. Which of the following is true with regard to the ping command?/पिंग कमान्ड के सम्बन्ध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?

(a) Ping stands for Packet Internet Generator.
(b) The ping command checks the port level connectivity between source destinations endpoints.
(c) Ping summarizes the packet loss and round-trip delay between two IP endpoints.
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 1.0 Exam-2023 (11-12)

Ans.(c): पिंग कमांड का उपयोग नेटवर्क डिवाइस की उपस्थिति और संचालन की जाँच करने के लिए किया जाता है। यह नेटवर्क कनेक्टिविटी की स्थिति की जाँच करने के लिए उपयोगी होता है और दूरस्थ डिवाइस को पिंग करके यह देखता है कि क्या वह उपलब्ध है और कितनी देर में प्रतिक्रिया देता है। यह दो IP एंडप्वाइंट के बीच पैकेट हानि और राउंड-ट्रिप डिले का सारांश प्रस्तुत करता है।

148. Which layer of the internet architecture model is responsible for routing packets between networks?
इंटरनेट आर्किटेक्चर मॉडल की किस लेयर के माध्यम से, नेटवर्कों के बीच पैकेटों की रूटिंग की जाती है?

(a) Data link layer/डेटा लिंक लेयर
(b) Network layer/नेटवर्क लेयर
(c) Transport layer/ट्रांसपोर्ट लेयर
(d) Application layer/एप्लिकेशन लेयर

Delhi Police Constable 17.11.2023 (Shift-III)

Ans. (b) : नेटवर्क लेयर का मुख्य कार्य पैकेट रूटिंग और एड्रेसिंग होता है। जब डेटा पैकेट एक नेटवर्क से दूसरे नेटवर्क में यात्रा करता है। तो यह नेटवर्क लेयर के द्वारा रूट किया जाता है। नेटवर्क लेयर में IP और अन्य प्रोटोकॉल होते हैं जो पैकेट को सही गंतव्य तक पहुँचाने के लिए मार्ग निर्धारण का काम करते है। यह लेयर एक सोर्स से गंतव्य तक के रास्ते का निर्धारण करती है और इस कार्य में राउटर की सहायता होता है।

149. जब कोई डिवाइस दूसरे डिवाइस पर संदेश भेजने का प्रयास करता है, तो डेटा को इंटरनेट पर प्रबंधनीय ____ के फ़ॉर्म में भेजा जाता है।

(a) Envelopes/एन्वेलप्स (b) Bins/बिन्स
(c) Packets/पैकेट्स (d) Labels/लेबल्स

UPPCL Executive Assistant 24-11-2022 Shift-I

Ans. (c) : जब एक उपकरण (डिवाइस) किसी अन्य उपकरण (डिवाइस) को संदेश भेजने का प्रयास करता है तो डेटा प्रबंधनीय पैकेट के रूप में इंटरनेट पर भेजा जाता है प्रत्येक पैकेट को एक पोर्ट नंबर दिया जाता है जो इसे उसके इंडप्वाइंट बिंदु (End Point) से जोड़ा जाता है।

150. Which of these is NOT a switching techinques?
निम्नलिखित में से कौन एक स्विचिंग तकनीक नहीं है?

(a) Circuit Switching/सर्किट स्विचिंग
(b) Data Switching/डाटा स्विचिंग
(c) Packet Switching/पैकेट स्विचिंग
(d) Message Switching/मेसेज स्विचिंग

UPPCL APS Exam-18.02.2018

Ans. (b) : नेटवर्क स्विच एक कम्प्यूटर नेटवर्किंग डिवाइस है जो गंतव्य डिवाइस पर डेटा प्राप्त करने, प्रक्रिया करने और अग्रेषित करने के लिए उपयोग की जाती है। सर्किट स्विचिंग, पैकेट स्विचिंग, मेसेज स्विचिंग एक स्विचिंग तकनीक है जबकि डाटा स्विचिंग नही।

151. Name the standards-based point-to-point, serial interconnect capable of high-bandwidth transfers, used throughout the computing and embedded devices industries, introduced in 2004.
मानक आधारित, पॉइंट-टू-पॉइंट सीरियल इंटरकनेक्ट का नाम बताइए, जो उच्च-बैंडविड्थ स्थानान्तरण में सक्षम है, जिसका उपयोग पूरे कम्प्यूटिंग और एम्बेडेड डिवाइस उद्योगों में किया जाता है, जिसे 2004 में पेश किया गया था।

(a) PCI Extended (b) PCI SIG
(c) PCI Express (d) PCI

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (c) : पी.सी.आई. एक्सप्रेस एक मानक आधारित, पॉइंट-टू-पॉइंट, सीरियल इंटरकनेक्ट है जिसका उपयोग पूरे कम्प्यूटिंग और एम्बेडेड डिवाइस उद्योगों में किया जाता है। जिसे 2004 में पेश किया गया। PCIe को PCI-SIG द्वारा प्रबंधित किया जाता है। PCIe निम्न कार्य करने में सक्षम है।

1. अंतर जोड़ी इंटरकनेक्ट के एक से 32 लेन का उपयोग करके स्केलेबल, एक साथ, द्वि-दिशात्मक स्थानान्तरण।
2. उच्च अंतरण दर प्राप्त करने के लिए लेन को समूहीकृत करना, जैसे की ग्राफिक्स एडेप्टर के साथ।
3. पी.सी.आई. एक्सप्रेस 3.0 के साथ *16 कनेक्टर पर 32 जी.बी./एस तक द्वि-दिशात्मक वैंडविड्थ।
4. लो-ओवरहेड, लो-लेटेंसी डेटा ट्रांसफर।
5. होस्ट निर्देशित और पॉइंट-टू-पॉइंट दोनों स्थानान्तरण।
6. होस्ट रुटिंग के बिना दो बिन्दुओं के बीच डेटा भेजकर नेटवर्क वातावरण का अनुकरण करना।

152. Identify the communication protocol which establishes a dedicated and direct connection between two communication devices. This protocol defines how two devices will authenticate each other and establish a direct link between them to exchange data.
उस कम्युनिकेशन प्रोटोकॉल की पहचान कीजिए जो दो कम्युनिकेटिंग डिवाइस के बीच एक डेडिकेटेड और डायरेक्ट कनेक्शन स्थापित करता है। यह प्रोटोकॉल यह बताता है कि ये दोनों डिवाइस किस प्रकार एक दूसरे को अथेन्टिकेट करेंगे और डाटा एक्सचेंज करने के लिए अपने बीच एक डायरेक्ट लिंक स्थापित करेंगे।

(a) PPP/पी पी पी (b) SMTP/एस एम टी पी
(c) TELNET/टेलनेट (d) FTP/एफ टी पी

EMRS P.G.T 16.12.2023

Ans. (a) : कम्प्यूटर नेटवर्किंग में पॉइंट प्रोटोकॉल एक डेटा लिंक लेयर संचार प्रोटोकॉल है- दो मार्गो के बीच सीधे बिना किसी होस्ट या किसी अन्य नेटवर्किंग के यह लूप डिटेक्शन आथेन्टिकेशन ट्रांसमिशन एन्क्रिप्शन और डेटा कम्प्रेशन प्रदान कर सकता है।

153. निम्नलिखित में से किस-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(i) IPv4 क्लास-A एड्रेस, नेटवर्क ID के लिए प्रथम 8 बिट्स का उपयोग करता है।
(ii) IPv4 क्लास-C एड्रेस, होस्ट ID के लिए अंतिम 8 बिट्स का उपयोग करता है।

(a) केवल (i) (b) न तो (i) न ही (ii)
(c) (i) और (ii) दोनों (d) केवल (ii)

UPPCL Executive Assistant 30-11-2022 Shift-I

Ans. (c) : IPv4 का पूर्ण रूप इंटरनेट प्रोटोकॉल वर्जन 4 है। जब कोई भी उपकरण इंटरनेट का उपयोग करता है, तो उसे एक यूनिक IP एड्रेस दिया जाता है। जैसे - 192.168.0.1
IPv4 में आई पी एड्रेस 32 bits का होता है। यह क्लास - A एड्रेस नेटवर्क ID के लिए प्रथम 8 बिट्स तथा क्लास- C एड्रेस, होस्ट ID के लिए अंतिम 8 बिट्स का उपयोग करता है।

154. _____ is the most important/powerful computer in a typical network.
_____एक विशिष्ट नेटवर्क में सबसे महत्वपूर्ण/शक्तिशाली संगणक है

(a) Network client /डेस्कटॉप
(b) Network client /नेटवर्क क्लांइट
(c) Network server /नेटवर्क सर्वर
(d) Network station /नेटवर्क स्टेशन

Allahabad High Court (RO) 05/01/2022

Ans. (c) : नेटवर्क सर्वर, एक विशिष्ट नेटवर्क में सबसे महत्वपूर्ण/शक्तिशाली संगणक है। नेटवर्क सर्वर को नेटवर्क संसाधनों का प्रबंधन करने और नेटवर्क सेटिंग में क्लाइंट के रूप में जाने वाले अन्य कम्प्यूटरों की सेवाएँ प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

155. A.....is a basic unit of communication over a digital network.
एक.....एक डिजिटल नेटवर्क पर संचार की एक बुनियादी इकाई होती है।

(a) Switch/स्विच
(b) Access points/एक्सेस पॉइंट
(c) Data packet/डेटा पैकेट
(d) Router/राउटर

UPASI 05.12.2021 Shift-I

Ans. (c) : Data Packet (डेटा पैकेट) डेटा पैकेट सिंगल पैकेज में बने डेटा की एक इकाई है जो किसी दिए गये नेटवर्क पथ के साथ ट्रेवेल करता है। डेटा पैकेट का उपयोग इंटरनेट प्रोटोकॉल प्रसारण में डेटा के लिए किया जाता है।

156. लोकल एरिया नेटवर्क (LAN) में, निम्नलिखित में से किसका उपयोग यह सुनिश्चित करने के लिए सबसे अधिक किया जाता है कि डेटा पैकेट को उसके MAC एड्रेस के आधार पर सही डिवाइस पर कुशलतापूर्वक अग्रषित किया गया है?

(a) Layer 3 Switch/लेयर 3 स्विच
(b) Router/राउटर
(c) Bridge/ब्रिज
(d) Hub/हब

SSC CGL Tier-II 20.01.2025 (Shift- I)

Ans. (a) : स्विच एक नेटवर्क डिवाइस है जिसका उपयोग नेटवर्क को अलग-अलग सबनेटवर्क में विभाजित करने के लिए किया जाता है। जिन्हें सबनेट या LAN सेगमेंट कहा जाता हैं यह MAC एड्रेस के आधार पर LAN सेगमेंट के बीच पैकेट को फिल्टर करने और अग्रेषित करने के लिए जिम्मेदार है।

157. .....is a device to connect LAN to Internet.
लैन को इन्टरनेट से जोड़ने का उपकरण .....है।

(a) HTTP/एच.टी.टी.पी. (b) Router/राउटर
(c) Bridge/ब्रिज (d) Switch/स्विच

UPPSC APS 2023

Ans. (b) : लैन (LAN) को इन्टरनेट से जोड़ने का उपकरण राउटर होता है जो विभिन्न कंप्यूटर नेटवर्को के बीच डेटा पैकेट्स को भेजने और प्राप्त करने के लिए उपयोग किया जाता है। इसका मुख्य काम डेटा को एक नेटवर्क से दूसरे नेटवर्क में सही रास्ते (LAN या WAN) से पहुंचाना होता है।

158. What is used by a router to decide the best available route the packet can take to reach its destination quickly and accurately?/सबसे अच्छा उपलब्ध मार्ग निर्धारित करने के लिए राउटर द्वारा क्या प्रयुक्त किया जाता है, ताकि पैकेट अपने डेस्टिनेशन तक जल्दी और सटीक रूप से पहुंच सके?

(a) Encryption table /एन्क्रिप्शन टेबल
(b) Hash table /हैश टेबल
(c) Logarithm table /लॉगरिथ्म टेबल
(d) Routing table /राउटिंग टेबल

BSPHCL TG-III 03.11.2018 (Batch-2)

Ans. (d) : राउटर द्वारा राउटिंग टेबल के माध्यम से डेटा पैकेट को उनके इच्छित आईपी पते पर अग्रेषित करने, नेटवर्कों के बीच ट्रैफिक प्रबंधन, कई उपकरणों को एक ही इंटरनेट कनेक्शन का अनुमति देने के लिए किया जाता है।

159. Identify the switching technique in which the message is sent in one go, but it is divided into smaller pieces, and they are sent individually. The pieces are given a unique number and addresses to identify their order at the receiving end.
उस स्विच तकनीक की पहचान कीजिए जिसमें एक बार में मैसेज भेजा जाता है, किंतु उसे छोटे-हिस्सों में विभाजित किया जाता है, और उन्हें अलग-अलग भेजा जाता है। उन हिस्सों को एक अनूठा नंबर और एड्रेस दिया जाता है ताकि प्राप्तकर्त्ता की ओर से उनके क्रम (आर्डर) की पहचान की जा सके।

(a) Message Switching/मैसेज स्विचिंग
(b) Packet Switching/पैकेट स्विचिंग
(c) Binary Switching/बाइनरी स्विचिंग
(d) Circuit Switching/सर्किट स्विचिंग

EMRS P.G.T 16.12.2023

Ans. (b) : पैकेट स्विचिंग एक स्विचिंग तकनीक है जिसमें संदेश एक बार में भेजा जाता है, लेकिन इसे छोटे टुकड़ों में विभाजित किया जाता है और उन्हें अलग-अलग भेजा जाता है। संदेश छोटे टुकड़ों में विभाजित हो जाते है जिन्हें पैकेट कहा जाता है और पैकेट को प्राप्त करने वाले छोर पर उनके क्रम की पहचान करने के लिए एक विशिष्ट संख्या दी जाती है।

160. Identity whether the following statements are true or false.
पहचान कीजिए कि निम्नलिखित कथन सत्य हैं या असत्य हैं।

(i) Switching at the network layer on the internet uses the datagram approach to packet switching.
इंटरनेट पर नेटवर्क लेयर पर स्विच करना, पैकेट स्विचिंग के लिए डेटाग्राम पद्धति का उपयोग करता है।

(ii) The Internet Protocol version 4 (IPv4) is the delivery mechanism used by the TCP/IP models.
इंटरनेट प्रोटोकॉल संस्करण टीसीपी/आईपी मॉडल द्वारा उपयोग किया जाने वाला निर्गम यंत्रावली है।

(iii) IPV4 addresses are represented by 8 bytes.
IPV4 पतों को 8 बाइट्स द्वारा दर्शाया जाता है।

(a) i-False, ii-True, iii-True
i-असत्य, ii-सत्य, iii-सत्य
(b) i-True, ii-False, iii-True
i-सत्य, ii-असत्य, iii-सत्य
(c) i-True, ii-True, iii-False
i-सत्य, ii-सत्य, iii-असत्य
(d) i-False, ii-False, iii-True
i-असत्य, ii-असत्य, iii-सत्य

UPPCL TG-2 8/11/2023 (Shift-I)

Ans. (c) :
(i) इंटरनेट पर नेटवर्क लेयर पर स्विच करना, पैकेट स्विचिंग के लिए डेटाग्राम पद्धति का उपयोग करता है।
(ii) इंटरनेट प्रोटोकॉल वर्जन 4 (IPV4) टीसीपी/आइपी (TCP/IP) मॉडल द्वारा उपयोग किया जाने वाला डिलीवरी मैकैनिज्म है।
(iii) IPV4 पतों का 32-बिट द्वारा दर्शाया जाता है न कि 8 बाइट्स
अतः कथन (iii) असत्य और कथन (i) और (ii) सत्य है।

161. Match the following network devices with their purposes:/निम्नलिखित नेटवर्क उपकरणों का उनके उद्देश्यों से मिलान कीजिए:

	(Device/उपकरण)		**(Purpose/उद्देश्य)**
A.	**Router/राउटर**	**i.**	**Extends Wi-Fi coverage वाई-फाई कवरेज बढ़ाता है**
B.	**Switch/स्विच**	**ii.**	**Connects devices/उपकरणों को कनेक्ट करता है:**
C.	**Modem/मॉडेम**	**iii.**	**Converts digital signal डिजिटल सिग्नलों को परिवर्तित करता है**
D.	**Access Point एक्सेस पॉइंट**	**iv.**	**Directs network traffic नेटवर्क ट्रैफिक को निर्देशित करता है।**

Options/विकल्प:
(a) A-iv, B-ii, C-iii, D-i
(b) A-iv, B-iii, C-i, D-ii
(c) A-iii, B-i, C-iv, D-ii
(d) A-i, B-iv, C-ii, D-iii
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

UPSSSC Homeopathic Pharmacist 02.02.2025

Ans. (a): सही मिलान-

(Device/उपकरण)		**(Purpose/उद्देश्य)**	
A.	राउटर	iv.	नेटवर्क ट्रैफिक को निर्देशित करता है।
B.	स्विच	ii.	उपकरणों को कनेक्ट करता है:
C.	मॉडेम	iii.	डिजिटल सिग्नलों को परिवर्तित करता है
D.	एक्सेस पॉइंट	i.	वाई-फाई कवरेज बढ़ाता है।

162. GPRS is basically the standard-bearer of:
बुनियादी रूप से GPRS किसका एक मानक वाहक (Standard-bearer) है?

(a) 2.5G technology/2.5जी तकनीक
(b) 3G technology /3जी तकनीक
(c) 4G technology4जी तकनीक
(d) 2G technology /2जी तकनीक

EMRS PGT 16-12-2023

Ans. (a): जीपीआरएस मूल रूप से 2.5 जी तकनीक का मानक वाहक है। यह पैकेट स्विच्ड प्रकार का नेटवर्क है जिसमें बिलिंग कुल स्थानांतरित डेटा पर निर्भर करती है। यह अपने उपयोगकर्ताओं की इंटरनेट पर सीधा कनेक्शन विकसित करने की सुविधा देता है।

163. Which of the following statements could *not* be valid with respect to ICMP (Internet Control Message Protocol)?
निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ICMP (इंटरनेट कंट्रोल मैसेज प्रोटोकॉल) के संबंध में मान्य नहीं हो सकता है?

(a) Time exceeded Type 11
टाइम इक्सीडिड टाइप 11
(b) Incorrect path Type 6/इन्करेक्ट पाथ टाइप 6
(c) A redirect message Type 5
अ रीडायरेक्ट मैसेज टाइप 5
(d) The "destination unreachable" Type 3
द ''डेस्टिनेशन अनरीचेबल'' टाइप 3
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

UPSSSC Junior Analyst Drugs 02.02.2025

Ans. (b) : इंटरनेट कंट्रोल मैसेज प्रोटोकॉल (ICMP) एक महत्वपूर्ण प्रोटोकॉल है जो इंटरनेट प्रोटोकॉल (IP) नेटवर्क में त्रुटि और नियंत्रण संदेशों को प्रसारित करने के लिए उपयोग किया जाता है।
दिये गये विकल्पों में से ''इन्करेक्ट पाथ टाइप 6'' ICMP संदेश का एक मान्य प्रकार नहीं है। ICMP संदेशों के प्रकार 0 से 18 तक होते है। टाइप 6 एक आरक्षित प्रकार है। और इसका उपयोग किसी भी ICMP संदेश के लिए नहीं किया जाता है।

164. Messaging protocols like MQTT are frequently used within IoT applications. What does MQTT stand for?
MQTT जैसे मैसेजिंग प्रोटोकॉल का उपयोग प्रायः IoT अनुप्रयोगों में किया जाता है। MQTT का पूर्ण रूप क्या है?

(a) Message Queue Tentative Transport
मैसेज क्यू टेंटटिव ट्रांसपोर्ट
(b) Mail Queue Transit Transfer
मेल क्यू ट्रांजिट ट्रांसफर
(c) Message Queue Telemetry Transport
मैसेज क्यू टेलीमेट्री ट्रांसपोर्ट
(d) Mail Queue Towards Transfer
मेल क्यू टुवर्ड्स ट्रांसफर

UPPCL Assistant Accountant 22-06-2023 Shift-I

Ans. (c) : MQTT का पूर्ण रूप 'मैसेज क्यू टेलीमेट्री ट्रांसपोर्ट' होता है। यह एक लाइटवेट, पब्लिश-सब्स्क्राइब नेटवर्क प्रोटोकॉल है, जिसे मुख्य रूप से छोटे सेंसर और मोबाइल डिवाइसों के लिए डिजाइन किया गया है, जो न्यूनतम बैंडविथ्ड और कम ऊर्जा खपत का उपयोग करते है। इसका उपयोग अक्सर IoT में किया जाता है।

4. एप्लिकेशन लेयर (Application Layer)

165. FTP stands for?
FTP का अर्थ है?

(a) File Transfer Protocol
(b) Fixed Transfer Protocol
(c) Fixed transfer Port
(d) None of the above

Bihar STET C.S. 18.09.2020 (Shift-I)

Ans, (a) : FTP का फुलफार्म File Transfer Pratocol है यह एक नेटवर्क प्रोटोकॉल है जिसका उपयोग इंटरनेट पर कम्प्यूटर से दूसरे कम्प्यूटर में फाइल भेजनें और प्राप्त करने के लिए किया जाता है।

166. SMTP मुख्य रूप से निम्न के लिए प्रयोग किया जाता है-

(a) वेब ब्राउजिंग (b) फाइल स्थानांतरण
(c) दूरस्थ टर्मिनल पहुँच (d) ईमेल भेजना

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (d) : SMTP एक इंटरनेट प्रोटोकॉल है जो ईमेल भेजने के लिए उपयोग किया जाता है। यह एक सर्वर से दूसरे सर्वर पर ईमेल भेजने के लिए एक मानक तरीका प्रदान करता है।

167. Which one of the following protocols is not used in internet?
निम्नलिखित में से कौन सा प्रोटोकॉल इंटरनेट में उपयोगी नहीं किया जाता है?

(a) HTTP
(b) DHCP
(c) DNS
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (d) : निम्नलिखित सभी प्रोटोकॉल Internet में उपयोग किये जाते हैं–

- **HTTP (Hyper Text Transfer Protocol)**– वेब पेज Load करने के लिए।
- **DHCP (Dynamic Host Configuration Protocol)**– डिवाइस को IP एड्रेस देने के लिए।
- **DNS (Domain Name System)**– डोमेन नाम को IP में बदलने के लिए।

168. Unclassified email is called?
अवर्णीकृत (unclassified) ईमेल को क्या कहा जाता है?

(a) Extra mail (b) Spam
(c) Junk mail (d) None of the above

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (c): ऐसे ईमेल जो अनचाहे, बिना श्रेणीबद्ध उपयोग के होते है, उन्हे आमतौर पर जंक मेल कहा जाता है। ये ईमेल अक्सर विज्ञापन, प्रमोशन, या अज्ञात स्रोतो से आते है।

169. The HTTP protocol is used for:
HTTP प्रोटोकॉल का उपयोग किसके लिए किया जाता है?

(a) Email communication/ईमेल संचार
(b) File transfers/फाइल ट्रांसफर
(c) Web browsing/वेब ब्राउज़िंग
(d) Remote terminal access/रिमोट टर्मिनल एक्सेस

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (c) : HTTP का उपयोग वेब ब्राउजिंग के लिए किया जाता है। जब आप किसी वेबसाइट को खोलते है, तो आपका ब्राउजर और वेब सर्वर HTTP प्रोटोकॉल का उपयोग करके एक-दूसरे से डेटा का आदान-प्रदान करते है।

170. The term HTTP stand for:
HTTP का पूर्ण रूप क्या है?

(a) Hyper Terminal Tracing Program
हाइपर टर्मिनल ट्रेसिंग प्रोग्राम
(b) Hypertext Tracing Program
हाइपरटेक्स्ट ट्रेसिंग प्रोग्राम
(c) Hypertext Transfer Protocol
हाइपरटेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल
(d) Hypertext Tracing Protocol
हाइपरटेक्स्ट ट्रेसिंग प्रोटोकॉल

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (c) : HTTP (Hyper Text Transfer Protocol) एक Application Layer प्रोटोकॉल होता है। यह वेब ब्राउजिंग करने के लिए उपयोग किया जाता है।

171. What type of protocol is HTTP?
HTTP किस प्रकार का प्रोटोकॉल है?

(a) Stateful
(b) Stateless
(c) Transfer protocol
(d) More than one of the above
(e) None of the above

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (6-10)

Ans.(b) HTTP एक Stateless प्रोटोकॉल है, जिसका अर्थ है कि क्लाइंट से सर्वर को भेजा गया प्रत्येक अनुरोध एक स्वतंत्र लेन-देन के रुप में माना जाता है, जिसमें पिछले अनुरोधों की कोई जानकारी या मेमोरी नहीं होती है।

172. When the mail server sends mail to other mail servers it becomes/जब मेल सर्वर, अन्य मेल सर्वरों को मेल भेजता है, तो यह ____ हो जाता है।

(a) SMTP client
(b) SMTP server
(c) Peer
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 1.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (a) : SMTP client ई-मेल को भेजने के लिए उपयोग किया जाता है। SMTP client यूजर्स के द्वारा लिखे गए ई-मेल को उनके ई-मेल सर्वर के साथ संवाद करने के लिए होता है और उसे विशिष्ट ई-मेल एड्रेस पर पहुँचाने में मदद करता है। यह एक प्रकार का ई-मेल प्रोटोकॉल होता है जो ई-मेल के प्रसारण को सुनिश्चित करने में मदद करता है। जब मेल सर्वर, अन्य मेल सर्वरों को मेल भेजता है, तो यह SMTP client हो जाता है।

173. Which protocol is used to send email over the Internet?/इंटरनेट पर ईमेल भेजने के लिए किस प्रोटोकॉल का उपयोग किया जाता है?

(a) FTP
(b) SMTP
(c) HTTP
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (b) : इंटरनेट पर ईमेल भेजने के लिए SMTP (Simple Mail Transfer Protocol) का उपयोग किया जाता है। SMTP ईमेल संदेशों को एक मेल सर्वर से दूसरे मेल सर्वर तक भेजने के लिए एक मानक प्रोटोकॉल है। ईमेल प्राप्त करने के POP3 और IMAP का उपयोग किया जाता है।

174. In the OSI model, which layer is responsible for routing and forwarding data packets?
OSI model में, कौन-सी परत डेटा पैकेट को रूट करने और अग्रेषित करने के लिए जिम्मेदार है?

(a) Data Link Layer/डेटा लिंक परत
(b) Transport Layer/ट्रांसपोर्ट लेयर
(c) Physical Layer/भौतिक परत
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (e) : OSI मॉडल में डेटा पैकेज को राउटिंग करने और फॉरवर्डिंग के लिए नेटवर्क लेयर जिम्मेदार होती है। यह लेयर डेटा पैकेज को एक नेटवर्क से दूसरे नेटवर्क में भेजने के लिए रूटिंग और फॉर्वडिंग का काम करती है।

175. OSI मॉडल की निम्नलिखित में से कौन सी परत टेलनेट और FTP प्रोटोकॉल का उपयोग करती है?

(a) ट्रांसपोर्ट (b) एप्लिकेशन
(c) नेटवर्क (d) सेशन

UPPCL TG-II 19-03-2021 (Shift-II)

Ans. (b) : एप्लिकेशन लेयर OSI मॉडल की सातवीं लेयर है यह लेयर HTTP, FTP SMTP तथा NFS आदि प्रोटोकॉल का उपयोग करती है और नियंत्रित करती है कि कोई भी एप्लिकेशन किस प्रकार नेटवर्क से Access करती है।

176. आभासी अंतक (वर्चुअल टर्मिनल) के निर्माण हेतु किस नियम समुच्चय (प्रोटोकॉल) का प्रयोग किया जाता है?

(a) TELNET (b) DCCP
(c) UDP (d) DTP

UPPCL ARO-15.09.2018

Ans : (a) टेलनेट कनेक्शन को वर्चुअल टर्मिनल कनेक्शन कहा जाता है। टेलनेट के माध्यम से आप किसी होस्ट के पास फिजिकली जाए बिना उससे इन्फार्मेशन एक्सेस कर सकते है या प्रोग्राम रन करवा सकते है।

177. What is the main purpose of Telnet?
टेलनेट का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(a) It is a software that assigns a unique IP address to every system in a network./यह एक सॉफ्टवेयर है जो नेटवर्क में प्रत्येक सिस्टम का एक अद्वितीय आईपी एड्रेस प्रदान करता है।

(b) It is used to connect to a remote computer that is connected to the internet./इसका उपयोग किसी दूरस्थ कम्प्यूटर से कनेक्ट करने के लिए किया जाता है जो इंटरनेट से जुड़ा होता है।

(c) It is used to transfer or shift a file from one computer to another./इसका उपयोग किसी फाइल को एक कम्प्यूटर से दूसरे कम्प्यूटर में ट्रांसफर या शिफ्ट करने के लिए किया जाता है।

(d) It is a network of online discussion groups./यह ऑनलाइन चर्चा समूहों का एक नेटवर्क है।

UPPCL TG-2 7/11/2023 (Shift-I)

Ans. (b) : टेलनेट (Telnet) एक नेटवर्क प्रोटोकॉल है जो रिमोट टर्मिनल कनेक्शन को स्थापित करने में मदद करता है। यह एक प्लेनटेक्स्ट आधारित प्रोटोकॉल है जिससे एक डिवाइस से दूसरे डिवाइस पर कमांड्स और डेटा भेजा जा सकता है जिसे स्थानीय मशीन से दूरस्थ सर्वर तक कनेक्ट करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

178. Which protocol is used for remote login?
रिमोट लॉगिन के लिए किस प्रोटोकॉल का इस्तेमाल किया जाता है?

(a) TELNET (b) REMLOG
(c) DISLOG (d) WINET

Ans. (a) : टेलनेट- टेलनेट एक नेटवर्क प्रोटोकॉल है जिसका उपयोग वस्तुतः कंप्यूटर तक पहुँचने और दो मशीनों के बीच दो तरफा, सहयोग और पाठ-आधारित संचार चैनल प्रदान करने के लिए किया जाता है।

यह रिमोट सेशन बनाने के लिए यूजर कमांड ट्रांसमिशन कंट्रोल प्रोटोकॉल/इंटरनेट प्रोटोकॉल (TCP/IP) नेटवर्किंग प्रोटोकॉल का पालन करता है। टेलनेट के माध्यम से, यूजर, एक नियमित यूजर के रूप में उन विशेषाधिकारों के साथ लॉग-ऑन कर सकते हैं जो इन्हें दिए गए हैं।

179. _____ enables a user to remotely access another computer and terminals over the Internet.
_____ उपयोगकर्ता को दूरस्थ ढंग से इंटरनेट के माध्यम से किसी अन्य कंप्यूटर और टर्मिनलों के अभिगम (access) की सुविधा प्रदान करता हैं।

(a) Use Net/यूजर नेट (b) FTP/एफटीपी
(c) Telnet/टेलनेट (d) HTTP/एचटीटीपी

RRB NTPC 21.03.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (c): टेलनेट (Telnet) नेटवर्किंग प्रोटोकॉल का उपयोग कम्प्यूटर सिस्टम को दूरस्थ रुप से एक्सेस करने के लिए किया जाता है। टेलनेट नेटवर्क एक वर्चुअल टर्मिनल पर निर्भर होता है। जहाँ विभिन्न कम्प्यूटर संचार के लिए समान नियमों का उपयोग करते हैं तथा विभिन्न कम्प्यूटरों के मध्य संचार के अंतर को दूर करने में मदद करते हैं।

180. Telnet is a service that runs
टेलनेट एक सर्विस है जो निम्नलिखित को चलाती है-

(a) Television on net/ नेट पर टेलीविजन
105. DTD में एक इकाई क्या है?

(a) किसी बाह्य संसाधन का संदर्भ

(b) एक गणितीय समीकरण

(c) एक विशेष XML टैग

(d) जावा स्क्रिप्ट में एक फंक्शन

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (a) : एक DTD (Document Type Definition) में एक इकाई (Entity) एक नामित इकाई होती है जो किसी वाह्य संसाधन या विशिष्ट पाठ के टुकड़े का संदर्भ देती है। इकाईयाँ DTD में परिभाषित की जाती है और DML में दस्तावेज में उपयोग की जाती है ताकि पाठ के पुनरावृत्ति को कम किया जा सके और दस्तावेज की संरचना में सुधार किया जा सके।

- **किसी बाह्य संसाधन का संदर्भः** यह विकल्प इकाई की परिभाषा को सटीक रूप से दर्शाता है। इकाईयाँ वाह्य संसाधनों का संदर्भ दे सकती है। जैसे कि फाइलें या URL या वे आंतरिक पाठ के टुकड़े हो सकते है।

106. What is the role of a Document Type Definition (DTD) in XML?
XML में डॉक्यूमेंट टाइप डेफिनेशन (DTD) की क्या भूमिका है?

(a) It defines the structure and data types of XML documents./यह XML दस्तावेज की संरचना और डेटा प्रकार को परिभाषित करता है।

(b) It provides a list of external resources for an XML document./यह XML दस्तावेज के लिए बाहरी संसाधनों की सूची प्रदान करता है।

(c) It specifies the styling rules for XML elements./यह XML एलिमेंट के लिए स्टाइलिंग नियम निर्दिष्ट करता है।

(d) It encrypts the content of an XML document यह XML दस्तावेज की सामग्री को एन्क्रिप्ट करता है।

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (a) : XML में डॉक्यूमेंट टाइप डेफिनेशन (DTD) की क्या भूमिका XML दस्तावेज की संरचना और डेटा की वैद्यता को परिभाषित करना है तथा यह एक प्रकार की स्कीम है जो यह सुनिश्चित करता है कि XML दस्तावेज एक निश्चित संरचना और नियमों का पालन करता है।

107. Dreamweaver में DTD (Documant Type Definition) का उपयोग किस लिए किया जाता है?

(a) वेबसाइट का बैकअप लेने के लिए

(b) दस्तावेज के HTML या XML सरंचना को परिभाषित करने के लिए

(c) CSS स्टाइल लागू करने के लिए

(d) जावास्क्रिप्ट फंक्शन लिखने के लिए

Ans. (b) : Dreamweaver में DTD (Document Type Definition) का उपयोग HTML या XML दस्तावेज की संरचना को परिभाषित करने के लिए किया जाता है। यह ब्राउजर और अन्य प्रोग्रामों को यह समझने में मदद करता है कि दस्तावेज में कौन से टैग और विशेषताए वैध हैं और उनका उपयोग कैसे किया जाना चाहिए।

108. Dreamweaver में Live View का क्या कार्य है?

(a) फाइल सेव करना

(b) वेबसाइट का प्रिव्यू दिखाना

(c) कोडिंग को ऑटोमेट करना

(d) कोई भी नहीं

Ans. (b) : Live view आपको यह देखने की अनुमति देता है कि आपकी वेबसाइट वेब ब्राउजर में कैसी दिखेगी, जबकि आप अभी भी Dream weaver के भीतर सम्पादन कर रहे है। यह आपको वास्तविक समय में अपने डिजाइन परिवर्तनों को देखने में मदद करता है।

109. DTD में एलिमेन्ट को परिभाषित करने के लिए किस कीवर्ड का उपयोग किया जाता है?

(a) <!ELEMENT>

(b) <TAG>

(c) <DATA>

(d) <!DOCTYPE>

Ans. (a) : DTD (Document Type Definition) में <!ELEMENT> कीवर्ड का उपयोग किसी एलिमेन्ट को परिभाषित करने के लिए किया जाता है। इससे यह बताया जाता है कि XML दस्तावेज में कौन-कौन से एलिमेन्ट होगें और उनका स्ट्रक्चर क्या होगा।

110. Dreamweaver में Design view का उपयोग किस लिए किया जाता है?

(a) कोड देखने के लिए

(b) ब्राउजर सेटिंग्स के लिए

(c) वेबसाइट का विजुअल प्रतिक देखने

(d) जावास्क्रिप्ट फंक्शन जोड़ने के लिए

Ans. (c) : Dreamweaver का Design view उपयोगकर्ताओं को बिना लिखे वेबसाइट का दृश्य रूप में पूर्वावलोकन देखने और संपादित करने की सुविधा देता है। यह वेबपेज के लेआउट और डिजाइन को ग्राफिक रूप में दिखता है, जिससे शुरूआती यूजर भी आसानी से वेबसाइट बना सकते है।

111. XML DTD में #PCDATA का अर्थ क्या है?

(a) Parsed Character Data

(b) Partial Coded Data

(c) Personal Computer Data

(d) Protected Coded Data

Ans. (a) : # PCDATA का पूरा नाम है-

Parsed character Data यह XML DTD (Document Type Definition में उपयोग किया जाता है ताकि यह दर्शाया जा सके कि किसी एलिमेन्ट के भीतर टेक्स्ट डेटा हो सकता है जिसे XML पार्सर द्वारा प्रोसेस किया जाएगा।

10. PHP Hyper Text Preprocessor - PHP SQL & mySQL

112. SQL का पूर्ण रूप क्या है?

(a) Structured Query Language

(b) Simple Query Language

(c) Systematic Query Logic

(d) Standard Query Level

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (a) : SQL का पूर्ण रूप Structured Query Language है। यह डेटाबेस निर्माण और हेर-फेर के लिए एक मानक भाषा है।

113. आप अपने PHP कोड में SQL इंजेक्शन कमजोरियों को कैसे रोक सकते हैं?

(a) लघु और सरल SQL क्वेरीज का उपयोग करके।

(b) क्वेरीज में उपयोगकर्ता इनपुट का उपयोग न करके।

(c) कोड से त्रुटि हैंडलिंग को हटाकर।

(d) डेटा बेस विशेषाधिकारों को अक्षम करके।

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (b) : SQL Injection एक प्रकार की सुरक्षा कमजोरी है जिससे उपयोगकर्ता (Usre) द्वारा दिया गया इनपुट SQL क्वेरी में बिना किसी जाँच के जुड़ जाता है जिससे हैकर डेटाबेस तक पहुँच सकते है या उसे नुकसान पहुँचा सकते है।

• PHP में SQL Injection से बचने के लिए, कभी भी उपयोग कर्ता के इनपुट को सीधे SQL क्वेरी में नही जोड़ना चाहिए। इसके बजाय Prepared statement या Parameterized Queries का उपयोग करना चाहिए

114. डेटाबेस में डेटा को अपडेट करने के लिए किस SQL कथन का उपयोग किया जाता है?

(a) बदलना

(b) परिवर्तन

(c) अद्यतन

(d) सुधारना

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (c) : SQL (Structured Query Language) में, जब हमें डेटाबेस में पहले से मौजूद डेटा को बदलना या अपडेट करना होता है। तो हम Update कमांड का उपयोग है।

• यह कमांड डेटाबेस की किसी टेबल में पहले से मौजूद रिकार्ड में बदलाव करने के लिए होता है।

115. SQL डेटा बेस के संबंध को हटाने (या हटाने) के लिए निम्नलिखित में से किस आदेश का उपयोग किया जाता है?

(a) मिटाना (b) गिराना
(c) हटाना (d) ये सभी

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (b) : SQL में, "DROP" कमांड का उपयोग एक संबंध (या तालिका) को डेटाबेस से पूरी तरह से हटाने के लिए किया जाता है।

116. What does PHP stand for?
PHP का क्या अर्थ है?

(a) Personal Home Page
(b) Professional Hypertext Processor
(c) Preprocessed Hypertext Pages
(d) PHP: Hypertext Preprocessor

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (d) : यह उस पाठ को संदर्भित करता है जिसमें अन्य पाठों के लिंक होते हैं, जो आमतौर पर वेब पेंजों में उपयोग होता है।

प्रीप्रोसेसर– यह दर्शाता है कि PHP कोड को क्लाइंट तक भेजे जाने से पहले प्रोसेस करता है जिससे गतिशील वेब सामाग्री (Dynamic Web Content) उत्पन्न होती है।

117. How do you comment a single line in PHP?
PHP में एक पंक्ति की टिप्पणी कैसे करें?

(a) // This is a comment @
(b) /* This is a comment */
(c) <!-- This is a comment -->
(d) ** This is a comment **

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (a) : PHP में एक पंक्ति की टिप्पणी करने का मतलब है कि आप कोड में ऐसी टिप्पणी जोड़ते हैं जो केवल एक पंक्ति तक सीमित हो और जिसे इंटरप्रेटर नजरअंदाज कर दें।

118. Which statement is used to retrieve data from a database in SQL?
SQL में डेटाबेस से डेटा प्राप्त करने के लिए किस कथन का उपयोग किया जाता है?

(a) SELECT
(b) UPDATE
(c) DELETE
(d) INSERT

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)
Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (a) : Select कथन डेटाबेस से विशिष्ट डेटा को पुनः प्राप्त करके डेटा को तालिका (Table) से चुनता है और उपयोगकर्ता को परिणाम देता है तथा इसका उपयोग तालिका (Table) के कॉलम, पंक्तियों या विशिष्ट शर्तों के आधार पर डेटा निकालने के लिए किया जाता है।

119. Which of the following SQL commands is used to view data?/निम्नलिखित में से कौन सी SQL commands डेटा देखने के लिए उपयोग की जाती है?

(a) CREATE (b) INSERT
(c) SELECT (d) UPDATE

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (c) : SELECT कमाण्ड का उपयोग SQL में डेटा को देखने या प्राप्त करने के लिए किया जाता है यह कमाण्ड डेटाबेस से डेटा Query करने के लिए सबसे ज्यादा उपयोग की जाती है।

जैसे- SELECT * From student;

यह कमाण्ड Student टेबल से सभी डेटा दिखायेगी।

120. Which of the following is a valid SQL command
निम्नलिखित में से कौन-सा एक वैध SQL command है?

(a) Cin (b) Cout
(c) Tuple (d) Select

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (d) : SQL (Structured Query Langauge) एक डेटाबेस भाषा है जिसका उपयोग डेटा को क्वेरी (Query), इंसर्ट (Insert), अपडेट (Update), डिलीट (Delete) आदि करने के लिए किया जाता है।

121. Which SQL command is used to remove a table from a database?
डेटाबेस में तालिका हटाने के लिए किस SQL कमांड का उपयोग किया जाता है?

(a) DELETE TABLE (b) DROP TABLE
(c) REMOVE TABLE (d) ERASE TABLE

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (b) : DROP TABLE कमांड किसी डेटाबेस से निर्दिष्ट तालिका को पूरी तरह हटा देती है, जिसमें उसका डेटा, संरचना और संबंधित इंडेक्स शामिल होते हैं तथा हटाई गई तालिका को पुनर्प्राप्ति (Recover) नहीं किया जा सकता, जब तक कि डेटाबेस में बैकअप या ट्रांजेक्शन लॉग न हो।

122. SQL में "Into सम्मिलित करें" कथन का उद्देश्य क्या है?

(a) किसी तालिका से डेटा पुनर्प्राप्त करने के लिए
(b) किसी तालिका में डेटा अद्यतन करने के लिए

(c) तालिका में नया डेटा सम्मिलित करने के लिए
(d) किसी तालिका से डेटा हटाने के लिए

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (c) : SQL में "Insert Into" का प्रयोग किसी तालिका में नई पंक्तियां सम्मिलित करने के लिए किया जाता है। यह तालिका का नाम और सम्मिलित किए जाने वाले डेटा के मान निर्दिष्ट करता है। उदाहरणः- insert into Customer(Customer_ID, Name, City) values (1, 'John Doe', 'New York') कथन तालिका में एक नया रिकॉर्ड सम्मिलित करेगा जिसमें Customers_ID 1, Name 'John Doe' और City 'New Yark' होगा।

123. _____ command makes the updates performed by the transaction permanent in the database.
_____ कमान्ड transaction द्वारा किए गए अपडेट का डेटाबेस में स्थायी बनाता है।

(a) ROLLBACK
(b) COMMIT
(c) TRUNCATE
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 1.0 Exam-2023 (11-12)

Ans. (b) : COMMIT कमांड ट्रांजैक्शन (Transaction) द्वारा किए गए अपडेट को डेटाबेस में स्थायी बनाता है। ट्रांजैक्शन के सभी डेटाबेस कार्य को COMMIT करने के बाद, उनके परिणाम स्थायी रूप से सफलतापूर्वक डेटाबेस में संचित होते है। इसका उपयोग डेटाबेस कार्यों को सुरक्षित और निर्भर बनाने के लिए किया जाता है, जिससे डेटाबेस की कम्पैटिबिलिटी और डेटा सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

124. Which of the looping statements is/are supported by PHP?
PHP द्वारा कौन-सा/से लूपिंग स्टेटमेंट समर्थित है/हैं?

(i) For loop
(ii) While loop
(iii) Do-while loop
(iv) Foreach loop

(a) (i) and (ii)
(b) (i), (ii) and (iii)
(c) (i), (ii), (iii) and (iv)
(d) More than one of the above
(e) None of the above

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (6-10)

Ans.(c) लूप्स (loops) का उपयोग कोड के एक ही ब्लॉक को बार-बार निष्पादित करने के लिए किया जाता है, जब तक कि एक निश्चित शर्त सत्य हो। PHP में निम्नलिखित लूप प्रकार होते है।

(i) While loop
(ii) do - while loop
(iii) for loop
(iv) foreach loop.

125. Which function should we use to sort the array in natural order?
प्राकृतिक क्रम में सरणी को सॉर्ट करने के लिए हमें किस फंक्शन का उपयोग करना चाहिए?

(a) natcasesort ()
(b) casesort ()
(c) naturalsort ()
(d) More than one of the above
(e) None of the above

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (6-10)

Ans.(a) PHP में फंक्शन natcasesort() 'natural order' एल्गोरिदम का उपयोग करके एक ऐरे को सॉर्ट करता है। सभी मान अपनी मूल कुंजीयॉ रखते1 है। फंक्शन केस-इन्सेंसटिव होते है।

126. PHP में mySQL डेटाबेस से कनेक्ट करने के लिए किस फंक्शन का उपयोग किया जाता है?

(a) mySql_connect() (b) mysqli_connect()
(c) mysql_query() (d) mysqli_query()

Ans. (b): PHP में mySQL डेटाबेस से कनेक्ट करने के लिए mysqli_connect() फंक्शन का उपयोग किया जाता है। यह एक फंक्शन का उपयोग किया जाता है यह एक फंक्शन mySQLi एक्सटेंशन का हिस्सा है और इसका उपयोग mySQL डेटाबेस से कनेक्ट करने के लिए किया जाता है। यह एक प्रक्रियात्मक या आब्जेक्ट ओरिएंटेड तरीके से mySQL सर्वर से जुड़ने की अनुमती देता है।

127. SQL का उपयोग किसके लिए किया जाता है?

(a) डेटाबेस में डेटा को संग्रहीत करने के लिए
(b) डेटाबेस में डेटा को पुनप्राप्त करने के लिए
(c) डेटाबेस में डेटा को अपडेट करने के लिए
(d) उपरोक्त सभी

Ans. (d) : SQL का उपयोग डेटाबेस में डेटा को संग्रहीत पुनर्प्राप्त और अपडेट करने के लिए किया जाता है।
SQL (स्ट्रक्चर्ड क्वेरी लैंग्वेज) एक मानक लैंग्वेज है जिसका उपयोग रिलेशनल डेटाबेस में डेटा के साथ बातचीत करने के लिए किया जाता है। यह डेटा को संग्रहीत करने पुनर्प्राप्त करने, अपडेट करने और हटाने जैसे विभिन्न कार्यो के लिए उपयोग किया जाता है।

128. MySQL में, डेटाबेस बनाने के लिए किस कमांड का उपयोग किया जाता है?

(a) Create Database (b) Create Table
(c) Insert into (d) Select

Ans. (a) : mySQL में एक नया डेटाबेस बनाने के लिए Create Database कमांड का उपयोग किया जाता है।

उदाहरण-

Create Database myDatabase:

यह कमांड myDatabase नाम का एक नया डेटा बेस बनाता है।

129. PHP में echo का उपयोग किस लिए किया जाता है?

(a) डेटा इनपुट के लिए

(b) स्क्रीन पर आउटपुट दिखाने के लिए

(c) वेबपेज सेव करने के लिए

(d) डेटाबेस से डेटा हटाने के लिए

Ans. (b) : PHP में Echo का उपयोग किसी स्ट्रिंग टेक्स्ट या वैरिएबल के मान को ब्राउजर स्क्रीन पर प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है। यह सबसे अधिक उपयोग होने वाला आउटपुट स्टेटमेंट है।

130. PHP में एक वेरिएबल को कैसे घोषित किया जाता है?

(a) var$variable;

(b) dim$variable;

(c) $variable;

(d) declare$variable

Ans. (c) : PHP में एक वेरिएबल को घोषित करने के लिए आपको डॉलर चिन्ह ($) का उपयोग करना होगा, उसके बाद वेरिएबल का नाम लिखना होगा उदाहरण के लिए-

$name, $age, $price आदि।

131. Method = "Post" वाले HTML फार्म को सबमिट करने के बाद फॉर्म डेटा एकत्र करने के लिए PHP में किस सुपरग्लोबल वैरिएबल का उपयोग किया जाता है?

(a) $_POST (b) $_REQUEST

(c) $_SERVER (d) $_GET

Ans. (a) : HTML फॉर्म में "Method =\"Post\"" के साथ सबमिट करने के बाद, PHP में फॉर्म डेटा एकत्र करने के लिए $_POST सुपरग्लोबल वेरिएबल का उपयोग किया जाता है।

HTML में, <form> टैग में method विशेषता यह निर्धारित करती है कि डेटा को सर्वर पर कैसे भेजा जाएगा। post विधि का उपयोग करते समय, डेटा अनुरोध के body से भेजा जाता है, और PHP में इस डेटा के $_POST सुपरग्लोबल वेरिएबल के माध्यम से एक्सेस किया जाता है।

132. mySQL सर्वर के लिए डिफॉल्ट पोर्ट नम्बर क्या है?

(a) 5432 (b) 3306

(c) 1433 (d) 8080

Ans. (b): MySQL सर्वर, जो एक लोकप्रिय डेटाबेस है, डिफॉल्ट रूप से पोर्ट 3306 का उपयोग करता है। यह पोर्ट क्लाइट और सर्वर के बीच संचार के लिए उपयोग किया जाता है। जब आप बिना किसी विशिष्ट पोर्ट कॉन्फ्रिमेशन के MySQL स्थापित करते है, तो क्लांइट स्वचालित रूप से पोर्ट 3306 पर सर्वर से जुड़ने का प्रयास करेगे।

133. रिकॉर्ड को फिल्टर करने के लिए किस SQL क्लॉज का उपयोग किया जाता है?

(a) WHERE (b) GROUP BY

(c) FILTER BY (d) SORT BY

Ans. (a) : SQL में Where क्लॉज का उपयोग रिकॉर्ड को एक विशेष शर्त के आधार पर फिल्टर करने के लिए किया जाता है। यह क्लॉज Select, Update, Delete आदि के साथ उपयोग किया जाता है।

Group by- डेटा को ग्रुप करने के लिए उपयोग होता है।

134. PHP में सेशन शुरू करने का सही तरीका क्या है?

(a) session_begin();

(b) init_session();

(c) session_start();

(d) start_session();

Ans. (c) : PHP में सेशन को शुरू करने के लिए session_start(); फंक्शन का उपयोग किया जाता है। यह फंक्शन ब्राउजर और सर्वर के बीच एक यूनिक सेशन आइडेंटिफायर बनाता है जिससे आप यूजर-स्पेसिफिक डेटा को कई पेजों में बनाए रख सकते है।

उदाहरण-

```
<?php
session_start();
$_SESSION ["username"] = "rahul";
?>
```

135. Users नामक टेबल में Email नामक एक नया कॉलम कैसे जोड़ सकते है?

(a) Alter Table Users ADD Email Varchar (255).

(b) Update Table Users Add Column Email

(c) Add Colum Emil To Users;

(d) Modify Table Users Add Email Varchar (255)

Ans. (a) : 'ALTER TABLE' स्टेटमेन्ट का उपयोग किसी मौजूदा तालिका में कॉमल जोड़ने हटाने या संशोधित करने के लिए किया जाता है।

136. PHP में SQL इंजेक्शन को रोकने का सबसे अच्छा तरीका निम्नलिखित में से कौन सा है?

(a) MySQL_read_escape_string() फंक्शन का उपयोग करना

(b) वैरिएबल्स को सीधे SQL स्ट्रिंग में जोड़ना

(c) उद्धरण चिन्हो की जाँच करके मैन्यूअल रूप से इनपुट को सैनिटाइज करना।

(d) प्रीपेयर्ड स्टेटमेंट्स और पैरामीटराइज्ड क्वेरीज का उपयोग करना।

Ans. (d) : PHP में SQL इंजेक्शन को रोकने का सबसे अच्छा तरीका प्रीपेयर्ड स्टेटमेंट्स और पैरामीटराइज्ड क्वेरीज का उपयोग करना है। ये PHP में SQL इंजेक्शन को रोकने का सबसे सुरक्षित और प्रभावी तरीका है। यह विधि SQL क्वेरी को अलग करती है और उपयोगकर्ता इनपुट को अलग से जोड़ती है।

mysql_real_escape_string() फंक्शन, यह फंक्शन SQL इंजेक्शन को रोकने में मदद करता है, लेकिन यह 100% सुरक्षित नहीं है और इसे बायपास किया जा सकता है।

137. MySQL में test-db नामक डेटाबेस को हटाने के लिए किस कमांड का उपयोग किया जाता है।

(a) Delete Database test_db;

(b) Truncate Database test_ab;

(c) Drop Database test_db;

(d) Remove Database test_db;

Ans. (c) : Drop Database कमांड का उपयोग किसी पूरे डेटाबेस को स्थायी रूप से हटाने के लिए किया जाता है। यह डेटाबेस के सभी टेबल्स और डेटा को भी हटा देता है।

Truncate Database केवल टेबल्स के डेटा को हटाने के लिए उपयोग होता है,

11. PHP और mySQL को एकीकृत करना/(Integrating PHP and mySQL)

138. PHP में mysqli_query() फंक्शन का उपयोग किस लिए किया जाता है?

(a) HTML को लोड़ करने के लिए

(b) JavaScript को रन करने के लिए

(c) SQL क्वेरी को निस्पादित करने के लिए

(d) कुकी सेट करने के लिए

Ans. (c) : mysqli_query() फंक्शन का उपयोग PHP में डेटाबेस पर SQL क्वेरी (जैसे- SELECT, INSERT, UPDATE, DELETE) को चलाने के लिए किया जाता है।

139. PHP में डेटाबेस कनेक्शन बन्द करने के लिए कौन सा फंक्शन उपयोग होता है?

(a) close_db() (b) end_connection()

(c) mysqli_close() (d) disconnect_db()

Ans. (c) : PHP में mySQLi एक्सटेंशन का उपयोग करके डेटाबेस कनेक्शन को बंद करने के लिए mysqli_close() फंक्शन का उपयोग किया जाता है। यह फंक्शन डेटाबेस सर्वर से कनेक्शन को समाप्त कर देता है और सम्बन्धित संसाधनों को मुक्त करता है।

140. डेटाबेस से प्राप्त डेटा को fetch करने के लिए PHP में कौन सा फंक्शन उपयोग होता है।

(a) mysqli_fetch_array ()(b) mysqli_store()

(c) mysqli_load() (d) mysqli_pull_data()

Ans. (a) : mysqli_fetch_array() फंक्शन डेटाबेस से रिजल्ट सेट की एक पंक्ति को एक ऐरे के रूप में फेच करता है। यह न्यूमेरिक और एसोसिएटिव दोनों इंडेक्स के साथ डेटा प्रदान कर सकता है।

141. MySQLi में i का क्या अर्थ है?

(a) Integer (b) Internet

(c) Improved (d) Integrated

Ans. (c) : MySQLi में i का अर्थ Improved है। यह MySQL के साथ इंटरैक्ट करने के लिए एक बेहतर इंटरफेस प्रदान करता है, जिसमें ऑब्जेक्ट - ओरिएंटेड और प्रोसीजरल API तैयार किए गए स्टैटमेन्ट में मल्टी-स्टेटमेंट समर्थन जैसी सुविधाए शामिल है।

142. PDO में एरर मोड को एक्सेटशनर मोड में सेट करने के लिए क्या उपयोग किया जाता है?

(a) SetErrorMode(PDO : : ERR-EXCEPTION)

(b) SetAttribate(PDO: :ATTR-ERRMODE PDO : : ERRMODE - EXCEPTION)

(c) PDO: :exception mode (true)

(d) ErrorHandling(PDO : : EXCEPTION)

Ans. (b) : PDO एक PHP Extension है जिसका उपयोग विभिन्न प्रकार के डेटाबेस से इंटरैक्ट करने के लिए किया जाता है। यह एक डेटाबेस एक्सेस लेयर प्रदान करता है जो PHP एप्लिकेशन को डेटाबेस से सुरक्षित तेज और ऑब्जेक्ट ओरिएंटैड तरीके से कनेक्ट करने में मदद करता है।

PDO में error mode को exception mode सेट करने के लिए हम SetAttribute() मेथड़ का उपयोग करते है।

$pdo→ setAttribute(PDO : : ATTR__ ERRMODE, PDO : : ERRMODE__EXCPTION):

इससे जब भी कोई PDO से सम्बन्धित त्रुटि होती है, तो वह एक Exception के रूप में थ्रो की जाती है, जिससे उसे try- catch ब्लॉक में पकड़ा जा सकता है।

11.

थ्योरी ऑफ कम्प्यूटेशन
(Theory of Computation)

1. अल्फाबेट, स्ट्रिंग और भाषा का परिचय (Introduction of Alphabets, Strings and Languages)

1. निम्नलिखित में से कौन-सा क्विन-ट्यूपल (पाँच टपल) परिमित ऑटोमेटा का हिस्सा नहीं है -

(a) इनपुट वर्णमाला (b) आउटपुट
(c) प्रारंभिक अवस्था (d) संक्रमण फंक्शन

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans. (b): आउटपुट वर्णमाला आमतौर पर ट्रांसड्यूसर (Transducer) में उपयोग की जाती है, जो इनपुट के आधार पर आउटपुट उत्पन्न करते है। परिमिति ऑटोमेटा मुख्य रूप से इनपुट को स्वीकार करने या अस्वीकार करने के लिए डिजाइन किय गया है।

2. एक DFA निम्न प्रारूप में प्रतिनिधित्व कर सकता है -

(a) संक्रमण ग्राफ (b) संक्रमण तालिका
(c) C कोड (d) ये सभी

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans. (d) : एक DFA (Deterministic Finic Automatan) जो विभिन्न तरीकों से प्रतिनिधित्व किया जा सकता है जिनमें से कुछ प्रमुख तरीके है।

प्रतिनिधित्व के तरीके

1. संक्रमण ग्राफ (Transition Graph) एक निर्देशित ग्राफ जिसमें अवस्थाएं नोड्स के रूप में और ट्रांजिशन (Transition) एज के रूप में दर्शाये जाते है।

2. संक्रमण तालिका (Transition Table): एक तालिका जिसमें वर्तमान अवस्था और इनपुट प्रतीक के आधार पर अगली अवस्था का विवरण होता है।

3. न्यूनतम अवस्थाओं की संख्या 101 के साथ स्ट्रिंग छोर को स्वीकार करने की आवश्यकता है -

(a) 3
(b) 2
(c) 1
(d) का प्रतिनिधित्व नही किया जा सकता

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans. (b): एक DFA जो 101 के साथ समाप्त होने वाली स्ट्रिंग को स्वीकार करता है उसे निम्नलिखित अवस्थाओं की आवश्यकता होगी।

1. प्रारंभिक अवस्था– यह अवस्था DFA की शुरूआत को दर्शाती है।

2. 1 की पहचान– जब DFA को 1 मिलता है, तो यह एक नई अवस्था में चला जाता है। जो 1 की पहचान को दर्शाती है।

3. 10 की पहचान– जब DFA को 1 के बाद 0 मिलता है तो यह एक और अवस्था में चला जाता है जो 10 की पहचान को दर्शाती है।

4. 101 की पहचान– जब DFA को 10 के बाद 1 मिलता है, तो यह अंतिम अवस्था में चला जाता है जो 101 की पहचान को दर्शाती है और स्ट्रिंग को स्वीकार करती है।

4. स्ट्रिंग एक्स को परिमित ऑटोमेटा द्वारा स्वीकार किया जाता है यदि

(a) $\delta^*(q,x)$ EA (b) $\delta(q,x)$ EA
(c) $\delta(Q0,x)$ EA (d) $\delta^*(Q0,x)$ EA

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans. (a) : δ^* (q, x) EA यह संकेतन विस्तारित संक्रमण फंक्शन का प्रतिनिधित्व करता है, जहाँ δ^* एक अवस्था 'q' और एक स्ट्रिंग 'x' लेता है, तथा सम्पूर्ण स्ट्रिंग को संशोधित करने के बाद प्राप्त अवस्था को लौटाता है। 'EA' संभवतः स्वीकार करने वाले राज्यों के समूह का प्रतिनिधित्व करता है।

इसलिए विकल्प (a) सही है।

5. एक भाषा जिसके लिए DFA मौजूद है वह एक ..... है।

(a) नियमित भाषा (b) गैर-नियमित भाषा
(c) कोई भी भाषा (d) नहीं कहा जा सकता

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (a) : DFA (Deterministic Finite Automation)– एक ऐसी मशीन है जो केवल नियमित भाषाओं को पहचान सकती है। यदि किसी भाषा के लिए DFA बनाया जा सकता है, तो वह भाषा नियमित होती है। गैर-नियमित भाषाओं को DFA नहीं पहचान सकता, क्योंक उन्हें अधिक मेमोरी या स्टेट की आवश्यकता होती है।

6. एक DFA के लिए द्विआधारी संख्या स्वीकार करने के लिए जिनकी दशमलव समतुल्य 3 से विभाज्य है, सभी संभावित अवशेष क्या है?

(a) 0 (b) 0, 2
(c) 0, 1, 2 (d) 0, 1, 2, 3

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)
Bihar STST C.S. 12.09. 2023 (Shift-I)

Ans. (c) : एक (Deterministic Finite Automation) है। उसे ऐसी संख्याएँ स्वीकार करनी है जो 3 से विभाज्य (Divisible by 3) हो।

• यानी हमें ऐसी संख्याओं को पहचानना है जो उससे पूरी तरह विभाजित हो जाती है।
• जब कोई संख्या 3 से भाग दी जाती है तो उसके शेषफल (Remainder) 0, 1, या 2 में से कुछ भी हो सकता है।

7. यदि प्रारंभिक अवस्था को छोड़कर 5 अवस्थाओं का NFA DFA में परिवर्तित हो जाता है, तो DFA के लिए अधिकतम संभव संख्या में अवस्थाओं की संख्या है?

(a) 64 (b) 32
(c) 128 (d) 187

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (b) : यदि NFA में n अवस्थाएँ हो, तो DFA में अधिकतम संभव अवस्थाओं की संख्या 2^n होती है।
5 अवस्थाओं के लिए DFA = $2^5 = 32$
परन्तु प्रश्न में 1 (प्रारम्भिक अवस्था) + 5 कहा गया है अतः कुल 6 अवस्था होगी।

$$DFA = 2^6 = 64$$

नोटः आयोग ने उत्तर (b) 32 माना है।

8. A Language for which DFA exist is a ..... वह भाषा जिसके लिए DFA मौजूद होता है, वह एक ..... होती हैः

(a) Regular Language/नियमित भाषा
(b) Non-Regular Language/ गैर-नियमित भाषा
(c) Any language/कोई भी भाषा
(d) Cannot be said/कहा नहीं जा सकता

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans. (a) : नियमित भाषा (Regular Language)–
• वह भाषा जिसके लिए DFA (Deterministic Finite Automation) मौजूद होता है, उसे नियमित भाषा (Regular Language) कहा जाता है।
• DFA केवल उन्ही भाषाओं को पहचान सकता है जिनमें सीमित मेमोरी की आवश्यकता होती है।
• किसी भी DFA के लिए उपयुक्त भाषा हमेशा एक नियमित भाषा ही होती है।
• यह सरल पैटर्न वाले इनपुट को प्रोसेस करता है। जो गैर-नियमित भाषाओं को अधिक जटिल करती है, जिन्हें DFA नहीं पहचान सकता।

9. Let u = '1101', v = '0001', then uv = 11010001 and vu = 00011101. Using the given information what is the identity element for the string?
यदि u = '1101', v = '0001', तो uv = 11010001 और vu = 00011101 है। दी गई जानकारी का उपयोग करते हुए, स्ट्रिंग के लिए आइडेंटिटी एलिमेंट क्या है?

(a) u-1 (b) v-1
(c) u-1v-1 (d) ε

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans. (d): Identity element: वह String होती है, जिसे किसी भी स्ट्रिंग के साथ जोड़ने (Concatenate करने) पर मूल String ही वापस मिलती है।
यानि यदि कोई identity element e है,तोः
• ue = u
• eu = i
ε (Epsilon) एक Empty String को दर्शाता हैं– यानि जिसमें कोई भी Character नहीं होता।
यदिः $U\hat{I}\mu = "1101"$
$\hat{I}\mu U = "1101"$
तो दोनों में U वैसा ही रहेगा।
सही उत्तर है (D)
क्योंकि ε (Empty String) ही ऐसा element है जिसे जोड़ने पर Original String नहीं बदलती - यही indentity element की परिभाषा है।

10. If NFA of 5 states excluding the initial state is converted into DFA, maximum possible number of states for the DFA is?
यदि किसी NFA में प्रारंभिक स्टेट को छोड़कर 5 स्टेट्स हैं, तो जब इसे DFA में बदला जाए, तो अधिकतम कितने स्टेट्स संभव हो सकते हैं?

(a) 64 (b) 32
(c) 128 (d) 187

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans. (a) : NFA में कुल States = 6 (5 + 1 initial)
• DFA में Maximum possible states = 2^n जहां n = NFA की कुल States
• तो $2^6 = 64$
अतः विकल्प (A) सही होगा।

11. जब ट्यूरिंग मशीन का अविष्कार हुआ था, तब निम्नलिखित में से कौन-सी समस्याओं का उत्तर नही था?

(a) क्या कोई ऐसी मशीन मौजूद है जो यह निर्धारित कर सके कि उसके टेप पर दी गई कोई भी मनमानी (Arbitorary) मशीन ''सर्कुलर'' (Circular) है या नही
(b) क्या कोई ऐसी मशीन मौजूद है जो यह निर्धारित कर सके कि उसके टेप पर दी गई कोई भी मनमानी मशीन कभी कोई सिंगल प्रिंट करेगी या नही
(c) हिल्बर्ट का निर्णय समस्या
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Ans. (d) : जब ट्यूरिंग मशीन का अविष्कार हुआ, तब " Halting Problem"," "Blank Tape Problem", Hilbert Entscheidungs Problem जैसी समस्याओं का कोई हल मौजूद नहीं था। इन सभी समस्याओं को ट्यूरिंग में "Undecidable" प्रमाणित किया।

12. X कंप्यूटर का एक सरल गणितीय मॉडल है। X में अप्रतिबंधित और असीमित मेमोरी है। X एक FA है जिसमें R/W हेड है। X में एक अनंत टेप हो सकता है जिसे सेल में विभाजित किया गया है, प्रत्येक सेल में एक प्रतीक होता है। X का नाम बताइये।

(a) सीमित स्वचालन (b) पुशडाउन आटोमेटा
(c) ट्यूरिंग मशीन (d) रजिस्टर मशीन

Ans. (c): ट्यूरिंग मशीन एक सैद्धांतिक कंप्यूटर मॉडल है। जिसे Alan Turing ने प्रस्तापित किया था इसमें एक अनंत टेप रीड। राइड हेड और स्थिति नियंत्रण होता है। जिससे यह इनपुट को पढ़ सकती है, डेटा को लिख सकती है, और हेड को बाये या दाये ओर मूव कर सकती है। जबकि इसका उपयोग ट्यूरिंग समस्या के हल की क्षमता को समझने के लिये भी किया जाता है।

13. निम्नलिखित में कौन-सा विषय JFLAP सॉफ्टवेयर द्वारा कवर नहीं किया जा सकता है?

(a) एल सिस्टम (b) अनरिस्ट्रिक्टेड ग्रामर
(c) रेगुलर एक्सप्रेशन (d) उपरोक्त में से कोई नही

Ans. (d) : JFLAP एक शैत्राणिक टूल है जो फाइनाइट ऑटोमेटा, पुशडाउन आटोमेटा, ट्यूरिंग मशीन, रेगुलर एक्सप्रेशन, और अनरिस्ट्रिक्टेड, ग्रामर जैसे थ्योरी ऑफ कम्प्यूटेशन (TOC) के विषयों पर काम करने के लिये किया जाता है। लेकिन JFLAP L- System (Lindenmayer System) का कोई सपोर्ट नहीं है। L- System मुख्यतः ग्राफिकल और बायोलॉजिकल मॉडलिंग के लिये उपयोग होता है, वो JFLAP का हिस्सा नही है।

14. ट्रांजिशन टेबल (Transition Table) किसका प्रतिनिधित्व करती है और इसका उपयोग किसके लिये किया जाता है?

(a) यह मशीन की मेमोरी साइन बताती है।
(b) यह किसी भी भाषा के सिंटैक्स को दर्शाती है।
(c) यह किसी Finite Automata की स्थितियों (States) इनपुट सिबंल और अगली स्थिति की जानकारी दर्शाती है।
(d) यह कंपाइलर का आउटपुट दिखाती है।

Ans. (d) : ट्रांजिशन टेबल एक तालिका होती है जो (Finite Automata) के सभी स्टेट्स और इनपुट सिंबल्स के लिये नेक्स्ट स्टेट को दिखाती है।
इसमें रो (Row) अलग-अलग स्ट्रेटस को दर्शाते है
कॉलम (Column) इनपुट सिंबल्स को दिखाते है।
एंट्री (Entries) में अगली स्थिति होती है।
स्टार्ट स्टेट को छोटे तीर (→) से और फाइन स्टेट को डबल सर्कल से दिखाया जाता है।

15. भाषा L = {a^n b^m | n + m सम को स्वीकार करने वाले एक Deterministic Finite Automata (DFA) का डिजाइन कीजिए?

(a) केवल odd स्टेट Final state होगी
(b) केवल Even स्टेट Final होगी
(c) कोई भी स्टेट Final नहीं होगी
(d) सभी स्टेट्स Final होंगी

Ans. (b) : भाषा L = {a^n b^m | n + m सम } को स्वीकार करने वाला DFA दो स्थितियाँ (q_0 और q_1) होगा।
q_0 वह स्थिति है जहाँ अब तक पढ़े गये सिंबल्स की कुल संख्या सम होती है।
q_1 वह स्थिति है जहाँ कुल सिबंल्स की संख्या विषम (odd) होती है।
प्रत्येक नये इनपुट ('a' हो या 'b') पर मशीन एक स्थिति से दूसरी स्थिति में जाती है। प्रांरभिक स्थिति q_0 है, जो कि Final state भी है। मशीन तब ही String Accept करती है जब कुल सिंबल Even हो।

16. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ∈-NFA (एप्सिलॉन एनएफए) और NFA के बीच के अंतर को सही रूप में दर्शाता है।

(a) ∈-NFA में ट्रांजिशन होते है, जबकि NFA में केवल इनपुट सिबंल्स पर ट्रांजिशन होते है
(b) NFA में ∈ ट्रांजिशन होते है, लेकिन ∈-NFA में नही होते।
(c) ∈-NFA और NFA दोनों में कोई ट्रांजिशन नही होता
(d) ∈-NFA और NFA में केवल एक ही ट्रांजिशन होता है।

Ans. (a) : ∈-NFA एक ऐसा ऑटोमेटन है जिसमें ∈ ट्रांजिशन होते है, यानि मशीन बिना कोई इनपुट पढ़े ही एक स्टेट से दूसरी स्टेट में जा सकती है। NFA में केवल इनपुट सिंबल्स पर ट्रांजिशन होते है। ∈-NFA को NFA में बदलने के लिये सभी ∈ ट्रांजिशन हटाये जाते है।

17. निम्नलिखित में कौन-सा कथन Deterministic Finite Automata (DFA) और (NFA) दोनों के लिये सत्य है?

(a) दोनो केवल नियमित भाषाओं (Regular Language) को ही स्वीकार कर सकते है।
(b) NFA अधिक शक्तिशाली होता है और DFA से ज्यादा भाषाये पहचान सकता है।
(c) DFA में एक ही इनपुट प्रतीक पर एक से अधिक ट्रांजिशन संभव होते है।
(d) कोई भी DFA हमेशा उस भाषा को नही पहचान सकता जिसे NFA पहचानता है।

Ans. (a) : DFA और NFA दोनों केवल नियमित भाषाओं (Regular Languages) को पहचान सकते है। NFA में एक स्थिति से कई संभावित ट्रांजिशन हो सकते है, जबकि DFA में हर इनपुट प्रतीक पर केवल एक ट्रांजिशन संभव होता है दोनों की भाषा पहचानने की शक्ति समान होती है। NFA को DFA में बदला जा सकता है।

18. किस विकल्प में दी गई परिभाषा "Language over an alphabet ∈" के लिए सही है?

(a) ∈ के प्रतीकों का कोई भी यादृच्छिक (Random) चयन
(b) ∈ के सभी संभावित स्ट्रिंग्स का समूह
(c) ∈ पर परिभाषित सिंट्रग्स का कोई उपसमूह
(d) ∈ के प्रतीकों की गणना।

Ans. (c) : किसी भाषा को एक वर्णमाला (Alphabet ∈) पर परिभाषित किया जाता है। भाषा ∈* (सभी संभावित स्ट्रिंग्स का समूह) का कोई उपसमूह होता है। तथा भाषा में केवल वही स्ट्रिंग्स शामिल होती है जो उस विशेष व्याकरण या नियमों को संतुष्ट करती है।

19. निम्नलिखित में कौन-सा कार्य ट्यूरिंग मशीन द्वारा किसी प्रतीक को पढ़ने के बाद नही किया जाता है?

(a) प्रतीक को लिखना
(b) टेप को एक सेल बाँए। दाएं खिसकाना
(c) अगले निर्देश पर आगे बढ़ना या रूकना
(d) उपरोक्त में से कोई नही।

Ans. (d) : ट्यूरिंग मशीन किसी को पढ़ने के बाद तीन मुख्य कार्य करती है:
1 नया प्रतीक लिखना।
2 टेप को एक सेल बाए या दाये खिसकाना।
3 अगला निर्देश चलाना या रूकना।
इसलिये उपरोक्त सभी कार्य ट्यूरिंग मशीन करती है।

20. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन से ट्यूरिंग मशीन का अनुप्रयोग नही है
(a) भाषा की पहचान
(b) गैर ऋणात्मक संख्याओ पर गणनाये
(c) जनरेटिंग डिवाइसेस
(d) उपरोक्त में से कोई नही

Ans. (d) : ट्यूरिंग मशीन का उपयोग भाषा की पहचान, गणनात्मक समस्याओं को हल करने और जनरेटिंग डिवाइसेस के रूप में किया जाता है। ट्यूरिंग मशीन गणतीय मॉडल है जो किसी भी गणनात्मक प्रक्रिया को अनुकरण कर सकती है। इसलिये सभी विकल्प अनुप्रयोग है।

2. रेगुलर एक्सप्रेशन (Regular Expression)

21. सभी स्ट्रिंग्स के लिए नियमित अभिव्यक्ति b के साथ शुरू होती है और bba के साथ समाप्त होती है।
(a) aba*b*bba (b) ab(ab)*bba
(c) b(a+b)*bba (d) उल्लेखित सभी

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (c) : यह रेगुलर एक्सप्रेशन उन सभी स्ट्रिंग्स को स्वीकार करता है जो 'b' से शुरू होती हैं और 'bba' पर समाप्त होती हैं।
यहाँ:
- b = प्रारंभ में 'b' अनिवार्य है
- (a+b)* = बीच में कोई भी संख्या में 'a' या 'b' हो सकते हैं
- bba = अंत में निश्चित रूप से 'bba' होना चाहिए

अन्य विकल्प इस पैटर्न को पूरी तरह से संतुष्ट नहीं करते।

22. Minimum Number of states require to accept string ends with 101./एक DFA को बनाने के लिए न्यूनतम कितने स्टेट्स की आवश्यकता होगी जो '101' पर समाप्त होने वाली स्ट्रिंग को स्वीकार करे?
(a) 3
(b) 2
(c) 1
(d) Can't be represented/इसे दर्शाया नहीं जा सकता

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans. (*) : '101' pattern को पकड़ने के लिए Step-by-Step ट्रैक करेंगे:

90	Start State (अब तक कुछ नहीं मिला या irrelevant मिला है)
91	पहला '1' मिला
92	फिर '0' मिला
93	फिर '1' मिला – Accepting State (क्योंकि String '101' पर खत्म हो रही है)

'101' को पहचानने के लिए DFA में कम से कम 3 States चाहिए–एक -एक करके '1' फिर '0' फिर '1' को ट्रैक करने के लिए। अतः विकल्प (A) 3 सही होगा।

नोट– आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर (b) माना है।

23. The Kleene Star operation accepts the following string of finite length over set A = {0, 1ue │where string s contains even number of 0 and 1. /क्लीन स्टार ऑपरेशन उस finite लंबाई की स्ट्रिंग को स्वीकार करता है जिसमें सेट A = {0,1ल और स्ट्रिंग में 0 और 1 की संख्या सम (even) हो।
(a) 01, 0011,010101 (b) 0011, 11001100
(c) ε, 0011, 11001101 (d) ε, 0011, 11001100

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans. (d) : Kleene Star (A*) का मतलब है:
- A के एलिमेंट मे बनी कोई भी Finite length की स्ट्रिंग।
- जिनमें कोई भी संख्या में एलिमेंट हो सकते है (शून्य भी - और ε भी शामिल है)

ε, 0011, 11001100
ε – 0 Zero, 1 One
0011 – O = 2, 1 = 2
11001100 – O = 4, 1 = 4
जो स्ट्रिंग्स even संख्या में 0 और 1 रखती है, वही Kleene Star Operation की शर्त को पूरा करती है। इसलिए सही उत्तर (D) होगा।

24. किसी भाषा को एक साधारण प्रारंभिक भाषा से एक सरल तरीके से तभी जनरेट किया जा सकता है, जब
(a) उसे अनंत अवस्थाओं (Infinite state) वाले डिवाइस द्वारा पहचाना जा सके।
(b) उसे कोई सहायक मेमोरी (Auxiliary Memory) न लगें।
(c) उपरोक्त सभी
(d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (b) : किसी भाषा को एक सरल प्रारंभिक भाषा से सरल तरीके से जनरेट करने का अर्थ होता है कि उसे किसी अतिरिक्त या सहायक मेमोरी की जरुरत न हो ऐसी भाषाये Finite Automata (FA) द्वारा पहचानी जाती है क्योंकि FA में कोई एक्स्ट्रा मेमोरी नहीं होती।

25. निम्नलिखित रेगुलर एक्सप्रेशन को सरल बनाइये।
(a) (1+011)* (b) (1*(01))*
(c) (1+(011)*)* (d) (1011)*

Ans. (a) :
(1) (1+011)*– यह Expression "1" या "011" के zero या ज्यादा बार Repeat का Pattern दिखाता है। सभी Combinations valid होंगे
Example– "", 1, 011, 1011 आदि।
(2) (1*(01))*– यह zero यह ज्यादा बार पहले कई बार 1 और फिर 01 आने वाला पैटर्न दिखाता है।

Example– "", 01, 101, 1101 आदि।

(3) (1+(011)*)*– यह Expression 1 या कई बार 011 का Combination repeat करता है।

Example– "", 1, 011, 1011, 011, 011 आदि।

(4) (1011)*– यह केवल *1011* Substring के zero या ज्यादा बार Repeat का pattern दिखाता है।

Example– "", 1011, 10111011 आदि।

Correct Option (a) (1+011)*.

26. ऐसे Language के लिए Regular Expression में कम से कम कितनी बार '1' का उपयोग करना पड़ेगा, जो Language में सिर्फ और सिर्फ दो zero (0) हों?

(a) 2 (b) 3
(c) 0 (d) 1

Ans. (b) : इस प्रश्न में हमें उस भाषा का Regular Expression बनाना है जिसमें केवल और केवल दो शून्य (0) मौजूद हो। यानी Strings में ठीक दो बार '0' आना अनिवार्य है। बाकी स्थानों पर केवल '1' हो सकते है। Regular Expression (रेगुलर एक्सप्रेशन) 1*01*01* पहले zero से पहले कितने भी 1 हो सकते है, दो zeroes के बीच भी 1 हो सकते है दूसरे zero के बाद भी कितने भी 1 हो सकते है। इस रेगुलर एक्सप्रेशन में '1' कम से कम तीन बार लिखा जायेगा।

27. सभी रेगुलर लैंग्वेज को निम्न में से किन-किन तरीको से वर्णित किया जा सकता है?

(a) DFA (Deterministic Finite Automata)
(b) NFA (Non-deterministic Finite Automata)
(c) E-NFA (Epsilon NFA)
(d) Regular Expressions

Ans. (d) : Regular Languages की विशेषता होती है कि उन्हे सभी निम्न मॉड्ल्स और फार्मलिज्म से व्यक्त किया जा सकता है।

(1) DFA (i)– Regular Languages हमेशा किसी DFA से Accept होती है।

(2) NFA (ii)– हर DFA के लिये NFA होता है, और दोनों बराबर ताकतवर होते है।

(3) E-NFA (iii)– यह NFA का ही Extenstion है, जिसमें E-transitions होते है। Regular Languages इससे भी Accept होती है।

(4) Regular Expression (iv)– Regular Languages को Regular Expressions के जरिये भी Describe किया जा सकता है।

थ्योरी के अनुसार–

DFA ≡ NFA ≡ E-NFA ≡ Regular Expressions

28. सभी पर्याप्त लंबाई वाले शब्दों में एक मध्य भाग को कई बार दोहराने से एक नया शब्द बनता है जो उसी भाषा में होता है।

(a) ट्यूरिंग मशीन (b) पंपिंग लेमा
(c) एरडेन्स थियोरम (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (c) : यह कथन पंपिंग लेमा के लिये रेगुलर लैंग्वेज से संबंधित है। यह लक्षण बताता है, कि किसी Regular Language में पर्याप्त लंबाई वाले शब्दों का कोई मध्य भाग लिया जा सकता है जिसे एक या अधिक बार दोहराकर नया शब्द बनाया जाये, जो उसी Language में होगा।

29. लैंग्वेज (Language) के रेगुलर होने को सिद्ध करने के लिए किस प्रकार के proof का उपयोग किया जाता है?

(a) Proof by contradiction
(b) Direct proof
(c) Proof by induction
(d) None of the mentioned

Ans. (b) : रेगुलर भाषा को रेगुलर सिद्ध करने के लिये Direct proof का प्रयोग होता है, जिसमें हम DFA, NFA या रेगुलर Expressions बनाकर सीधे दिखाते है। जबकि Contradiction और Pumping Lemma का उपयोग तब करते हैं जब हमें दिखाना हो कि भाषा रेगुलर नहीं है।

30. यदि कोई रेगुलर लैंग्वेज L, Halving Operation पर बंद हो तो परिणाम क्या होगा?

(a) 1/ 4 L will be Regular
(b) 1/2 L will be Regular
(c) 1/8 L will be Regular
(d) All of the mentioned

Ans. (d) : Halving Operation अगर कोई String w Language में है, तो उसका पहला हिस्सा भी Language में होना चाहिये। यदि कोई Regular Language Halving पर बन्द है, तो उसका 1/2L, 1/4L, 1/8L जैसे सभी Subdivisions भी रेगुलर होगी। इसका कारण यह है कि Regular Language के पास Strong Closure Properties होती है, इसलिये यदि L, Halving पर बंद है तो उसके सभी Halving भाग (1/2L, 1/4L, 1/8L) रेगुलर होगें।

31. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प दिये गये DFA के समान (Same) Regular Expression है?



(a) (0+1)*001(0+1)* (b) 1*001(0+1)*
(c) (01)*(0+0+1)(01)*
(d) None of the mentioned

Ans. (a) : DFA Transition overview
⇒ $q_0 \rightarrow (0) \rightarrow q_1$
⇒ $q_1 \rightarrow (0) \rightarrow q_2$
⇒ $q_2 \rightarrow (1) \rightarrow q_3$ (Final State)
⇒ $q_0 \rightarrow (1) \rightarrow q_0$ (Self Loop on 1)
⇒ $q_1 \rightarrow (1) \rightarrow q_0$
⇒ $q_2 \rightarrow (0) \rightarrow q_2$
⇒ $q_3 \rightarrow (0,1) \rightarrow q_3$ (Loop on both 0,1 at Final State)
DFA में किसी भी संख्या में शुरु में 0 या 1 आ सकते है, फिर जरूरी है कि "001" Substring आये ताकि Final State (q_3) तक पहुँचा जा सके इसके बाद 0 और 1 दोनों पर q_3 में Loop है, इसलिये अंत में कुछ भी हो सकता है।

32. Non-kleen star operatione द्वारा ऐसी कौन सी Strings Accept की जायेगी जो A = {0, 1} पर बनी हो और जिनमें शून्य (0) और एक (1) की संख्या समान और सम हो?

(a) 01, 0011, 010101 (b) 0011, 11001100
(c) ∈, 0011, 11001100 (d) ∈, 0011, 11001100

Ans. (b) : ⇒ 0 की संख्या भी सम हो
⇒ 1 की संख्या भी सम हो
⇒ और String की लम्बाई Finite हो।
Option (b) के सभी Strings की जाँच
1. 0011 →
⇒ 2 zeros (Even)
⇒ 2 ones (Even)
String Language में Accept होगी
2. 11001100 →
⇒ 4 zeros (even)
⇒ 4 ones (even)
String Language में Accept होगी।
Option (a) और option (d) & (c) क्यों गलत है?
⇒ Option (a)
"01" में 1 zero और 1 one → (odd, odd)
"010101" → 3 zeroes, 3 ones → (odd, odd)
⇒ Option (c) और (d) इनमें ∈(Empty string) भी शामिल है, लेकिन प्रश्न में ∈ की जरूरत का जिक्र नहीं है इसलिये Option (b) सही है।

33. Moore Machine के लिये, यदि Input String '101010' है तो Output की Length कितनी होगी?

(a) $|\text{Input}|+1$ (b) $|\text{Input}|$
(c) $|\text{Input}-1|$ (d) Cannot be predicted

Ans. (a) : Moore Machine में Output हर State से निकलता है, Input Symbols से नहीं। इसलिये जब Machine Start होती है तो Initial State से पहला Output देता है उसके बाद हर Input Symbol के साथ एक-एक Output Produce होता है। यदि Input Length 6 है तो Output Length 7 होगी

34. नीचे दिये गये Mealy Machine का आउटपुट किसका प्रतिनिधित्व करता है।



(a) 9's Complement (b) 2's Complement
(c) 1's Complement (d) 10's Complement

Ans. (b) : q_0 पर
⇒ Input 0 → Output 0
⇒ Input 1 → Output 1 और qf पर ट्रांजिशन qf
⇒ Input 0 → Output 0 (Stay at qf)
⇒ Input 1 → Output 0 (Stay at qf)
Mealy Machine पहले input को वैसा का वैसा Output देती है, जैसे ही पहला '1' आता है उसके बाद सभी Bits को उल्टा करती है। यह प्रक्रिया 2's Complement बनाने जैसी है। पहले 1 तक Copy और उसके बाद Flip
2's Complement का तरीका–
1. Left से शुरूआत करो
2. पहला '1' encounter होने तक सब same रहने दो
3. उसके बाद सब Bits Flip कर दो।

3. संदर्भ रहित व्याकरण और संदर्भ रहित भाषाएँ (Context Free Grammar (CFG) and Context Free Languages (CFL))

35. टेट सच या गलत कथन प्रत्येक सही-रैखिय व्याकरण एक नियमित भाषा उत्पन्न करता है।

(a) सत्य (b) गलत
(c) हो सकती है (d) नहीं कह सकते

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans. (a) : प्रत्येक सही रैखिक व्याकरण (Right Linear Grammar) केवल नियमित भाषा (Regular Language) उत्पन्न करती है। इस प्रकार की व्याकरण में प्रोडक्शन नियम जेसे होते हैं:
A – wB या A – w,
जहाँ A और B नॉन-टर्मिनल और w टर्मिनल स्ट्रिंग होती है। यह संरचना Finite Automata द्वारा मान्य होती है।
इसलिए, हर सही रैखिक व्याकरण से हमेशा एक नियमित भाषा ही प्राप्त होती है।

36. एक संदर्भ मुक्त व्याकरण जो चॉम्स्की सामान्य रूप में है यदि हर उत्पादन फॉर्म का है-

(a) $A \to BC$ या $A \to A$ (b) $A \to BC$ या $A \to a$
(c) $A \to BCa$ या $B \to b$ (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans. (b) : चॉम्स्की सामान्य रूप (CNF) एक विशेष प्रकार का व्याकरण है जो इस रूप में होना चाहिए:
1. A → BC - जहाँ A, B और C तीनों गैर-अंतिम प्रतीक है। यानी बाईं ओर एक non-terminal होगा और दाईं ओर दो non-terminals होंगे।
2. A → a - जहाँ A एक गैर-अंतिम और a एक non-terminal अंतिम प्रतीक है। यानी एक non-terminal सीधे एक terminal में बदल सकता है। इसलिए विकल्प (b) सही है।

37. CFG की कक्षा के तहत बंद नहीं है -

(a) संयोजन (b) प्रतिच्छेदन
(c) संघ (d) दोहराया गया संयोजन

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans. (b) : Context - Free Grammars (CFGs) निम्न ऑपरेशनों के लिए बंद होती है:
- संघ (Union)
- संयोजन (Concatenation)
- दोहराया गया संयोजन (Kleene star)

CFGs सामान्यतः प्रतिच्छेदन के लिए बंद नहीं होती।

38. The class of CFG is not closed under कौन-सी स्थिति में कॉनटेक्स्ट-फ्री ग्रामर (CFG) क्लोज नहीं होता?

(a) Concatenation/संयोग
(b) Intersection /इंटरसेक्शन
(c) Union/यूनियन
(d) Repeated Concatenation/बार-बार संयोग.

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans. (*): Context-Free Grammar (CFG) की क्लास कुछ ऑपरेशनों के अन्तर्गत बन्द (Closed) होती है, जैसे-
- संघ (Union)
- संयोजन (Concatenation)
- बार-बार संयोजन (Repeated Concatenation/Kleene Star)
- प्रतिच्छेद (Intersection) इसलिए; CFG की श्रेणी Intersection ऑपरेशन के लिए बंद नहीं होती है।

नोट– आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर (d) माना है।

39. Which of the following is type 1 language or Type 1 grammar?/निम्न में से कौन सी टाइप 1 भाषा या टाइप 1 व्याकरण है?

(a) Regular grammar/ Regular language
(b) Context Free Grammar/Context Free language
(c) Context Sensitive Grammar/Context Sensitive language
(d) Recursively Enumerable

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans. (c) : टाइप 1 भाषा या टाइप 1 व्याकरण, जिसे संदर्भ-संवेदी भाषा (Context Sensitive Language) या संदर्भ- संवेदी व्याकरण (Context Sensitive Grammar) कहा जाता है, जो लीनियर बाउंडेड ऑटोमेटन द्वारा स्वीकार की जाती है।

40. A context free grammar G is in Chomsky normal form if every production is of the form एक संदर्भ मुक्त व्याकरण G चॉम्स्की सामान्य रूप में है यदि प्रत्येक उत्पादन इस रूप का है।

(a) $A \rightarrow BC$ or $A \rightarrow A$ (b) $A \rightarrow BC$ or $A \rightarrow a$
(c) $A \rightarrow BCa$ or $B \rightarrow b$ (d) None of these

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans. (b) : कॉटेक्स्ट फ्री ग्रामर (CFG)G चॉम्स्की नार्मल फार्म (CNF) में होती है यदि इसका प्रत्येक प्रोडक्शन इस रूप का हो।
>$A \rightarrow$ BC जहाँ A, B, और C सभी नॉन-टर्मिनल सिंबल है जबकि एक नॉन-टर्मिनल को ठीक दो अन्य नॉन- टर्मिनल से बदला जा सकता है।
$A \rightarrow$ a जहाँ A एक नॉन-टर्मिनल सिंबल है और a एक टर्मिनल सिंबल है। जबकि नान-टर्मिनल को ठीक एक टर्मिनल सिंबल से बदला जा सकता है।

41. The context free grammar $S \rightarrow SS \mid 0S1 \mid 1S0 \mid \varepsilon$ generates/संदर्भ मुक्त व्याकरण $S \rightarrow SS \mid 0S1 \mid 1S0 \mid \varepsilon$ उत्पन्न करता है।

(a) Equal number of 0's and 1's
(b) Unequal number of 0's and 1's
(c) Any number of 0's followed by any number of 1's
(d) None of these

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans. (a) : व्याकरण $S \rightarrow SS \mid 0S1 \mid 1S0 \mid \varepsilon$
> ε:0 और 1 की संख्या = 0 (बराबर)।
> 0S1:$\rightarrow$01 (0$\rightarrow$0, S1 $\rightarrow$1)$\rightarrow$ एक 0, एक 1 (बराबर)।
> 1S0: एक 0, एक 1 (S टर्मिनल है, गिनती में नहीं) (बराबर)।
> SS: प्रत्येक $S \rightarrow S\ \varepsilon$, 0S1 या 1S0 हो सकता है दिये गये विकल्पों में:-
> (A) 0: और 1 की बराबर संख्याः सभी स्ट्रिंग्स (ε , 01, 1S0, S S) में 0 और 1 बराबर
> (B) आसमान संख्या : कोई स्ट्रिंग ऐसी नहीं
> (C) कोई संख्या 0 के बाद 1 केवल 01 या 1S0 बनता है।
> (D) कोई नहीं

(A) 0: और 1 की बराबर संख्या

42. According to Chomsky hierarchy, which of the following is recognized by Recursively Enumerable language?
चॉम्स्की पदानुक्रम के अनुसार निम्नलिखित में से किसे रिकर्सिवली एन्यूमेरेबल भाषा द्वारा मान्यता प्राप्त है।

(a) Type 0 (b) Type 1
(c) Type 2 (d) Type 3

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans. (a) : चॉम्स्की पदानुक्रम के अनुसार रिकर्सिवली एन्यूमेरेबल भाषाये टाइप-0 भाषाये हैं।
- टाइप-0 (रिकर्सिवली एन्यूमेरेबल): ऐसी भाषाये जिन्हें ट्यूरिंग मशीन स्वीकार कर सकती है।
- टाइप-1 (संदर्भ संवेदी) संदर्भ–संवेदी व्याकरण, लीनियर- बाउंडेड ऑटोमेटा द्वारा मान्यता प्राप्त
- टाइप-2 (संदर्भ मुक्त) :संदर्भ–मुक्त व्याकरण- पुशडाउन आटोमेटा द्वारा मान्यता प्राप्त
- टाइप-3 (नियमित):नियमित व्याकरण, फाइनाइट आटोमेटा द्वारा मान्यता प्राप्त।

43. संदर्भ मुक्त व्याकरण क्या है?

(a) एक व्याकरण जिसमें उत्पादन नियम सन्दर्भ पर निर्भर होते है-
(b) एक व्याकरण जिसमें उत्पादन नियम सन्दर्भ से स्वतंत्र होते है।
(c) एक व्याकरण जो केवल नियमित भाषाओं को परिभाषित करता है।
(d) एक व्याकरण जो केवल सन्दर्भ संवेदनशील भाषाओं को परिभाषित करता है।

Ans. (b) : संदर्भ मुक्त व्याकरण (Context free Grammar CFG) वह व्याकरण होता है। जिसमें प्रत्येक उत्पादन नियम का बायाँ भाग केवल एक गैर टर्मिनल होता है और वह नियम किसी भी संदर्भ पर निर्भर नहीं करता। जैसे $A \rightarrow aA \mid b$
यह एक संदर्भ मुख्य व्याकरण है क्योंकि बाई ओर सिर्फ एक और गैर टर्मिनल है और नियम किसी आस-पास के प्रतीकों पर निर्भर नहीं है।

44. निम्नलिखित में से कौन एक संदर्भ मुक्त व्याकरण का घटक नहीं है?

(a) टर्मिनल (b) गैर-टर्मिनल प्रतीक
(c) उत्पादक नियम (d) स्थिरांक

Ans. (d) : संदर्भ मुक्त व्याकरण में चार मुख्य घटक होते है–
1. टर्मिनल प्रतीक– वे प्रतीक जो अंतिम आउटपुट में आते है, और जिन्हें आगे विभाजित नहीं किया जा सकता है।

2. गैर-टर्मिनल प्रतीक– वे प्रतीक जो व्याकरण के नियमों के अनुसार और अधिक विस्तार किए जा सकते है।
3. उत्पादन नियम– नियम जिनके अनुसार गैर टर्मिनल प्रतीकों को टर्मिनल या अन्य गैर टर्मिनल प्रतीकों से बदला जाता है।
4. प्रारम्भ प्रतीक– वह गैर टर्मिनल जिससे व्याकरण का उत्पादन आरम्भ होता है।

45. संदर्भ मुक्त व्याकरण का उपयोग _____ में किया जाता है।

(a) कम्पाइलर डिजाइन (b) डेटाबेस प्रबन्धन
(c) ऑपरेटिंग सिस्टम (d) नेटवर्क प्रोटोकॉल

Ans. (a) : संदर्भ मुक्त व्याकरण का उपयोग मुख्य रूप से कम्पाइलर डिजाइन में किया जाता है, विशेष रूप से प्रोग्रामिंग भाषाओं के सिंटैक्स को पार्स करने और उसका विश्लेषण करने के लिए
CFG का उपयोग प्रोग्रामिंग भाषाओं के लिए व्याकरण को परिभाषित करने में किया जाता है, जिससे कम्पाइलर सोर्स कोड की संरचना को समझ सके।

46. संदर्भ मुक्त भाषा_____ द्वारा पहचानी जाती है।

(a) परिमित ऑटोमेटा (b) पुशडाउन आटोमेटा
(c) टयूरिंग मशीन (d) रेगुलर एक्सप्रेशन

Ans. (b) : संदर्भ मुक्त भाषा (Context Free Language) पुशडाउन ऑटोमेटा द्वारा पहचानी जाती है।

47. $S \rightarrow 051 | e$ के लिए $\sum = \{0, 1\}^*$ उत्पादित भाषा के निम्नलिखित में से कौन सा गलत है।

(a) गैर नियामित भाषा (b) $0^n 1^n | n >= 0$
(c) $0^n 1^n | n >= 1$ (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (d) : $L = \{e, 01, 0011, 000111, \ldots. 0^n1^n\}$ चूंकि एप्सिलान सेट का एक हिस्सा है, इसलिए सभी विकल्प सही है, जिसका अर्थ है कि उनमें से कोई भी गलत नहीं है।

48. यदि एक व्याकरण Ambiguous है, तो इसका क्या तात्पर्य है?

(a) इसका कोई व्याकरणिक नियम नहीं है
(b) वह किसी भी स्ट्रिंग को पार्स नहीं कर सकता
(c) एक ही स्ट्रिंग के लिए एक से अधिक अर्थ हो सकते है।
(d) वह केवल टर्मिनल प्रतीको को पहचानता है।

Ans. (c) : यदि एक व्याकरण Ambiguous है, तो इसका तात्पर्य है कि एक ही स्ट्रिंग के लिए एक से अधिक अर्थ हो सकते है। इसका मतलब है कि व्याकरण एक ही इनपुट स्ट्रिंग के लिए एक से अधिक वैध पार्स ट्री उत्पन्न कर सकता है।

49. Ambiguity को Grammar से कैसे हटाया जा सकता है?

(a) Grammar को समाप्त करके
(b) Grammar को किसी Regular Grammar से बदलकर
(c) Grammar को किसी Unambiguous Grammar से प्रतिस्थापित करके
(d) Grammar के सभी टर्मिनल प्रतीको को हटाकर

Ans. (c): Grammar की Ambiguity को दूर करने का सबसे प्रभावी तरीका है कि Ambiguous Grammar को एक Equivalent Unambiguous Grammar से बदल दिया जाएं। यह एक नई Grammar डिजाइन करके किया जा सकता है जो Same language generate करे लेकिन Unambiguous है।

50. Inherent Ambiguity किस प्रकार की भाषाओं की में अधिकतर पाई जाती है

(a) नियमित भाषाएं (Regular Language)
(b) डिटर्मिनिस्टिक कंटेक्स्ट फ्री भाषाए।
(c) कुछ विशेष प्रकार की Context Free Languages
(d) केवल Context Sensitive Languages

Ans. (c) : Inherent Ambiguity (स्वाभावित अस्पष्ठता) उन भाषाओं में पाई जाती है जिनके लिए हर व्याकरण अस्पष्ट (Ambiguous) होता है, यानी ऐसी भाषाए जिनके लिए कोई भी व्याकरण नहीं बनाया जा सकता जो पूरी तरह से स्पष्ट (Unambiguous) हो।
कुछ गैर नियतात्मक CFLs ऐसी होती है। जिनके लिए कोई भी स्पष्ट व्याकरण नहीं बनाया जा सकता ।
जैसे–

$$L = \{a^n b^n c^m\} \cup \{a^n b^m c^m\}$$

निम्नलिखित में से कौन, इंटरनेट के माध्यम से डेटा स्टोरेज, सर्वर, डेटाबेस, नेटवर्किंग और सॉफ्टवेयर आदि के साथ विभिन्न सेवाओं की डिलीवरी है?

(a) Database Management systems/डेटाबेस मैनेजमेन्ट सिस्टम

(b) Artificial Intelligence/ कृत्रिम बुद्धिमत्ता

(c) Cloud computing/ क्लाउड कम्प्यूटिंग

(d) Computer networking/ कम्प्यूटर नेट्वर्किंग

UPPCL TG-2 17/11/2023 (Shift-II)
BSPHCL TG-III 03.11.2018 (Batch-04)
BSPHCL TG-III 28.11.2018 (Batch-02)

Ans. (c) : क्लाउड कम्प्यूटिंग एक तकनीकी प्रोद्योगिकी है जिसमें इंटरनेट के माध्यम से विभिन्न संसाधनों जैसे कि स्टोरेज, सर्वर, नेटवर्क, डेटाबेस, सॉफ्टवेयर और कम्प्यूटिंग पावर का उपयोग किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य यूजर्स को इन संसाधनों का इस्तेमाल करने के लिए व्यक्तिगत डिवाइसों से कनेक्ट करना है और सेवाए प्रदान करना है।

45. Which of the following is NOT a cloud computing model?
निम्नलिखित में से कौन-सा क्लाउड कंप्यूटिंग मॉडल (Cloud computing model) नहीं है?

(a) Hybrid Cloud/ हाइब्रिड क्लाउड

(b) Public Cloud/ पब्लिक क्लाउड

(c) Society Cloud/ सोसाइटी क्लाउड

(d) Private Cloud/ प्राइवेट क्लाउड

UPPCL TG-2 8/11/2023 (Shift-II)

Ans. (c) : क्लाउड कम्प्यूटिंग मॉडल एक तकनीकी प्रणाली है जिसमें इंटरनेट के माध्यम से विभिन्न सेवाओं और संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं। जैसे- डेटा स्टोरेज, नेटवर्क आदि। इसमें हाइब्रिड क्लाउड, पब्लिक क्लाउड, प्राइवेट क्लाउड जैसे मॉडल्स शामिल है। सोसाइटी क्लाउड इसका भाग नहीं है।

46. What is the common platform for big data processing?/निम्नलिखित में से बिग डेटा प्रोसेसिंग के लिए कॉमन प्लेटफॉर्म क्या है?

(a) Machine learning/मशीन लर्निंग

(b) Java/जावा

(c) Hadoop/हडूप

(d) Relational databases/रिलेशनल डेटाबेसेस

UPPCL TG-2 7/11/2023 (Shift-I)

Ans. (c) : अपाचे Hadoop सबसे व्यापक रूप से उपयोग किये जाने वाले डेटा प्लेटफार्म में से एक है। यह एक ओपन सोर्स फ्रेमवर्क है जो पूरे क्लस्टर में बड़े पैमाने पर डेटासेट के लिए वितरित प्रसंस्करण को सक्षम बनाता है।

47. Which programming language is used by the Raspberry Pi IoT software for developing codes?/कोड डेवलप करने के लिए Raspberry Pi IoT सॉफ़्टवेयर द्वारा किस प्रोग्रामिंग भाषा का उपयोग किया जाता है?

(a) Java/जावा (b) JavaScript/जावास्क्रिप्ट

(c) C/C^{++} (d) Python/पाइथन

UPPCL Assistant Accountant 31-07-2023 Shift-I

Ans. (d) : कोड डेवलप करने के लिए Raspberry Pi IoT सॉफ़्टवेयर द्वारा पाइथन प्रोग्रामिंग भाषा का उपयोग किया जाता है। पायथन का उपयोग उच्च स्तरीय और सुलभ सिंटैक्स के कारण विभिन्न IoT डिवाइसों को प्रोग्राम करने के लिए होता है।

48. What is Arduino Uno?
आर्डूइनो यूनो (Arduino Uno) क्या है?

(a) A 6LoWPAN device
एक 6LoWPAN डिवाइस

(b) A network/एक नेटवर्क

(c) A sensor/एक सेंसर

(d) A microcontroller
एक माइक्रोकंट्रोलर

UPPCL Assistant Accountant 31-07-2023 Shift-I

Ans. (d) : आर्डूइनो यूनो (Arduino Uno) एक लोकप्रिय ओपन-सोर्स माइक्रोकंट्रोलर बोर्ड है जिसका उपयोग इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोजेक्ट के लिए किया जाता है। इसे आर्डूइनो IDE (इन्टीग्रेटेड डेवलपमेंट एनवायरनमेंट) का उपयोग करके प्रोग्राम किया गया है।

49. What is the purpose of using WoT (Web of Things) in IoT?/IoT में WoT (वेब ऑफ थिंग्स) का उपयोग करने का उद्देश्य क्या है?

(a) To increase the cost/ लागत बढ़ाना

(b) To increase usability and interoperability
प्रयोज्यता (usability) और अंतरप्रचालनीयता (interoperability) को बढ़ाना

(c) To increase the security/ सुरक्षा बढ़ाना

(d) To reduce the complexity of application
एप्लिकेशन की जटिलता को कम करना

UPPCL Assistant Accountant 31-07-2023 Shift-I

Ans. (b) : WoT (वेब ऑफ थिंग्स) एक ऐसा फ्रेमवर्क है जो IoT उपकरणों में वेब तकनीकों और मानकों को लागू करके और IoT डिवाइस सेवाओं को मानकीकृत करके इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) का विस्तार करता है। IoT में WoT का उपयोग करने का उद्देश्य संचार को सरल बनाना और प्रयोज्यता (Usability) और अंतरप्रचालनीयता (interoperability) को बढ़ाना है।

50. Which of the following is NOT a cloud computing service model?/निम्नलिखित में से कौन सा क्लाउड कंप्यूटिंग सर्विस मॉडल नहीं है?

(a) Platform as a service/एक सेवा के रूप में प्लेटफॉर्म

(b) Place as a service/एक सेवा के रूप में स्थान

(c) Software as a service
एक सेवा के रूप में सॉफ्टवेयर

(d) Infrastructure as a service/एक सेवा के रूप में इंफ्रास्ट्रक्चर

UPPCL Assistant Accountant 22-06-2023 Shift-I

Ans. (b) : क्लाउड कम्प्यूटिंग के तीन मुख्य सर्विस मॉडल्स होते हैं, जो अलग-अलग प्रकार की सेवाएं प्रदान करते हैं

(i) Infrastructure as a Service (IaaS)

उदाहरण– Amazon web Services, Microsoft Azure, Google Cloud Platform.

(ii) Platform as a services (PaaS).

उदाहरण– Google App Engine, Herokee, Microsoft Azure App Services

(iii) Software as a Service (SaaS)

उदाहरण– Google workspace, Microsoft 365, Salesforce.

51. Which of the following is a cloud computing type where in the approach is to offer a higher level of abstraction so as to make a cloud easily programmable?
निम्नलिखित में से कौन-सा एक क्लाउड कंप्यूटिंग टाइप (Cloud computing type) है, जिसमें एप्रोच (Approach) उच्च स्तर का एब्स्ट्रेक्शन (Abstraction) प्रदान करता है ताकि क्लाउड को आसानी से प्रोग्रामेबल बनाया जा सकें?

(a) Infrastructure as a Service and Software as a Service/इंफ्रास्ट्रक्चर एज ए सर्विस और सॉफ्टवेयर एज ऐ सर्विस

(b) Software as a Service/सॉफ्टवेयर एज ए सर्विस

(c) Infrastructure as a Service
इंफ्रास्ट्रक्चर एज ए सर्विस

(d) Platform as a Service/प्लेटफार्म एज ए सर्विस

UPPCL Assistant Accountant 31/07/2023 Shift-II

Ans. (a) : Infrastructure as a Service और Software as a Service क्लाउड कंप्यूटिंग का एक प्रकार है जिसका दृष्टिकोण उच्च स्तर का अमूर्तता (abstraction) प्रदान करता है ताकि क्लाउड को आसानी से प्रोग्राम किया जा सके।

52. Which of these IoT platforms is provided by Amazon?
इनमें से कौन सा IoT प्लेटफॉर्म एमेज़न द्वारा प्रदान किया गया है?

(a) IBM Watson IoT (b) AWS IoT Core
(c) Google Cloud IoT (d) Azure IoT Hub
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

UPSSSC Dental Hygienist 05.01.2025

Ans. (b) : AWS IoT Core, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) डिवाइस को क्लाउड से जोड़ने के लिए Amazon Web Services (AWS) द्वारा प्रदान किया गया एक प्लेटफॉर्म है। यह इंटरनेट से जुड़े डिवाइस और AWS क्लाउड के बीच सुरक्षित, द्वि-दिशात्मक संचार प्रदान करता है, जिससे आप कनेक्टेड डिवाइस से डेटा एकत्र, संसाधित, विश्लेषण और कार्य कर सकते है। IBM Watson IoT, Google Cloud और Azure IoT Hub जैसे अन्य विकल्प क्रमशः IBM, Google और Microsoft द्वारा प्रदान किए गए IoT प्लेटफॉर्म है।

4. औद्योगिक इंटरनेट ऑफ थिंग्स (Industrial Internet of Things)

53. IIoT के लिए शब्द है?

(a) औद्योगिक इंटरनेट ऑफ थिंग्स
(b) इंटेलिजेंट इंटरनेट ऑफ थिंग्स
(c) आंतरिक इंटरनेट ऑफ थिंग्स
(d) संस्थागत इंटरनेट ऑफ थिंग्स

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans, (a) : IIoT का पूरा रूप- औद्योगिक इंटरनेट ऑफ थिंग्स (Industrial Internet of Things) हैं।

54. The Internet of Things (IoT), access to real-time data, and the introduction of cyber-physical systems mark the big changes for this era.
इंटरनेट आफ थिंग्स (IoT), वास्तविक समय के डेटा तक पहुँच और साइबर भौतिक प्रणालियों की शुरूआत इस युग के लिए बड़े बदलावो को चिन्हित करती है।

(a) Industrial Revolution
(b) 3rd Industrial Revolution
(c) Industry 4.0
(d) Manufacturing automation

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (c) : इंडस्ट्री 4.0 चौथी औद्योगिक क्रांति, IoT, साइबर भौतिक प्रणालियों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और वास्तविक समय डेटा के विश्लेषण पर आधारित है तथा स्मार्ट फैक्ट्रियों परस्पर जुड़े उपकरणों और डेटा-चलित द्वारा कथन के साथ पूरी तरह मेल खाता है।

55. Which of the following is NOT a type of an IoT security threat?
निम्नलिखित में से कौन-सा एक IoT सिक्योरिटी थ्रेट का प्रकार नहीं है?

(a) Social engineering/सोशल इंजीनियरिंग
(b) Ransomware/रैनसमवेयर
(c) Man-in-the-middle/मैन-इन-द-मिडिल
(d) Social networking /सोशल नेटवर्किंग

UPPCL Assistant Accountant 22-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : IoT (Internet of Things) सिक्योरिटी थ्रेट वे संभावित खतरें है जो IoT डिवाइस और नेटवर्क को प्रभावित कर सकते है। IoT सिक्योरिटी थ्रेट्स कई प्रकार के होते है। जैसे–
(i) सोशल इंजीनियरिंग
(ii) मैन-इन-द-मिडिल
(iii) रैनसमवेयर
(iv) स्निफिंग
(v) डिनियल ऑफ सर्विस (DoS)

5. IoT द्वारा स्मार्ट उत्पादन और सहयोगात्मक नियंत्रण (Smart Production and Collaborative Control Through IoT)

56. _____ are used to overcome the challenges of managing the resources of the IoT.
संसाधनो के प्रबंधन की चुनौतियों पर काबू पाने के लिए किसका उपयोग किया जाता है।

(a) Clustering
(b) Software agents
(c) Synchronization techniques
(d) Cluster, Software agent, and Synchronization techniques

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (d) : IoT संसाधनो के प्रबंधन की चुनौतियों को हल करने के लिये कलस्टरिंग, सॉफ्टवेयर एजेन्ट और सिन्क्रोनाइजेशन तकनीकों का उपयोग किया जाता है।

57. Which of the following best describes the primary benefit of IoT in collaborative production environments?
निम्नलिखित में से कौन-सा सहयोगी उत्पादन परिवेश में IoT का मुख्य लाभ सबसे अच्छी तरह से वर्णन करता है?

(a) Increased Physical labor/बढ़ा हुआ शारीरिक श्रम
(b) Enhanced autonomy and real time responsiveness/बढ़ी हुई स्वायत्तता और रीयल-टाइम उत्तरदायित्व
(c) Reduced Internet usage/घटा हुआ इंटरनेट उपयोग
(d) Manual data Analysis/मैन्युअल डेटा विश्लेषण

Ans. (b) : IoT (Internet of Things) उपकरणों को आपस में जोड़कर उन्हे स्वतः कार्य करने और त्वरित निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। यह किसी भी उत्पादन प्रणाली को अधिक "Autonomous" (स्वायत्त) बनाता है और तेजी से प्रतिक्रिया करने में सक्षम बनाता है, जिससे कार्य-कुशलता और लचीलापन बढ़ता है।

58. In IoT system, what is synchronization mainly used for?
IoT प्रणालियों में सिंक्रोनाइजेशन का मुख्य उपयोग किसके लिए किया जाता है?

(a) Delaying the process
प्रक्रिया को विलंबित करने के लिए
(b) Aligning actions of multiple devices in real-time/रीयल टाइम में कई डिवाइसों की क्रियाओं को संरेखित करने के लिए।
(c) Replacing hardware/हार्डवेयर को बदलने के लिए।
(d) Only data encryption
केवल डेटा एन्क्रिप्शन के लिए

Ans. (b) : सभी IoT डिवाइस अलग-अलग कार्य करते हैं, परन्तु यदि उनके कार्य एक ही समय पर सही ढ़ंग से हों, तो पूरी प्रणाली अधिक कुशल बनती है। इसलिए सिंक्रोनाइजेशन की आवश्यकता होती है। ताकि सभी डिवाइस एक साथ तालमेल के साथ कार्य करें।

59. How do software agents contribute in IoT-based smart production environment?
IoT-आधारित स्मार्ट उत्पादन वातावरण में सॉफ्टवेयर एजेंट कैसे योगदान करते हैं?

(a) By consuming more energy
अधिक ऊर्जा खफत करके
(b) By autonomously managing tasks and decision making
स्वायत्त रूप से कार्य और निर्णय-निर्माण का प्रबंधन
(c) By disabling communication
संचार को अक्षम करके
(d) By replacing all hardware
सभी हार्डवेयर को बदलकर

Ans. (b) : Software Agents वह प्रोग्राम होते हैं, जो स्वयं सोचकर निर्णय ले सकते हैं और कार्यों को अंजाम दे सकते हैं, बिना मनुष्य की आवश्यकता के वे डेटा को संग्रहित, विश्लेषण और प्रक्रिया करके संसाधनों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन हैं।

60. What is one major application of IoT in smart Grids?
स्मार्ट ग्रिड में IoT का एक प्रमुख अनुप्रयोग क्या है?

(a) Manual meter reading/मैन्युअल मीटर रिडिंग
(b) Predictive energy management and load balancing
पूर्वानुमानित ऊर्जा प्रबन्धन और लोड संतुलन
(c) Removing Sensors/सेंसर को हटाना
(d) Fixed Power Allocation/स्थिर बिजली आवन्टन

Ans. (b) : Smart Grid में IoT डिवाइस ऊर्जा खपत का रीयल-टाइम डेटा एकत्र करते हैं, जिससे ऊर्जा का उत्पादन और वितरण अधिक सटीक और लचीला होता है। इससे Load Balancing यानी बिजली के भार का संतुलन और Predictive Maintenance संभव होती है।

61. How does IoT assist in Electric Vehicle (EV) charging infrastructure?
IoT इलेक्ट्रिक वाहन (EV) चार्जिंग ढांचे में कैसे सहायता करता है?

(a) By disconnecting charging stations
रिमोटली चार्जिंग स्टेशनों को डिस्कनेक्ट करके
(b) By enabling real time monitoring and dynamic pricing/रीयल-टाइम निगरानी और गतिशील मूल्य निर्धारण को सक्षम करके
(c) By reducing battery life
बैटरी जीवन को कम करके
(d) By removing automation/स्वचालन को हटाकर

Ans. (b) : IoT आधारित EV चार्जिंग सिस्टम में सेंसर और स्मार्ट मीटर होते हैं जो चार्जिंग स्टेशन की स्थिति बिजली की माँग और उपयोगकर्ता व्यवहार की निगरानी करते है। इससे Dynamic pricing अर्थात् समय के अनुसार कीमत तय करना संभव होता है, और उपभोक्ता को बेहतर सेवा मिलती है।

13.

आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस (Artificial Intelligence)

1. एआई और प्रोडक्शन सिस्टम का परिचय/(Introduction to AI and Production Systems)

1. The input segment of AI Programming includes
ए0 आई0 प्रोग्रामिंग के इनपुट सेगमेंट में शामिल हैं-

(a) ध्वनि (b) गंध
(c) स्पर्श (d) इनमें से कोई नहीं

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans, (a) : ए0आई0 प्रोग्रामिंग के इनपुट सेगमेंट में वे सूचनाएं आती हैं जिन्हे सिस्टम संसाधित करता है। ध्वनि (Sound) एक समान्य इनपुट माध्यम है, जैसे –वाइस रिकग्निशन सिस्टम में।
गंध और स्पर्श जैसे इनपुट बहुत कम या विशेष स्थितियों में प्रयोग होते हैं, और अब तक ए0आई0 में ये समान्य इनपुट नहीं है।

2. Which of the following can improve the performance of AI agent?
निम्न में से कौन-सा AI एजेंट के प्रदर्शन को बेहतर कर सकता है?

(a) Precision/सटीकता
(b) Learning/सीखना
(c) Observing/निरीक्षण करना
(d) All of the above/उपरोक्त सभी

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (b) : एक AI एजेंट पिछली स्थितियों को सहेज कर उनसे सीखता है और भविष्य में ऐसी स्थिति के दोबारा होने पर बेहतर प्रतिक्रिया देता है। इसलिए लर्निंग से एक AI एजेंट का प्रदर्शन बेहतर होता है।

3. Who is known as the father of AI?
AI (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) के जनक कौन माने जाते हैं?

(a) Fisher Ada/फिशर एडा
(b) Alan Turing/एलन ट्यूरिंग
(c) John McCarthy/जॉन मैकार्थी
(d) Allen Newell/एलेन न्यूवेल

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (c): 'John McCarthy' को AI (Artificial Intelligence) का जनक कहा जाता है। इन्होंने 1956 ई. में 'Dartmouth Conference' का आयोजन किया था, जहाँ 'Artificial Infelligence' शब्द का पहली बार उपयोग किया गया।

4. Programming language commonly used for AI is …….?
AI के लिए सामान्यतः उपयोग की जाने वाली प्रोग्रामिंग भाषा कौन-सी है?

(a) Lisp (b) Perl
(c) Prolog (d) C++

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (a) : Lisp (LIST Processing) को 1958 में 'John Maccarthy' ने विकसित किया था - जो AI के जनक माने जाते है।
• यह AI के लिए बनाई गयी दुनिया की पहली प्रोग्रामिंग भाषाओं में से एक है।

5. Uniform-cost search expands the node n with the ……..
यूनिफ़ॉर्म-कॉस्ट सर्च उस नोड को विस्तारित करता है जिसका …… होता है:

(a) Lowest path cost/सबसे कम पथ लागत
(b) Heuristic cost/अनुमानी लागत
(c) Highest path cost/सबसे अधिक पथ लागत
(d) Average path cost/औसत पथ लागत

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (a) : Uniform - Cost Search हमेशा उस node को चुनता है जिसका path cost (यानि अब तक का कुल खर्चा) सबसे कम होता है।
• यह एक प्रकार का Best Friend Search है लेकिन Heuristic का उपयोग नहीं करता।

6. Which of the following is an application of Artificial Intelligence?
निम्नलिखित में से कौन-सा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अनुप्रयोग है?

(a) It helps to exploit vulnerabilities to secure the firm
(b) Language understanding and problemsolving (Text analytics and NLP)

(c) It helps to deploy applications on the cloud
(d) More than one of the above
(e) None of the above

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (6-10)

Ans.(b) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) में कई तकनीकों का समावेश होता है, जिसमें नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग (NLP) और पाठ विश्लेषण (Text analytics) शामिल है जो मानव भाषा को समझने और प्रोसेस के लिए उपयोग किए जाते है।

7. What is an auto-associative network?
ऑटो-एसोसिएटिव नेटवर्क क्या है?

(a) A neural network that contains no loops
एक तंत्रिका नेटवर्क जिसमें कोई लूप नहीं है।
(b) A neural network that contains feedback
एक तंत्रिका नेटवर्क जिसमें फीडबैक होता है।
(c) A neutral network that has only one loop
एक तटस्थ नेटवर्क जिसमें केवल एक लूप होता है।
(d) A single layer feed-forward neural network with pre-processing/एक सिंगल लेयर फीड-फारवर्ड न्यूरल नेटवर्क पूर्व प्रसंस्करण के साथ

GPSC Asstt. Prof. 30.06.2016

Ans. (b) : ऑटो-एसोसिएटिव न्यूरल नेटवर्क फीड फारवर्ड नेटवर्क है। जिन्हें बैक प्रोपेगेशन या इसी तरह की सीखने की प्रक्रियाओं का उपयोग करके नेटवर्क इनपुट और आउटपुट के बीच पहचान मैपिंग का अनुमान लगाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

8. AI computing focus on --------and conventional computing focus on --------- and.....
AI कम्प्यूटिंग ..... पर ध्यान केन्द्रित करता है और पारंपरिक कम्प्यूटिंग ..... और ..... पर ध्यान केन्द्रित करता है।

(a) Data, information, knowledge
डेटा, सूचना, ज्ञान
(b) Information, data, knowledge
सूचना, डेटा, ज्ञान
(c) Knowledge, data, information
ज्ञान, डेटा, सूचना
(d) None of the given options
दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं

APPSC Lect. Degree College 07.06.2017 (CS)

Ans. (c) : AI कम्प्यूटिंग ज्ञान पर ध्यान केन्द्रित करता है और पारंपरिक कम्प्यूटिंग डेटा और सूचना पर ध्यान केन्द्रित करता है।

9. Which among the following options is NOT true with regard to NLP?
एनएलपी के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही नही है?

(a) NLP is predictable/एनएलपी प्रत्याशित है
(b) NLP may require more keystrokes/एनएलपी को अधिक कीस्ट्रोक्स की आवश्यकता हो सकती है।
(c) It is very time-efficient/यह बहुत समय कुशल है
(d) NLP helps computers to communicate with humans in their languages
एएलपी कम्प्यूटरों को उनकी भाषाओं में मनुष्य के साथ संवाद करने में मदद करता है।

APPSC Poly. Lect. 13.03.2020

Ans. (a) : एनएलपी (NLP) का मतलब नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का एक हिस्सा है। इस तकनीक का उपयोग मशीनों द्वारा मानव की भाषाओं को समझने, विश्लेषण करने, हेरफेर करने और व्याख्या करने के लिए किया जाता है। एनएलपी कम्प्यूटर को मनुष्यों के साथ उनकी भाषाओं में संवाद करने में मदद करता है। यह बहुत टाइम एफिसिएंट है। एनएलपी को अधिक की-स्ट्रोक्स की आवश्यकता हो सकती है। एनएलपी अप्रत्याशित है।

10. Which of the following programming languages is related to AI (Artificial Intelligence) development?
निम्नलिखित में से कौन-सी प्रोग्रामिंग लैंग्वेज AI (आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस) डेवलपमेंट से संबंधित है?

(a) C language/C लैंग्वेज
(b) C++ language/C++ लैंग्वेज
(c) Java language/जावा लैंग्वेज
(d) Prolog language/प्रोलॉग लैंग्वेज

RPSC Lect. 2011

Ans. (d) : प्रोलॉग एक तार्किक प्रोग्रामिंग भाषा है जिसका उपयोग आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस और कम्प्यूटेशनल भाषा विज्ञान के लिए किया जाता है। इसके अनुप्रयोगों में प्राकृतिक भाषा की समझ और विशेषज्ञ प्रणाली जैसे MYCIN शामिल है।

11. Who has created LISP, the Programming Language for Artificial Intelligence?
आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए प्रोग्रामिंग भाषा, LISP को किसने विकसित किया?

(a) Grace Hopper/ग्रेस हॉपर
(b) John McCarthy/जॉन मैकार्थी
(c) Charles Bachman/चार्ल्स बाचमैन
(d) Leslie Lamport/लेस्ली लैम्पोर्ट

SSC CHSL 26/10/2020 (Shift-III)

Ans. (b) : (LISP-List Processing) इसका विकास 1959 में जॉन मैकार्थी द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के लिए किया गया। यह फंक्शनल प्रोग्रामिंग लैंग्वेज है। इसका उपयोग गैर सांख्यिकी डाटा के प्रोसेसिंग के लिए किया जाता है।

12. The auto-tagging feature of Facebook is an application of _____.
फेसबुक का ऑटो-टैगिंग फीचर _____ का एक अनुप्रयोग (application) है।

(a) Natural language processing
नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग

(b) Robotics/रोबोटिक्स

(c) Internet of things/इंटरनेट ऑफ थिंग्स

(d) Artificial intelligence/आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस

UPPCL TG-2 7/11/2023 (Shift-I)

Ans. (d) : फेसबुक में ऑटो-टैगिंग फीचर एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (A1) का एप्लिकेशन है। इसमें स्वचालित रूप से चेहरे की पहचान करके टैग करने का प्रस्ताव देता है।

13. Which of the following is a DISADVANTAGE of Artificial Intelligence?
कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) का निम्नलिखित में से कौन-सा एक नुकसान है?

(a) It never sleeps, so it is available 24 × 7/ यह कभी नहीं सोती, इसलिए यह चौबीसों घंटे उपलब्ध रहती है।

(b) It reduces human error.
यह मानवीय त्रुटि को कम करती है।

(c) It is fast./ यह तेज है।

(d) It cannot duplicate human creativity.
यह मानव रचनाशीलता की नकल नहीं कर सकती।

UPPCL TG-2 17/11/2023 (Shift-I)

Ans. (d) : एआई के फायदे सुव्यवस्थित करना, समय की बचत करना, पूर्वाग्रहों को खत्म करना और दोहराए जाने वाले कार्यों को स्वचालित करना है, एआई के कारण 24x7 की उपलब्धता कभी नहीं रुकती है मानवीय त्रुटि को कम करती है क्योंकि यह बहुत तेज़ है। यह मानव रचनात्मकता की नकल नहीं कर सकता है।

14. Which of the following points are true about artificial intelligence?
निम्नलिखित में से कौन-सा/से बिंदु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संबंध में सत्य हैं?

Points:/बिंदुः

i) Artificial intelligence is a field that aims to make humans more intelligent./आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ऐसी फील्ड है, जिसका उद्देश्य मनुष्य को अधिक बुद्धिमान बनाना है।

ii) Artificial intelligence is a field that aims to improve the operating system./आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ऐसी फील्ड है, जिसका उद्देश्य ऑपरेटिंग को उन्नत करना है।

iii) Artificial intelligence is a field that aims to develop intelligent machines./आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ऐसी फील्ड है, जिसका उद्देश्य इंटेलीजेंट मशीनों को विकसित करना है।

iv) Artificial intelligence is a field that aims to manage databases./आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ऐसी फिल्ड है, जिसका उद्देश्य डेटाबेस को मैनेज करना है।

v) Machine learning is a branch of artificial intelligence./मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की एक शाखा है।

(a) Only iii and v/केवल iii और v

(b) Only ii, iii and iv/केवल ii, iii और iv

(c) Only i, ii and iv/ केवल i, ii और iv

(d) Only i and iv/केवल i और iv

UPPCL Assistant Accountant 31/07/2023 Shift-II

Ans. (a) : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक ऐसे फिल्ड के रूप में परिभाषित किया गया है जिसका उद्देश्य ऐसी बुद्धिमान मशीनें विकसित करना है जो मनुष्यों के समान काम कर सकें और पहुंच सकें। अतः बिंदु (iii) सत्य है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मुख्य शाखाएँ हैंः-

कंप्यूटर विज़न, विशेषज्ञ प्रणाली, रोबोटिक्स, फ़ज़ी लॉजिक, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग आदि। इसलिए बिंदु (v) भी सत्य है जबकि बिंदु (i), (ii) और (iv) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संबंध में असत्य बिंदु है।

15. Which of the following is NOT an application of Artificial Intelligence?
निम्नलिखित में से क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का एप्लिकेशन नहीं है?

(a) Computer gaming/कंप्यूटर गेमिंग

(b) Rock system/रॉक सिस्टम

(c) Natural language processing
नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग

(d) Expert system/एक्सपर्ट सिस्टम

UPPCL Assistant Accountant– 22/06/2023 Shift-II

Ans. (b) : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का एप्लिकेशन :-

(i) उन्नत स्वास्थ्य सेवा (Advanced helthcare)

(ii) नेचुरल लैग्वेंज प्रोसेसिंग (Natural language processing)

(iii) कंप्यूटर गेमिंग (Computer gaming)

(iv) एक्सपर्ट सिस्टम (Expert System)

(v) एनालिसिस एवं विजुलाइजेशन (Analysis & Visualization)

(vi) भविष्यवाणी (Predictions)

(vii) ई-कॉमर्स (E- Commerce)

(viii) रोबोटिक्स (Robotics)
(ix) सोशल मीडिया (Social Media)
(x) नेविगेशन (Navigation)
(xi) ऑटोमोबाइल (Automobile)

16. एआई (AI) एप्लिकेशन्स को लागू करने के लिए दी गई भाषाओं में से कौन सी भाषा आमतौर पर उपयोग नहीं की जाती है?

(a) Python (b) LISP (c) Perl (d) PROLOG

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (c) : उपर्युक्त दी गई भाषाओं में, Perl का उपयोग आमतौर पर AI के लिये नही किया जाता है। LISP और PROLOG दो भाषाएं हैं जिनका व्यापक रूप से AI के लिये उपयोग किया जाता है और Python का उपयोग भी AI में किया जाता है।

17. Artificial intelligence is an example of:
कृत्रिम बुद्धि ..... का एक उदाहरण है।

(a) Second generation computers
द्वितीय पीढ़ी संगणक
(b) Third generation computers
तृतीय पीढ़ी संगणक
(c) Fourth generation computers
चतुर्थ पीढ़ी संगणक
(d) Fifth generation computers
पाँचवीं पीढ़ी संगणक

Allahabad High Court (ARO) 14/12/2021 (Shift-I)

Ans. (d) : पाँचवीं पीढ़ी के कम्प्यूटर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) मशीनों में मानव बुद्धि के अनुकरण को सन्दर्भित करता है जिन्हें मनुष्यों की तरह सोचने और सीखने के लिए प्रोग्राम किया जाता है।

18. Artificial Inteligence is the science system engineering for which of the following?
कृत्रिम ज्ञान निम्नलिखित में से किसके लिए विज्ञान तंत्र इंजीनियरिंग है?

(A) To create intelligent machines
बुद्धिमत्तापूर्ण मशीनें बनाने के लिए
(B) To make computers that think like humans
मानव की तरह सोचने वाले कम्प्यूटर बनाने के लिए

Which of the following options is correct
निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है?

(a) (A) and (B) None orf these
(A) तथा (B) में से कोई नहीं
(b) Only (A)/केवल (A)
(c) Only (B)/केवल (B)
(d) Both (A) and (B)/(A) तथा (B) दोनों

KVS PRT 02.12.2020 (Shift-II)

Ans. (d) : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव बुद्धि के अनुसरण को मशीनों में संदर्भित करता है। जिसकी सहायता से बुद्धिमत्तापूर्ण मशीनें और मानव की तरह सोचने वाले कम्प्यूटर बनाये जाते हैं।

19. Which of the following is a common strategy used in AI problem solving?
निम्नलिखित में से कौन-सी एक सामान्य रणनीति है जो AI समस्या समाधान में उपयोग की जाती है?

(a) Brute Force Search (b) Binary Search
(c) Merge Sort (d) Quick Sort

Ans. (a) : बलपूर्वक खोज विधि (Brute Force Search) एक सामान्य रणनीति है जिसका उपयोग कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) में समस्याओं को हल करने के लिए किया जाता है।
इसे 'अनियोजित खोज' या 'पूर्ण खोज' भी कहा जा सकता है, जिसमें-
- सभी संभावित विकल्पों को एक-एक करके आजमाया जाता है।
- जब तक समाधान नहीं मिल जाता, सभी संभावनाओं को जाँचते हैं।

यह तकनीक सरल होती है लेकिन अप्रभावी हो सकती है अगर समस्या का हल बहुत बड़ा हो।

20. Which AI technique involves breaking down a problem into smaller sub-problems?
AI में कौन सी तकनीक किसी समस्या को छोटे उप-समस्याओं में विभाजित करने में शामिल होती हैं?

(a) Divide and Conquer
(b) Greedy Algorithm
(c) Heuristic Search
(d) Depth-first Search

Ans. (a) : विभाजित करो और जीतो (Divide and Conquer) एक तकनीक है जिसमें किसी बड़ी समस्या को छोटी-छोटी उप-समस्याओं में बाँटा जाता है। हर उप-समस्या को स्वतंत्र रूप से हल किया जाता है और फिर उनके समाधान को मिलाकर मुख्य समस्या का समाधान निकाला जाता है।

21. In AI, what does the term "Heuristic" refer to?
AI में "Heuristic" शब्द का क्या अर्थ होता है?

(a) A guaranteed solution/एक गारंटीकृत समाधान
(b) A shortcut to find a good solution
एक अच्छा समाधान खोजने की शॉर्टकट विधि
(c) An exact algorithm/एक सटीक एल्गोरिदम
(d) A random solution/एक यादृच्छिक समाधान

Ans. (b) : "Heuristic" का मतलब अनुभव या अनुमान पर आधारित तकनीक होता है। AI में, यह एक ऐसा तरीका है जिससे हम बिना पूरे खोज स्थान (Search Space) को खंगाले हुए, तेजी से एक बेहतर समाधान तक पहुँच सकते है। यह समाधान हमेशा सही या सवोत्तम नहीं होता, लेकिन व्यावहारिक होता है।

22. Which of the following is an example of a problem that can be solved using AI?
निम्नलिखित में से कौन-सी समस्या AI द्वारा हल की जा सकती है?

(a) Multiplying two numbers
दो संख्याओं का गुणा करना

(b) Solving a maze/एक भूलभुलैया को हल करना

(c) Claculating the square root/वर्गमूल निकालना

(d) Adding two integers/दो पूर्णांकों को जोड़ना

Ans. (b) : AI उन समस्याओं को हल करने में उपयोगी है जिनमें निर्णय लेना, रास्ता खोजना या जटिल समस्याओं को हल करना शामिल हो, जैसे भूलभुलैया से बाहर निकलने का रास्ता खोजना।
जबकि दो संख्याओं को गुणा करना या जोड़ना तो बहुत ही सीधी गणितीय प्रक्रियाएँ हैं, जिनके लिए AI की आवश्यकता नहीं होती।

23. What is the main task of a problem solving agent?
एक समस्या समाधान एजेंट का मुख्य कार्य क्या होता है?

(a) Solved the given problem and reach to goal
दी गई समस्या को हल करना और लक्ष्य तक पहुंचना

(b) To find out which sequence of action will get it to the goal state/यह पता लगाना कि किस क्रिया क्रम से लक्ष्य स्थिति प्राप्त की जा सकती है

(c) All of the mentioned/उपरोक्त सभी

(d) Non of the mentioned/इनमे से कोई नहीं

Ans. (c) : समस्या समाधान एजेंट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का एक अनिवार्य हिस्सा है जिन्हें चुनौतियों से निपटनें और गतिशील वातावरण में विशिष्ट लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए डिजाइन किया गया है एजेंट यह भी पता लगाता है कि किस क्रिया द्वारा लक्ष्य स्थिति प्राप्त की जा सकती है।

24. What is state space?
स्टेट, स्पेस क्या है?

(a) The whole problem/पूरी समस्या

(b) Your definition to a problem
आपकी समस्या की परिभाषा

(c) Problem your design/डिजाइन की समस्या

(d) Representing your problem with variable and parameter
वेरिएबल और पैरामीटर द्वारा व्यक्त की गई समस्या

Ans. (d) : स्टेट स्पेस (State, Space) मुख्य रूप से किसी समस्या से सम्बन्धित होता है, इसलिए जब हम किसी समस्या को हल करने का प्रयास करते है तो हमें उस समस्या के लिए एक गणितीय संरचना तैयार करनी पड़ती है, जो केवल वेरिएबल और पैरामीटर के माध्यम से ही संभव होती है।

25. A search algorithm takes_____as an input and returns _____ as an output.
एक सर्च एल्गोरिद्म _____को इनपुट के रूप में लेता है और _____ को आउटपुट के रूप में देता है।

(a) Input, Output/इनपुट, आउटपुट

(b) Problem, Salution/समस्या, समाधान

(c) Solution, Problem/समाधान, समस्या

(d) Parameters, sequence of actions
पैरामीटर्स, क्रियाओं का क्रम

Ans. (b) : एक सर्च एल्गोरिद्म इनुपट के रूप में एक समस्या को लेता है और उस समस्या का समाधान आउटपुट के रूप में देता है।

26. A problem in a search space is defined by one of these states.
एक सर्च स्थान में कोई समस्या निम्न में से किस एक अवस्था द्वारा परिभाषित होती है?

(a) Initial State/प्रारंभिक अवस्था

(b) Last Stage/अंतिम अवस्था

(c) Intermediate Stage/मध्य अवस्था

(d) All of the mentioned/उपरोक्त सभी

Ans. (a) : किसी समस्या (Problem) को हल करने की प्रक्रिया में चार मुख्य घटक होते हैं–

1. प्रारंभिक अवस्था (Initial State)– वह अवस्था जहां से खोज शुरु होती है।

2. लक्ष्य परीक्षण (Goal Test)– यह जांचता है कि क्या वर्तमान अवस्था लक्ष्य है।

3. क्रियाओं का समूह (Set of Actions)– वे सभी क्रियाएं जो विभिन्न अवस्थाओं के बीच बदलाव (Transition) करती है।

4. पथ लागत (Path Cost)– किसी विशेष मार्ग को अपनाने की कुल लागत।

इनमें से एक समस्या की परिभाषा की शुरुआत ''Initial State'' से होती है, क्यों कि यही वह स्थिति है जिससे एजेंट की खोज प्रक्रिया शुरु होती है।

27. Which of the mentioned properties of heuristic search differentiates it from other searches?
हियुरिस्टिक सर्च की इनमें से कौन-सी विशेषता इसे अन्य सर्च मेथड्स से अलग करती है?

(a) यह एक उचित समय सीमा में समाधान प्रदान करता है

(b) यह लक्ष्य तक पहुंचने की दिशा में उचित सटीकता प्रदान करता है।

(c) यह वर्तमान स्थिति तक पहुंचने में अनुमानित लागत दोनों पर विचार करता है।

(d) उपरोक्त सभी

Ans. (d) : हियुरिस्टिक सर्च की खासियत यह है कि–

- यह समय की बचत करता है और समाधान को जल्दी खोजने में मदद करता है
- यह लक्ष्य की दिशा में मार्गदर्शन करता है- अर्थात् किस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए, इसका उचित अनुमान देता है।
- यह दोनों बातों को ध्यान में रखता है।

  ⇒ अभी तक की वास्तविक लागत (Actual Cost)

  ⇒ आगे की अनुमानित लागत (Estimated/Heuristic Cost)

ये विशेषताएं इसे अन्य पारंपरिक सर्च तकनीकों से अलग बनाती हैं, जैसे कि ब्रेड्थ-फर्स्ट या डैप्थ फर्स्ट सर्च।

28. "The application of a rule never prevents the later application of another rule", is a characteristic of

''किसी नियम का लागू होना कभी भी किसी अन्य नियम को बाद में लागू होने से नहीं रोकता'', यह किस उत्पादन प्रणाली की विशेषता है?

(a) Monotonic Production System
एक रैखिक उत्पादन प्रणाली

(b) Non-monotonic Production System
गैर-एक रैखिक उत्पादन प्रणाली

(c) Commutative Production System
परिवर्तनीय उत्पादन प्रणाली

(d) None of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

Ans. (a) : एक रैखिक उत्पादन प्रणाली (Monotonic Production System) की विशेषताएं यह होती हैं, कि जब कोई नियम (Rule) एक बार लागू हो गया, तो वह किसी अन्य नियम के लागू होनें की संभावना को प्रभावित नहीं करता, अर्थात यदि एक नियम लागू किया गया है, तब भी आप भविष्य में किसी अन्य नियम को उसी स्थिति में लागू कर सकते है यदि उसकी शर्तें पूरी हो रही हों।

यह प्रणाली ''सत्य ज्ञान'' (Truth-Preserving Knowledge) पर आधारित होती हैं- जो कुछ इसका विपरीत Non-monotonic System होता है जिसमें एक नियम का लागू होना बाद में अन्य नियमों को अयोग्य बना सकता है।

29. Which data structure is used to give better heuristic estimates?

कौन सी डेटा संरचना बेहतर हियुरिस्टिक अनुमान देने के लिए उपयोग किया जाता है?

(a) Forwards state-space/आगे की स्थिति-स्थान

(b) Backward state-space/पीछे की स्थिति-स्थान

(c) Planning graph algorithm/प्लानिंग ग्राफ

(d) None of the mentioned/उपरोक्त में से कोई नहीं

Ans. (c) : Planning Graph एक विशेष प्रकार की डेटा संरचना है जिसका उपयोग हियुरिस्टिक अनुमान (Heuristic Estimates) को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है।

- यह AI Planning में उपयोग होती है, खासकर Graphplan Algorithm में।
- इसमें कार्यों (Actions) और अवस्थाओं (States) को ग्राफ के रूप में दर्शाया जाता है।
- यह अनुमान लगाने में मदद करता है कि किसी लक्ष्य को पाने में कितनी परतें (Layers) या चरण लगेंगे।

2. ज्ञान का प्रतिनिधित्व (Representation of Knowledge)

30. What does a first order predicate logic contain?

फर्स्ट ऑर्डर प्रेडिकेट लॉजिक में क्या शामिल होता है?

(a) Predicate and a subject/ प्रेडिकेट और सब्जेक्ट

(b) Predicate and a Preposition
प्रेडिकेट और प्रपोजीशन

(c) Subject and an object/ सब्जेक्ट और ऑब्जेक्ट

(d) None of the above/ उपरोक्त में से कोई नहीं

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (a) : First Order Predicate Logic (FOPL) में किसी कथन को व्यक्त करने के लिए Predicate (क्रिया) और Subject (विषय) का प्रयोग होता है।

- उदाहरणः Loves (John, Mary)

यहाँ Loves = Predicate

John = Subject (और mary = object)

31. What is hyponymy relation?

हाइपोनीमी संबंध क्या है?

(a) A is part of B

(b) B has A as a part of itself

(c) A is subordinate of B

(d) A is superordinate of B

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (c) : हाइपोनिमी एक शब्दावली संबंध है, जिसमें एक शब्द (हाइपोनिम, A) दूसरे शब्द (हाइपोनिम, B) के अंतर्गत आता है, इसका विशिष्ट रूप होते हुये एक उप-श्रेणी या अधीनस्त (Subor dinate) होता है।

32. The intelligent agents senses through ..... and take actions through.....

बुद्धिमान एजेंट ..... के माध्यम से महसूस करते है और ..... के माध्यम से कारवाई करते है।

(a) Sensors, actuators/सेंसर्स, एक्युएटर्स
(b) Remote, signals/रिमोट, सिग्नल्स
(c) Sensors, actuators and remote, signals
सेंसर्स, एक्युएटर्स तथा रिमोट, सिग्नल्स
(d) None of the given options
दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं

APPSC Lect. Degree College 07.06.2017 (CS)

Ans. (a) : एक AI प्रणाली को तर्कसंगत एजेंट और उसके पर्यावरण के अध्ययन के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। एक बुद्धिमान एजेंट सेंसर के माध्यम से पर्यावरण को समझते हैं और एक्युएटर्स के माध्यम से अपने पर्यावरण पर कार्य करते हैं। एआई एजेंट में ज्ञान, विश्वास, इरादा आदि जैसे- मानसिक गुण हो सकते है।

33. In artificial intelligence, which among the following agents describes high quality behaviour (degree of happiness)
आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में निम्न में से कौन-सा एजेंट उच्च गुणवत्ता का वर्णन करता है?

(a) Goal-based agents/लक्ष्य-आधारित एजेंट्स
(b) Simple reflex agents/सिंपल रिफ्लेक्स एजेंट्स
(c) Utility-based agents/यूटिलिटी आधारित एजेंट्स
(d) Agents that keep track of the world
एजेंट जो दुनिया का ट्रैक रखते हैं

APPSC Poly. Lect. 13.03.2020

Ans. (c) : यूटिलिटी आधारित एजेंट्स कई विकल्प में से सर्वोत्तम विकल्प चुनने में मदद करता है। ये एजेंट एक उच्च उपयोगिता फंक्शन बनाए रखते हैं जिसे एजेंट बाहरी प्रदर्शन माप के आधार पर अधिकतम करने का प्रयास करता है।

34. What is the full form of NLP in artificial intelligence?
आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में NLP का पूर्ण रूप क्या है?

(a) Natural Level Processing/नेचुरल लेवल प्रोसेसिंग
(b) Natural Language Plan/नेचुरल लैंग्वेज प्लान
(c) Number Language Processing
नंबर लैंग्वेज प्रोसेसिंग
(d) Natural Language Processing
नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग

UPPCL TG-2 9/11/2023 (Shift-I)

Ans. (d) : NLP कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) का एक घटक (Component) है जिसका पूर्ण रूप Natural Language Processing होता है। यह मानव द्वारा समझने, बोलने व लिखने को समझने वाला कम्प्यूटर का एक प्रोग्राम है जिसे प्राकृतिक भाषा (Natural Language) कहा जाता है।

3. ज्ञान अनुमान (Knowledge Inference)

35. फॉरवर्ड चेनिंग सिस्टम ..... है जहाँ पिछड़े चेनिंग सिस्टम ..... है?

(a) लक्ष्य-संचालित, लक्ष्य-संचालित
(b) लक्ष्य-संचालित, डेटा-संचालित
(c) डेटा-संचालित, लक्ष्य-संचालित
(d) डेटा-संचालित, डेटा-संचालित

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans, (c) : फारवर्ड चेनिंग (Forward Chaining) एक डेटा संचालित पद्धति है,जहाँ नियमों को तब तक लागू किया जाता है जब तक निष्कर्ष नहीं निकलता। यह तथ्यों से शुरू होकर निष्कर्ष तक पहुँचती है।
बैकवार्ड चेनिंग (Backward Chaining) एक लक्ष्य संचालित (Goal Driven) पद्धति है, जहाँ पहले लक्ष्य तय किया जाता है और फिर देखा जाता है कि उसे सिद्ध करने के लिए कौन-कौन से तथ्य आवश्यक है।
इसलिए –
फारवर्ड चेनिंग = डेटा संचालित
बैकवार्ड चेनिंग = लक्ष्य संचालित

36. What is the frame?
फ्रेम क्या है?

(a) Data type
(b) Data Structure
(c) A way of representing knowledge
(d) None of the above

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (c) : फ्रेम एक AI (Artificial intelligence) और knowledge Representation की तकनीक है, इसका उपयोग किसी वस्तु, घटना या स्थिति की जानकारी को एक संगठित रूप में दर्शाने के लिये किया जाता है।

37. What is the form of Fuzzy logic?
फजी लॉजिक का रूप क्या है?

(a) Two-valued logic/दो मूल्यवान तर्क
(b) Crisp set logic/कुरकुरा सेट तर्क
(c) Many-valued logic/बहु मूल्यवान तर्क
(d) Binary set logic/बाइनरी सेट तर्क

GPSC Asstt. Prof. 30.06.2016

Ans. (c) : फजी लॉजिक बहु मूल्यवान तर्क का एक रूप है जिसमें चर का सत्य मान 0 और 1 के बीच कोई भी वास्तविक संख्या हो सकती है।

4. नियोजन और मशीन लर्निंग (Planning and Machine Learning)

38. Which of the following is a subfield of AI?
निम्नलिखित में से कौन-सा AI का उपक्षेत्र है?

(a) Machine Learning/मशीन लर्निंग
(b) Robotics/रोबोटिक्स
(c) Natural Language Processing
प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (NLP)
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

BPSC TRE 3.0 Exam-2024 (11-12)

Ans. (d) : AI के मुख्य उपक्षेत्र-
मशीन लर्निंग
डीप लर्निंग
रोबोटिक्स
न्यूरल नेटवर्क
प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण

39. Another name for lazy learning algorithm is:
लेज़ी लर्निंग एल्गोरिथ्म का दूसरा नाम है–

(a) K-Nearest Neighbor/के नियरेस्ट नेइबर
(b) Regression/रिग्रेशन
(c) Classification/क्लासिफिकेशन
(d) Neural Networks/न्यूरल नेटवर्क्स

APPSC Poly. Lect. 13.03.2020

Ans. (a) : के नियरेस्ट नेइबर (KNN) को लेज़ी लर्निंग एल्गोरिथ्म भी कहा जाता है क्योंकि जब हम इस एल्गोरिथ्म को प्रशिक्षण डेटा की आपूर्ति करते हैं, तो एल्गोरिथ्म खुद को बिल्कुल भी प्रशिक्षित नहीं करता है।

40. In terms of machine learning, the correct full form of ROC curve is:
मशीन लर्निंग के संदर्भ में, ROC curve का सही फुल फॉर्म है–

(a) Receiver Operating Characteristic curve
(b) Revised Operating Characteristic curve
(c) Recall Operation Characteristic curve
(d) Represent Operating Characteristic curve

APPSC Poly. Lect. 13.03.2020

Ans. (a): Receiver Operating Characteristic curve (ROC curve), एक ग्राफिकल प्लॉट है जो बाइनरी क्लासिफायर सिस्टम की नैदानिक क्षमता को दिखाता है। क्योंकि इसकी भेदभाव सीमा विविध है।

41. Which of the following is an unsupervised machine learning algorithm?
निम्नलिखित में से कौन-सी अनुपयोगी मशीन लर्निंग एल्गोरिद्म है?

(a) Clustering/क्लस्टरिंग
(b) Decision Trees/डिसिशन ट्री
(c) K-Nearest Neighbour/केनियरेस्ट नेइबर
(d) Naive Bayes/नैव बाएस

APPSC Poly. Lect. 13.03.2020

Ans. (a) : क्लस्टरिंग एक अनुपयोगी मशीन लर्निंग एल्गोरिद्म है। यह एल्गोरिद्म डेटा सेट में बिना किसी लेबल के एक पैटर्न खोजने की कोशिश करता है।

42. What is the purpose of regression technique in machine learning?
रिग्रेशन तकनीक का मशीन लर्निंग में क्या उद्देश्य है?

(a) Prediction/भविष्यवाणी
(b) Classification/वर्गीकरण
(c) Clustering/क्लस्टरिंग
(d) Reinforcement/सुदृढ़ीकरण

APPSC Poly. Lect. 13.03.2020

Ans. (a) : रिग्रेशन, स्वतंत्र वेरिएबल या विशेषताओं और एक आश्रित (Independent) वेरिएबल या परिणाम के बीच संबंधों की जाँच के लिए एक तकनीक है। इसका उपयोग मशीन लर्निंग में भविष्य कहने वाला मॉडलिंग के लिए एक विधि के रूप में किया जाता है जिसमें निरन्तर परिणामों की भविष्यवाणी करने के लिए एक एल्गोरिद्म का उपयोग किया जाता है।

43. Which one is an example for case based learning?
कौन-सा केस आधारित लर्निंग का एक उदाहरण है?

(a) Decision tree/निर्णय वृक्ष
(b) Neural network/तंत्रिका नेटवर्क
(c) Genetic algorithm/जेनेटिक एल्गोरिदम
(d) k-nearest neighbour/के-निकटतम पड़ोसी

RPSC VPITI 2018 (IT)

Ans. (d) : केस आधारित लर्निंग (सीबीएल) एक स्थापित दृष्टिकोण है जिसका उपयोग उन विषयों में किया जाता है जहाँ छात्र अपने ज्ञान को वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों में लागू करते है, उच्च स्तर की अनुभूति को बढ़ावा देते हैं। के-निकटतम पड़ोसी

(k-nearest neighbour) एक सरल एल्गोरिथम है जो सभी उपलब्ध मामलों को संग्रहीत करता है और समानता माप के आधार पर नए डेटा या मामले को वर्गीकृत करता है। इसका उपयोग ज्यादातर डेटा बिंदु को वर्गीकृत करने के लिए किया जाता है, इस आधार पर कि उसके पड़ोसियों को कैसे वर्गीकृत किया जाता है।

44. Which of the following statements about artificial intelligence (AI) and machine learning (ML) is FALSE?/ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन लर्निंग (ML) के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है?

(a) AI cannot exist without machine learning. मशीन लर्निंग के बिना AI का बने रहना संभव नहीं है।

(b) AI solves tasks that require human intelligence while ML solves specific tasks bylearning from data and making predictions./AI उन टास्कों को हल करता है जिनके लिए मानव बुद्धि की आवश्यकता होती है जबकि ML डेटा से सीखकर और पूर्व अनुमान लगाकर विशिष्ट टास्कों को हल करता है।

(c) Machine learning is considered a subset of artificial intelligence./मशीन लर्निंग को ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सबसेट माना जाता है।

(d) An 'intelligent' computer uses AI to think like a human and perform tasks on its own,while ML is how a computer system develops its intelligence./इंटेलिजेंस कम्प्यूटर मानव की तरह सोचने और अपने आप टास्क करने के लिए AI का उपयोग करता है, जबकि ML यह है कि कैसे कम्प्यूटर सिस्टम अपनी इंटेलिजेंस विकसित करता है।

UPPCL TG-2 7/11/2023 (Shift-I)

Ans. (a) : मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में सत्य कथन -

1. मशीन लर्निंग के बिना भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सम्भव होता है।
2. मशीन लर्निंग को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सबसेट माना जाता है।
3. इंटेलिजेंस कम्प्यूटर मानव की तरह सोचने और अपने आप टास्क करने के लिए AI का उपयोग करता है, जबकि ML यह है कि कैसे कम्प्यूटर सिस्टम अपनी इंटेलिजेंस विकसित करता है।
4. AI उन टास्कों को हल करता है जिनके लिए मानव बुद्धि की आवश्यकता होती है जबकि ML डेटा से सीखकर और पूर्व अनुमान लगाकर टास्कों को हल करता है।

45. How many of the following statements in regard to Artificial Intelligence (AI) are correct?
आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के संबंध में निम्नलिखित में से कितने कथन सही हैं?

1. Natural language processing is a part of AI.
नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग AI का एक भाग है।

2. Artificial neural network is a part of AI.
आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क AI का एक भाग है।

3. Deep learning is a part of AI.
डीप लर्निंग AI का एक भाग है।

(a) 2 (b) 3
(c) 1 (d) 0

UPPCL Assistant Accountant 31-07-2023 Shift-I

Ans. (b): आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) मशीनों में मानव बुद्धि के अनुकरण को संदर्भित करता है, जो उन्हे ऐसे कार्य करने की अनुमति देता है जिनके लिए आमतौर पर मानव बुद्धि की आवश्यकता होती है। AI में मशीन लर्निंग, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क, डीप लर्निंग और कंप्यूटर विजन जैसे विभिन्न उपक्षेत्र शामिल है, और इसमें स्वास्थ्य देखमाल और वित्त से लेकर रोबोटिक्स और स्वायत्त वाहनों तक के क्षेत्रों में अनुप्रयोग है।

46. Which machine learning model is most effective for natural language processing tasks in sentiment analysis of digital financial reviews?
डिजिटल वित्तीय समीक्षाओं के भाव विश्लेषण में प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण कार्यों के लिए कौन-सा मशीन लर्निंग मॉडल सबसे प्रभावी है?

(a) Decision Trees/निर्णय वृक्ष
(b) K-Nearest Neighbours (KNN)
K-निकटतम पड़ोसी (KNN)
(c) Naïve Bayes/नाइव बेयस
(d) LSTM (Long Short-Term Memory)
LSTM (लॉन्ग शॉर्ट-टर्म मेमोरी) नेटवर्क
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

UPSSSC Dental Hygienist 05.01.2025

Ans. (d) : LSTM (Long Short-Term Memory) ये एक प्रकार के रीकरंट न्यूरल नेटवर्क (RNN) है जो अनुक्रम भविष्यवांणी समस्याओं (Sequence prediction problems) में क्रम निर्भरता सीखने में सक्षम है। यह उन्हें समय श्रृंखला डेटा या प्राकृतिक भाषा से जुड़े कार्यों के लिए विशेष रूप से उपयोगी बनाता है, जहाँ संदर्भ महत्वपूर्ण है। भावना विश्लेषण में, (LSTM) अन्य मॉडलों की तुलना में भाषा की जटिलताओं को बेहतर ढंग से संभाल सकते है, वाक्यों और दस्तावेजों में भावना की बारीकियों को पकड़ सकते है।

47. Which of the following statements is correct in regard to Big Data?
बिग डेटा (Big Data) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) Big Data can with neither structured data nor unstructured data, but it can only deal with semi-structured data.
बिग डेटा न तो संरचित डेटा और न ही असंरचित डेटा के साथ कार्य कर सकता है, लेकिन यह केवल अर्ध-संरचित डेटा के साथ कार्य कर सकता है।

(b) Big Data can deal with unstructured data but cannot deal with structured data.
बिग डेटा संरचित डेटा के साथ कार्य कर सकता है लेकिन असंरचित डेटा के साथ कार्य नहीं कर सकता है।

(c) Big Data can deal with both structured and unstructured data.
बिग डेटा संरचित और असंरचित डेटा दोनों के साथ कार्य (deal) कर सकता है।

(d) Big Data can deal with structured data but cannot deal with unstructured data.
बिग डेटा असंरचित डेटा के साथ कार्य कर सकता है लेकिन संरचित डेटा के साथ कार्य नहीं कर सकता है।

UPPCL Assistant Accountant 31-07-2023 Shift-I

Ans. (c) : बिग डेटा, डेटा के बेहद बड़े और जटिल सेट को संदर्भित करता है जिन्हें पारंपरिक डेटा प्रबंधन और विश्लेषण टूल का उपयोग करके संसाधित करना और विश्लेषण करना मुश्किल होता है। बिग डेटा संरचित और असंरचित डेटा दोनों के साथ कार्य (deal) कर सकता है। इसके तीन V परिभाषित गुण है (Volume, Velocity, Variety).

48. k-Means एल्गोरिथ्म एक ____ एल्गोरिथ्म है।

(a) सेमी-सुपरवाइज्ड लर्निंग (b) सुपरवाइज्ड लर्निंग
(c) रिइंफोर्समेंट लर्निंग (d) अनसुपरवाइज्ड लर्निंग

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (d) : k-Means एक आपसी समूह में डेटा को वर्गीकृत करने के लिए एक मशीन लर्निंग एल्गोरिथ्म है, जिसमें डेटा को कुछ समूहों में विभाजित किया जाता है। यह एक Unsupervised एल्गोरिथ्म होता है, जिसमें हमें पूर्वानुमानित वर्गीकरण की आवश्यकता नही होती है। यह डेटा पॉइंट्स की विशिष्ट गुणवत्ता मापों का उपयोग करके उन्हें कुछ समूहों में विभाजित करता है, जिसमें प्रत्येक समूह का एक केंद्रीय बिन्दु होता है।

49. What is the key difference between supervised and unsupervised learning?
पर्यवेक्षित और अपर्यवेक्षित अधिगम (लर्निंग) के बीच मुख्य अंतर क्या है?

(a) Supervised learning is cheaper than unsupervised learning./पर्यवेक्षित अधिगम, अपर्यवेक्षित अधिगम की तुलना में सस्ता है।

(b) Supervised learning requires neural networks, while unsupervised learning does not.
पर्यवेक्षित अधिगम के लिए न्यूरल जालक्रम (नेटवर्क) की आवश्यकता होती है, जबकि अपर्यवेक्षित अधिगम के लिए नहीं।

(c) Supervised learning works only with big data, while unsupervised learning does not.
पर्यवेक्षित अधिगम केवल बड़े डेटा के साथ काम करता है, जबकि अपर्यवेक्षित अधिगम नहीं करता है।

(d) Supervised learning uses labelled data, while unsupervised learning uses unlabelled data.
पर्यवेक्षित अधिगम लेबल वाले डेटा का उपयोग करता है, जबकि अपर्यवेक्षित अधिगम बिना लेबल वाले डेटा का उपयोग करता है।

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

UPSSSC Dental Hygienist 05.01.2025

Ans. (d) : पर्यवेक्षित और अपर्यवेक्षित अधिगम (लर्निंग) के बीच मुख्य अंतर–

⇒ पर्यवेक्षित (सुपरवाइज्ड) लर्निंग लेबल वाले डेटा का उपयोग करता है, जिसका अर्थ है कि डेटा टैग या लेबल के साथ आता है जो मॉडल को अपेक्षित आउटपुट के बारे में सूचित करता है, उदाहरण के लिए इमेज में पहचान के लिए डेटा सेट में, प्रत्येक छवि एक लेबल के साथ आएगी जो यह इंगित करेगी कि इमेज में कौन सी वस्तु है (जैसे-''किताब'' या ''कंप्यूटर'')

⇒ अपर्यवेक्षित (अनसुपरवाइज्ड) लर्निंग लेबल रहित डेटा का उपयोग करता है, जिसका अर्थ है कि डेटा किसी भी टैग या लेबल के साथ नहीं आता है मॉडल अपने आप डेटा के भीतर पैटर्न और संबंध खोजने की कोशिश करता है। उदाहरण- यह बिना जाने कि उनमें कौन सी वस्तुएँ हैं, समान छवियों को एक साथ समूहित करता है।

50. Which framework is widely used for developing machine learning models?
मशीन लर्निंग मॉडल विकसित करने के लिए किस ढाँचे (फ्रेमवर्क) का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है?

(a) Oracle/ओरेकल
(b) MongoDB/मोंगोडीबी
(c) Visual Basic/विजुअल बेसिक
(d) TensorFlow/टेंसरफ्लो
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

UPSSSC Dental Hygienist 05.01.2025

इन वेबसाइटों पर जा सकें जिन्हे आपने हाल ही में देखा है

UPPCL Assistant Accountant 25.02.2022 (Shift-I)

Ans. (a) : वर्ल्ड वाइड वेब (WWW) के संदर्भ में, बुकमार्क एक यूनिफॉर्म रिसोर्स आइडेंटिफायर (URI) है जिसे बाद में पुनर्प्राप्ति के लिए विभिन्न स्टोरेज प्रारूपों में संग्रहीत किया जाता है। बुकमार्क वेबसाइटों को सहेजने और व्यवस्थित करने का एक शानदार तरीका है ताकि आप उन्हें फिर से देख सकें।

54. Which of the following is used to open a new tab on a browser?
ब्राउजर पर एक नया टैब खोलने के लिए निम्न में से किसका उपयोग किया जाता है ?

(a) Ctrl + T (b) Ctrl + A
(c) Ctrl + W (d) Ctrl + Y

SSC JE Civil 11.12.2020 (Shift-II)

Ans. (a) :
शॉर्टकट 'की' उनके कार्य

Ctrl+T – ब्राउजर पर एक नया टैब खोलने के लिए
Ctrl+A – सभी टेक्स्ट को एक साथ सेलेक्ट करने के लिए
Ctrl+C – सेलेक्ट किये हुये टेक्स्ट को कॉपी करने के लिए
Ctrl+Y – अनडू (Undo) किये टेक्स्ट को दुबारा लाने के लिए
Ctrl+O – पहले से बनी फाइल को ओपन करने के लिए
Ctrl+S – फाइल को सेव करने के लिए

55. ई-कामर्स में, किसी उत्पाद की जानकारी, फोटो और कीमत को दिखाने वाला वेब पेज क्या कहलाता है?

(a) Home Page (b) Product Page
(c) Search Engine (d) Server Page

Ans. (b) : ई-कामर्स वेबसाइट में Product Page वह वेब पेज होता है, जहाँ किसी उत्पाद की तस्वीरें कीमत, विवरण, रिव्यू और खरीद विकल्प दिखाये जाते है। ग्राहक इसी पेज से सामान को समझाता है और खरीदने का निर्णय लेता है। यह पेज ब्रिकी के लिये सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

56. Electronic Commerce Framework के कौन से घटक (Component) ग्राहम को प्रोडक्ट ब्राउज और खरीदने में मदद करते है?

(a) Communication layer
(b) Service layer
(c) Interface layer
(d) Transaction layer

Ans. (d) : Transaction Layer ई-कॉमर्स फ्रेमवर्क का वह हिस्सा होता है, जो ग्राहको को उत्पाद ब्राउज, चयन, आर्डर प्लेस, पेमेंट और ट्रेनिंग जैसी सेवाये प्रदान करता है। यही लेयर ऑनलाइन खरीद की प्रक्रिया को मैनेज करती है और ग्राहक अनुभव को सुचारू बनाती है। इसका सीधा संबंध बिक्री से होता है।

57. निम्न में से कौन सा कंपोनेंट वेब आर्किटेक्चर में Dynamic Content Generate करने में सक्षम है?

(a) HTML
(b) Web Server
(c) CGI Script/Server-side Program
(d) CSS

Ans. (c) : CGI Script या Server-side Programs
जैसे- PHP, ASP, Python वेब सर्वर पर रन होते है और Dynamic Content (यूजर इनपुट के अनुसार बदलने वाला कंटेंट) जनरेट करते है। ये डेटा बेस से डेटा निकालना यूजर फॉर्म प्रोसेस करना और HTML के अंदर लाइव डेटा डाल सकते है। HTML व CSS केवल Static Content दिखाते है।

58. Cross-site scripting (XSS) अटैक में attacker किसका दुरुप्रयोग करता है?

(a) वेबसाइड के FTP Credentials
(b) यूजर के ब्राउजर में स्क्रिप्ट चलाना
(c) वेबसाइड का डेटा डिलीट करना
(d) हार्डवेयर को बर्बाद करना।

Ans. (b) : XSS (Cross-site scripting) एक वेब सिक्योरिटी अटैक है जिसमें Attacker वेबसाइड में Malicious स्क्रिप्ट जैसे- JavaScript इंजेक्ट करता है। जब यूजर उस वेबसाइड को खोलता है, स्क्रिप्ट उसके ब्राउजर में चलती है, जिससे Cookies, Session Tokens या Sensitive Data चुराया जा सकता है। यह अटैक यूजर को लक्षित करता है, सर्वर को नहीं।

6. उपभोक्ता उन्मुख इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स/(Consumer Oriented Electronic Commerce)

59. यदि प्रतियोगियों के लिए बाजार में प्रवेश करना आसान है तो नए प्रवेशकों के खतरे पर विचार किया जाता है-

(a) कम (b) उच्च
(c) मध्यम (d) नगण्य

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (b) : यदि प्रतियोगियों के लिए बाजार में प्रवेश करना आसान है तो नए प्रवेशकों का खतरा उच्च माना जाता है। जब बाजार मे प्रवेश बाधाएँ (जैसे उच्च पूजी आवश्यकताएँ मजबूत ब्रांड निष्ठा या सरकारी नियम) कम होती है, तो अधिक कम्पनियॉ आसानी से बाजार मे प्रवेश कर सकती है। इससे मौजूदा फर्मो के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ जाती है और उनके मुनाफे पर दबाव पड़ सकता है।

60. वह क्या प्रक्रिया है जिसमे एक खरीदार एक निश्चित मात्रा में वस्तुओं को खरीदने में अपनी रुचि रखता है, और विक्रेता क्रमिक रूप से कम बोलियों को जमा करके व्यवसाय के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं जब तक कि केवल एक विक्रेता नहीं बचा?

(a) B2B मार्केटप्लेस (b) नीलामी
(c) रिवर्स नीलामी (d) इंद्रानेट

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (c) : रिर्वस निलामी वह प्रक्रिया है जिसमें एक खरीदार (या एक संगठन) आवश्यकताओं को बताते है, और कई विक्रेता उस काम को प्राप्त करने के लिए प्रतिस्पर्धा करते है, अपनी कीमतो को क्रमिक रूप से कम करते जाते है। खरीदार का लक्ष्य सबसे कम संभव किमत पर सर्वश्रेष्ट मूल्य प्राप्त करना होता है। यह पारंपरिक नीलामी के विपरीत है, जहॉ खरीदार बोली लगाते है और किमतें बढ़ती है।

61. Consumer-oriented Electronic Commerce को किस मॉडल से पहचाना जाता है?

(a) B2B (b) C2C
(c) B2C (d) G2B

Ans. (c) : Consumer-oriented Electronic Commerce उस मॉडल को कहते है जहाँ व्यवसाय सीधे उपभोक्ताओं को ऑनलाइन उत्पाद या सेवायें बेचते हैं। इसमें वेबसाइड या मोबाइल ऐप के माध्यम से उपभोक्ता प्रोडक्ट देखता है, भुगतान करता है और होम डिलीवरी प्राप्त करता है। इस प्रक्रिया को B2C मॉडल कहते है।

62. निम्न में से कौन-सी विशेषता एक Consumer-oriented Application में होनी चाहिये?

(a) High-level Programming Support
(b) User Friendly Interface
(c) Database Mirroring
(d) Compiler Integration

Ans. (b) : Consumer-oriented का मुख्य उद्देश्य होता है आम ग्राहकों को सरल और सुविधाजनक अनुभव देना इसके लिये सबसे जरुरी विशेषता है User-friendly interface जिससे कोई भी ग्राहक बिना तकनीकी ज्ञान के भी एप्लिकेशन का आसानी से उपयोग कर सके। बाकी विकल्प तकनीकी डेवलेपमेंट से जुड़े होते हैं।

63. Mercantile Process Model के अनुसार, Buyer और Seller के बीच Trust Building में किस Component का सबसे बड़ा योगदान होता है?

(a) Delivery system
(b) Secure Payment Gateway
(c) Advertising Strategy
(d) Product Discovery Algorithm

Ans. (b) : Mercantile Process Model में Buyer और Seller के बीच विश्वास बनाने में Secure Payment Gateway की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। जब ग्राहक ऑनलाइन भुगतान करता है और उसे सुरक्षा की ग्रारंटी चाहिये तब सुरक्षित और प्रमाणित गेटवे (Razorpay, Pay, Paypal) धोखाधड़ी को रोककर भरोसा बढ़ाता है।

64. निम्न में से कौन सी क्रिया Merchant के लिये Post-purchase Phase में आती है?

(a) Negotiation
(b) Product Listing
(c) Customer Support और Feedback Management
(d) Payment Verification

Ans. (c) : Post-purchase Phase में ग्राहक को उत्पाद की डिलीवरी के बाद सेवा देना आवश्यक होता है। इसमें Customer Support और Feedback Management शामिल होता है। यह चरण ग्राहक संतुष्टि और भविष्य में दोबारा खरीद को बढ़ावा देता है।

7. इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट सिस्टम (Electronic Payment Systems)

65. मोबाइल के पैसे का उपयोग करने के लिए किसका उपयोग किया जाता है-

(a) एम॰सी॰आइ॰डी॰
(b) एम॰एम॰आई॰डी
(c) आर॰एस॰आई॰डी॰
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (b) : मोबाइल के पैसों का उपयोग करने के लिए एम0 एम0 आई0डी0 का उपयोग किया जाता है।

एम0 एम0 आई0डी0 का मतलब मोबाइल मनी आइडेंटिफायर है। यह एक अनूठा कोड है जिसका उपयोग मोबाइल मनी लेनदेन को ट्रैक करने के लिए किया जाता है।

मोबाइल मनी एक डिजिटल भुगतान प्रणाली है जो उपयोगकर्ताओं को अपने मोबाइल फोन का उपयोग करके पैसे भेजने और प्राप्त करने की अनुमति देती है।

66. कौन-सा भुगतान सिस्टम पियर-टू-पियर भुगतान को सपोर्ट करता है?

(a) UPI (b) RTGS
(c) POS (d) NEFT

Ans. (a) : UPI एक ऐसा Peer-to-Peer (P2P) इलेक्ट्रानिक भुगतान सिस्टम है, जिसके माध्यम से आप किसी व्यक्ति के मोबाइल नंबर, UPI ID या QR कोड के जरिये सीधे उनके बैंक खाते में पैसे भेज सकते है।

67. 'Single use Token' और 'Multi-use token' के बीच अंतर क्या है।

(a) Validity Duration
(b) Encryption Algorithm
(c) Block chain Dependency
(d) सभी

Ans. (d) :
(1) **Validity durations–** Single-use token केवल एक बार के लिये मान्य होता है। जैसे ही ट्रांजैक्शन पूरा हो यह Expire हो जाता है।

⇒ Multi-use token– एक ही टोकन का उपयोग कई बार किया जा सकता है जैसे सब्सक्रिप्शन या सेवाओं में।

(2) एन्क्रिप्शन तकनीक– Single use टोकन में अधिक मजबूत और समय आधारित एन्क्रिप्शन का उपयोग होता है। ताकि हर बार नया कोड बने।

⇒ Multi-use टोकन अक्सर स्थिर एन्क्रिप्शन रखते है।

(3) Blockchain Dependency– दोनों टोकन सिस्टम को Blockchain या Token-vault प्रणाली पर लागू किया जा सकता है, लेकिन Single-use टोकन ज्यादा ट्रकिंग और सुरक्षा के लिये Blockchain में प्रयोग किया जाता है।

8. अंतर-संगठनात्मक कॉमर्स एवं इलेक्ट्रॉनिक डेटा इंटरचेंज/(Inter-organizational Commerce & Electronic Data Interchange)

68. EDI is a kind of .....
ईडीआई एक प्रकार का .....है?

(a) Programs
(b) Method
(c) Database tool
(d) Network

Bihar STET C.S. 18.09.2020 (Shift-I)

Ans, (b) : EDI (Electronic Data Interchange) एक ऐसी विधि (Method) है जिसके द्वारा दो व्यवसायों के बीच डिजिटल रूप में डेटा का आदान-प्रदान किया जाता है जैसे इनबॉक्स, आर्डर शिपिंग डिटेल्स आदि। यह मैन्युअल इंटरवेटन को हटाकर कंप्यूटर से कंप्यूटर स्वचालित संचार को सक्षम करता है। EDI का उपयोग मुख्यतः बिजनेस टू बिजनेस (B2B) कम्युनिकेशन में किया जाता है।
नोट– आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर (a) माना है।

69. निम्न में से कौन-सा घटक EDI के Architecture का हिस्सा नहीं है?

(a) Translation Software
(b) Communication Network
(c) Manual Entry Register
(d) Application Program

Ans. (c) : EDI (Electronic Data Interchange) एक स्वचालित प्रणाली है जो व्यावसायिक दस्तावेजों का इलेक्ट्रानिक रूप में आदान-प्रदान करती है इसके तीन मुख्य घटक होते हैं-
(1) Application Program– डेटा तैयार करता है
(2) Translation Software– डेटा को EDI फॉर्मेट में बदलता है।
(3) Communication Network– डेटा भेजता है।
Manual Entry Register मॅन्युअल प्रक्रिया है और EDI की ओटोमेटेड प्रकृति में इसका कोई स्थान नहीं होता।

70. Inter-organizational Commerce में Supply Chain का मुख्य उद्देश्य क्या होता है?

(a) विज्ञापन बढ़ाना
(b) लागत बढ़ाना
(c) समय और लागत को कम करके ग्राहक को सेवा प्रदान करना
(d) केवल व्यापारिक साझेदारी बनाना

Ans. (c) : Inter-organizational Commerce में सप्लाई चेन का मुख्य उद्देश्य है– सही उत्पाद को सही समय पर, कम लागत में ग्राहक तक पहुचाना तथा इसमें कच्चे माल की खरीद से लेकर उत्पाद की डिलीवरी तक की पूरी प्रक्रिया शामिल होती है जो सप्लाई चेन का व्यवसायिक लक्ष्य के संचालन को कुशल और समय की बचत करते हुये ग्राहक की संतुष्टि बढ़ाना होता है।

71. Inter-organizational Commerce में XML आधारित डॉक्यूमेंट का उपयोग क्यों किया जाता है?

(a) केवल सजावट के लिए
(b) इंसानों द्वारा पढ़ने योग्य बनाने के लिये
(c) डेटा को सुरक्षित रूप से Encrypt करने के लिये
(d) प्लेटफार्म स्वतंत्र डेटा ट्रांसफर के लिये

Ans. (d) : Inter-organizational Commerce में XML का उपयोग इसलिये किया जाता है क्योंकि यह एक Platform Independent भाषा है। XML संरचित डेटा को एक संगठन से दूसरे संगठन तक किसी भी तकनीकी प्लेटफॉर्म पर आसानी से स्थानांतरित करने की सुविधा देता है। यह मशीन और इंसान दोनों द्वारा बढ़ा सकता है, जिससे डेटा शेयरिंग सरल होती हैं।

72. इंटर-आर्गनाइजेशन कॉमर्स में सबसे बड़ी चुनौती क्या होती है?

(a) मानव संसाधन प्रबंधन

(b) नेटवर्किंग

(c) आपसी मानकीकरण

(d) विज्ञापन

Ans. (c) : इंटर-आर्गनाइजेशनल कामर्स में सबसे बड़ी चुनौती होती है, आपसी मानकीकरण विभिन्न संगठन अलग-अलग सिस्टम, डेटा फॉर्मेट और प्रक्रियाए अपनाते है। डेटा के अदान-प्रदान और प्रक्रिया के एकरुपता के लिये मानक आवश्यक होते हैं। बिना मानकीकरण के, सिस्टम के बीच समन्वय और स्वचालन कठिन हो जाता है जिससे देरी और त्रुटिया होती है।

9. कॉर्पोरेट डिजिटल पुस्तकालय (The Corporate Digital Library)

73. ई-गवर्नेंस में डिजिटल दस्तावेजों की सुरक्षा और प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए प्रायः किस तकनीक का उपयोग किया जाता है?

(a) डिस्ट्रिब्यूटेड लेजर टेक्नोलॉजी

(b) डिजिटल सिग्नेचर्स

(c) क्लाउड कंप्यूटिंग

(d) वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क्स

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (b) : डिजिटल सिग्नेचर एक इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रिया है जिसका उपयोग डिजिटल दस्तावेज, ईमेल, संदेश या लेन-देन को सत्यापित और मान्य करने के लिए किया जाता है। ई-गवर्नेंस में डिजिटल दस्तावेजों की सुरक्षा और प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए भी इस तकनीक का उपयोग किया जाता है।

74. कॉरपोरेट डिजिटल लाइब्रेरी का एक ज्ञान-आधारित संगठन में रणनीतिक महत्व किस विकल्प में सर्वोत्तम रूप से परिलक्षित होता है?

(a) लागत कम करने की क्षमता

(b) दस्तावेजों की स्कैनिंग

(c) निर्णय लेने में तेजी और ज्ञान का केंद्रीयकरण

(d) ई-बुक्स की संख्या वृद्धि

Ans. (c) : कॉरपोरेट डिजिटल लाइब्रेरी किसी संगठन की बौद्धिक संपदा और ज्ञान संसाधनों को एक केंद्रीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संग्रहित करती है। यह संगठन के भीतर त्वरित निर्णय लेने, सूचना की पहुँच में पारदर्शीता और विभिन्न विभागों के बीच ज्ञान साझा करने में सहायक होती है।

75. कॉरपोरेट डिजिटल लाइब्रेरी के संदर्भ में, मेटाडेटा मुख्यतः किस कार्य को करता है?

(a) दस्तावेज की समाग्री बदलता है

(b) सूचना को एन्क्रिप्ट करता है

(c) दस्तावेज को खोजने, वर्गीकृत करने और प्रासंगिक बनाने में सहायता करता है

(d) बाहरी उपयोगकर्ताओं को एक्सेस देने के लिये

Ans. (c) : कार्पोरेट डिजिटल लाइब्रेरी में मेटाडेटा दस्तावेजों की विवरणात्मक जानकारी देता है, शीर्षक, लेखक, तिथि, विषय आदि। यह दस्तावेजों को खोजने, वर्गीकृत करने और उपयुक्त बनाने में मदद करता है। मेटाडेटा के बिना उपयोगकर्ता को आवश्यक जानकारी खोजना कठिन होता है, जिससे लाइब्रेरी की उपयोगिता घट जाती है।

76. निम्न में से कौन-सी चुनौती एक कॉरपोरेट डिजिटल लाइब्रेरी को एंटरप्राइज स्तर पर लागू करने में प्रमुख मानी जाती है?

(a) इंटरनेट की गति

(b) दस्तावेजों की संख्या

(c) विभिन्न विभागों के बीच डेटा मानकीकरण और एक्सेस नियंत्रण

(d) कंप्यूटर का उपयोग

Ans. (c) : कॉरपोरेट डिजिटल लाइब्रेरी को एंटरप्राइज स्तर पर लागू करने में सबसे बड़ी चुनौती है- डेटा मानकीकरण और विभिन्न विभागों के बीच एक्सेस नियंत्रण स्थापित करना। हर विभाग अलग फॉर्मेट और संरचना में डेटा रखता है। इन सबको एकसमान बनाना और सुरक्षित एक्सेस देना एक जटिल और महत्वपूर्ण कार्य होता है।

77. कॉरपोरेट डिजिटल लाइब्रेरी की इंटेलिजेंट सूचना पुनर्प्राप्ति को बेहतर बनाने में कौन-सी तकनीक सहायक होती है?

(a) Optical disk drives

(b) Manual Indexing

(c) Artificial intelligence and machine learning

(d) Fax-based access system

Ans. (c) : कॉरपोरेट डिजिटल लाइब्रेरी में AI और Machine Learning तकनीके उपयोगर्ताओं के व्यवहार कीवर्ड्स और पिछले सर्च पैटर्न के आधार पर स्मार्ट और प्रासंगिक सूचना पुनर्प्राप्ति को सक्षम बनाती है। ये तकनीके मैन्युअल इंडेक्सिंग से कही अधिक तेज और सटीक होती है, जिससे ज्ञान तक पहुँच अधिक प्रभावी और कुशल हो जाती है।

15.

मल्टीमीडिया (Multimedia)

1. सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग का परिचय (Introduction to Software Engineering)

1. We can divide audio and video services into…..
हम ऑडियो और वीडियो सेवाओं को .....में विभाजित कर सकते हैं।

(a) 2 व्यापक श्रेणियों (b) 1 व्यापक श्रेणी
(c) 4 व्यापक श्रेणियों (d) 3 व्यापक श्रेणियों

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans, (d) : ऑडियो और वीडियो सेवाओं को तीन व्यापक श्रेणियों मे विभाजित किया जा सकता है।

1. स्ट्रीमिंग सेवाएं (जैसे- Netflix , youtube, spotify)
2. डाउनलोड या ऑन- डिमांड सेवाएं (जैसे -iTunes, Google play movies)
3. लाइव स्ट्रीमिंग सेवाएं (जैसे - Twitch, Facebook live)

2. निम्नलिखित में से कौन एक मल्टीमीडिया प्रणाली की विशेषता है?

(a) उच्च भंडारण
(b) उच्च डेटा दर
(c) दोनों उच्च भंडारण और उच्च डेटा दर
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (c) : मल्टीमीडिया प्रणाली की विशेषण उच्च भंडारण और उच्च डेटा दर दोनो है।

मल्टीमीडिया में टेक्स्ट, ऑडियो, इमेज, वीडियो और एनीमेशन जैसे विभिन्न प्रकार की सामग्रियों का संयोजन शमिल होता है।

3. CD-ROM is a
CD-ROM है एक

(a) Semiconductor Memory
(b) Memory Register
(c) Magnetic Memory
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

Bihar STET C.S. 2019 (Shift-II)

Ans, (d) : CD-ROM (Compact Disc-Read Only Memory) एक ऑप्टिकल मेमोरी (Optical Memory) होती है, न कि सेमीकन्डक्टर, रजिस्टर या मैग्नेटिक मेमोरी।

4. VGA stand for?
VGA का अर्थ है?

(a) Video Guard Ample
(b) Visual Gate Adapter
(c) Video Graphics Array
(d) Visual Game Adapter

Bihar STET C.S. 18.09.2020 (Shift-I)

Ans, (c) : VGA का फुलफार्म Video Graphics Array होता है। यह एक प्रकार का डिस्पले स्टैंडर्ड है जिसका इस्तेमाल कंप्यूटर मॉनिटर और प्रोजेक्टर को कनेक्ट करने के लिए किया जाता है।

5. A frame buffer on a black and white system with one bit per pixel is commonly called:
एक ब्लैक एंड व्हाइट सिस्टम पर एक बिट प्रति पिक्सेल के साथ एक फ्रेम बफर को आमतौर पर कहा जाता है–

(a) Grayscale/ग्रेस्केल (b) Pix map/पिक्स मैप
(c) Bitmap/बिटमैप (d) Multi map/मल्टी मैप

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (c) : एक बिट प्रति पिक्सेल वाले ब्लैक एंड व्हाइट सिस्टम पर फ्रेम बफर को आमतौर पर बिटमैप के रूप में जाना जाता है।

6. Which of the following are used for combing different kinds of media formats and deliver them as multimedia contents?
निम्नलिखित में से किसका उपयोग विभिन्न प्रकार के मीडिया प्रारूपों को संयोजित करने और उन्हें मल्टीमीडिया सामग्री के रूप में वितरित करने के लिए किया जाता है?

(a) Multimedia authoring tools
(b) Device drivers
(c) Scanners
(d) Media Players

UPPCL AC 2020 (Exam Date 13.09.2021)

Ans. (a): मल्टीमीडिया ऑथरिंग टूल में उपलब्ध विभिन्न सॉफ्टवेयर टूल्स की मदद से विभिन्न प्रकार की मीडिया सामग्री जैसे टेक्स्ट, ऑडियों को सूचना की एक धारा के रूप में इकट्ठा करने की एक प्रक्रिया है, यह डेवलपर को टेक्स्ट ऑडियों, वीडियो, ग्राफिक्स और एनिमेशन को मिलाकर इंटरेक्टिव प्रेजेंटेशन बनाने में सक्षम बनाता है।

7. Multimedia can contain-
मल्टीमीडिया में हो सकता है/सकते हैं-

(a) Graphics, animation, video, music and voice
ग्राफिक्स, एनीमेशन, वीडियो, संगीत और आवाज

(b) Only numeric-type data
केवल डाटा अक्षरांकीय

(c) Numeric, text and picture data
अक्षरांकीय, पाठ्य और पिक्चर डाटा

(d) Databases that in turn contain other databases creating a massive date collection
डाटाबेस जिसमें फिर बृहत् डाटा एकत्रण सृजित डाटाबेस होता है

UPPCL Assist. Acct. 2016 (Exam date 20.11.2016)

Ans. (a) मल्टीमीडिया एक माध्यम होता है जिसके द्वारा विभिन्न प्रकार की जानकारियों को विविध प्रकार के माध्यमों जैसे- टेक्स्ट, आडियो, ग्राफिक्स, एनीमेशन, वीडियो आदि का संयोजन कर दर्शकों तक पहुंचाया जाता है। मल्टीमीडिया में ग्राफिक्स, एनीमेशन, वीडियो, संगीत और आवाज हो सकती है।

8. Which of the following is NOT a valid multimedia authoring metaphor?
निम्नलिखित में से कौन एक मान्य मल्टीमीडिया संलेखन रूपक (authoring metaphor) नहीं है।

(a) Hierachical metaphor
(b) Scipting language metaphor
(c) Flow-control metaphor
(d) Automatic metaphor

UPPCL AC 2019 (Exam Date 29.01.2019)

Ans. (d) : ऑटोमेटिक मेटाफोर मल्टीमीडिया का मान्य ऑथरिंग मेटाफोर नहीं है। मल्टीमीडिया एप्लिकेशन बनाने की एक प्रक्रिया है तथा रूपक (Metaphor) एक पद्धति होती है,

अतः मल्टीमीडिया संलेखन रूपक (Multimedia authoring metaphor) मल्टीमीडिया एप्लिकेशन बनाने की प्रक्रिया की एक पद्धति है। कुछ मान्य मल्टीमीडिया ऑथरिंग मेटाफोर इस प्रकार है।

(i) Scripting Language Metaphor
(ii) Hierarchical metaphor
(iii) Iconic/flow-control metaphor
(iv) Slide show metaphor

9. Which of the following design tools shows the overall flow of a multimedia presentation?
निम्नलिखित में से कौन-सा डिजाइन टूल मल्टीमीडिया प्रारूप का समग्र प्रवाह प्रदर्शित करता है?

(a) Link/ लिंक
(b) Flow-chart/ फ्लो-चार्ट
(c) Story board/ स्टोरी बोर्ड
(d) Gantt chart/ गैन्ट चार्ट

UPPCL Assist. Acct. 2016 (Exam date 20.11.2016)

Ans. (c) स्टोरीबोर्ड एक डिजाइन टूल है जिसका उपयोग मल्टीमीडिया प्रस्तुति के इच्छित समग्र तर्क, प्रवाह और संरचना को रिकॉर्ड करने के लिए किया जाता है।

10. Which of the given options best describes the truthfulness of the following statements?
निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प निम्नलिखित कथनों की सत्यता का सबसे अच्छा वर्णन करता है-

(i) In 1-bit images, each pixel is stored as a single byte./ बिट इमेजेस में, प्रत्येक पिक्सेल को एक बाइट के रूप में संग्रहित किया जाता है।

(ii) A 1-bit image with resolution 640×480 needs a storage space of 640 + 480 bits./ 640×480 रिजॉल्यूशन वाली 1-बिट इमेज के लिए 640×480 बिट्स को स्टोरेज स्पेस की आवश्यकता होती है।

(a) (i) - False, (ii) - True
(b) (i) - True, (ii) - False
(c) (i) - True, (ii) - True
(d) (i) - False, (ii) - False

UPPCL AC 2020 (Exam Date 13.09.2021)

Ans. (d) : 1 बिट का अर्थ है कि प्रत्येक पिक्सेल को एकल बिट अर्थात् 0 या 1 के रूप में संग्रहीत किया जाता है।

640×480 रिजॉल्यूशन वाली 1 बिट इमेज के लिए

$\frac{640\times480}{8\times1024} = 37.5$ KB स्पेस की आवश्यकता होगी।

अतः उपर्युक्त कथन असत्य है।

2. मल्टीमीडिया ऑडियो (Multimedia Audio)

11. Audio compression can be used for ……..
ऑडियो संपीड़न का उपयोग किसके लिए किया जा सकता है?

(a) Voice and data/आवाज़ और डेटा

(b) Video and voice/वीडियो और आवाज़

(c) Speech or music/भाषण या संगीत

(d) Picture and colors/चित्र और रंग

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (c) : ऑडियो कंप्रेशन का उद्देश्य ध्वनि डेटा (जैसे बोलने की आवाज या संगीत) के आकार को कम करना होता है, ताकि उसे कम बैंडविड्थ में ट्रांसमिट किया जा सके या स्टोरेज में कम समय ले। इसलिए सही उत्तर है–स्पीच या म्यूजिक

12. Which of the following is a connectivity standard for transferring digital instrument data?
निम्नलिखित में से कौन-सा डिजिटल उपकरण डेटा स्थानांतरित करने के लिए एक कनेक्टिविटी मानक है?

(a) MIDI

(b) MCI

(c) Real Audio

(d) AAC

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (a) : MIDI का पूरा नाम म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट डिजिटल इंटरफेस है। डिजिटल इंस्ट्रूमेंट डेटा ट्रांसमिट करने के लिए एक कनेक्टिविटी मानक है।

13. .....is an episodic series of spoken word digital audio files that a user can download to a personal device for easy listening.
.....स्पोकन-वर्ड डिजिटल ऑडियो फाइलों की एक प्रासंगिक (एपिसोडिक) शृंखला है जिसे उपयोगकर्ता आसानी से सुनने के लिए व्यक्तिगत डिवाइस पर डाउनलोड कर सकता है।

(a) Groupchat/ग्रुपचैट

(b) Hotspot/हॉटस्पॉट

(c) Chromecast/क्रोमकास्ट

(d) Podcast/पॉडकास्ट

UPASI 05.12.2021 (Shift-II)

Ans. (d) : पॉडकास्ट एक प्रकार का डिजिटल मीडिया है, जिसमें स्पोकन वर्ड, डिजिटल ऑडियो जो एपिसोड या भागों की सीरीज में उपलब्ध होता है और जो इंटरनेट पर यूजर द्वारा स्ट्रीम या सुनने के लिए अपने पर्सनल डिवाइस पर डाउनलोड कर सकते है।

14. .WAV file format is used for:
.WAV फाइल फॉर्मेट का उपयोग निम्न के लिए किया जाता है-

(a) Sound/ध्वनि

(b) Palette/पैलेट

(c) Animation/एनिमेशन

(d) Video/वीडियो

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (a) : WAV का पूरा नाम वेवफॉर्म ऑडियो फाइल फॉर्मेट (WAVE या WAV) है। यह एक ऑडियो फाइल प्रारूप मानक है, जिसे IBM और Microsoft द्वारा विकसित किया गया है, जो PC पर ऑडियो बिटस्ट्रीम को स्टोर करने के लिए है। यह माइक्रोसॉफ्ट विंडोज सिस्टम पर असम्पीडित (Uncompressed) ऑडियो के लिए उपयोग किया जाने वाला मुख्य प्रारुप है।

15. With respect to multimedia, sampling rate is the number of times the analog sound is taken per:
मल्टीमीडिया के संदर्भ में, एनालॉग ध्वनि की संख्या बार-बार ली जाती है:

(a) Month

(b) Second

(c) Hour

(d) Minute

UPPCL AC 2020 (Exam Date 13.09.2021)

Ans. (b) : नमूना दर या प्रतिचयन आवृत्ति (Sampling rate or Sampling frequency) या डिजिटल संकेत बनाने के लिए सतत संकेत से लिए गए प्रति सेकेंड नमूनों की संख्या को परिभाषित करती है टाइम-डोमेन संकेतों के लिए तरंगरुप को (Hz) या प्रति सेकेण्ड चक्र में मापा जाता है। उदाहरण के लिए यदि एक ऑडियो संकेत की सीमा 20,000 Hz है (मानवीय सुनवाई की लगभग उपरी सीमा) तो नमूना आवृत्ति (Sampling Frequency) 40,000 Hz होती है।

16. Which of these is a valid audio file format?
इनमें से क्या एक वैध ऑडियो फाइल फॉर्मेट है?

(a) .vob

(b) .flv

(c) .png

(d) .aiff

UPPCL APS Exam-18.02.2018

Ans. (d) : .aiff (Audio interchange file format) एक वैध ऑडियो फाइल फॉर्मेट है जबकि .vob, .flv और .png ऑडियो फाइल फॉर्मेट नही है।

17. _____इलेक्ट्रॉनिक संगीत वाद्ययंत्रों के बीच सूचना प्रसारित करने के लिए एक प्रणाली है।

(a) Musical Instrument Digital Interchange

(b) Musical Instrument Digital Interface

(c) Musical Instrument Digital Interaction

(d) Musical Instrument Data Interface

UPPCL Office Assistant III 24-10-2018 (Mor.)

Ans : (b) संगीत के लिए अन्तराष्ट्रीय मानक को संदर्भित करने के लिए इसका उपयोग करता है। चूंकि यह कम्प्यूटर संगीत कार्यक्रम सिंक्रोनाइज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल का आदान-प्रदान करता है।

18. Which of the following is an audio file extension?
निम्नलिखित में कौन-सा एक ऑडियो फाइल का एक्सटेंशन है?

(a) WMA
(b) MP5
(c) MOV
(d) WMV

RRB NTPC 19.01.2021 (Shift-II) Stage Ist

Ans. (a) : विंडोज मीडिया ऑडियो (WMA) माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित ऑडियों कोडेक्स और उससे संबंधित ऑडियों कोडिंग प्रारूपों की एक श्रृंखला है, WMA की परिकल्पना लोकप्रिय MP3 और Real Audio कोडेक के रूप में की गई थी, जो उच्च रिजॉल्यूशन ऑडियो का समर्थन करता है।

19. The number of bits in an audio sample is called
एक ऑडियो सैंपल में बिट्स की संख्या कही जाती है–

(a) Bit depth/बिट डेप्थ
(b) Bit density/बिट डेंसिटी
(c) Audio resolution/ऑडियो रिज़ोल्यूशन
(d) Audio depth/ऑडियो डेप्थ

UPPCL ARO-18.02.2018

Ans. (a) : डिजिटल ऑडियो सैम्पल में बिट डेप्थ हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर के किसी विशेष खण्ड की संभावित सटीकता का वर्णन करती है जो ऑडियो डेटा को प्रोसेस करती है। आमतौर पर उपलब्ध अधिक बिट्स प्रोसेस वाले डेटा से परिणाम स्वरूप आउटपुट अधिक अच्छा होता है।

20. Which among the following is the fullform of AVI?
निम्नलिखित में से कौन-सा AVI का फुलफार्म है?

(a) Audio Visual Interface/ऑडियो विजुअल इंटरफ़ेस
(b) Audio Video Interface/ऑडियो वीडियो इंटरफ़ेस
(c) Audio Video Interleave/ऑडियो वीडियो इंटरलीव
(d) None of these/इनमें से कोई भी नहीं

UPPCL ARO-18.02.2018

Ans. (c) : ऑडियो वीडियो इंटरलीव, माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विंडोज सॉफ्टवेयर के लिए वीडियो के हिस्से के रूप में पेश किया गया है यह एक मल्टीमीडिया कंटेनर का प्रारूप है। AVI फाइलों के फाइल कंटेनर में ऑडियो और वीडियो दोनों डेटा हो सकते है।

3. मल्टीमीडिया टेक्स्ट (Multimedia Text)

21. What are the categories of digital image processing
डिजिटल छवि प्रसंस्करण की श्रेणियाँ क्या है?

(a) Image Inhancement/छवि संवर्द्धन
(b) Image classification and analysis
छवि वर्गीकरण और विश्लेषण
(c) Image change/छवि परिवर्तन
(d) All of the mentioned/उल्लेखित सभी

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (d) : डिजिटल छवि प्रसंस्करण की श्रेणियाँ हैः छवि संवर्द्धन, छवि वर्गीकरण और विश्लेषण, और छवि परिवर्तन।

डिजिटल छवि प्रसंस्करण में कई प्रकार की तकनीकें शमिल होती है जो छवियों को बेहतर बनाने, विश्लेषण करने और बदलने के लिए उपयोग की जाती है। छवि सवंर्द्धन का उददेश्य में, छवियों को विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है। छवि परिवर्तन में, ज्यामितीय परिवर्तन, रंग परिवर्तन या अन्य प्रकार के परिवर्तन शमिल होते है। जो छवि के रूप को बदलते है।

22. संयुक्त फोटोग्राफिक विशेषज्ञ समूह (JPEG) का उपयोग ..... को संपीड़ित करने के लिए किया जाता है।

(a) वीडियो (b) संगीत
(c) छवियाँ (d) फ्रेम

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (c) : सयुंक्त फोटोग्राफिक विशेषज्ञ समूह (JPEG) का उपयोग छवियों को संपीड़ित करने के लिए किया जाता है।

JPEG, जिसका मतलब जॉइंट फोटोग्राफिक एक्सपर्ट्स ग्रुप है, एक मानकी कृत छवि संपीड़न तंत्र है। और यह एक ऐसा प्रारूप है जो फाइल आकार और छवि गुणवत्ता के बीच संतुलन बनाता है।

23. ऑडियो और वीडियो संपीड़न में, शब्द rbg व्यक्त करता है-

(a) लाल, काला, ग्रे (b) नीला, ग्रे, सफेद
(c) लाल, नीला, हरा (d) लाल, नीला, भूरा

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans, (c) : RBG का पूर्व रूप हैः Red (लाल), Blue (नीला, Green (हरा),

यह रंग मॉडल डिजिटल छवियों और वीडियों में रंगों को प्रदर्शित करने के लिये उपयोग किया जाता है।

24. निम्नलिखित में से कौन डिजिटल छवि प्रसंस्करण का एक उदाहरण है?

(a) कम्प्यूटर ग्राफिक्स
(b) पिक्सल
(c) कैमरा तंत्र
(d) उल्लेखित सभी

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans, (a) : कम्प्यूटर ग्राफिक्स डिजिटल छवि प्रसंस्करण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कम्प्यूटर ग्राफिक्स छवियों को बनाने, हेरफेर करने और प्रदर्शित करने के लिए कम्प्यूटर का उपयोग करता है, और इसमें डिजिटल छवियों को संसाधित करना शामिल है।

25. निम्नलिखित में से कौनसा छवि प्रसंस्करण दृष्टि कोण सबसे तेज, सबसे सटीक और लचीला है?

(a) फोटो ग्राफिक
(b) इलेक्ट्रॉनिक
(c) डिजिटल
(d) ऑप्टिकल

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans, (c) : डिजिटल छवि प्रसंस्करण दृष्टि कोण सबसे तेज सबसे सटीक और लचीला है क्योंकि यह कम्प्यूटर-आधारित तकनीकों का उपयोग करके छवियों को बेहतर बनाने का एक लचीला तरीका प्रदान करता है।

26. निम्नलिखित में से किस उपकरण का उपयोग जूमिंग, सिकुड़ना, घूर्णन, आदि जैसे कार्यों में किया जाता है?

(a) फिल्टर
(b) नमूनाकरण
(c) इंटरपोलेशन
(d) इनमें से कोई नहीं

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans, (c) : इंटरपोलेशन का उपयोग जूमिंग, सिकुड़ना, घूर्णन, आदि जैसे कार्यों में किया जाता है। यह एक सांख्यिकीय विधि है।

27. Each ___ represents a particular colour.
प्रत्येक _____ एक विशेष रंग को दर्शाता है।

(a) Frame/फ्रेम
(b) Character/कैरेक्टर
(c) Pixel value/पिक्सेल वैल्यू
(d) None of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (c) : प्रत्येक पिक्सेल वैल्यू (Pixel Value) एक विशेष रंग को दर्शाती है। पिक्सेल (Pixel) इमेज या वीडियो का सबसे छोटा भाग होता है, और उसकी वैल्यू यह तय करती है कि वह किस रंग में दिखायी देगा।

28. Which of the following is an example of Digital Image Processing?
निम्नलिखित में से कौन-सा डिजिटल इमेज प्रोसेसिंग का एक उदाहरण है?

(a) Computer Graphics
(b) Pixels
(c) Camera Mechanism
(d) All of the mentioned

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (d) :
(i) Computer Graphics (कम्प्यूटर ग्राफिक्स)– यह डिजिटल इमेज प्रोसेसिंग का हिस्सा हो सकता है, क्योंकि यह छवियों को बनाने और हेरफेर करने से संबंधित है।
(ii) Pixels (पिक्सल्स)– डिजिटल छवियाँ पिक्सल से बनी होती है, और इमेज प्रोसेसिंग में पिक्सल स्तरीय हेरफेर शामिल होता है।
(iii) Camera Mechanism (कैमरा तंत्र)– कैमरे डिजिटल छवियाँ कैप्चर करते है, और इन छवियों को प्रोसेस करने के लिये डिजिटल इमेज प्रोसेसिंग तकनीकों का उपयोग किया जाता है।

29. The aliasing effect on an image can be reduced using which of the following methods?
एक इमेज पर इलियासिंग प्रभाव को निम्नलिखित में से किस विधि से कम किया जा सकता है?

(a) By reducing the high-frequency components of image by clarifying the image
(b) By increasing the high-frequency components of image by clarifying the image
(c) By increasing the high-frequency components of image by blurring the image
(d) By reducing the high-frequency components of image by blurring the image

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (d) : Aliasing तब होता है जब एक इमेज में बहुत ज्यादा हाई-फ्रिक्वेंसी डिटेल्स होते है और उसे रिजोल्यूशन पर या बिना सही फिल्टर के दिखाया जाता है। तब इसे कम करने के लिये हम ब्लरिंग (Blurring) तकनीक का उपयोग करके इमेज की हाई-फ्रिक्वेंशी घटकों को कम कर सकते है।

30. Which of the following is the abbreviation of JPEG?
निम्नलिखित में से JPEG का संक्षिप्त रूप क्या है?

(a) Joint Photographic Experts Group
(b) Joint Photographs Expansion Group
(c) Joint Photographic Expanded Group
(d) Joint Photographic Expansion Group

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (a): JPEG का पूरा नाम (Joint Photographic Experts Group) है, जिसने डिजिटल इमेज को कंप्रेस करने के लिये स्टैंडर्ड विकसित किया था। तथा JPEG फॉर्मेट का उपयोग इमेज फाइलों को छोटे आकार में सेव करने के लिये किया जाता है।

31. In computer graphics, arrays can be used to store pixel values for images. Which type of array would be suitable for this purpose?
कंप्यूटर ग्राफिक्स में, इमेज के पिक्सेल मानों को संग्रहीत करने के लिए ऐरे का उपयोग किया जा सकता है। इस उद्देश्य के लिए कौन-सा प्रकार का ऐरे उपयुक्त होगा?

(a) 1-D array
(b) 2-D array
(c) 3-D array
(d) 4-D array

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (b) : एक छवि (Image) दो आयामों (Dimensions) ऊँचाई (Height) और चौड़ाई (Width) में बनी होती है। हर पिक्सल का स्थान इन दो आयामों द्वारा निर्धारित होता है। इसलिए, पिक्सल मानों को संग्रहित करने के लिए 2-D array उपयुक्त होता है। यदि रंग (Color) की जानकारी जैसे RGB Vallues शामिल करनी हो, तब 3-D array का उपयोग किया जा सकता है, लेकिन केवल पिक्सल की स्थिति के लिए 2-D array ही पर्याप्त होता है।

32. Which gray-level transformation increases the dynamic range of gray-level in the image?
निम्न में से कौन-सा ग्रे-लेवल ट्रांसफार्मेशन (Gray - Level Transformation) इमेज में ग्रे-लेवल की डायनामिक रेंज को बढ़ाता है?

(a) Negative transformations
(b) Contrast stretching
(c) Power-law transformations
(d) None of the mentioned

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)
Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (b) : Contrast stretching एक ऐसी तकनीक है, जो पिक्सेल वैल्यूज पहले एक छोटे रेंज में सिमटी होती थी, उन्हे पूरे रेंज (0 से 255) में फैलाते हुये इमेज का कन्ट्रास्ट बेहतर और डिटेल्स साफ दिखाई देते है।

33. Which image file format has lossless image files meaning that they do not need to compress or lose any image quality or information (although there are options for compression), allowing for very high-quality images but also larger file sizes?
किस इमेज फाइल प्रारुप में दोषरहित इमेज फाइलें है, जिसका अर्थ है कि उन्हें किसी भी इमेज गुणवत्ता या जानकारी को संपीड़ित करने या खोने की आवश्यकता नहीं है (हालॉकि संपीडन के विकल्प हैं), बहुत उच्च गुणवत्ता वाली इमेजों के लिए अनुमति देता है, लेकिन बड़े फाइल आकार भी?

(a) GIF
(b) JPEG
(c) PNG
(d) TIFF

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (d) : TIFF का पूरा नाम टैग इमेज फाइल फार्मेट है। टैग की गई छवि फाइल स्वरूप दोषरहित इमेज फाइलें है, जिसका अर्थ है कि उन्हें किसी भी छवि गुणवत्ता या जानकारी को संपीड़ित (कम्प्रेस्ड) करने या खोने की आवश्यकता नहीं है।

34. Which of the following is NOT true about PDF file format?
PDF फाइल फार्मेट के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही नहीं है?

(a) The format is ubiquitous./प्रारुप सर्वव्यापी है
(b) It works on any operating system.
यह किसी भी ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम करता है
(c) It is a proprietary standard
यह एक मालिकाना मानक है
(d) It integrates non-text elements.
यह गैर-पाठ एलीमेंट को एकीकृत करता है।

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (c) PDF फाइल फॉर्मेट किसी का मालिकाना मानक नहीं है।

PDF का पूरा नाम पोर्टेबल डॉक्यूमेंट फॉर्मेट है इसे Adobe द्वारा विकसित किया गया है। PDF फाइलें एक निश्चित लेआउट में एक डॉक्यूमेंट प्रस्तुत करती है जो विभिन्न प्रोग्रामों, हार्डवेयर और ऑपरेटिंग सिस्टम में इसका अनुवाद करती है। यह यूजर्स को एक ही डॉक्यूमेंट में विभिन्न इमेजों, फॉन्ट और टेक्स्ट फॉर्मेट का उपयोग करने की अनुमति देता है।

4. मल्टीमीडिया एनीमेशन (Multimedia Animation)

35. .....animation is used to animate things that are smaller than life size.

.....एनीमेशन का उपयोग उन चीजों को चेतन करने के लिए किया जाता है जो जीवन के आकार से छोटी है।

(a) Immersive/इमर्सिव

(b) Clomotion/क्लोमोशन

(c) Stop Motion/स्टॉप मोशन

(d) Enhenced/संवर्धित

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Ans, (c) : एनीमेशन का उपयोग उन चीजों को चेतन करने लिए किया जाता है जो जीवन के आकार से छोटी है।

स्टॉप मोशन एनीमेशन में, भौतिक वस्तुओं को एक-एक करके फ्रेम में ले जाया जाता है, और जब छवियों के अनुक्रम को तेजी से चलाया जाता है, तो वह गति का भ्रम पैदा करता है। यह तकनीक अक्सर विज्ञापनों, संगीत वीडियो और लघु फिल्मों के लिए उपयोग की जाती है।

36. मॉर्फिंग है-

(a) चित्र बढ़ाने की तकनीक

(b) चित्र हेरफेर

(c) एक छवि से दूसरी छवि में परिवर्तन

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-I)

Ans, (c) : एक छवि से दूसरी छवि में परिवर्तन मॉर्फिंग कहलाता है। यह एक विशेष प्रकार की तकनीक है, जहां एक वस्तु धीरे-धीरे दूसरी वस्तु में बदल जाती है। मॉर्फिंग का उपयोग फिल्मों, विज्ञापनों और अन्य दृश्य मीडिया में किया जाता है।

37. In Real Time Interactive Audio Video, Jitter is introduced in real-time data by delay between...

रियल टाइम इंटरएक्टिव ऑडियो वीडियो में जिटर किसके बीच की देरी से उत्पन्न होता है?

(a) Pixels/पिक्सल्स

(b) Layers/लेयर्स

(c) Frames/फ्रेम्स

(d) Packets/पैकेट्स

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (d) : जिटर (Jitter) उस स्थिति को कहते है जब नेटवर्क पैकेट्स (डेटा के छोटे-छोटे हिस्से) एक ही क्रम में और एक समान समय पर नहीं पहुँचते। जब पैकेट के बीच देरी होती है तो इसे जिटर (Jitter) उत्पन्न होता है, जिससे रियल टाइम ऑडियो या विडियो में रूकावट या गड़बड़ी आ सकती है।

38. In Audio and Video Compression, voice is sampled at 8000 samples per second with.....

ऑडियो और वीडियो संपीड़न में, वॉयस को 8000 सैंपल प्रति सेकंड पर सैंपल किया जाता है, प्रत्येक सैंपल में ..... होते हैं:

(a) 8 bits per sample/8 बिट्स

(b) 5 bits per sample/5 बिट्स

(c) 7 bits per sample/7 बिट्स

(d) 6 bits per sample/6 बिट्स

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (a) : आवाज को डिजिटल रूप से स्टोर और ट्रांसमिट करने के लिए, आमतौर पर उसे 8000 सैंपल प्रति सेकेण्ड और 8 बिट्स प्रति सैंपल की दर से सैंपल किया जाता है।

यह तरीका PCM (Pulse Code Modulation) में उपयोग किया जाता है, जो टेलीफोन ऑडियों के लिए मानक है।

39. ..... is basically a form of pictorial presentation.

..... मूल रूप से एक चित्रात्मक प्रस्तुति का रूप है।

(a) Photography/फोटोग्राफी

(b) Animations/एनिमेशन

(c) Drawing/ड्राइंग

(d) Creativity/क्रिएटिविटी

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (b) : "Animation" का तात्पर्य स्थिर चित्रों की एक श्रृंखला को तेजी से प्रदर्शित करके गतिशील छवियों के निर्माण से है। यह मूलतः त्रिात्मक प्रस्तुति का एक रूप है, जहाँ गति का भ्रम पैदा करने के लिए अलग-अलग छवियों को संयोजित किया जाता है।

40. Which of the following is the next step in image processing after compression?

कंप्रेशन के बाद प्रोसेसिंग का अगला चरण निम्न मे से कौन-सा है?

(a) Representation and description

(b) Morphological processing

(c) Segmentation

(d) Wavelets

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (b): डिजिटल इमेज प्रोसेसिंग में, सपीड़न (Compression) के बाद अगला चरण आमतौर पर प्रधिनिधित्व और वर्णन (Representation and description) होता है, लेकिन मॉर्फोलॉजिकल प्रोसेसिंग छवि के आकार और संरचना को विश्लेषित करने के लिये उपयोगी है। जो संपीड़न के तुरंत बाद का चरण न होकर चरण आमतौर पर सिंगमेंटशन या अन्य प्रोसेसिंग के बाद आता है।

41. Multimedia is widely used to add special_____ to movies

मल्टीमीडिया का व्यापक रूप से उपयोग फिल्मों में विशेष-जोड़ने के लिये किया जाता है।

(a) Arrangement
(b) Attachment
(c) Effects
(d) Control

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (c) : Multimedia का उपयोग फिल्मों में visual effects, sound effects, animation आदि विशेष प्रभाव (special effect) जोड़ने के लिये किया जाता है। ताकि इससे दृश्य और श्रव्य अनुभव बेहतर होकर फिल्मे अधिक आकर्षक बनती है।

42. _____ refers to simulated motion pictures showing movement of drawn objects.

ड्रॉ की गई वस्तुओं की गति को दिखाने वाली कृत्रिम चलचित्रों को क्या कहा जाता है?

(a) Motion
(b) Animation
(c) VR
(d) SMD

Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-II)

Ans, (b) : एनिमेशन वह प्रक्रिया है जिसमें चित्रित या डिजिटल रूप से बनाये गये वस्तुओं की गति को अनुकरण (Simulate) करके गतिशील चित्र (Motion pictures) बनाये जाते है। जो गति का आभास देते है।

43. What is used to set the starting and ending points of an animation?

एनीमेशन के शुरुआती और अंत बिन्दु सेट करने के लिए क्या प्रयोग किया जाता है?

(a) Key frames/की-फ्रेम्स
(b) Graphic symbols/ग्राफिक प्रतीक
(c) Scenes/दृश्य
(d) Blank frames/खाली फ्रेम

NVS PGT 19.09.2019 (Shift-I)

Ans. (a) : एनीमेशन और फिल्म निर्माण में एक की-फ्रेम एक ड्राइंग या शॉट होता है जो किसी भी स्मूथ ट्रांजिशन के प्रारम्भ और समाप्ति बिन्दुओं को परिभाषित करता है।

44. Which of the following is a technique to blend two or more images to form a new image?

एक नई छवि बनाने के लिए दो या दो से अधिक छवियों को समिश्रित करने की तकनीक निम्नलिखित में से कौन-सी है?

(a) Modeling/मॉडलिंग
(b) Morphing/मॉर्फिंग
(c) Animating/एनिमेटिंग
(d) Warping/वॉर्पिंग

UPASI 05.12.2021 (Shift-II)

Ans. (b) : मॉर्फिंग (Morphing) एक एनीमेशन फंक्शन है जिसका उपयोग किसी भी प्रकार के ऑब्जेक्ट के आकार को एक रूप से दूसरे रूप में बदलने के लिए किया जाता है।

45. Recognize extensions for video files.

वीडियो फाइलों के लिए एक्सटेंशन पहचानें।

(a) .gif (b) .mid
(c) .avi (d) .dbf

UPPCL Assistant Accountant 25.02.2022 (Shift-I)

Ans. (c) : AVI का अर्थ ऑडियो वीडियो इंटरलीव है जो 1992 में Microsoft द्वारा बनाया गया एक व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला वीडियो फाइल प्रारूप है। AVI फाइलों में एक फाइल कंटेनर में ऑडियो और वीडियो डेटा दोनों शामिल हो सकते हैं जो सिंक्रनाइज ऑडियो-विथ वीडियो (audio with video) प्लेबैक की अनुमति देता है।

.gif- जीआइएफ (GIF) फाइल ग्राफिकल इंटरचेंज फॉर्मेट (GIF) में सहेजी गई एक छवि है।

.mid- MID फाइल एक मानक MIDI (म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट डिजिटल इंटरफेस) फाइल है जिसका उपयोग संगीत संलेखन और मिश्रण कार्यक्रमों के साथ-साथ MIDI हार्डवेयर उपकरणों द्वारा किया जाता है।

.dbf- dbf फाइल एक्सटेंशन dBase डेटाबेस फाइल का प्रतिनिधित्व करता। इस फाइल टाइप को 1983 में dBASE के साथ पेश किया गया था।

46. .mp4 is a digital multimedia container format which is basically _____.

.mp4 एक डिजिटल मल्टीमीडिया फॉर्मेट है जो कि मूलतः _____ है।

(a) mpeg4 part 21
(b) mpeg4 part 3
(c) mpeg4 part 19
(d) mpeg4 part 14

UPPCL APS Exam-18.02.2018

Ans. (d) : mpeg4 या mp4 एक डिजिटल मल्टीमीडिया कंटेन के प्रारूप है जो आमतौर पर वीडियो और ऑडियो स्टोर करने के लिए उपयोग किया जाता है।

47. Which of the following is not a valid image format?
मान्य इमेज फॉर्मेट निम्नलिखित में कौन नहीं है?

(a) tiff
(b) gif
(c) jpeg
(d) mpeg

UPPCL Assist. Acct. 2016 (Exam date 20.11.2016)

Ans. (d) :
TIFF – टैग इमेज फाइल फॉर्मेट का संक्षिप्त रूप है।
gif – ग्राफिक्स इंटरचेंज फॉर्मेट का संक्षिप्त रूप है।
Jpeg – ज्वाइंट फोटोग्राफिक एक्सपर्ट का संक्षिप्त रूप है।
Mpeg – मूविंग पिक्चर एक्सपर्ट ग्रुप का संक्षिप्त रूप है
यह एक ऑडियो वीडियों फाइल है।
अर्थात Mpeg एक इमेज फाइल नहीं है।

48. What is the full form of PNG in the computer image format?
कंप्यूटर छवि प्रारूप में पी.एन.जी. का पूर्ण रूप क्या है?

(a) Printable Network Graphic
प्रिन्टबेल नेटवर्क ग्राफिक
(b) Printable New Graphical/प्रिन्टेबल न्यू ग्राफिकल
(c) Port Natural Graphics/पोर्ट नैचुरल ग्राफिक्स
(d) Portable Network Graphics
पोर्टेबल नेटवर्क ग्राफिक्स

AHC RO 2019 (Exam date 10.01.2020)

Ans. (d) : कम्प्यूटर छवि प्रारूप के सम्बन्ध में पी.एन.जी. (PNG) का पूर्ण रूप पोर्टेबल नेटवर्क ग्राफिक्स होता है।

49. Direct X is a :
डायरेक्ट X एक :

(a) Computer part/संगणक का भाग है।
(b) A user interface/एक प्रयोक्ता इंटरफेस है।
(c) Operating system/प्रचालन प्रविधि है।
(d) Software that drives graphic software सॉफ्टवेयर है जो कि ग्रॉफिक सॉफ्टवेयर का संचालन करता है

Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-I)

Ans. (d) : Direct X, माइक्रोसॉफ्ट प्लेटफार्म पर मल्टीमीडिया, विशेष रूप से गेमिंग और वीडियो से सम्बंधित कार्यों को संभालने के लिए माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (API) का एक संग्रह है। यह डेवलपर्स को ग्राफिक्स कार्ड, साउंड कार्ड और इनपुट डिवाइस जैसे हार्डवेयर घटकों के साथ इंटरैक्ट करने के लिए टूल और फंक्शन का एक सेट प्रदान करता है।

5. मल्टीमीडिया प्रोजेक्ट (Multimedia Project)

50. The delay that occur during the playback of a stream is called _____.
किसी स्ट्रीम के प्लेबैक के दौरान जो देरी होती है, उसे क्या कहते हैं?

(a) Stream delay/स्ट्रीम डिले
(b) Playback delay/प्लेबैक डिले
(c) Jitter/जिटर
(d) Event delay/इवेंट डिले

Bihar STET C.S. 12.06.2024 (Shift-II)
Bihar STET C.S. 12.09.2023 (Shift-I)

Ans, (c) : जब स्ट्रीमिंग के दौरान ऑडियों या वीडियो डेटा सही समय पर नहीं पहुँचता है, जिससे रूकावट या देरी होती है, तो इस देरी को जिटर (Jitter) कहा जाता है। यह नेटवर्क के अनियमितताओं के कारण होता है।

51. Special programs used to create multimedia presentations are called:
मल्टीमीडिया प्रस्तुतीकरण सृजित करने के लिए प्रयुक्त प्रोग्राम कहलाता है-

(a) Authoring programs/संलेखन प्रोग्राम
(b) Graphics programs/ग्राफिक्स प्रोग्राम
(c) Utility program/यूटिलिटी प्रोग्राम
(d) UI program/यू.आई प्रोग्राम

UPPCL Assist. Acct. 2016 (Exam date 20.11.2016)

Ans. (a) ऑथरिंग प्रोग्राम उच्च-स्तरीय कंप्यूटर प्रोग्राम है जिन्हें कंप्यूटर आधारित ट्रेनिंग, इंटरेक्टिव प्रस्तुतिकरण और मल्टीमीडिया बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, ऑथरिंग प्रोग्राम चिह्नों के रूप में प्रस्तुत किये जाने वाले कमाण्ड को ट्रांसलेट करता है।